3 राजधानी
अवैध डेरियां हटाने गए प्रवर्तन दल पर चले पत्थर

6 अभिमत
सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर दबाव

10 स्पोर्ट्स
कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे

11 विदेश
मोदी और शाह के खिलाफ अमेरिका में मुकदमा खारिज

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 58
लखनऊ, बुधवार, 16 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



प्रियंका ने स्वयं को बताया ब्लू जीन बेबी
विविध-12

www.dailypioneer.com

# प्रतिकूल प्रभाव की आशंका से इनकार नहीं, तैयार रहें राज्य

- वैक्सीन के भंडारण के लिए 29,000 कोल्ड चेन, 41,000 डीप फ्रीजर और 300 सोलर रेफ्रीजरेटर सहित अन्य उपकरणों का होगा इस्तेमाल
- कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में आई कमी, ढिलाई के प्रति चेताया

**कोविड-19 टीकाकरण पर सरकार की हिदायत**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है तथा राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने संवाददाताओं से कहा कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) महत्वपूर्ण पहलू हैं और राज्यों से कहा गया है कि वे हर ब्लॉक में कम से कम एक एईएफआई प्रबंधन केंद्र की पहचान करें। उन्होंने कहा कि वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम, जो दशकों से चल रहे हैं, में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में कुछ प्रतिकूल प्रभाव देखे जाते हैं। भूषण ने कहा कि इसलिए, हम कोविड-19 टीकाकरण की शुरूआत होने पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका से इनकार नहीं कर सकते हैं। उन देशों में जहां टीकाकरण पहले ही शुरू हो चुका है, खासकर ब्रिटेन में, पहले दिन ही प्रतिकूल प्रभाव सामने आया। इसलिए, आवश्यक है कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश इसके लिए भी तैयार रहें। उन्होंने कहा कि इस संबध में केंद्र ने राज्यों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। इस मौके पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा ' लेकिन जब हम वयस्कों के मामले में जाते हैं तो कुछ निश्चित व्यावहारिक पहलुओं को देखना पड़ता है। दूसरी बात टीकाकरण अभियान कई नए मंचों से होकर गुजरेगा जिससे इसमें जटिलता ज्यादा होगी। राजेश भूषण ने 'कोल्ड-चेन' प्रबंधन के बारे में विवरण पेश किया। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के टीके के भंडारण के लिए 29,000 'कोल्ड चेन', 41,000 'डीप फ्रीजर' और 300 'सोलर रेफ्रीजरेटर' सहित अन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली और बिना बिजली वाले 'कोल्ड चेन' उपकरणों के आकलन आदि के संबंध में केंद्र द्वारा राज्यों को दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। भूषण ने कहा कि कुल 29,000 'कोल्ड चेन', 240 'वॉक-इन कूलर', 70 'वॉक-इन फ्रीजर', 45,000 रेफ्रीजरेटर', 41,000 'डीप फ्रीजर' और 300 'सोलर रेफ्रीजरेटर' इस्तेमाल किए जाएंगे।' उन्होंने बताया कि ये सभी उपकरण पहले ही राज्यों को वितरित (शेष पेज 9)

## वैक्सीनेटर्स का प्रशिक्षण कार्य पूरी तेजी से संचालित किया जाए: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोविड 19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिये हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि कोविड 19 के दृष्टिगत लखनऊ में विशेष सतर्कता बरतते हुए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को (शेष पेज 9)

# किसानों के लिए 24 घंटे तैयार
# गुमराह करने वाले हारेंगे: मोदी



गुजरात के कच्छ में किसानों और स्व सहायता समूह के सदस्यों से भेंट करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- कहा, किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, उनकी समस्या के समाधान के लिए हैं तत्पर

**पायनियर समाचार सेवा।** कच्छ

**तीन** कृषि कानूनों के खिलाफ राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जारी किसानों के आंदोलन को विपक्षी दलों की साजिश करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि किसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है और उनकी शंकाओं के समाधान के लिए सरकार चौबीसों घंटे तैयार है। प्रधानमंत्री ने यहां किसानों और स्थानीय स्वसहायता समूह के सदस्यों से मुलाकात भी की। यहां कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि कृषि सुधारों की मांग वर्षो से की जा रही थी और अनेक किसान संगठन भी यह मांग करते थे कि किसानों को कहीं पर भी अनाज बेचने का विकल्प दिया जाए। मोदी ने कहा कि आज देश ने जब यह ऐतिहासिक कदम उठा लिया तो विपक्षी दल किसानों को भ्रमित करने में जुट गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज कल दिल्ली के आसपास किसानों को भ्रमित करने की बड़ी साजिश चल रही है। उन्हें डराया जा रहा है कि कृषि सुधारों के बाद किसानों की जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल में हुए कृषि सुधारों की मांग वर्षो से की जा रही थी और अनेक किसान संगठन भी यह मांग करते थे कि किसानों (शेष पेज 9)



लखनऊ में सरदार पटेल की पुण्य तिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


## इंडो-पैसिफिक विचार की बढ़ती स्वीकार्यता पर संतोष

- विदेश मंत्री ने अपने ब्रिटिश समकक्ष डोमिनिक राब से की बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जिस** तरह चीन दक्षिण चीन सागर और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में घुसपैठ कर रहा है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि यह संतोष की बात है कि दुनिया में इंडो-पैसिफिक के विचार को मान्यता मिल रही है और इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही है। ब्रिटिश विदेश सचिव डॉमिनिक रैब के साथ व्यापक बातचीत करने के बाद इस बिंदु पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के भारत-प्रशांत क्षेत्र में गहरी दिलचस्पी रखने का स्वागत करता है।

व्यापक हितों के लिए भारत यूके सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को अलग दृष्टि से देखता है, लेकिन वह दूसरे देश के विचारों का भी सम्मान करता है। कुछ पेचीदगियां हो सकती हैं, लेकिन यह संतोष की बात है कि आज इंडो-पेसिफिक की पहचान और मान्यता बढ़ रही (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में ब्रिटिश विदेश मंत्री डोमिनिक राब के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### गणतंत्र दिवस पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** अगले साल गणतंत्र दिवस पर ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन मुख्य अतिथि होंगे। भारत की यात्रा पर आए ब्रिटिश विदेश सचिव डॉमिनिक राब ने यहां मंगलवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि जॉनसन ने नई दिल्ली के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। राब ने जॉनसन की आगामी यात्रा के अलावा विभिन्न द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया।

### निशंक आज राब के साथ चर्चा करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब की बुधवार को बैठक होगी जिसमें दोनों नेता कोविड-19 के बाद बदली परिस्थिति में शिक्षार्थिओं को सर्वश्रेष्ठ संभव शिक्षा देने के उपायों के बारे में चर्चा करेंगे। निशंक ने ट्वीट किया, ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के मंत्री डोमिनिक राब के साथ बैठक को लेकर आशान्वित हूं जो 16 दिसंबर को साढ़े 12 बजे होगी। उन्होंने कहा, हम दोनों देशों के शिक्षार्थियों को सर्वश्रेष्ठ संभव शिक्षा प्रदान करने के उपायों एवं रास्तों के बारे में चर्चा करेंगे।

## किसानों के वास्तविक संगठनों से वार्ता के लिए तैयार: तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीन** नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों और सरकार के मध्य जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार 'वास्तविक किसान संगठनों' के साथ वार्ता जारी रखने और खुले दिमाग से मसले का समाधान खोजने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार की किसानों से उनकी उपज खरीदने की प्रतिबद्धता होती है, वह एक प्रशासनिक निर्णय होता और यह वर्तमान स्वरूप में 'इसी तरह जारी रहेगा'। तोमर का यह बयान उत्तर प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन (किसान) के सदस्यों के साथ बैठक के बाद आया। यूनियन की ओर से तोमर को इस दौरान कृषि कानूनों और एमएसपी के बारे में सुझाव के साथ एक ज्ञापन भी सौंपा। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि तोमर ने बीकेयू (किसान) नेताओं को कृषि कानूनों के समर्थन (शेष पेज 9)

**किसानों का रुख सख्त**

## कृषि कानूनों को कराएंगे वापस ठोस प्रस्ताव पर ही बातचीत

- किसान नेताओं ने कहा-लड़ाई उस स्तर पर पहुंच गई है जहां वे हैं जीतने के लिए प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीन** नये कृषि कानूनों के खिलाफ अपना रुख कड़ा करते हुए किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि वे सरकार से इन कानूनों को वापस 'कराएंगे' और कहा कि उनकी लड़ाई उस स्तर पर पहुंच गई है, जहां वे इसे जीतने के लिए 'प्रतिबद्ध' हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों के लिए वे बुधवार को दिल्ली और नोएडा के बीच चिल्ली बॉर्डर को पूरी तरह जाम कर देंगे। सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार कह रही है कि वह इन कानूनों को वापस नहीं लेगी, हम कह रहे हैं कि हम आपसे ऐसा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि लड़ाई उस चरण में पहुंच गई है जहां हम मामले को जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम बातचीत से नहीं भाग रहे हैं लेकिन सरकार को हमारी मांगों पर ध्यान देना होगा और ठोस प्रस्ताव के साथ आना होगा। कई अन्य किसान नेताओं ने भी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और लोगों से आह्वान किया कि 20 दिसंबर को उन किसानों को श्रद्धांजलि दें, जिन्होंने प्रदर्शन के दौरान अपनी जान गंवा दी। किसान नेता ऋषिपाल ने कहा कि नवंबर के अंतिम हफ्ते में प्रदर्शन शुरू होने के बाद रोजाना औसतन एक किसान की मौत हुई है। एक अन्य किसान नेता ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान अपना जीवन गंवाने और शहीद होने वाले किसानों के लिए 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक देश के सभी गांवों और तहसील मुख्यालयों में श्रद्धांजलि दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,263 | ↑ 09 | |
| निफ्टी | 13,567 | ↑ 09 | |
| सोना | 48,847 | ↑ 514 | /10g |
| चांदी | 62,566 | ↑ 1046 | /kg |

### क्विक न्यूज

**मादक पदार्थ मामले में अर्जुन रामपाल तलब**

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को मादक पदार्थ मामले में पूछताछ के सिलसिले में बुधवार को तलब किया है। एनसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि रामपाल को एनसीबी दल के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद से बॉलीवुड में मादक पदार्थ के कथित इस्तेमाल की जांच की जा रही है। रामपाल को मादक पदार्थ मामले में दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले 13 नवम्बर को एजेंसी ने उनसे सात घंटे पूछताछ की थी। अधिकारी ने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों से हासिल हुई जानकारी के बाद एनसीबी ने रामपाल को बुधवार को तलब किया है।

## कोरोना महामारी के कारण नहीं होगा संसद का शीतकालीन सत्र

- जनवरी के अंत में इसको बजट सत्र में जोड़ा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के कारण इस साल संसद का शीतकालीन सत्र नहीं होगा और इसके मद्देनजर अगले साल जनवरी में बजट सत्र की बैठक आहूत करना उपयुक्त रहेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को लिखे एक पत्र में केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, सर्दियों का महीना कोविड-19 के प्रबंधन के लिहाज से बेहद अहम है क्योंकि इसी दौरान कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है, खासकर दिल्ली में। अभी हम दिसंबर मध्य में हैं और कोरोना का टीका जल्द आने की उम्मीद है। जोशी ने कहा कि उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से संपर्क स्थापित किया और उन्होंने भी महामारी पर चिंता जताते हुए शीतकालीन सत्र से बचने की सलाह दी। जोशी ने पत्र में लिखा, सरकार संसद के आगामी सत्र की बैठक जल्द बुलाना चाहती है। कोरोना महामारी से पैदा हुई अभूतपूर्व स्थिति को ध्यान में रखते हुए बजट सत्र की बैठक 2021 की जनवरी में बुलाना उपयुक्त होगा। ज्ञात हो कि कोरोना महामारी के चलते इस साल संसद का मानसून सत्र देरी से आरंभ हुआ था। जोशी ने इस सत्र की उत्पादकता को लेकर सभी दलों के सहयोग की सराहना की। संसद का शीतकालीन सत्र सामान्यत: नवंबर के आखिरी या दिसंबर के पहले सप्ताह में आरंभ होता है। संवैधानिक व्यवस्थाओं के मुताबिक संसद के दो सत्रों की बैठक के बीच छह महीने से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए।

# प्रणब के संस्मरणों को लेकर पुत्र-पुत्री आमने-सामने

- मुखर्जी के पुत्र अभिजीत ने पिता के संस्मरण का प्रकाशन रोकने को कहा पुत्री शर्मिष्ठा ने किया विरोध

**भाषा।** नई दिल्ली







**पूर्व** राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी ने अपने पिता के संस्मरण का हवाला देकर मीडिया में आई कुछ बातों को प्रेरित करार देते हुए मंगलवार को प्रकाशक से आग्रह किया कि वह उनकी लिखित सहमति तक प्रकाशन बंद करे। हालांकि, मुखर्जी की पुत्री शर्मिष्ठा ने अपने भाई के बयान का विरोध करते हुए कहा कि सस्ते प्रचार के लिए पुस्तक का प्रकाशन रोकने का प्रयास नहीं होना चाहिए। पूर्व सांसद अभिजीत ने यह भी कहा कि उन्होंने पुस्तक द प्रेसिडेंशियल ईयर्स का प्रकाशन रोकने के लिए रूपा प्रकाशन को पत्र लिखा है, जो इसका प्रकाशन कर रही थी। अभिजीत ने रूपा प्रकाशन और इसके प्रबंध निदेशक कपिश मेहरा को टैग करते हुए ट्वीट किया, संस्मरण के लेखक के पुत्र होने के कारण मैं आप लोगों से आग्रह करता हूं कि इस पुस्तक और मेरी सहमति के बिना मीडिया के कुछ हिस्सों में आए पुस्तक के प्रेरित अंशों का प्रकाशन बंद करिए। उन्होंने कहा, मेरे पिता इस दुनिया में नहीं हैं। ऐसे में उनका पुत्र होने के कारण मैं पुस्तक की सामग्री का अध्ययन करना चाहता हूं क्योंकि मेरा मानना है कि अगर मेरे पिता जीवित होते तो वह भी ऐसा ही करते। पूर्व कांग्रेस सांसद ने कहा, ऐसे में मैं आप लोगों से आग्रह करता हूं कि जब तक मैं इसका अध्ययन नहीं कर लेता, तब तक आप लोग मेरी लिखित सहमति के बिना इस पुस्तक का प्रकाशन तत्काल रोकिए।

मैं इस बारे में आप लोगों को पहले ही विस्तृत पत्र भेज चुका हूं। अभिजीत के इस ट्वीट पर मेहरा और उनके प्रकाशन की तरफ से फिलहाल कोई जवाब नहीं आया। अपने भाई के ट्वीट का जवाब देते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, मैं संस्मरण के लेखक की पुत्री के तौर पर अपने भाई अभिजीत मुखर्जी से आग्रह करती हूं कि वह पिता द्वारा लिखी गई अंतिम पुस्तक के प्रकाशन में अनावश्यक अवरोध पैदा नहीं करें। वह (मुखर्जी) बीमार होने से पहले ही इसे पूरा लिख चुके थे। उन्होंने यह भी कहा, पुस्तक के साथ मेरे पिता के हाथों से लिखा हुआ नोट और टिप्पणियां हैं जिनका पूरी सख्ती से अनुसरण किया गया है। उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचार उनके अपने हैं और किसी को सस्ते प्रचार के लिए इसे प्रकाशित कराने से रोकने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह हमारे दिवंगत पिता के लिए सबसे बड़ा अन्याय होगा। दरअसल, प्रकाशन की ओर से मीडिया में जारी पुस्तक के अंशों के मुताबिक, इसमें मुखर्जी ने राष्ट्रपति के तौर अपने अनुभवों और कांग्रेस के नेतृत्व में संदर्भ कई बातों का उल्लेख किया है।

सार्वजनिक हुए अंशों के अनुसार, इसमें मुखर्जी ने लिखा है कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद कांग्रेस राजनीतिक दिशा से भटक गई और कुछ पार्टी सदस्यों का यह मानना था कि अगर 2004 में वह प्रधानमंत्री बनते तो 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए करारी हार वाली नौबत नहीं आती। मुखर्जी अपने निधन से पहले संस्मरण द प्रेसिडेंशियल ईयर्स को लिख चुके थे। रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक जनवरी, 2021 से पाठकों के लिए उपलब्ध होने वाली थी। मुखर्जी का कोरोना वायरस संक्रमण के बाद हुई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के करण गत 31 जुलाई को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

## योगी एक बार फिर ट्विटर इंडिया पर छाये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाए रहे। आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2022 लड़ने की घोषणा के बाद ट्विटर इंडिया पर हैशटैग यूपी किसान योगी जी टॉप-1 पर ट्रेंड करता रहा। इंडिया लेवल पर यह हैशटैग दिनभर टॉप-1 पर ट्रेंड करता रहा। शाम तक मुख्यमंत्री के समर्थन में करीब 45 हजार से अधिक ट्वीट हो चुके थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रेस वार्ता के बाद इस ट्रेंड का शीर्ष पर पहुंचना बड़ा राजनैतिक संदेश दे रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर हैदराबाद के निकाय चुनाव तक सीएम योगी आदित्यनाथ का बढ़ता प्रभाव हर तरफदेखा गया।

# भारत की एकता व अखंडता के सूत्रधार थे सरदार पटेल

● सीएम योगी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, राज्यपाल ने राजभवन स्थित प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जीपीओ पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल भारत माता के महान सपूत तथा भारत गणराज्य की एकता और अखण्डता के सूत्रधार थे। सरदार पटेल की स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश भले ही राजनैतिक रूप से किसी काल खण्ड में अलग-अलग रहा हो, लेकिन सांस्कृतिक रूप से अतीत के उस काल खण्ड से जब से मानव ने इस धरती पर जन्म लिया है, उत्तर में हिमालय दक्षिण में समुद्र तक पूरा भारत एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में जाना जाता था। हमारे शास्त्रों और भारतीय मनीषा ने सदैव इस इकाई को भारत भूमि या हिन्दुस्तान के रूप में मान्यता देकर इस भू सांस्कृतिक अवधारणा को राष्ट्र के रूप में माना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश में विदेशी हुकूमत ने एक काल खण्ड तक शासन किया। विदेशी हुकूमत यह जानती थी कि वे भारत पर तब तक स्थायी रूप से शासन नहीं कर सकते, जब तक कि यहां के नागरिक एक भाव के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने यहां की एकता और अखण्डता को खण्डित करने का प्रयास भी किया, लेकिन सरदार पटेल ने एकता और अखण्डता को मजबूत करते हुए भारत को एक ऐसे स्वरूप में ला खड़ा किया, जहां सारी साजिशें नाकाम होकर रह गयीं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में बांधकर देश की एकता व अखण्डता का अभेद्य कवच बनाया। इस अवसर पर विधायी एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक, विधायक शशांक वर्मा, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

## जलवाएं अलाव, बांटें कंबल

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सर्दी के मद्देनजर अलाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करने तथा रैनबसेरों में सुरक्षा व स्वच्छता के व्यापक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल योजनाओं, मेडिकल कॉलेज परियोजनाओं आदि की डीपीआर समय से तैयार करते हुए इनका निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए ताकि जनता को समय से इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने मंडलों में स्थापित किए जा रहे अटल आवासीय विद्यालयों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया की नियमित मानिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को मण्डी तथा धान क्रय केन्द्रों पर अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो।

## यूपी ही नहीं दिल्ली की जनता में भी बेनकाब हो चुके हैं केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी आदत है भ्रमित करने की, अब यूपी की जनता ही नहीं, दिल्ली की जनता में भी वह बेनकाब हो चुके हैं और जो बेनकाब होता है, उसे चाहिए पर्दे के पीछे छिप जाए।

लोकभवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पूर्वांचलियों का जो अपमान किया था, उसका जवाब देना चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार पर जो टिप्पणी की थी उसका जवाब देना चाहिए। आपने कितने लोगों को रोजगार दिए? आपने कितने अस्पताल, मेडिकल कॉलेज बनाए, कितने एम्स जोड़े यह आपको बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मशहूर कहावत है मुंगेरीलाल के हसीन सपने, अब 2022 के बाद इस मुहावरे को बदला जाएगा, केजरीवाल के हसीन सपने। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम को डींगे मारने की आदत है। दिल्ली के सीएम ने कहा कि दिल्ली में कोविड मैनेजमेंट और सुशासन के कारण यूपी की जनता यह कह रही है कि आप आईए, यूपी को संभालिए, अब मुंगेरीलाल के सपने को भी नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली की दो करोड़ की आबादी है लेकिन यूपी की 24 करोड़ की आबादी है। हमारा क्षेत्रफल भी बहुत बड़ा है लेकिन जब संख्या में हम देखते हैं, तो दिल्ली में दो करोड़ की तुलना में छह लाख आठ हजार कोरोना संक्रमित हैं और यूपी में 24 करोड़ की तुलना में पांच लाख 66 हजार हैं।

## किसानों को प्राथमिकता देते हुए आंदोलन को समाप्त कराएं पीएमः मेहंदी

**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व एमएलसी सिराज मेहंदी ने पूरे देश में पिछले कुछ दिनों से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि किसान आंदोलन से सभी वर्गों के लोगों को अत्यंत पीड़ा है उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि वह सामने आएं और किसानों को प्राथमिकता देते हुए इस आंदोलन को समाप्त कराएं। मेहंदी ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया है कि उन्होंने मशहूर नदवा कॉलेज के मौलाना राबे हसन नदवी और वहां के प्रधानाचार्य मौलाना सईद उर रहमान से मुलाकात की थी। दोनों को मौजूदा किसान आन्दोलन को लेकर बहुत पीड़ा है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि वह किसानों के नये कानून के संदर्भ में एक सर्वदलीय बैठक जितनी शीघ्र हो सके बुलायें ,उसमें मंत्रियों, क्षेत्रीय पार्टी के नेताओं को भी सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि मुझे ही नहीं देश को आशा है कि कोई न कोई ऐसी राय बनेगी जो शायद किसानों को स्वीकार हो जाए।

## निवेशकों पर रेग्यूलेटरी भार कम करेगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में निवेशकों को विभिन्न प्रकार की विभागीय प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। इसमें राज्य सरकार ने अब तक 15 विभागों में 80 प्रक्रियात्मक अनुपालनों को चिन्हित किया है जिनमें से 52 का सरलीकरण किया जा चुका है। इससे निवेशकों का अनावश्क प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा और न ही विभिन्न प्रकार की एनओसी विभाग द्वारा लेनी पड़ेगी। मुख्य सचिव आरके तिवारी ने विभागीय समीक्षा करने के बाद निवेशकों से प्राप्त सुझाव के क्रम मंगलवार को यह आदेश सभी एसीएस और प्रमुख सचिव को जारी किया है। मुख्य सचिव ने सिंगल विण्डो पोर्टल, निवेश मित्र पर उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं के संदर्भ में प्रत्येक माह निवेशक-फीडबैक की नियमित समीक्षा करने तथा समयबद्ध कार्यवाही सहित यदि आवश्यक हो तो विभागीय प्रक्रियाओं में संशोधन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि निवेशकों के फीडबैक के आधार पर सेवाओं को प्रदान करने में विलम्ब या निर्धारित प्रक्रियाओं के प्रतिकूल कार्यवाही से संबंधित मामलों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। एसीएस अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि सिंगल विण्डो पोर्टल के यूजर्स के फीडबैक की मासिक समीक्षा इन्वेस्ट यूपी के स्तर पर भी की जाती है। निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों द्वारा फीडबैक की सुविधा सितम्बर 2019 में प्रारम्भ की गई थी। अब तक प्राप्त फीडबैक डेटा के अनुसार 116032 यूज़र्स में से 74 प्रतिशत अर्थात 88089 ने पूर्णत: संतुष्ट होने का फीडबैक दिया है जबकि 12 प्रतिशत कुछ कम संतुष्ट तथा 14 प्रतिशत् यूज़र्स स्वीकृतियां प्रदान करने की सेवाओं से संतुष्ट नहीं थे।

## अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त ग्रामीण मार्गों की मरम्मत कराएं: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 250 तक की आबादी के सभी असेवित गांवों को सम्पर्क मार्गों से जोड़ने के हर सम्भव प्रयास किये जाएं, इसके लिये बजट की कमी हो तो उसका भी प्राविधान सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मार्ग जहां, कहीं भी क्षतिग्रस्त हैं, अभियान चलाकर उनकी मरम्मत करायी जाय। गावों की सड़कों के निर्माण व सुधार में एक नई क्रान्ति नजर आनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिये, लोक निर्माण विभाग की हर योजना को अमली जामा पहनाने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाय। श्री मौर्य सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। श्री मौर्य ने कहा पूर्वान्चल विकास निधि व बुन्देलखण्ड विकास निधि के कार्य तेजी से कराये जाएं तथा इन क्षेत्रों के लिये बजट में विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। उन्होने निर्देश दिये कि जोन, सर्किल व खण्डवार व्यय की गयी धनराशि की रैंकिंग करायी जाय और जिन तीन जोनों, सर्किलों व खण्डों में व्यय में लापरवाही की गयी हो, उनसे सम्बन्धित अधिकारियो-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि अवर अभियन्ताओं की भी इसमें जवाबदेही तय की जाय। श्री मौर्य ने कहा कि पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे के 5 किमी के अन्दर के गांवों को सर्विस रोड से जोड़ने की कार्ययोजना बनायी जाय। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कार्यों में गुणवत्ता व सिस्टम को मैनेज करने तथा नई व आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल सही ढ़ंग से कराने के उद्देश्य से प्रदेश में एक ट्रेनिंग सेन्टर बनाये जाने का प्रपोजल तैयार किया जाय।

# आत्मनिर्भर पैकेज से मिला साढ़े छब्बीस लाख लोगों को रोजगार

### सरकार के आपदा को अवसर में बदलने के नतीजे सामने आने शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सेवायोजन पोर्टल के जरिये भी 5,25,978 लोगों को रोजगार

**आपदा** को अवसर में बदलने में योगी सरकार कामयाब रही है। सरकार की सफलता के नतीजे धीरे-धीरे सामने आने शुरू हो गये हैं। कोरोनाकाल के बीते आठ माह में योगी सरकार ने आत्म निर्भर पैकेज के माध्यम से साढे छब्बीस लाख से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया कराया है।

देश और प्रदेश में लॉकडाउन लागू होते ही छोटे-बड़े सभी उद्योग तो करीब-करीब बंद हो गए थे और श्रमिकों का पलायन होने लगा था। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए दूसरे प्रदेशों से यूपी लौट रहे मजदूरों और अन्य लोगों के लिए राज्य में ही रोजगार के अवसर प्रदान करने का निर्देश दिये थे। मुख्यमंत्री का यह निर्देश मिलने के बाद एक कार्ययोजना तैयार की गई। इस कार्ययोजना पर अमल करते हुए आठ महीनों में आत्मनिर्भर पैकेज के जरिये 6,65,740 नई इकाइयों में 26,62,960 लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनाए गए सेवायोजन पोर्टल के जरिये भी 5,25,978 लोगों को रोजगार मिला। लॉकडाउन होने पर जब लाखों गरीब मजदूर रोजगार विहीन हो गए तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों के साथ होने वाली अपनी हर बैठक में रोजगार विहीन हो गए श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने पर मंथन किया। उनके इन प्रयासों से ही लाखों श्रमिकों को एमएसएमई सेक्टर में सर्वाधिक रोजगार मिला। उत्तर प्रदेश सरकार के इस प्रयास की देशभर में सराहना हो रही है। यह कहा जा रहा है कि योगी सरकार ने छोटे उद्योगों से रोजगार देने का बड़ा लक्ष्य साधा है और योगी सरकार के इस माडल को देश के अन्य राज्यों में लागू किया जाना चाहिए। सूबे में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने के मामले में योगी सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना गेम चेंजर साबित हुई है। राज्य के हर जिले में आत्मनिर्भर पैकेज के जरिये लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के लिए मदद मिली। एमएसएमई विभाग की ओडीओपी योजना में लोगों को रोजगार मिला। एमएसएमई विभाग के आंकड़ों के अनुसार बीते आठ महीनों में प्रदेश में 6,65,740 नई इकाइयां शुरू हुईं, जिसमें कुल 26,62,960 लोगों को रोजगार मिला है। इन आंकड़ों में 2,57,348 श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें पहले से चल रही इकाइयों में ही रोजगार मिला है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। यहीं नहीं कोरोना काल के दौरान योगी सरकार ने आत्म निर्भर पैकेज के अंतर्गत 424283 पुरानी इकाइयों को 1092 करोड़ रुपये का लोन देकर जहां पुराने रोजगार बचाये रखे वहीं लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री ने सेवायोजन पोर्टल भी शुरू कराया। इस पोर्टल के जरिये भी बीती 13 दिसंबर तक 5,25,978 लोगों को रोजगार मिला है।

## ईज आफ डूइंग बिजनेस के तहत आनलाइन सिस्टम लागू

**लखनऊ।** ईज आफ डूइंग बिजनेस की नीति के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा औषधि विक्रय व निर्माण लाइसेंस, कॉस्मेटिक्स निर्माण लाइसेंस एवं रक्त कोष लाइसेंस निर्गत करने के लिए पेपरलेस आनलाइन सिस्टम लागू कर दिया है।

# लोकतंत्र की मान्यताओं में भाजपा का विश्वास नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में असहमति बड़ा अपराध बन गई है। विपक्ष उसको फूटी आंखों नहीं सुहाता है। लोकतंत्र की मान्यताओं में उसका विश्वास नहीं हैं। देश का अन्नदाता अपनी मांगों को लेकर 20 दिनों से आंदोलित है। भाजपा सरकार उनकी सुनने के बजाय अपनी मनवाने का हठ पाले हुए है। यही नहीं अपने प्रचार तंत्र से भाजपा ने किसानों के बीच फूट डालने और आंदोलन को बदनाम करने का भी अभियान छेड़ दिया है। यह अभियान उस झूठ का हिस्सा है जिसमें किसानों की आवाज को दबाना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास् का झूठा नारा सिर्फलोगों को गुमराह करने के लिए ही लगाती है। अन्यथा संविधान प्रदत्त अधिकारों को दरकिनार कर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन पर बर्बर पुलिसिया हमला नहीं कराया जाता। किसानों के समर्थन पर समाजवादी कार्यकर्ताओं को जेल भेजकर भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि वह फर्जीवाड़ा करने की उस्ताद है। जनता से भाजपा को अपने अवैधानिक, अलोकतांत्रिक कार्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी कानून का समर्थन करने में आगे है। वैसे भी इस राज्य में किसान सबसे ज्यादा बदहाल है।

## अपराधी विकास दुबे व साथियों की आय के स्त्रोतों की प्रवर्तन निदेशालय करेगा जांच


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बिकरू गांव में बीते जुलाई में आठ पुलिसकर्मियों की नृशंस सामूहिक हत्या के मामले के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के मुख्य दोषी दुर्दांत अपराधी विकास दुबे एवं उसके फाइनेंसरों की 147 करोड़ की संपत्तियों तथा उससे जुड़े लोगों की आय के विभिन्न स्त्रोतों की जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराने का निर्णय लिया है। घटना के तत्काल बाद मुख्यमंत्री द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस घटना के मास्टरमाइंड रहे विकास दुबे की 147 करोड़ रुपए की संपत्ति की प्रवर्तन निदेशालय से जांच की सिफारिश की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अगुवाई में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने गैंगस्टर की अवैध तरीके से हासिल की गई 147 करोड़ रुपए की संपत्ति की प्रवर्तन निदेशालय से गहराई से जांच कराए जाने की सिफारिश की थी। एसआईटी ने पिछले महीने के शुरुआत में सरकार को सौंपी गई अपनी जांच रिपोर्ट में यह भी कहा था कि दुबे और उसके फाइनेंसर सहित उससे जुड़े सभी अपराधियों के आय के स्त्रोत की जांच कराई जानी चाहिए। बता दें कि बीते 2-3 जुलाई की मध्यरात्रि कानपुर के बिकरू गांव में दुबे को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर गैंगस्टर के साथियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं जिसमें एक क्षेत्राधिकारी और एक थानाध्यक्ष समेत आठ पुलिसकर्मी मारे गए थे और पांच पुलिसकर्मी, एक होमगार्ड और एक आम नागरिक घायल हुआ था। घटना का मास्टरमाइंड विकास दुबे बीती 10 जुलाई को उज्जैन से कानपुर लाए जाने के दौरान एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था।

## स्पीकर ने प्रेमपाल सिंह धनगर को दिलायी शपथ

**लखनऊ। विधान** सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने विधान भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन हॉल में फिरोजाबाद की टूण्डला विधान सभा से नव-निर्वाचित विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हों।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● पांच नकल माफियाओं को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**एसटीएफ** ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से पेपर लीक कराकर ए सॉल्वर बैठाकर व अन्य तरीके से विभिन्न अभ्यर्थियों को पैसा लेकर दिल्ली व उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में भर्ती कराने वाले कुख्यात 5 नकल माफियाओं को जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड से गिरफ्तार किया।

अपराधियों की धरपकड़ में जुटी एसटीएफ को सूचना मिली कि एसएम पब्लिक स्कूल जगजीतपुर, थाना कनखल, हरिद्वार में दिल्ली पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें कुछ व्यक्तियों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश व अन्य प्रान्तों के परीक्षार्थियों से नकल कराने की एवज में भारी धनराशि ले रखी है तथा नकल कराने वाले व्यक्ति एसएम पब्लिक स्कूल जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार के पास बद्री बिहार कालोनी में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने अंकुर कुमार, राहुल कुमार, कुलवीर, मोहित धनकड़ और अजय निवासी सेमन जिला रोहतक, हरियाणा को गिरफ्तार किया जबकि इनका एक साथी फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने सयुंक्त पूछताछ पर बताया कि हम सभी लोग विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराते हैं और परीक्षार्थियों को परीक्षा पास कराने की एवज में नकल कराने के लिए पैसे लेते हैं। आजकल एसएम पब्लिक स्कूल जगजीतपुर में दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें आज हमने परीक्षा में सम्मिलित कुछ लडकों से परीक्षा में नकल करवाने की एवज में 1,23,000 रुपए ले रखे हैं, जो गिरफ्तारी के समय बरामद हुए हैं।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम शब्बीर अहमद खान से बदल कर शब्बीर अहमद रख लिया है। अब मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। शब्बीर अहमद S/o अहमद उल्ला, जिगनी, फतेहपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम Mukesh Kumar Gupta से बदल कर Mukesh Gupta रख लिया है। अब मैं इसी नाम से जाना जाता हूं। Mukesh Gupta S/o स्व0 लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता B-497, वर्ल्ड बैंक, बर्रा, कानपुर

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मैं राम शंकर यादव पूर्व सैनिक (ARMY No.4190383K, RANK-L/NK) पुत्र रामदास निवासी मुन्नूखेड़ा, पोस्ट मानक नगर, थाना पारा तहसील व जिला लखनऊ का हूँ। कुमाऊँ रेजीमेन्ट सेन्टर के रिकार्ड आफिस में मेरे पिता का नाम रामदास यादव व जन्मतिथि 01-07-1948 तथा माता का रामपति की जन्मतिथि 01.07.1951 त्रुटिवश गलत दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में पिता का सही नाम "रामदास तथा सही जन्मतिथि 30.03.1947 एवं माता रामपति की सही जन्मतिथि 11.05. 1949 दर्ज है। अतः यही सही नाम व सही जन्मतिथि रिकार्ड में अंकित दर्ज किया जाये।

**आवश्यकता**

ठा0 जय नारायण सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज
हथगाम, फतेहपुर-212652 (उ0प्र0)
(कालेज कोड-02039)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

आवश्यकता है
महाविद्यालय में संचालित

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (15 पद) योग्यता- 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0-55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी-एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य - शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (04) यो0-सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य -विज्ञान (02) 4. सहा0 आचार्य-गणित (02) 5. सहा0 आचार्य- भाषा (02) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य- दृश्य कलाएं (01) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (01) यो0- 55% स्नातकोत्तर (एम0पी0एड0)। 9. सहा0 आचार्य- निष्पादन कलाएं (01) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0-55% अंकों के साथ बी0लिब0 उपाधि।
वेतनमान एवं सेवा शर्तें- एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार
नोट-1. सभी सहा0 आचार्यो की उपरोक्त अर्हता के अति. रिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।
नोट-2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई-मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक/सचिव- 9452402590, 7704908732, 7704908728 ई-मेल आई0डी0- jncllg@gmail-com

**आवश्यकता**

रानी चन्द्रप्रभा महाविद्यालय
खागा, फतेहपुर-212655 (उ0प्र0) (कालेज कोड-02008)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

आवश्यकता है
महाविद्यालय में संचालित

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (30 पद) योग्यता- 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0-55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी-एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य - शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (08) यो0-सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य -विज्ञान (04) 4. सहा0 आचार्य-गणित (04) 5. सहा0 आचार्य- भाषा (04) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (04) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य- दृश्य कलाएं (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (02) यो0- 55% स्नातकोत्तर (एम0पी0एड0)। 9. सहा0 आचार्य- निष्पादन कलाएं (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0-55% अंकों के साथ बी0लिब0 उपाधि।
वेतनमान एवं सेवा शर्तें-एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार
नोट-1. सभी सहा0 आचार्यो की उपरोक्त अर्हता के अतिरिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।
नोट-2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई-मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक/सचिव- 9452402590, 7704908714 ई-मेल आई0डी0- rcpmahavidyalaya@gmail.com

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद अनवार खान से बदल कर अनवार अहमद रख लिया है। अब मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। अनवार अहमद S/o शब्बीर अहमद जिगनी, फतेहपुर

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र नितीश वर्मा व उनकी पत्नी सोनी वर्मा से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा अपने परिवार व सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। रमेश चन्द S/o रामलाल, LIG-16, भाग-2, गंगागंज, पनकी, कानपुर नगर।

**NOTICE**

I Rama Devi W/o Late Shyam Sunder Residing at vill or Post Kantha, Tehsil Purwa, District unnao have changed my name & DOB from Rama Devi to Rama Devi Dob 10/10/1953 Affidavit dated ........................ before unnao sdm court.

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र फारुख पुत्र मु0 नफीस से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गए कार्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा। मु0 नफीस पुत्र मु0 रफीक, नि0 कांशीराम कालोनी औरैया।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4213200X सिपाही मुलायम सिंह पुत्र श्री केशव सिंह, यूनिट 15, कुमाऊं मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे भाई का नाम त्रुटिवश Shyam Sundar Singh दर्ज हो गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Shyam Sundar Singh Parihar है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज

पत्रांक-मेमो/न0पा0प0गुर0गंज0/2020 दिनांक-03.12.2020

**त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग**
**(द्वितीय-अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर 2020)**

कृपया अवगत कराना है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के टूलकिट के अनुसार नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अन्तर्गत स्वच्छ होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, मोहल्ला/आर0डब्लू0ए0, सरकारी कार्यालय एवं मार्केट एसोसिएशन की स्वच्छता रैंकिंग हेतु टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा नगर के स्वच्छ होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, मोहल्ला/आर0डब्लूए, सरकारी कार्यालय एवं मार्केट एसोसिएशन का सर्वेक्षण कर साफ सफाई डस्टबिन, कूड़े के पृथक्कीकरण, कूड़े के निस्तारण, शौचालय, वाश बेसिन, अवस्थापना सुविधाओं आदि को आधार बनाकर रैंकिंग की गयी। निम्न संस्थाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

| क्र0 | संस्था का प्रकार | प्रथम स्थान पाने वाली संस्था का नाम | द्वितीय स्थान पाने वाली संस्था का नाम | तृतीय स्थान पाने वाली संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ स्कूल | सरस्वती शिशु मंदिर | डॉ0 जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज | सरोजनी देवी आर्य बालिका इ0का0 |
| 2 | स्वच्छ हॉस्पिटल | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | सेवा अस्पताल | टी0बी0 अस्पताल |
| 3 | स्वच्छ मोहल्ला | शास्त्री नगर | अफसरी मोहल्ला | जवाहर नगर |
| 4 | स्वच्छ कार्यालय | कोतवाली | बैंक ऑफ इंडिया | डाकघर |
| 5 | स्वच्छ मार्केट एसो0 | N/A | N/A | N/A |
| 6 | स्वच्छ होटल | N/A | N/A | N/A |

(मीनू सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज।

(धीरेन्द्र कुमार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# फौजी ने लोनिवि कर्मी को गोली मारी, खुद को भी किया घायल

## दोनों घायल ट्रामा में भर्ती, तालकटोरा में बदमाशों ने की फायरिंग बाल-बाल बचे दो युवक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में दो-दो थाना क्षेत्रों में दो घंटे के अंतराल में ताबड़तोड़ हुई फायरिंग और गोली चलने की सूचना से शहर में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर एच में एक फौजी द्वारा पीडब्लूडी के कर्मचारी को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार कर घायल कर लिया। वहीं तालकटोरा के एमआईएस चौराहे के पास प्रॉपर्टी डीलर और अज्ञात लोगों के बीच फायरिंग हुई। जिसमें कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर एच आशियाना के रहने वाले सर्वेश कुमार लोक निर्माण विभाग में लिपिक के पद पर तैनात हैं। सर्वेश कुमार मंगलवार की सुबह ऑफिस जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उन्हें फौजी शैलेंद्र सिंह ने गोली मार दी। उसके बाद खुद को भी दो गोलियां मार लीं। सुबह के समय हुई सनसनीखेज घटना की सूचना पाकर आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा, जहां दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है । एसीपी कैंट बीनू सिंह ने बताया कि पता चला है कि सर्वेश कुमार की पत्नी ममता रानी और शैलेंद्र सिंह के बीच पुरानी दोस्ती थी। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर शैलेंद्र और सर्वेश में विवाद था। गोली मारे जाने का कारण भी यही प्रतीत हो रहा है । इंस्पेक्टर आशियाना ने बताया कि सर्वेश की पत्नी और शैलेंद्र के बीच दोस्ती को लेकर विवाद होने की जानकारी के साथ पैसों के लेन-देन का भी कुछ मामला प्रकाश में आया है। पूरे मामले की जांच की जा रहा है । बताया जा रहा है कि जिस समय शैलेंद्र ने सर्वेश को गोली मारी और उस समय शैलेंद्र के साथ एक व्यक्ति और था जो घटना के बाद फरार बताया जा रहा है । उधर तालकटोरा थाना क्षेत्र के एमआईएस चौराहे के पास मंगलवार की सुबह रुकन्दीपुर के रहने वाले उमेश की जूस की दुकान के पास खड़े राजाजीपुरम के रहने वाले रंजीत यादव और सत्यम पांडे को निशाना बनाते हुए अज्ञात मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों द्वारा गोली चलाई गई लेकिन दोनों बाल बाल बच गए। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली के जवाब में रंजीत यादव द्वारा भी फायर किया गया। सुबह के समय दो पक्षों की तरफसे चलाई गई गोली से कोई घायल तो नहीं हुआ लेकिन ताबड़तोड़ हुई फायरिंग से इलाके में हड़कम्प मच गया। इंस्पेक्टर तालकटोरा ने बताया कि रंजीत यादव और सत्यम पांडे ठेकेदार हैं साथ ही प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते हैं उन्हें बताया कि रंजीत यादव के खिलाफ 2018 में जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया रंजीत यादव की पुरानी दुश्मनी के कारण इस घटना को देखा जा रहा है।

### बीकेटी में युवक को मारी गोली, हालत नाजुक

**बख्शी का तालाब।** सीतापुर जा रहे युवक को ढाबे पर गोली मारकर हमलावर फरार हो गये । युवक को घायल अवस्था मे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है । थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया केशव ग्रीन सिटी सीतापुर के रहने वाले विजय सिंह रात्रि को देर रात फोन पर सूचना दी कि उनके पुत्र राजेश सिंह गौर को थाना क्षेत्र के ढाबे पर गोली मार दी गयी है । सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया । विजय सिंह की तहरीर पर उज्ज्वल सिंह उर्फ गड्डू सिंह पुत्र पप्पू सिंह शक्तिनगर हाल थाना गाजीपुर लखनऊ को नामजद कराया गया हैं। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।

## प्लाज्मा फेरिसिस सुविधा के साथ बीएसएल-2 लैब का शुभारम्भ

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से 2 राजकीय मेडिकल कालेज मेरठ एवं झांसी में प्लाज्मा फेरिसिस फेसेल्टी के लोकार्पण तथा 5 निजी मेडिकल कॉलेजों में बीएसएल 2 लैब का शुभारम्भ किया। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा सन्दीप सिंह उपस्थित थे। ये जीवनदायिनी एफ्रेसिस की सुविधा अभी तक मात्र कुछ चिकित्सा संस्थानों जैसे केजीएमयू, एसजीपीजीआई, नोएडा मेडिकल कॉलेज इत्यादि में ही उपलब्ध थी। इसके अतिरिक्त आज इस अवसर पर 5 निजी मेडिकल कालेजों श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइन्सेस, बरेली, रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज, बरेली, राजश्री मेडिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बरेली, वरून अर्जुन मेडिकल कालेज, शाहजहांपुरए कृष्ण मोहन मेडिकल कालेज, मथुरा में बीएसएल 2 लैब का भी शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही प्रदेश के 28 निजी मेडिकल कालेजों में से 24 निजी मेडिकल कालेजों में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है।

## अवैध डेरियों को हटाने गए प्रवर्तन दल पर चले पत्थर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर से** अवैध डेरियों को बंद कर हटाने का मंगलवार को अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त के आदेश पर अलीगंज, इंदिरानगर के गाजीपुर से डेरियां हटायी गयी। हटाने के दौरान अधिकारियों को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। दबंग डेरी मालिकों ने पत्थरबाजी कर गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। वहीं, विरोध को दर किनार कर चले अभियान में आधा दर्जन डेरियां हटाई गयीं।

मंगलवार को नगर निगम प्रशासन ने इंदिरानगर के गाजीपुर, अलीगंज क्षेत्र से अवैध डेरियां हटाने के दौरान अधिकारियों को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। चर्च रोड, महानगर, जुगौली में अवैध डेरी मालिकों ने पकड़ने गए प्रवर्तन दल पर पत्थरबाजी गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। सूत्रों की मानें तो भयंकर विरोध को देखकर कर्मचारी भाग खड़े हुए। वाहनों को छोड़कर तितर बितर होकर कर्मचारियों ने अपने को बचाया। काफी देर तक प्रवर्तन बल को डेरियों पर कार्रवाई रोकनी पड़ी। हालांकि बाद में पुलिस बल का सहयोग लेकर प्रवर्तन दल ने दोबारा डेरियां हटाने का कार्य शुरू किया। अभियान में अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, पशु कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ अरविंद राव भी मौके पर मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक ने बताया कि अवैध डेरियों के चलते शहर में गंदगी और बीमारियां फैलती है।

## क्रिकेट बिग बैश लीग ट्राफी के दो सट्टेबाज गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** एसटीएफ ने लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र से क्रिकेट बिग बैश लीग के सट्टेबाज बुकी रविन्द्र श्रीवास्तव उर्फ रिन्कू व दिनेश कुमार चौबे उर्फ नाटू को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक लाख पांच हजार रुपए, दो मोबाइल फोन और सट्टेबाजी में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए। एसटीएफको मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोगो द्वारा क्रिकेट बिग बैश लीग मैचों में सट्टा खिलाने का कार्य पिकेडली होटल के गेट नं 3 के आस पास किया जा रहा है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार किया।

## एयरपोर्ट पर यात्री के पास से मिले 14 कारतूस

**सरोजनीनगर।** लखनऊ से दिल्ली जा रहे एक विमान यात्री के पास मंगलवार को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सीआईएसएफजवानों को 14 जिंदा कारतूस बरामद हुए। कारतूस मिलते ही सीआईएसएफ जवानों ने यात्री को हिरासत में लेकर उससे काफी देर तक पूछताछ की। लेकिन वह कोई सही जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहां पुलिस यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। राजधानी के अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह करीब 8 बजे इंडिगो की उड़ान से दिल्ली जाने वाले सभी यात्रियों की बोर्डिंग हो रही थी। तभी सुरक्षा जांच के दौरान विमान से दिल्ली जा रहे मूल रूप से बाराबंकी के हैदर गढ़ निवासी व राजधानी के मड़ियांव में रहने वाले रितेंद्र सिंह के बैग से सीआईएसएफ जवानों को 32 बोर के 14 जिंदा कारतूस बरामद हुए। सरोजनीनगर पुलिस का कहना है कि पूछताछ में रितेंद्र ने बताया है कि बरामद कारतूस उसके पिता राजकुमार के लाइसेंसी असलहा के हैं। लेकिन उसके पिता दिल्ली में होने के कारण वह यहां नहीं पहुंच सके। जिसकी वजह से पिता के लाइसेंसी कारतूस गलत ढंग से अपने पास रखने पर रितेंद्र के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# मनी लांड्रिंग का अपराध राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर चोट: हाईकोर्ट

## आम्रपाली ग्रुप के एमडी व एक अन्य अफसर की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**आम्रपाली** ग्रुप आफ कम्पनीज के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल कुमार शर्मा व सांविधिक लेखा परीक्षक अनिल मित्तल की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि काले धन को वैध बनाने का अपराध बहुत गंभीर है। इस प्रकार का अपराध राष्ट्र के हित में नहीं होता है। बल्कि यह राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गंभीर खतरा पैदा करता है और ये अपराध सोच समझकर व्यक्तिगत लाभ के लिए किए जाते हैं। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने इन दोनों मुल्जिमों की ओर से अलग अलग दाखिल जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। पीठ याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी जिक्र किया है। कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने बारीकी से उजागर किया था कि किस प्रकार कम्पनी ने लोगों को चूना लगाया। और अभी इस केस की विवेचना प्रचलित है। पैसे का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में दोंनों मुल्जिमो को जमानत पर रिहा करने का कोई औचित्य नहीं है।

**कांगेसी नेता की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज:** लखनऊ। जन सामान्य की भावनाओं को आहत करने वाली अश्लील टिप्पणी ट्विट करने के एक कथित मामले में सत्र अदालत ने हरियाणा के कांग्रेसी नेता पंकज पुनिया की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष जज मोहम्मद गजाली ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील एमके सिंह ने मुल्जिम की इस अग्रिम जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि 19 मई 2020 को मुल्जिम द्वारा किया गया यह तथाकथित अपराध सिर्फ एक व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के विरुद्ध है। लिहाजा अपराध गंभीर प्रकृति का है। ऐसी स्थिति में मुल्जिम को अग्रिम जमानत देना विधि सम्मत नहीं होगा। इस मामले की एफआईआर थाना हजरतगंज में दर्ज हुई थी।

## गिरफ्तार सिपाही को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पशुधन** घोटाला मामले में गिरफ्तार सिपाही दिलबहार यादव को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने 23 दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मंगलवार को विशेष जज संदीप गुप्ता की अदालत में पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का ईनाम घोषित था।

13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले में मोंटी गुर्जर, आशीष राय व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था।

## राजधानी में 185, सूबे में मिले कोरोना के 1354 नए केस

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी में कोरोना संक्रमित में कमी आई है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 185 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1354 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 18382 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2876 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8103 मरीजों की और राजधानी में 1062 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,23,021 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,15,38,320 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1354 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 18,382 कोरोना के एक्टिव मामले में से 8,566 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 1852 लोग कोविड से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब तक कुल 541579 लोग ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

**एलडीए सचिव पवन गंगवार हुए कोरोना पॉजिटिव:** लखनऊ। एलडीए प्रशासन के कोरोना से निपटने के सारे दावे फेल हो गए हैं। एलडीए सचिव कोरोना की चपेट में आ गए हैं। सचिव के कोरोना होते ही एलडीए में हड़कंप मच गया है। वहीं नगर निगम जोन 7 के जोनल अधिकारी भी कोरोना के शिकार हो गए हैं। एलडीए के सचिव पवन गंगवार को काम संभाले अभी कुछ ही दिन बीते हैं कि सचिव कोरोना की चपेट में आ गए।

# शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद निदेशालय के बाहर मंगलवार को 69000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी, एससी वर्ग के साथ धांधली का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने धरना दिया। उनका दावा है कि सूची में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है। एमआरसी की आड़ में ओबीसी व एससी का आरक्षण छीना जा रहा है। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक अध्यापक भर्ती के आरक्षित वर्ग के सुबह ही अभ्यर्थी निशातगंज स्थित एससीईआरटी पर अधिकारियों से बातचीत करने पहुंचे थे, लेकिन कोई भी अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया। इससे नाराज अलग अलग जिलों के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने निदेशालय के बाहर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि सूची में ओबीसी व एससी के आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है। आरोप है कि अभ्यर्थियों की कैटेगरी, सब कैटेगरी छुपाकर 67867 की विवादित अंतिम सूची जारी की गई है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अभ्यर्थियों को प्रदर्शन के लिए इको गार्डन भेज दिया गया।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी का कहना है कि कोई अभ्यर्थियों को गुमराह कर रहा है या अभ्यर्थी जानबूझकर चीजों को नहीं समझ रहे हैं। भारत में वर्तमान समय कोई भी सरकार संविधान के द्वारा निर्धारण आरक्षण व्यवस्था का उल्लंघन नहीं कर सकती है। विशेषकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसी भी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शिता से कराती है और उसमें आरक्षण के नियमों का पालन किया जाता है। इस शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में भी आरक्षण का पालन किया गया है।



# आबादी को ध्यान में रखकर शहरों का नियोजित विकास हो: योगी

## ● धार्मिक नगरी अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद की शहरों के नियोजित विकास एवं शहरी आबादी की ष्ईज आफ लिविंगष् में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह संस्थाएं इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर लागू करें। उन्होने धार्मिक नगरी अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि विकास प्राधिकरण तथा आवास एवं विकास परिषद को नगर निगमए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय एवं संवाद बनाकर कार्य किया जाना चाहिए। इन्हे कामकाज की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना चाहिए। इसके लिए व्यापक तौर पर तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए। इससे इन संस्थाओं के प्रति आम जनमानस में भरोसा बढ़ेगा।

विभाग द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, एकमुश्त समाधान योजना, जीआईएस बेस्ड प्लान, आनलाइन बिल्डिंग एप्रूवल सिस्टम की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने सभी मण्डलायुक्तों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषदोंए स्मार्ट सिटी के कार्यों तथा मण्डल के अन्तर्गत नगर निकायों में अमृत योजना के कार्यों की समीक्षा कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर मुख्यमंत्री कार्यालय एवं प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट तथा प्राप्त अन्य फीडबैक के आधार पर उनके द्वारा शीघ्र ही इन संस्थाओं के कार्यों और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आनलाइन नक्शों को 7 दिन में स्वीकृत करने की व्यवस्था बनायी गई है। विभिन्न विकास प्राधिकरणों में निर्धारित अवधि से अधिक समय से ऑनलाइन नक्शों की स्वीकृति लम्बित है। उन्होंने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को निर्देश दिए कि निर्धारित अवधि से अधिक समय से आनलाइन नक्शों के लम्बित मामलों की समीक्षा कर शिथिलता के लिए सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। योजना को सफल बनाने के लिए समाधान योजना की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनियोजित शहरीकरण को रोका जाना आवश्यक है।

## गोसेवा आयोग व खादी ग्रामोद्योग मिलकर करेंगे गोमय के उत्पादों की मार्केटिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग व खादी ग्रामोद्योग मिलकर गोमय के उत्पादों की मार्केटिंग करेंगे। इस संबंध में मंगलवार को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम नन्दन सिंह से उनके कार्यालय में एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल की वार्ता् हुई और सहमति बनी। श्री सहगल ने इस संबंध में विस्तृत योजना तैयार करने के लिये खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के डिप्टी सीईओ एसके कक्कड़ को नामित किया। तत्पश्चात् आयोग के अधिकारियों के साथ एसके कक्कड़ से चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि गोसेवा आयोग और खादी ग्रामोद्योग मिलकर यह कार्य करेंगे, जिससे गोमय एवं गोमूत्र से बने उत्पादों की मार्केटिंग बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि गोमय उत्पादों को खादी ग्रामोद्योग के साथ मिलकर प्रत्येक जनपद में एक प्रदर्शनी का आयोजन कराया जाये।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को सामाजिक शोध जरूरी

## ● राज्यपाल ने किया कुम्भ अध्ययन केन्द्र का आनलाइन उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन से गोविन्द वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान तथा उप्र प्रयागराज मेला प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित कुम्भ अध्ययन केन्द्र का आनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुम्भ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अभी तक देश में कोई शोध केन्द्र नहीं था। यह केन्द्र कुम्भ मेले से सम्बद्ध शोध, अभिलेखीकरण एवं ज्ञान विमर्श पर आधारित होगा।

उन्होंने कहा कि संस्थान की उच्च स्तरीय फैकल्टी एवं उनका शोध अनुभव जनसामान्य को कुम्भ की परम्पराओं व विरासत को समझने की एक नई दृष्टि देगा। राज्यपाल ने कहा कि कुम्भ अध्ययन केन्द्र केन्द्र व राज्य सरकार के नीति नियोजकों के लिए एक डाटाबेस का कार्य करेगा, जो कुम्भ मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बेहतर संयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र प्रयागराज के कुम्भ क्षेत्र और इसके आस पास के क्षेत्र में स्थित छोटे छोटे तीर्थों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य भी करेगा। इससे देश और विदेश से आने वाले पर्यटक प्रयागराज के सांस्कृतिक स्वरूप को और बेहतर तरीके से जान सकेंगे। राज्यपाल ने अपील की कि आप अपने को ज्ञान के केन्द्र के रूप में विकसित करें, ताकि कुम्भ अध्ययन केन्द्र सामाजिक एवं अध्यामिकता का केन्द्र बन सके और हम सब मिलकर भारत को शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूरी दुनिया में शीर्ष पर ले जा सकें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सामाजिक शोधों की बहुत जरूरत है। स्थानीय ज्ञान एवं उत्पादों पर शोध एवं भारतीय समाज में संचित जन ज्ञानकोषों को हमें अपने शोधों से तलाशाना होगा। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से कुम्भ मेले को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। इस अवसर संस्थान के निदेशक प्रो बद्री नारायण एवं संस्थान के सभी संकायों के सदस्यगण आनलाइन जुड़े हुए थे।

**गंगा नदी हमारे देश व हमारी संस्कृति की पहचान**

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन से अतुल्य गंगा परियोजना के अन्तर्गत प्रयागराज से प्रारम्भ होकर 10 अगस्त 2021 तक चलने वाली 5100 किलोमीटर पैदल परिक्रमा का आनलाइन शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गंगा नदी हमारे देश व हमारी संस्कृति की पहचान व अमूल्य धरोहर है। जीवन दायिनी गंगा भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक चिन्तन, जलवायु और अर्थव्यवस्था सभी पर अपनी अमिट छाप छोड़ती है। उन्होंने कहा कि गंगा के दोनों तटों पर वृक्षारोपण करती हुई गांवों और शहरों से गुजरने वाली भारत की सबसे लम्बी पदयात्रा से देश में गंगा सहित सभी नदियों के लिए व पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई ऊर्जा का संचार होगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मोतीपुर विकास खण्ड निघासन जिला-लखीमपुर खीरी उ0प्र0

पत्रांक– /प0घर नि0 कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा आमन्त्रण/2020–21
दिनांक–15.12.2020 अल्पकालिक निविदा/कोटेशन

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना/चतुर्थ राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 मे अधोहस्ताक्षरी की ग्राम पंचायत मे पंचायत भवन हेतु स्वाकृत प्राक्कलन की दरों पर निम्न सामग्री करने हेतु पंजीकृत स्थानीय एंव प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म/ठेकेदार जिनका आयकर व वाणिज्यकर में पंजीकृत हो दिनांक 15.12.2020 से 17.12.2020 तक निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है प्राप्त निविदाओ को दिनांक 18.12.2020 को अपरान्ह 02 बजे निविदा दाताओ / उनके प्रतिनिधियो की उपस्थिति में खोला जायेगा। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निम्नवत हैं

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | प्रथम श्रेणी ईट रोडा सीमेन्ट मौरग गिटटी लोहा (सरिया) बालू दरवाजा खिडकी पेन्ट व्हाइट सीमेन्ट पाइमर डिस्टेम्पर समोसम शीट शीशा अदि। |

**श्री अनिल कुमार वर्मा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत–मोतीपुर**
**विकास खण्ड निघासन खीरी**

**श्री कुलदीप वर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–मोतीपुर**
**विकास खण्ड–निघासन खीरी**


## महिला की मौत के बाद परिजनों ने लोहिया में काटा हंगामा

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके में स्थित लोहिया अस्पताल इमरजेंसी वार्ड में मंगलवार दोपहर महिला की मौत के बाद लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराज परिजनों ने हंगामा काटा। आरोप है कि इस दौरान ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर ने परिजनों से अभद्रता की। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने नाराज परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस की मानें तो पीड़ित ने तहरीर नहीं दी है। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि मोहित अग्रवाल राजधानी लखनऊ के हसनगंज डालीगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को पत्नी निकिता को उल्टी की शिकायत के बाद राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया था। ऐसे में मंगलवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। इस दौरान मोहित के चाचा राकेश अग्रवाल ने वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अनिल ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। इससे नाराज परिजनों ने सर्जरी के नाम पर 15 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

# परिषदीय विद्यालयों में होगा पुरातन छात्र परिषद का गठन: डॉ. द्विवेदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पुरातन छात्र परिषद के गठन का संचालन कराया जायेगा। इसके लिए आवश्यक आदेश निर्गत किये जायेंगे। जिसके अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय में पढ़े हुए छात्र सांसद, विधायक, आईएएस, पीसीएस, डाक्टर, इंजीनियर बन गये हैं उनसे सम्पर्क किया जायेगा और उनको स्कूल में बुलाने का प्रयास किया जायेगा। उनके सम्मुख विद्यालय के सुधार में सहयोग का प्रस्ताव भी रखा जायेगा। डा द्विवेदी मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नरही में एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फण्ड से लखनऊ जनपद के 50 विद्यालयों में स्मार्ट टीवी लगाये जाने हेतु कार्यक्रम व स्कूल में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि जिन परिषदीय विद्यालयों में गरीब, मजदूर समाज के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं, ऐसे परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाये।

इसका ध्यान परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को दिया जाना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि सभी महिला शिक्षक सुकन्या समृद्धि योजना के तहत एक एक खाता खुलवाने का कार्य करेंगी, जिससे इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को मिल सके। एचडीएफसी बैंक के वायस प्रेसीडेन्ट दीपक चोपड़ा ने कहा कि बैंक समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग सेवा प्रदान करने का पूरा प्रयास कर रहा है।

## दिनेश बने आदर्श भारत सोशल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी




**लखनऊ।** आदर्श भारत सोशल फाउंडेशन एवं कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय की बैठक आहूत की गई। बैठक में कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खरे को मीडिया प्रभारी नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। आदर्श भारत फाउण्डेशन के संस्थापक आदर्श श्रीवास्तव ने खरे को आदर्श भारत का मोमेंटो एवं शाल देकर सम्मानित भी किया तथा जनहितैषी कार्यों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की। बैठक से पूर्व महाराष्ट्र से आये कायस्थ संघ के सह समन्वयक गौरी शंकर लाल श्रीवास्तव का भव्य स्वागत किया गया तथा आदर्श भारत का मोमेंटो एवं शाल देकर उनका सम्मान किया गया।

## गुड़म्बा गोलीकांड में पिता मोहम्मद नईम खान गिरफ्तार

**लखनऊ।** गुडम्बा में पिता व पुत्र के बीच झगड़े में चलने से घायल हुए पुत्र जुहैब खान के पिता मोहम्मद नईम खान को पुलिस ने को गिरफ्तार कर उनके पास से देशी पिस्टल व कारतूस बरामद किया है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपित पिता रिटायर डीएसपी मोहम्मद नईम खान को देर रात रामधर्म कांटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। विजयकुंज, कल्याणपुर निवासी रिटायर डीएसपी मोहम्मद नईम खान का रविवार देर शाम बेटे जुहैब खान से विवाद हो गया था। जिसके बाद पिस्टल की छीना झपटी में जुहैब के पेट मे गोली लग गई।

## डा. जगदीश गांधी लाइफटाइम एचीचमेन्ट अवार्ड से सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु जीवन गौरव पुरस्कार (लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड) से सम्मानित किया गया है। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे द्वारा आज ऑनलाइन आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय शिक्षक समारोह के अवसर पर डा. जगदीश गाँधी को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। समारोह का आयोजन महाराष्ट्र सरकार एवं यूनेस्को के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डा. गाँधी ने सम्मान हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल ने आज विश्व मानचित्र पर जो स्थान बनाया है, वह संस्था की कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाचार्याओं, शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की बदौलत ही संभव हो सका है।

## दिल्ली में हो लौह पुरुष के नाम पर राष्ट्रीय स्मारक:अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जिस महापुरुष लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों का बगैर किसी खूनी क्राति के एकीकरण किया, आज आजादी के 70 साल बाद भी उस महान व्यक्ति की देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक नहीं है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। इसके लिए हमें गांव-गांव में आवाज उठानी होगी। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 70 वीं पुण्यतिथि पर लखनऊ स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक के निर्माण के लिए हम संसद में कई बार आवाज उठा चुके हैं। इस मुद्दे पर प्रदेश के कोने-कोने में उठाने की जरूरत है। अनुप्रिया पटेल ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## अभियान चलाकर बनाए जाएंगे छूटे परिवारों के गोल्डेन कार्ड

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों को आदेश दिया है कि राज्य के समस्त गोल्डेन कार्ड विहीन परिवारों में गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए 15 से 31 दिसम्बर, 2020 तक अभियान चलाया जाय। प्रदेश के मुख्य सचिव के हवाले से आदेश जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार एवं राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने राज्य में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे सभी पात्र परिवारों को 31 दिसम्बर, 2020 तक गोल्डेन कार्ड उपलब्ध करा दिये जाएं जिनके परिवारों में एक भी गोल्डेन कार्ड उपलब्ध नहीं है।

## लंबित पेंशन के 21 प्रकरणों में 15 का किया निस्तारण

**लखनऊ।** मंडलायुक्त द्वारा मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त ने लंबित पेंशन के मामलों को बिना विलंब के निस्तारित करने का आदेश दिया है। मंडलायुक्त ने पेंशन एवं सेवानिवृत्तिक देयों का भुगतान नियमानुसार के निर्देश दिए हैं। अदालत के दौरान 21 मामले दर्ज हुए जिसमें 15 का निस्तारण कर दियागया। मंगलवार को मंडलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित 61वीं मण्डलीय पेंशन अदालत में कुल 21 मामले आए, जिनमें 15 मामलों का निस्तारण किया गया। यह सभी मामले प्रकरण कर्ता की सहमति के आधार पर किया गया। बचे 6 प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबन्धित विभागों को कडे निर्देश दिये गये कि मामलों की आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शीध्र उनका निस्तारण कराया जायें।

## सड़क हादसों में दो की मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र के आईआईएम रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक में पीछे से डंपर घुस गया। इससे खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जबकि गोसाईंगंज के रहमत नगर गांव के पास मंगलवार को एक युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई।

## प्रतिबंधित जानवरों से लदा ट्रक पकड़ा, चालक गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीती रात चिनहट के देवा रोड पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी तभी एक ट्रक निकला जिसे रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान चालक शामली निवासी मोहम्मद इनाम बताया। पुलिस ने वाहन चेक किया तो उसमें एक गाय व 19 अदद भैंस मौजूद थी। पुलिस ट्रक कब्जे में लेकर आरोपी चालक को जेल रवाना कर दिया है।

## दृष्टि योजनान्तर्गत बीज गोदाम निर्माण के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के अधीन कृषि विभाग द्वारा डीसेन्ट्रलाइज्ड रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सीड टेक्नोलाजी इनीशिएटिव्स (दृष्टि) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर बीज विधायन संयंत्र स्थापना एवं बीज भण्डारण सुविधा हेतु बीज गोदाम निर्माण के लिए पात्र कृषक उत्पादक संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। यह जानकारी संयुक्त कृषि निदेशक आरके सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि दो वर्ष या उससे अधिक पुराने एफपीओ अपना आवेदन निर्धारित अभिलेखों सहित अपने जनपद के उप कृषि निदेशक कार्यालय में 31 दिसम्बर 2020 तक जमा कर सकते हैं।


## कार्यालय–नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जनपद–संतकबीरनगर

पत्रांक–842/न0पा0 दिनांक–14, दिसम्बर, 2020

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं सम्बन्धित को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के नगर क्षेत्र में निम्नलिखित भवनों पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र के विरुद्व अगर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपना लिखित आवेदन/आपत्ति पत्र साक्ष्य के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय में उपलब्ध करा दें, अन्यथा वाद मियाद पालिका में प्राप्त आवेदन एवं साक्ष्यों के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | दर्ज होने वाले व्यक्ति का नाम | मकान संख्या | मोहल्ला/वार्ड नं0 | नामान्तरण का प्रकार | खारिज होने व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनार्दन प्रसाद पुत्र रामदेव | 285 | वार्ड नं0 15 बंजरिया पूर्वा | वरासतन | रामदेव पुत्र पल्टन |
| 2 | अनवर पुत्र अशरफ | 86 | वार्ड नं0 13 भिटवा | वरासतन | नबूवत पत्नी अशरफ अली |
| 3 | मेहरून्निशा पत्नी रूआब अली | 64 | बिधियानी | वरासतन | रूआब अली पत्नी लाल मो0 |
| 4 | सरोज देवी पत्नी परमानन्द गुप्ता | 12ए | बंजरिया पश्चिमी | बैनामा | श्री राधेश्याम मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा |
| 5 | ज्ञानप्रकाश राय, ओम प्रकाश राय पुत्र अनिरुद्ध राय | 49 | औद्योगिक नगर | वरासतन | सत्यप्रकाश राय पुत्र अनिरूद्व |
| 6 | महमूदा खातून पत्नी परवेज अख्तर | 294 | बरदहिया बाजार | वरासतन | परवेज अख्तर पुत्र वकील |
| 7 | नेबूलाल जायसवाल आदि पुत्र दशरथ | 109 | बरदहिया | वरासतन | दशरथ पुत्र हरिद्वार |
| 8 | शाहजहां पत्नी उस्मान आदि | 100 | 19, अंसार टोला | वरासतन | मो0 उस्मान पुत्र शाबिर अली |
| 9 | इन्द्रजीत पुत्र श्रीराम | 225 | 15, बंजरिया पूवी | वरासतन | भकुरा देवी पत्नी श्रीराम |
| 10 | इन्द्रजीत पुत्र श्रीराम | 08 | त्रिपाठी नगर | वरासतन | भकुरा देवी पत्नी श्रीराम |
| 11 | नैमुद्दीन पुत्र स्व0 मो0 अमीन आदि | 98 | 19 अंसार टोला | वरासतन | मो0 अमीन पुत्र हबीबुललाह |
| 12 | अवधेश कुमार पुत्र सूर्यलाल | 98 | 09, गोरखर | बैनामा | सूर्यलाल पुत्र बद्री प्रसाद |
| 13 | शमीमा खातून पत्नी गौस मोहम्मद, नूर मोहम्मद पुत्र गौस मोहम्मद | 181 | 19 अंसार टोला | वरासतन | गौस मोहम्मद पुत्र जमील |
| 14 | रूखसाना खातून व रेहाना पुत्री सरवर अली | 139 | बंजरिया पूर्वी 15 | वसीयत | सरवर अली पुत्र रहमतुल्लाह |
| 15 | हरिनारायण उपाध्याय, कृष्ण मुरारी उपाध्याय, रमाकान्त उपाध्याय पुत्र शिवशंकर | 244 | बरदहिया बाजार 16 | वरासतन | शिवशंकर उपध्याय पुत्र रामबली |
| 16 | कलावती देवी पत्नी कोदई आदि | 286 | 05, बरई टोला | वरासतन | श्रामनयन पुत्र चिरकुट |
| 17 | ज्ञानमती देवी पत्नी सुग्रीव | 116 | 05, बरई टोला | वरासतन | सुग्रीव प्रसाद पुत्र ललई |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**


## पुलिस आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण आयोग के सदस्य पद पर आवेदन आमंत्रित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आयोग में अध्यक्ष के साथ दो सदस्यों को नामित किया गया है। इसका उद्देश्य प्रदेश की पुलिस व्यवस्था के विविध पहलुओं का अध्ययन कर उसमें सुधार के सुझाव देने एवं पुलिस आधुनिकीकरण तथा सुदृढ़ीकरण करना है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आयोग में सदस्य का एक पद रिक्त होने के कारण भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत इच्छुक अधिकारियों का एक पैनल तैयार किया जाना है। पैनल तैयार होने के बाद उसमें से किसी एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत अधिकारी को सदस्य चयनित–नामित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयोग में सदस्य के एक पद पर चयन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किया जायेगा। इसके साथ ही इच्छुक सेवानिवृत आईएएस अधिकारी आवेदन पत्र भरकर 31 दिसम्बर को सायं 5 बजे तक लोकभवन सी ब्लॉक, चतुर्थ तल, कक्ष संख्या 419 स्थित गृह (पुलिस) अनुभाग–10 में प्रेषित कर सकते हैं।

# सरकार की प्रभावी पैरवी से शातिर अपराधी की याचिका खारिज

## ● हाईकोर्ट ने लगाया पांच लाख का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेन्स नीति के तहत प्रदेश में अपराधियों पर लगातार नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सरकार की प्रभावी पैरवी की बदौलत हाईकोर्ट ने एक शतिर अपराधी की याचिका खारिज करने के साथ उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जनपद मऊ की थाना कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त उमेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त उमेश सिंह ने लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हुए अपने व अपने पुत्रों के नाम से अवैध चल अचल सम्पत्ति अर्जित की। इसकी कीमत लगभग 6.42 करोड़ है। इस सम्पत्ति के जब्तीकरण के लिए तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट मऊ ने आदेश पारित किया। प्रवक्ता ने बताया कि अभियुक्त उमेश सिंह ने ये सम्पत्ति आपराधिक कार्यों को अंजाम देते हुए अर्जित की थी, जिसे कुर्क किये जाने के लिए गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश पारित किया था।



आदेश के विरुद्ध उमेश सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की। उमेश सिंह ने वर्ष 2010 व 2014 में भी अपराधों को अंजाम दिया था। इस तथ्य को अभियुक्त ने न्यायालय के संज्ञान में न लाकर महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया। राज्य सरकार द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के संज्ञान में ये सभी तथ्य लाये गए। इस पर न्यायालय ने अभियुक्त उमेश सिंह द्वारा तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाते हुए रिट याचिका खारिज कर दी तथा उस पर पांच लाख का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही न्यायालय ने जिला मजिस्ट्रेट मऊ को आदेश दिया कि यदि अभियुक्त 30 दिन के अन्दर जुर्माना नहीं जमा करता है तो उसकी वसूली भू राजस्व के बकाया की तरह नियमानुसार की जाए।

# अवैध कब्जों की शिकायतों ने खोली जिम्मेदारों की पोल

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सरकारी** जमीनों से अतिक्रमण हटाने का अभियान थमा होने से फरियादियों को न्याय के लिए एड़ियां घिसनी पड़ रही हैं। मंगलवार को तहसील समाधान दिवस में चकमार्ग पर अवैध कब्जे की दर्जनभर शिकायतों ने लापरवाहों की पोल खोलकर रख दी। नाराज अफसरों ने अभियान चलाकर अवैध कब्जे खाली कराने के निर्देश दिए हैं। मोहनलालगंज में मंगलवार को तहसील समाधान दिवस की जनसुनवाई कर रहे एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत और एसडीएम विकास कुमार सिंह से मोहनलालगंज के सुरेशपाल ,गोशाईगंज के बद्री प्रसाद और पदमिनखेड़ा के ग्रामीणों ने चकमार्ग से अवैध कब्जा खाली कराने की गुहार लगाई। शिकायतें सामने आई तो अफसरों के तलब करने पर जिम्मेदार बहानेबाजी करने लगे। नाराज अफसरों ने फटकार लगाकर अवैध कब्जे खाली कराने के निर्देश दिए। पिजईपुर के राजकुमार ने वरासत दर्ज कराने की शिकायत की। रहमतनगर के लक्ष्मीनरायण ने नक्शा दुरुस्तीकरण के लिए तहसील से रिपोर्ट नहीं जाने पर एडीएम कोर्ट में मुकदमे का निराकरण लटका होने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**धान खरीद हुई नहीं भुगतान भी फंसा:** मोहनलालगंज के गौरा निवासी गौरीशंकर ने राजकीय कृषि बीज भण्डार से हाइब्रिड धान की 6444 किस्म लेकर बुवाई की। 25 कुन्तल धान बिक्री करने के लिए रजिस्ट्रेशन भी कराया। लेकिन मऊ में पीसीएफके धान खरीद केन्द्र पर धान नहीं लिया जा रहा। गौरीशंकर का बेटा मनोज धान बिक्री के लिए समेसी और करोरा के धान क्रय केन्द्र भी जा चुका है। लेकिन हाइब्रिड किस्म बताकर केन्द्र प्रभारी धान खरीदने को तैयार नही हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव का समेसी में पूरा धान नहीं खरीदा गया।

## पौधरोपण को तहस नहस कर जमीन पर कब्जे का आरोप

**बख्शी का तालाब।** सुवंसीपुर ग्राम पंचायत लखनऊ और बाराबंकी सीमा के करीब स्थित है। मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील दिवस पहुचीं ग्राम प्रधान संतोष कुमारी ने अध्यक्षता कर रहे सीडीओ प्रभास कुमार को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें बताया गया कि ग्राम पंचायत के मजरे शिवराजपुर पशुचर की जमीन पर मनरेगा के तहत बृक्षारोपण कराया गया था। जिसमे मनरेगा के तहत सवा लाख के करीब खर्च का भुगतान किया गया था। जिसको बाराबंकी जिले के संतोष कुमार, रमेश कुमार, राकेश कुमार , आशा व लखनऊ जिले के कुलदीप, फूलमती, राजेश आदि ने तहस नहस कर कब्ज़ा कर लिया है। प्रशासन के अलावा सभी विभागों को शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नही की गयीं है। सीडीओ ने उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र बीडीओ पूजा सिंह को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया असलहों का प्रदर्शन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

- सार्वजनिक स्थल पर असलहा लहराती दिखी सरिता गुप्ता
- परिवार के अन्य सदस्यों ने भी प्रदर्शन में लिया भाग
- सोशल मीडिया पर वायरल हुई फोटो

**सरकार** ने सार्वजनिक स्थलों पर असलहों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भले ही रोक लगा रखी है , असलहों का प्रदर्शन करने वालों पर कार्यवाही की चेतावनी दी जा रही है लेकिन इस प्रकार के प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। मामला एक सत्तापक्ष से जुड़े लोगों का हो तो सवाल उठना लाजमी भी हो जाता है। सवाल यह है कि यदि सत्तापक्ष से जुड़े लोग ही सरकार के दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं करेंगे तो आखिर कौन करेगा। मामला भारतीय जनता पार्टी से अकबरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष बनी सरिता गुप्ता से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार गत 10 दिसंबर को सरिता गुप्ता अपने परिवार के साथ आजमगढ़ जिले में एक शादी समारोह में शरीक होने गई थी। यहां पर उनकी बहन के लड़के की शादी थी। इस शादी समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता के साथ ही उनके परिवार के अन्य सदस्यों व रिश्तेदारों ने असलहे का जमकर प्रदर्शन किया। सार्वजनिक स्थल पर शादी समारोह में इस प्रकार से असलहे का प्रदर्शन किया जाना कई सवाल छोड़ गया।


शादी समारोह में असलहें के साथ सरिता गुप्ता

सवाल यह है कि क्या एक जिम्मेदार पद पर बैठी सरिता गुप्ता को सरकार के निर्देशो की चिंता नहीं है। क्या वह सरकार का निर्देश मानने में इत्तेफाक नहीं रखती है। सरिता गुप्ता ने समारोह के दौरान कई तरह का पोज देकर असलहे के साथ फोटो खिंचवाई तथा उसे अपनी फेसबुक आईडी पर पोस्ट कर दिया। फेसबुक पर इस प्रकार की फोटो अपलोड होते ही यह फोटो तेजी के साथ सोशल मीडिया में वायरल होने लगी। सोशल मीडिया में वायरल होते ही सरिता गुप्ता ने अपनी फेसबुक आईडी से सारी फोटो तो डिलीट कर दी लेकिन तब तक यह फोटो उनकी पहुंच से बाहर जा चुकी थी। हैरत की बात तो यह है कि इस प्रदर्शन के दौरान फेसबुक पर डाली गई पोस्ट में उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा है कि शादी समारोह में गन के साथ मॉडलिंग। जिस गन के साथ वह पोज देती नजर आ रही है वह भी एक भाजपा नेता का ही बताया जाता है। इसी कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे की फोटो भी तेजी के साथ वायरल हो रही है जो हाथ में पिस्टल लहराता हुआ देखा जा रहा है। यह पिस्टल किसका था , इसका लाइसेंस किसके नाम था, बच्चे के हाथ मे वह कैसे पहुंचा, यह प्रश्न तेजी से उभर रहा है। फिलहाल सोशल मीडिया पर वायरल नगर पालिका अध्यक्ष कि यह फोटो जहां प्रशासनिक हलके में तेजी से फैल रही है वही लोगों के बीच यह चर्चा का विषय भी बन चुका है।

# मंडलायुक्त ने दिया वेतन रोकने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकताओं में से है। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से इसका आयोजन माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुपस्थिति अक्षम्य है। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने चौरी चौरा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दिया। इस अवसर पर कुल 57 मामले आये जिसमें से 3 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भूमि/सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा हटाते हुए अवैध कब्जेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर डीआईजी राजेश डी मोदक, उप जिलाधिकारी, सी.ओ. एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



# बीकापुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में आज तहसील बीकापुर में आयोजित जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने फरियादियों की समस्याओंध्शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं, शिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकरणों को पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की संयुक्त टीमों द्वारा मौके का स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील बीकापुर में आयोजित जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का मंगलवार एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करने के दिये निर्देश। इस अवसर पर ग्राम पुरोमा निवासी रामजीत पुत्र बिहारी द्वारा 7 माह से पूर्व ही हदबरारी हेतु वाद प्रस्तुत करने के बाद भी अब तक राजस्व निरीक्षक द्वारा पैमाइश नहीं करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार बीकापुर को सात दिवस के भीतर हदबरारी की रिपोर्ट लगवाकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एक अन्य शिकायतकर्ता राम सुंदर पुत्र स्वर्गीय राम अचल निवासी ग्राम नासिरपुर मूसी ने सरकारी नाली संख्या-101, 647 को गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरदस्ती काटकर अपने चकों में मिलाने के कारण अन्य ग्रामवासियों को अपने चकों की सिंचाई में दिक्कत आने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार बीकापुर व खंड विकास अधिकारी बीकापुर को नाली की पैमाइश कराकर पुनर्स्थापित कराने के साथ ही नाली काटने वालों से खर्चा वसूल कराने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार समस्याओं के समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण निस्तारणए शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं को सुगमता से उपलब्ध कराये जानेए जनसामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन.संवाद स्थापित करने हेतु माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले की प्रत्येक तहसील में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाते हैं जिसमें इससे संबंधित सभी अधिकारियों के प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये हैं। जिससे शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीकापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों यथा.उप निदेशक, कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्नाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्डए लो0नि0वि0, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त, मनरेगा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, प्रभारी सहायक अभियन्ता, नलकूप द्वितीय, बीकापुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बीकापुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीकापुर, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, हरिंग्टनगंज, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली इनायतनगर का का 01 दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जनपद के सभी गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाने हेतु आवश्यकतानुसार पर्दा लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने, चौराहों, बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थलों का अलाव जलाने तथा रैन बसेरों में सभी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीडी डीआरडी, कमलेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी बीकापुर केडी शर्मा सहित पुलिस विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने सुनी तहसील दिवस में शिकायतें

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 132 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 2 मामलों का निस्तारण मौके पर ही एसडीएम ने करा दिया। कोविड-19 को लेकर सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार मंगलवार को मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया समाधान दिवस में पहुंचे क्षेत्रवासी पीड़ितों ने अपनी फरियाद में पेश की प्रस्तुत शिकायतों का निस्तारण करते हुए एसडीएम ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण निर्धारित समयावधि के अंदर किए जाने के निर्देश विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायतों में सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रमुख रूप से क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पिता-पुत्र के मारपीट में पिता की मौत

**गोरखपुर।** जनपद के पीपीगंज क्षेत्र के कल्यानपुर टोला बैकुन्ठपुर में एक सप्ताह पूर्व जायदाद के लिए पिता पुत्र में हुई मारपीट में घायल वृद्ध पिता की इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। उनका पीपीगंज के एक प्राइवेट हास्पिटल में इलाज चल रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कल्यानपुर टोला बैकुन्ठपुर निवासी 70 वर्षीय भोनू निषाद से उनके बेटे दिलीप का जायदाद के लिए एक सप्ताह पूर्व विवाद हुआ था जिसमें मारपीट तक हो गई थी। बेटे ने पिता को पीटकर घायल कर दिया था। भोनू निषाद को पीपीगंज के एक प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की सुबह पांच बजे उनकी मौत हो गई। उसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए और दाह संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच किसी ने पीपीगंज पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष आई 91 शिकायतों में से 15 का हुआ निस्तारण

- टाण्डा में जिलाधिकारी मौजूदगी में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**शासन की** मंशा अनुसार जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने हेतु जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तहसील टांडा में उपस्थित होकर जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जन समस्याओं को ध्यान पूर्वक समझ कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाग लेते जिलाधिकारी पायनियर

उन्होंने कहा कि छोटे अथवा बड़े मामलों में अधिकारीगण मौके पर उपस्थित होकर सही - गलत का फैसला सुनिश्चित करें। भूमि विवाद एवं पैमाइश के मामलों में उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण करें। तहसील टांडा में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 91 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं अन्य शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। तहसील अकबरपुर में उप जिला अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष 74 शिकायत पत्र प्रस्तुत किए गए, मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया अन्य शिकायत पत्रों को अधिकारियों को सौंप कर निस्तारण हेतु रवाना किया गया।

तहसील भीटी में अधिकारियों के समक्ष कुल 85 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जलालपुर में उप जिला अधिकारी की उपस्थिति में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 09 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील आलापुर में कुल 93 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 04 का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ सौंपा गया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# गोविंद साहब स्थित मुख्य मंदिर में एक साथ पांच लोगों का ही हो सकेगा प्रवेश

- डीएम ने मेले की तैयारियों को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक
- कोविड -19 के प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करने के दिये निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**पूर्वांचल** के प्रतिष्ठित तीर्थ स्थल बाबा गोविंद साहब की तपोस्थली पर आगामी 24 दिसंबर गोविंद दशमी से प्रारंभ हो रहे मेले को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का जायजा लेते हुए कोरोना से बचाव को लेकर मेला चलने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कोविड19 प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराए जाने का निर्देश मेला प्रशासन और मठ प्रशासन को दिया, उन्होंने बताया कि प्रत्येक दुकानदार का कोविड रैपिड एंटीजन टेस्ट होगा जो समय से पहले पूर्ण कर लेने को कहा। वही इस बार गोविंद सरोवर में स्नान प्रतिबंधित रहेगा केवल श्रद्धलुओं को कोरोना के कारण उचित दूरी बनाकर दर्शन करने को मिलेगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बिना मास्क प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, कोरोना से बचाव को लेकर मास्क और सैनिटाइजर के प्रयोग को लेकर उन्होंने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस बार मेले में मनोरंजन से संबंधित वैरायटी शो, थियेटर, झूला, मौत का कुआं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए नहीं रहेगा, पशु बाजार, खजले तथा अन्य दुकानें पूर्व की भांति लगेंगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी अशोक कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं का डॉक्टरों की टीम निगरानी करेगी, मास्क का प्रयोग न करने वाले किसी भी व्यक्ति को मेला परिक्षेत्र में प्रवेश नही करने दिया जायेगा। तैयारियों का पुख्ता निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को कोई कोर कसर ना रह जाए इस की हिदायत देते हुए समय से पहले पूरा करने को निर्देशित दिया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कोविड19 को लेकर चल रहे शासन के नियमानुसार सावधानी बरतने मास्क सेनिटाइजर और विशेषता साफ-सफाई जल निकासी, विद्युत व्यवस्था, रैन बसेरा तथा मठ के आसपास साफसफाई एवं रखरखाव गोविंद सरोवर के पानी बदलने एंव साफ-सफाई मेला परिसर में दवा का छिड़काव, मच्छरों और अन्य जीवाणुओं से बचने के लिए फागिंग की व्यवस्था एवं परिवहन के सुविधा को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय से पूर्व संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने जोर देते हुए कहा कि मेले मे आये श्रद्धालुओं का उत्पीड़न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा महात्मा गोविन्द साहब की पवित्र तपोस्थली की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि चोर उचक्के तथा अराजक तत्वों से निपटने के लिए कटका थानाध्यक्ष विजय तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जरा सी चूक होने पर या कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित के खिलाफकार्रवाई करने से परहेज ना करें उन्होंने बताया कि गोविंद साहब मेले की मॉनिटरिंग मेरे द्वारा स्वयं की जाएगी। एसपी ने यह भी बताया कि कि मेला परिसर मे किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाशत नहीं की जाएगी,अवैध वसूली गुंडागर्दी तथा दुकानदारों का उत्पीड़न करने वालों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा, वहीं मेला प्रशासन भी किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं करेगा। बैठक के बाद मातहतों के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बाबा गोविन्द साहब की समाधि पर मत्था टेका। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी धनश्याम मीना, अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार ,एसडीएम आलापुर वीरेंद्र श्रीवास्तव, गोविंद साहब न्यास परिषद के अध्यक्ष बाबा भगेलू दास, बाबा प्रेमदास, मेला समिति अध्यक्ष भौमेन्द्र सिंह पप्पू खजला व्यवसायी सुभाष चंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


गोविंद साहब मेले की तैयारी बैठक करते जिलाधिकारी पायनियर

# प्लेटफार्म पर सुविधायुक्त कैंटीन का सांसद ने किया उद्घाटन

**अयोध्या।** फैजाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आधुनिक सुविधायुक्त कैण्टीन का उद्घाटन सांसद लल्लू सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक पीके उपाध्याय भी मौजूद थे। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पयर्टन के विकास के साथ रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को केन्द्र प्रदेश सरकार की योजनाओं से जनपद में सम्बल मिला है। अयोध्या के विकास के साथ यहां के निवासी समृद्धशाली होंगे। कई क्षेत्रों में व्यापार की नई सम्भावनाएं पैदा होगी। योजनाओं के माध्यम से लघु तथा मध्यम उद्योगो को सरकार ने और गतिशील कर दिया है। कोरोना काल में भी सरकार की योजनाओं ने लोगो के लिए अवसर पैदा किया है। लोकल फार वोकल का नारा एक नयी गाथा लिखने को तैयार है।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अखण्ड भारत** के निर्माता शिखर पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुन्यतिथि के अवसर पर भाजपा नेताओं ने पटेल तिराहा पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पून्य तिथि के अवसर पर चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अथक प्रयास कर देश को एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना के साथ अखण्ड रखने में सफ्लता प्राप्त किया था।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल के ही अथक पराक्रम से देश अखण्ड भारत रह सका है।तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार भारत को आजादी के बाद टुकड़ों में बांट देने का कुचक्र रच रही थी जिसका पुरजोर विरोध सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया था।जिसके कारण आज भारत अखण्ड है।

सरदार पटेल के प्रतिमा और भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,भाजपा नेता चेयर मैन प्रतिनिधि मनोज गुप्त गुड्डू,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दीपक तिवारी,इंद्रेश निषाद, आईटी सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक मनीष मिश्र,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष डाक्टर आनन्द बहल,आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य,सभासद अतुल वर्मा,युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण तिवारी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष जवाहिर लाल मौर्य,ज्ञान कुमार मोदनवाल, सुधांशू त्रिपाठी, राजन, संध्या श्रीवास्तव, अशोक कनौजिया, मनीष वर्मा,अमित प्रजापति, विजय वर्मा शामिल रहे।

# प्रधानों और प्रतिनिधियों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**अल्पकालीन** निविदा को मंजूरी देने की मांग को लेकर जिले में परफार्मेंस ग्रांट पाने वाली 34 ग्राम पंचायतों के प्रधान/प्रधान प्रतिनिधियों ने विकास भवन पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। प्रधानों का कहना है कि जिला प्रशासन न्यूनतम 14 दिन का टेंडर करने का आदेश दे रहा है जबकि कार्यकाल ही 11 दिन का बचा है। ऐसे में प्रशासक ही काम कराएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पकालीन निविदा की उनकी मांग नहीं मानी जाएगी तो वे सामूहिक इस्तीफा प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेज देंगे। मौके पर पहुंचकर एडीएम सिटी आरके श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने प्रधानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। समाचार लिखे जाने तक प्रधान धरने पर बैठे थे।

बतातें चलें कि जिले में स्वयं आय अर्जित करने वाली ग्राम पंचायतों को परफार्मेंस ग्रांट के रूप में तीन करोड़ रुपये से लेकर 25 करोड़ रुपये तक की धनराशि मिली है। प्रथम किस्त के रूप में 50-50 लाख रुपये खाते में पहुंच गए हैं। लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। जिला समिति ने पहले जैम पोर्टल से खरीदारी व ई टेंडर की व्यवस्था बनायी थी लेकिन प्रधानों की मांग के बाद अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी शासनादेश में ग्राम पंचायतों की स्वायत्ता का हवाला देते हुए उन्हीं को टेंडर करने का अधिकार देने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के बाद जैम पोर्टल एवं ई टेंडर की बाध्यता तो समाप्त कर दी गई लेकिन टेंडर की समय अवधि न्यूनतम 14 दिन रखी गई है। प्रधानों की मांग है कि तीन दिन से सात दिन तक की अल्पकालीन निविदा की छूट दी जाए। प्रधानों का कहना है कि उनकी ओर से किए गए कार्यों के कारण परफार्मेंस ग्रांट के रूप में बजट मिला है। छह महीने से पैसा खाते में पड़ा है लेकिन प्रक्रिया इतनी लंबी कर दी गई कि अब कार्यकाल ही समाप्त होने वाला है। प्रशासन की ओर से ऐसी व्यवस्था बनायी गई है, जिसमें 25 दिसंबर को कार्यकाल समाप्त होने के बाद आने वाले प्रशासक ही टेंडर खुलवाएंगे और वहीं काम कराएंगे।

## 14 दिन से कम समय में नहीं हो सकता टेंडरः डीएम

**जिलाधिकारी** के. विजयेंद्र पाण्डियन ने कहा कि सभी गांवों के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो चुके हैं। जिला स्तर से कोई भी मामला लंबित नहीं है। 34 गांवों में प्रथम किस्त के रूप में 50-50 लाख रुपये भेजे जा चुके हैं। सहूलियत देते हुए नियमानुसार 14 दिनों की टेंडर प्रक्रिया की मंजूरी दी गई है। प्रधानों को समझाया गया है कि वे घर जाएं। गांव में विकास कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ होगा। 14 दिन से कम समय में निविदा केवल आपदा के दौरान ही होती है। अगला चुनाव होने तक काम हो भी जाएगा।

# प्रधानाध्यापक समेत ग्यारह का कटेगा वेतन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिला** बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर जिला समन्वयकों ने जनपद के आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गैरहाजिर मिलने वाले ग्यारह प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों व शिक्षामित्रों के विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने वालों में तीन प्रधानाध्यापक, सात सहायक अध्यापक व एक शिक्षामित्र शामिल रहे। बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर जिला समन्वयक बालिका शिक्षा डा.ज्ञान प्रकाश राय व जिला समन्वयक निर्माण रमेश चंद ने कैंपियरगंज व सहजनवां विकास खंड के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कैंपियरगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा द्वितीय का निरीक्षण करने पहुंचे जिला समन्वयक बालिका शिक्षा को प्रधानाध्यापक उमेश चंद्र शुक्ल, सहायक अध्यापक साधना, राजेश कुमार सुमन व शशि प्रकाश मिश्रा अनुपस्थित मिले।

# श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद संतों से मिले राधा मोहन सिंह

**अयोध्या।** केंद्र सरकार द्वारा नए कृषि कानून को पास कराने के बाद पूरे देश में हो रहे किसान विरोधी आंदोलन को देखते हुए। भाजपा पूरे देश में अपने पदाधिकारियों सांसदों विधायकों और मंत्रियों को किसानों के बीच भेज कर उन को समझाने का प्रयास कर रही है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह अयोध्या पहुंचकर जहां किसानों को समझाने प्रयास कर रहे है वही मंगलवार की सुबह.सुबह भगवान श्री राम के अनन्य भक्त और अयोध्या के राजा हनुमान जी के दरबार में पहुंच कर माथा टेका और कनक भवन श्री राम जन्म भूमि पहुंचकर रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाई उसके उपरांत साधु संतों से मुलाकात कर अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। राधा मोहन सिंह भोर में लगभग 7 बजे पहुंच कर हनुमान जी का दर्शन पूजन किया कनक भवन और रामलला के दरबार में भी पहुंचकर हाजिरी लगाई और आरती पूजन करने के बाद वह सीधे मां सरयू के तट पर पहुंचे और सरयू मैया का दर्शन.पूजन कर भव्य आरती उतारी। पूजन अर्चन के उपरांत रामपैड़ीए भजन स्थलए पुराना बस स्टापए रेलवे स्टेशन व बाईपास स्थित निर्माणाधीन बस स्टाप पर चल रहे विकास कार्यों को देखा। उसके बाद जनप्रतिनिधियों से विकास के सम्बंध में जानकारियां ली। ताकि किस तरीके से अयोध्यानगरी का और अधिक विकास हो सकता है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह स्वर्गद्वार स्थित मोतिहारी मंदिर भी गए। वहां महंत रामप्रवेश दास की अगुवाई में संतों ने रामनामी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मंहत राम लोचन शरण भी उपस्थित रहे। अपने स्वागत से वह बहुत ही अभिभूत दिखे। उनके चेहरे पर भगवान राम और अयोध्यानगरी के प्रति आस्था साफ तौर पर झलक रही थी। राममंदिर पर सुप्रीम फैसले के बाद यह उनका पहला अयोध्या आगमन था।

# किसान आंदोलन

## अब भूख हड़ताल

वर्तमान समय में जारी किसान आंदोलन किसी अन्य आंदोलन से अलग तथा अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ है। किसान कृषि क्षेत्र में उदारीकरण तथा अपना मुनाफा बढ़ाने के बारे में उठाए जाने वाले कदमों के प्रति अहंकारी जिद दिखा रहे हैं। लेकिन उनको डर है कि नए कृषि कानूनों का लाभ उन तक नहीं पहुंचेगा और बड़े निगमों के सामने उनकी लेनदेन की शक्ति कमजोर हो जाएगी। सरकार जल्दी में कानून लाने के कारण इस पर सहमति बनाने तथा अपनी नीतियां स्वीकृत कराने में विफल रही है जिससे किसानों का गुस्सा भड़का है। हालांकि, वह कानूनों की हर धारा पर चर्चा के लिए तैयार है, पर अब किसानों का आंदोलन देश भर में फैल गया है। आंदोलन अब प्रदर्शनों, धरनों, सड़कें जाम करने से भूख हड़ताल के दौर में आ गया है। अब सरकार की ओर से कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वार्ताकारों की भूमिका में आ गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा है कि नवीनतम सुधार 'किसान भाइयों' के सर्वोत्तम हितों में किए गए हैं और कृषि एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जिसने महामारी-पीड़ित अर्थव्यवस्था की गिरावट रोकने और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है। हालांकि, अब तक सरकार के सुलह प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकला है क्योंकि किसान अब भी कृषि कानून वापस लेने की मांग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का तर्क है कि आदोलन में मुख्यत: पंजाब और हरियाणा के किसान शामिल हैं जिनको हरित क्रांति तथा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर गेंहू व चावल खरीदने का लाभ मिला है। गेंहू और चावल की खेती पर ज्यादा जोर देने से जल संसाधनों पर बोझ बढ़ा है तथा फसलों



की विविधता नष्ट हुई है। किसानों का तर्क है कि एमएसपी मिलने पर वे अन्य फसलें उगा सकते हैं और केवल नए कृषि कानून ही यह असंतुलन नहीं दूर कर सकेंगे। बढ़ती लागत के कारण सरकार को मूल्य गारंटी देने की आवश्यकता है क्योंकि एमएसपी अब लाभदायक नहीं रह गई है। ऐसे में किसानों को आशंका है कि खुले बाजार में उनका मुनाफा घट जाएगा। किसान सरकार का यह दावा स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि सरकारी मंडियां पहले की तरह बनी रहेंगी क्योंकि खुले बाजार का अर्थ भविष्य में इस व्यवस्था की कमजोरी होगा। सरकार दावा कर रही है कि उसके कदम छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण के लिए हैं और नए कृषि कानूनों से उनकी हालत सुधरेगी, लेकिन इसके बावजूद बड़ी खाद्य कंपनियों से व्यवहार करने के लिए उनको किसी प्रकार के बिचौलियों की जरूरत होगी। उनमें से अधिकांश इतने शिक्षित नहीं हैं कि अपने अधिकारों का समुचित उपयोग कर सकें जिससे विवाद निवारण व्यवस्था उनके खिलाफ जा सकती है। किसान सशक्तीकरण व संरक्षण पर मूल्य आश्वासन व कृषि सेवायें कानून, 2020 ठेका खेती नियमों व राज्य एपीएमसी कानूनों में एकरूपता स्थापित करना चाहता है। इससे किसान परस्पर आधारित सहमति पर कार्पोरेट उद्यम से अनुबंध कर सकता है। लेकिन समस्या यह है कि मूल्य निर्धारण की यह व्यवस्था सुनिश्चित नहीं है और किसानों को भय है कि निगम अपनी शक्ति का प्रयोग कर उनको अपनी शर्तें स्वीकारने को मजबूर करेंगे। आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 का उद्देश्य अनाजों, दालों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर करना है जिससे गरीबों की खाद्य सुरक्षा पर बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। इसके साथ ही अधिकांश किसानों के पास फसलें काटने के बाद उनका भंडारण करने व प्रसंस्करण के लिए पैसा नहीं होता है। उनको चाहे-अनचाहे खाद्य निगमों पर निर्भर होना पड़ेगा। अब कृषि उत्पादों में व्यापार के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी और पैन कार्ड रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसानों से सीधे खरीद कर सकेगा। किसान चाहते हैं कि उनका भी पंजीकरण हो क्योंकि अब तक वर्तमान कमीशन एजेंटों का लाइसेंस उनकी विश्वसनीयता व क्षमता का प्रमाण रहा है। विपक्ष किसान आंदोलन से राजनीतिक लाभ उठाना चाहता है।

# सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर दबाव

**सीपीएसई से वार्षिक आम बैठक-एजीएम समाप्त होने के फौरन बाद पिछले वित्त वर्ष का अंतिम डिविडेंट देने को कहा गया है। यह ऐसे मामलों में लागू होगा जहां पिछले वित्त वर्ष में अंतरिम डिविडेंट का भुगतान नहीं हुआ है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



**सरकार** को सभी बकाएदारों से पैसे वसूल करने चाहिए, लेकिन वह राजकोषीय घाटा पूरा करने के लिए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसई पर दबाव डाल रही है। निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग-डाइपैम ने एक सर्कुलर जारी कर केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसई से हर तिमाही या छमाही डिविडेंट अदा करने को कहा है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि डिविडेंट तुलनात्मक रूप से अधिक या कम है। जो निर्धारित 'न्यूनतम' का भुगतान न कर सकें, उनको भी अंतरिम डिविडेंट का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही प्रस्तावित वार्षिक डिविडेंट के कम से कम 90 प्रतिशत का भुगतान अंतरिम के रूप में करना होगा। नौकरशाह इसे नकदी प्रवाह तथा निवेशकों का उत्साह बढ़ाने के लिए आवश्यक बता रहे हैं, पर सरकार राजकोषीय समस्याओं से निपटने के लिए सीपीएसई पर दबाव डाल रही है।

हालांकि, इसके बेहतर तरीके हैं। उदाहरण के लिए प्रत्यक्ष व परोक्ष कर संग्रह में कमियां दूर की जा सकती हैं। केन्द्र को राजकोषीय घाटा दूर करने के लिए सीपीएसई पर दबाव डालने के बजाय सभी बकाएदारों से पैसा वसूल करना चाहिए। सीपीएसई से वार्षिक आम बैठक-एजीएम समाप्त होने के फौरन बाद पिछले वित्त वर्ष का अंतिम डिविडेंट देने को कहा गया है। यह ऐसे मामलों में लागू होगा जहां पिछले वित्त वर्ष में अंतरिम डिविडेंट का भुगतान नहीं हुआ है। शेयर धारक को कंपनी द्वारा साल में मुनाफा कमाने की स्थिति में शेयर पूंजी पर डिविडेंट पाने का अधिकार होता है। मुनाफे का अर्थ प्राप्त राजस्व में से खर्च निकाल कर बची धनराशि होता है। हालांकि, यह टैक्स-पूर्व लाभ होता है, पर इसका प्रयोग आमतौर से संसाधन तैयार करने के लिए होता है। आरक्षित धनराशि अलग करने के बाद बची धनराशि अतिरिक्त नकदी होती है जिसका प्रयोग डिविडेंट अदा करने के लिए होता है। इसकी गणना जटिल प्रक्रिया है जो कंपनी प्रबंधन करता है। लेकिन दुर्भाग्य से सीपीएसई के मामले में बहुमत स्वामित्व व नियंत्रण का लाभ उठाते हुए सरकार ऊपर से नीचे की प्रक्रिया पर चलते हुए समय-समय पर निर्देश जारी करती रहती है। सामान्य सिद्धान्त के रूप में डाइपैम द्वारा जारी निर्देशों में सीपीएसई को पैट का न्यूनतम 30 प्रतिशत वार्षिक डिविडेंट या शुद्ध कीमत का पांच प्रतिशत अदा करना होता है। इस व्यवस्था में गंभीर कमियां हैं। अपनी वित्तीय स्थिति को देखते हुए उद्यम को सरकारी आदेश पर डिविडेंट देने में कठिनाई हो सकती है। इससे उसकी बिजनेस योजना प्रभावित हो सकती है। अब डाइपैम ने 'अंतरिम डिविडेंट' पर निर्देश जारी किए हैं। यह कंपनी की वार्षिक आम बैठक-एजीएम तथा अंतिम वित्तीय लेखा जारी होने के पहले भुगतान किया जाने वाला डिविडेंट है। इसकी घोषणा आमतौर से कंपनी के अंतरिम वित्तीय कथन जारी करने के साथ ही कर दी जाती है। सवाल है कि अंतरिम डिविडेंट की क्या जरूरत है? किसी वित्त वर्ष में कथन तैयार करने में विलंब तथा एजीएम की स्वीकृति व आडिट समय पर न होने की स्थिति में यह प्राविधान लागू होगा। अंतरिम डिविडेंट घोषित करने का विचार आमतौर से कुछ नकदी बचा कर रखना होता है। यह व्यवहार अंतरिम डिविडेंट घोषित करने के समय काफी तार्किक सिद्ध होता है जब वित्त वर्ष लगभग समाप्त हो गया हो तथा प्रबंधन के पास कंपनी के घाटे या मुनाफे के बारे में कोई निश्चित आंकलन न हो। लेकिन इसे ज्यादा महत्वपूर्ण बता कर सीपीएसई को हर तिमाही या छमाही 'अंतरिम डिविडेंट' भुगतान करने के लिए कहना चिन्ताजनक है। किसी कपंनी का प्रदर्शन साल भर एक जैसा नहीं रहता है। यदि उनसे पहली तिमाही में एक स्तर पर मुनाफा कमाया तो उसे बाकी तिमाहियों में बनाए रखना जरूरी नहीं होता है, हालांकि यह प्रवृत्ति बनी भी रह सकती है। मुनाफा घटने के साथ ही बाकी तिमाहियों में घाटा भी हो सकता है।

ऐसे परिदृश्य में यदि पहली तिमाही में अंतरिम डिविडेंट का भुगतान कर दिया जाए तो उद्यम के लिए वित्तीय संकट पैदा हो सकता है क्योंकि पूरे साल की वित्तीय स्थिति सामने आने के बाद किया गया भुगतान वापस नहीं लिया जा सकता है। इसके साथ ही कुछ कंपनियां निर्धारित 'न्यूनतम' डिविडेंट भुगतान करने की स्थिति में नहीं होती हैं। उनको वित्त वर्ष की पहली छमाही में अंतरिम डिविडेंट भुगतान करने या अनुमानित वार्षिक डिविडेंट के कम से कम 90 प्रतिशत भुगतान का एक या अधिक किश्तों मे भुगतान का निर्देश तार्किक नहीं कहा जा सकता है। अपनी प्रकृति से अंतरिम डिविडेंट नियमित डिविडेंट का छोटा हिस्सा होता है। लेकिन यदि अंतरिम के रूप में 90 प्रतिशत का भुगतान किया जाए तो यह अवधारणा के ही विपरीत है। नौकरशाहों ने यह कह कर व्यवस्था को उचित ठहराया है कि नकदी की उपलब्धता से सप्लायरों को भुगतान के साथ ही अग्रिम कर भी अदा किया जा सकता है। वे इसे निवेशकों में उत्साह पैदा करने का तरीका भी बताते हैं, लेकिन यह तर्क उचित नहीं लगता है। सप्लायरों को भुगतान एक वाणिज्यिक मामला है और इस बारे में निर्णय कंपनी प्रबंधन को करना चाहिए। जहां तक निवेशकों की भावना का वाल है, वे उद्यम की आधारभूत स्थितियों पर तथा स्थाई आधार पर निर्णय लेते हैं जिसमें डिविडेंट का नियमित भुगतान ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। इस प्रकार निर्देश का असली कारण कुछ और है। केन्द्र सरकार को अपने गैर-कर राजस्व का बड़ा हिस्सा सीपीएसई से डिविडेंट के रूप में प्राप्त होता है। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई का अतिरिक्त हस्तांतरण तथा टेलीकाम स्पेक्टंम प्राप्तियां दूसरा बड़ा आयाम हैं। हालिया वर्षों में इन प्राप्तियों में कमी आई है जिसका कारण विनिवेश से अनेक मुनाफा कमाने वाले उद्यमों में शेयरों का घटना है। वर्तमान वित्त वर्ष में स्थिति खराब हुई है। लगभग 66,000 करोड़ की अनुमानित प्राप्तियों के बजाय सरकार को केवल 10,000 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके साथ ही कर राजस्व में भारी कमी आई है जो अप्रैल-सितंबर के दौरान केवल 4,60,000 करोड़ था। यह पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत कम है। इसके साथ ही कोविड-19 के कारण सरकारी खर्च बढ़ा है। ऐसे में सरकार अतार्किक मांग कर रही है। यह निर्देश ऐसे समय आया है जब महामारी के कारण सीपीएसई के मुनाफे में भारी कमी आई है। यदि उनकी स्थिति डिविडेंट भुगतान योग्य नहीं है तो उनसे भुगतान की उम्मीद कैसे की जा सकती है? यह स्थिति इसलिए विरोधाभासी लगती है कि सरकार सीपीएसई से बड़े पैमाने पर खर्च का अनुरोध कर रही है ताकि वर्तमान वित्त वर्ष में निजी क्षेत्र द्वारा व सरकारी निवेश में कमी की पूर्ति हो सके। ऐसे में उनसे बड़ी परियोजनाओं पर खर्च की उम्मीद कैसे की जा सकती है, जब उनको सरकार का खजाना भी भरना होगा? कठिन वित्तीय संकट से बाहर निकलने के लिए सरकार सार्वजनिक उद्यमों से उनका संग्रहीत भंडार खर्च करने तथा कर्ज लेने की उम्मीद कर रही है। इस प्रकार वे पूंजीगत खर्च बढ़ा सकेंगे,लेकिन इससे उद्यमों पर बोझ बहुत बढ़ जाएगा। निश्चित रूप से यह वित्तीय निवेश का टिकाऊ तरीका नहीं है। सरकार सीपीएसई से पैसा लेने तथा उनको स्वस्थ बनाए रखने व पूंजी बनाने में योगदान की उम्मीद एकसाथ नहीं कर सकती है। बढ़ते खर्च पर रोक लगाने तथा राजकोषीय घाटे को एक सीमा में रखने के लिए सरकार को संसाधन जुटाने होंगे, लेकिन इसके बेहतर तरीके हैं।

2019-20 में कोरोनावायरस का प्रभाव पड़ने के पहले संशोधित अनुमानों के अनुसार कर संग्रह में लगभग 2,00,000 करोड़ की कमी थी। वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी 1 जुलाई, 2017 को लागू होने के बाद से इन्पुट टैक्स क्रेडिट के नाम पर लगभग एक लाख करोड़ के फर्जी दावे किए गए थे। 2020-21 बजट के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना प्रत्यक्ष कर संग्रह में लागू की गई है। ऐसे में विवादित 10,00,000 करोड़ की मांग में से केवल 70,000 करोड़ प्राप्ति की उम्मीद की जा सकती है। अत: संदेश स्पष्ट है कि सरकार को सभी बकायेदारों से वसूली करनी चाहिए तथा राजकोषीय घाटा पूरा करने के लिए सीपीएसई पर दबाव नहीं डालना चाहिए। इससे न अर्थव्यवस्था दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ बनेगी और न यह सीपीएसई के लिए टिकाऊ रणनीति है।

# स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था का भविष्य

"महामारी के कारण भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में 4.5 प्रतिशत कमी आएगी। कामगारों का खराब स्वास्थ्य तथा उत्पादक क्षमता में कमी से स्थिति और खराब होगी।"

**विक्रम थपलू**
(लेखक, अपोलो टेलीहेल्थ के सीईओ हैं।)



**भविष्य** में कर्मचारियों के लिए टेलीहेल्थ लाभ फर्म की योजना तथा कर्मचारियों के कल्याण का अभिन्न अंग बनेंगे। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने स्वास्थ्यरक्षा को हर संगठन के एजेंडे में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। दुनिया भर में बिजनेसों ने टेलीकम्यूटिंग को स्वीकार करते हुए काम का परिवेश बदला है तथा वैश्विक स्वास्थ्य आपातस्थिति के प्रभावों से निपटने की तैयारी की है। हालांकि, जनसंख्या के स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था के बीच हमेशा संबंध रहा है, पर कोविड युग के पहले यह इतना स्पष्ट नहीं हुआ था। दुनिया भर की सरकारों ने जनता के स्वास्थ्य में निवेश को न केवल नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को संकट से बचाने के लिए महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार महामारी के कारण भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में 4.5 प्रतिशत कमी आएगी। कामगारों का खराब स्वास्थ्य तथा उत्पादक क्षमता में कमी से स्थिति और खराब होगी। ऐसे में हमें रोग निवारण देखभाल पर ध्यान देना होगा। काम के सुरक्षित माहौल, दवाइयों तक बेहतर पहुंच, रोग निवारक देखभाल तथा कामगारों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से काफी आर्थिक लाभ होंगे। इसके साथ ही सिद्ध चिकित्सकीय हस्तक्षेप से बीमारियों का समय पर इलाज करना होगा। लेकिन रोग-निवारक देखभाल लागू करना आसान नहीं है। इसके लिए वर्तमान स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में स्वास्थ्य संवर्धन के लिए प्रोत्साहन देना होगा तथा इसके लिए बेहतर स्वास्थ्य नीति तैयार करनी होगी। महामारी ने गैर-संक्रामक बीमारियों-एनसीडी से निपटने की आवश्यकता भी उजागर की है जिनका भारत पर काफी बोझ है। एनसीडी देश में 61 प्रतिशत मौतों की जिम्मेदार हैं। हमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप,



मोटापे, हृदय व फेफड़ों की देखभाल तथा आधात व कैंसर की जांच तथा इनसे निपटने के लिए जागरूकता अभियान की जरूरत है। रोग-निवारक देखभाल में परिवर्तन से खर्च घटेगा तथा स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था की उत्पादकता बढ़ेगी। महामारी ने दिखा दिया है कि स्वास्थ्यरक्षा सेवा व्यवस्था का पुन: मूल्यांकन संभव है। कोविड-19 वार्डों में रोगियों की देखभाल के लिए उपयुक्त श्रमशक्ति की तैनाती ने टेलीकंसल्टेशन को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। जनता ने भी दिखाया है कि व्यवहार में परिवर्तन संभव है तथा बहुत से लोग मास्क पहनने, हाथ धोने व वायरस संक्रमण रोकने के लिए ज्यादा संपर्क पर विराम लगाने के लिए तैयार हैं। महामारी ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों के बीच खोज व सहयोग को बढ़ावा दिया है। यही स्थिति बनी रहने पर हम प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने में सफल हो सकते हैं। इस वर्ष सितंबर तक वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिकों ने 50,000 जीनोम तथा विकास के विभिन्न स्तरों पर लगभग 200 वैक्सीनों का साझा किया। कंपनियां इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं तथा विशाल दवा कंपनियां, स्वास्थ्यरक्षा प्रदाता व चिकित्सा तकनीक उद्योग इसमें शामिल हैं। उनको स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए भी खोज करनी चाहिए। उनको जनसंख्या के समग्र स्वास्थ्य व समृद्धि सुधारने के मामले में भी प्रभावी सहयोग सुनिश्चित करना चाहिए। स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था के बाहर वाली कंपनियों को भी अपने संगठनात्मक ढांचों में परिवर्तन कर भविष्य के लिए आपरेशन माडल बनाने चाहिए। कर्मचारियों के स्वास्थ्य में निवेश बहुत जरूरी हो गया है। वर्तमान कार्पोरेट दुनिया में पेशेवर जोखिम का संबंध मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, नींद संबंधी समस्याओं व भौतिक गतिविधियों से है। महामारी के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव भी आर्थिक अनिश्चितता का कारण है। जीर्ण रोग जैसे माइग्रेन, पीठ में दर्द तथा बेचैनी व अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां कामगारों की उत्पादकता प्रभावित कर उनकी जीवन की गुणवत्ता बदल सकती हैं।कंपनियों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पर ध्यान देते हुए ज्यादा लचीले कार्यदिवसों की व्यवस्था करनी चाहिए। पहले कदम के रूप में कामगारों को टेलीहेल्थ व वर्चुअल कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वर्तमान अनिश्चितता व बेचैनी से भरे समय में काउंसिलरों की आवश्यकता है। आवागमन पर नियंत्रण से न केवल इलाज कठिन हुआ है, बल्कि बेचैनी के लक्षण भी बहुत बढ़े हैं। टेलीहेल्थ इस समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है। इससे लोगों को संकट से निपटने तथा अपना व्यवहार बदलने में सहायता मिलेगी।टेलीहेल्थ के लाभ देखते हुए संगठनों को एकसाथ आना चाहिए ताकि कर्मचारियों को सुविधाजनक रूप से लाभ दिला कर उनकी स्वास्थ्यरक्षा के प्रति पहुंच बढ़ाई जाए। भविष्यमें टेलीहेल्थ लाभ कर्मचारियों को देना फर्मों की योजना का महत्वपूर्ण अंग बनेगा।

## आप की बात

### मिट्टी के बर्तनों को भी अपनाएं

**प्राचीन** काल से ही मिट्टी के बर्तनों का उपयोग होता था। लगभग 250 वर्षो से धातुओं से बने बर्तनों का चलन हुआ। मिट्टी के बने बर्तन में खाना बनाने से पौष्टिकता, स्वाद के परिणाम बेहतर प्राप्त है और पीने के तरल पदार्थ मन को संतुष्टि देते है। उदाहरण के तौर चूल्हे पर मिट्टी की खापरी में रोटी व मिटटी की हांड़ी में सब्जी बनाने से स्वाद दुगना हो जाता है। मिट्टी के पात्र में दही ज़माने से दही बेहतर जमता है। मिटटी के पात्र में भरा जल शीतल और गले को तर करने वाला होता है। प्यास कम ही लगती है। कई जगह पर चाय के कुल्लड में चाय दी जाती है। मिट्टी की सौंधी खुशबू का स्वाद लगता है। मिट्टी के बर्तन में खाना बनने में समय अवश्य लगता है किंतु पोषक तत्व बरक़रार रहते है और स्वाद का अलग ही आनंद होता है। हसे में एक बार ही सही मगर उपयोग करना चाहिए। ये बातें तो सब जानते है किन्तु उपयोग की और ध्यान कम ही है। आधुनिकता में मिट्टी से बने पात्रों का उपयोग हर घरों में कम होने लगा। स्वस्थ रहने हेतु मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करना चाहिए। मिट्टी से बनाने वाले कारीगर की कला बनी रहकर उनके रोजगार का पक्ष भी मजबूत होगा।मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने की सोच विकसित करें एवं स्वाद ,पौष्टिकता का भी आनंद लेवे।

**संजय वर्मा, धार, मप्र**

### विपक्षी दलों की ओछी राजनीति

**इस** समय कृषि कानूनों का विरोध कर रहे विपक्षियों से मेरा सीधा प्रश्न है कि संसद में इन बिलों पर 12 घंटे की बहस हुई तथा राज्यसभा में विपक्ष का बहुमत है, तब इन विधेयकों को उसने पारित क्यों होने दिया? अब अपनी राजनीति चमकाने के लिए किसानों के कंधे पर रखकर बन्दूक चला रहे है। स्वयं भीड़ इकठ्ठा करने की ताकत है नहीं तो किसानो की भीड़ का उपयोग सरकार पर तीर चलाने हेतु किया जा रहा है। खुद को किसान बताकर हुजूम में शामिल होने के लिए टोपी, बैज, झंडा और फर्जी किसान परिचय पत्रों का प्रयोग ये दल कर रहे है। जहां कहीं किसानो को इस बात की भनक मिली, वहां उन्होंने रणदीप सिंह सुरजेवाला, चंद्रशेखर आजाद तथा आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपने बीच से खदेड़ दिया। कांग्रेस की सरकारें अपने प्रदेशों में इन कानूनों को नोटिफाई कर चुकी, फिर विरोध का नाटक किसलिए? यदि वास्तविक विरोध करना था तो नोटिफाई न करती। विपक्षियों का ये दोहरापन कृषकों को समझ आ गया है। विपक्षियों की यह आशंका निर्मूल है कि कॉर्पोरेट घराने इन की आड़ लेकर कृषि भूमि पर कब्ज़ा कर लेंगे। ये कानून इस प्रकार के भू-स्थानांतरण पर पाबन्दी लगाये हुए है।

**पूनम मित्तल, मेरठ**

### टीके के बाद भी मास्क जरूरी

**लंबे** इंतजार का सबब बनी वैक्सीनअब जल्द देश में लोगों को उपलब्ध हो जाएगी जिससे संक्रमण तो थमेगा ही अकाल मौतों के भय से भी लोग बचेंगे। फिर भी दो-तीन साल मास्क के बगैर मानव जीवन सुरक्षित नहीं रहेगा ऐसे में सावधानी की जरूरत है। लोग संयम का परिचय दें। कोरोना से पहले भी देश में कई बीमारियों के संक्रमण हुए हैं। टीबी, कैंसर, एड्स जैसी जानलेवा बीमारियां वर्षों के बाद भी खत्म नहीं हो पाई है। लोग इनसे परहेज करके ही खुद को सुरक्षित रख रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थिति कोविड-19 की भी होना है। वैक्सीन आते ही कोरोना खत्म हो जाएगा ऐसा सोचना गलत फहमी होगी। आम आदमी तक वैक्सीन पहुंचते-पहुंचते 2021 का साल बीत जाएगा। वैक्सीन से सुरक्षा जरूर मुहाल हो जाएगी मगर फिर भी मास्क का सहारा तो लोगों को लंबे समय तक लेना ही होगा तभी संक्रमण थमेगा। लोगों में मास्क के प्रति जागरूकता जरूरी है जो इन दिनों लापरवाह बने हुए हैं।

**अमृतलाल मारू, धार, मप्र.**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**जदएस** कर्नाटक विधानसभा में पारित गो-वध निषेध विधेयक का पूरी तरह से विरोध करती है। इस विधेयक से समाज में अशांति फैलेगी और लोगों का विकास बाधित होगा।"

**एचडी देवगौड़ा**
**जदएस प्रमुख**



**पश्चिम** बंगाल में शरणार्थियों की कॉलोनियों को मान्यता दी गई है, एनआरसी, एनपीआर या सीएए से डरने की जरूरत नहीं

**ममता बनर्जी**
**पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री**



**अमेरिका** के लोकतंत्र की परीक्षा ली गई और उसे खतरा पैदा किया गया, लेकिन देश का लोकतंत्र सच्चा और मजबूत साबित हुआ। अमेरिका की आत्मा के लिए हुई लड़ाई में लोकतंत्र की जीत हुई है।"

**जो बाइडन**
**निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति**

# केशव ने किसानों से किया संवाद

## ● किसानों के लिए खुले हैं सरकार के दरवाजे




**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**नए कृषि** कानून को लेकर विपक्ष हमलों के बीच मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिंडरा में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पीएम के संसदीय क्षेत्र में किसानों से सवांद किया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि किसानों को बरगलाया जा रहा है। किसानों को भ्रम में फंसाकर इसपर राजनीतिक खेल खेला जा रहा है। मंगलवार दोपहर वाराणसी पहुंचने पर केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया। मीडिया से मुखातिब होने हुए उपमुख्यमंत्री ने किसान आंदोलन के मुद्दे पर कहा कि देश भर के किसान कृषि कानून का समर्थन कर रहे हैं। अगर किसानों को इस कानून से कोई भी आपत्ति है तो इसके लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। उन्होंने किसानों के नाम पर किए जा रहे प्रदर्शन गैरवाजिब करार देते हुए बताया कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं वे किसानों का भला नहीं चाहते। उप मुख्यमंत्री ने पूछा कि उन्हें कृषि कानून के किस भाग से क्या आपत्ति है। अगर उसमें कोई दिक्कत है तो उसका समाधान किया जायेगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विरोधी दल किसानों के कंधे का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसानों के कंधे के सहारे विपक्ष सरकार पर प्रहार करने का रास्ता खोज रहे हैं। जनता से नकारा गया विपक्ष लोगों में भ्रम फैला रहा है। किसी दल का नाम लिए बगैर केशव प्रसाद मैय ने कहा कि कृषि बिल का विरोा करने वाले जन्मजात किसानों हितों के विरोधी हैं। ये किसानों हितैषी होने का नाटक करते हैं। सत्ता में थे तो इन्हीं बातों का समर्थन करते थे आज जब सरकार ने किसान हितों को ध्यान में रखकर इस बिल लागू किया तो इसका विरोध कर रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा समजवादी पार्टी, समाप्त पार्टी है। इस मौके पर पिंडरा से भाजपा विधायक केशव प्रसाद मौर्य ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बिल किसान भाईयों के लिए लाग गया है। इससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और वे अपनी उपज मनचाहे दाम पर बेंच सकेंगे, लेकिन विपक्ष दल के लोग किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं से किसानों में जाकर नए कृषि बिल का प्रचार प्रसार की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, नागेन्द्र गांधी, सोनू पंडीत, धैयवर्धन सिंह, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# साधना फाउंडेशन के सचिव ने 100वां बार ब्लड डोनर कर सैंचुरियन बना



**वाराणसी।** साधना फाउंडेशन के संस्थापक सचिव सौरभ मौर्या ने मंगलवार को अपना 100वाँ रक्तदान करए भारत के सबसे युवा सेंचुरियन ब्लड डोनर बन गए हैं। वाराणसी के ककरमत्ता स्थित एक हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में आज सौरभ द्वारा 100वाँ रक्तदान किया गयाए जिसके चलते इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड ने सौरभ मौर्य को ष्इंडियन रिकॉर्डष् और 31 वर्ष की आयु में सबसे ज्यादा रक्तदान करने वाले ष्प्रथम भारतीयष् का खिताब दिया। ब्लड बैंक में सौरभ मौर्या के स्वैच्छिक रक्तदान के साथ.साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गयाए जिसमें कुल 15 यूनिट रक्तदान हुए। सौरभ ने मंगलवार को बताया कि उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिवस हैए क्योंकि आज इस उत्सव में रक्तदान पर उनका पूरा परिवार उनके साथ है।सौरभ ने कहा कि वे आज अपने इस 100वें रक्तदान को सर्वप्रथम राष्ट्र एवं अपनी समस्त टीम एवं परिवार को समर्पित कर रहे हैं। इस खास अवसर पर 95 सीआरपीएफ बटालियन के कमांडेंट अफ्सर (पीएमजी) नरेंद्र पाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद हुए।

# प्रो. बीआर मित्तल ने संभाला आईएमएस बीएचयू निदेशक का कार्यभार

**वाराणसी।** चण्डीगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के न्यूक्लीयर मेडिसीन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बीआर मित्तल मंगलवार अपराहन बीएचयू स्थित चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक का पद संभाल लिया है। चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. बीके दास ने प्रो. मित्तल को कार्यभार सौंपा। प्रो. मित्तल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता आईएमएस को एम्स की तर्ज़ पर प्रतिष्ठा एवं ख्याति के नए शिखर पर पंहुचाने की होगी। संस्थान में शिक्षा शोध व अनुसंधान को नई ऊंचाई देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने आईएमएस निदेशक का कार्यभार संभालने पर प्रो. मित्तल को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। रेक्टर प्रो्. वीके शुक्ला ट्रॉमा सेन्टर के आचार्य प्रभारी प्रो. संजीव गुप्ता सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एसके माथुर व अन्य अधिकारियों ने प्रो. मित्तल को बधाई दी है।

# गहमा–गहमी के बीच बनारस बार का चुनाव हुआ सम्पन्न, मतगणना आज



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**देश के** प्राचीनतम बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए मंगलवार की सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हो गया। इस चुनाव में 16 पदों पर 50 प्रत्याशी मैदान में हैं और 4321 अधिवक्ता मतदान करेंगे। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामानंद श्रीवास्तव ने सदस्य अभय यादव, बदरुद्दीन खान, अरविंद राय और संजय वर्मा के साथ बताया कि मतदान के लिए 50 बूथ बनाए गए हैं। 23 टेबल से मतपत्र वितरित किए जा रहे हैं। 60 चुनाव सहायक बनाए गए हैं और चुनाव पर नजर रखने के लिए घनश्याम मिश्र, गुलाब चंद्र चौरसिया व एखलाख अहमद आब्जर्बर बनाए गए हैं।इस बार मतदान बनारस बार एसोसिएशन के भवन में ही हो रहा है। मतदान स्थल के बाहर बैरिकेडिंग की गई है। सिविल कोर्ट परिसर से मतदाताओं का प्रवेश और बनारस बार भवन के पिछले दरवाजे से निकासी की व्यवस्था की गई है। 16 दिसंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक परिणाम आएगा।

# अस्सी घाट पर सुबहे बनारस मंच पर हुई गंगा आरती



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सांस्कृतिक आध्यात्मिक** अनुष्ठान सुबह ए बनारस मंच मंगलवार से एक बार फिर गुलजार हो हुआ। कोविड संकट के उपरांत पुनः सांस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पाणिनि कन्या महाविद्यालय की ऋषि कन्याओ ने वैदिक ऋचाओ के सस्वर पाठ किया तत्पश्चातयज्ञ की आहुति प्रज्ज्वलित हई जिसमे श्रद्धालुओं ने अपनी ओर से समिधा अर्पित की। इस क्रम में शास्त्रीय संगीत पर आधारित प्रभाती की प्रस्तुति भी साकार हुई। जिसमें युवा गायक प्रियांशु घोष ने प्रभात कालीन राग कोमल ऋषभ आसवारी की प्रस्तुति साकार की। गायन का आरंभ विलंबित एकताल में निबद्ध बंदिश से हुआ। बोल थे जाग पड़े मैं तो भोरे। इसके उपरांत मध्य लय एकताल में निबद्ध रचना तृषित हिया शीतल करो सुनाया। गायन का समापन तीन ताल में निबद्ध स्वरचित रचना से हुई। कार्यक्रम के आरम्भ में सुबह ए बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने कोविड से बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अंत मे योग सत्र में लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया। इस अवसर पर प्रमोद मिश्र, डॉ वीरेंद्र सिंह, सुनील शुक्ल, रमेश तिवारी, मंजू मिश्र, पं देवाशीष डे, उदय प्रताप सिंह, कृष्णमोहन, अभय श्रीवास्तव, विनय तिवारी, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने विद्युत उपकेंद्र की स्थापना हेतु किया भूमिपूजन



**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने क्षेत्र के ग्राम रानीपुर ग्रंट में विद्युत उप केंद्र की स्थापना हेतु भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार खासकर किसानों की माली हालत में सुधार के लिए दर्जनों योजनाएं संचालित कर रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम के मौके पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि खासकर थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बांगरमऊ के उप केंद्र से हो रही है। दूरी अधिक होने के चलते क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांव की विद्युत आपूर्ति अक्सर बाधित होती रहती है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को अबाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। इसीलिए अब प्रदेश सरकार ग्राम रानीपुर ग्रंट में विद्युत उप केंद्र स्थापित करने जा रही है। जिसका लाभ सई नदी के तटवर्ती गांवों के अलावा संपूर्ण थाना क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण अंचल के चौमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। भूमि पूजन में अधिशासी अभियंता जयप्रकाश, चेयरमैन गंज मुरादाबाद रामनरेश कुशवाहा व अवर अभियंता नीरज कुमार के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण शामिल हुए।

# शिकायती पत्रों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होः डीएम

## ● समाधान दिवस में सबसे अधिक राजस्व के मामले आए सामने

**संवाददाता।** नवाबगंज उन्नाव

**संपूर्ण समाधान** तहसील दिवस जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी की अध्यक्षता में हसनगंज तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 163 मामले आए जिसमें राजस्व के सबसे ज्यादा 75 मामले, पुलिस के 22, विकास के 11 अन्य 56 मामले आये। जिसमें मौके पर राजस्व के 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। रसूलपुर बकिया के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने शिकायत देकर बताया कि गांव के ही अवधेश, शरीफ व लखनऊ काकोरी थाना के फहद मियां ने गरीबों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर जमीन की बिक्री कर रहा है। नरायन पुर निवासी लाला तिवारी ने गांव के प्रधान राजू यादव पर आरोप लगाया कि ग्राम समाज की जमीन पर टावर लगवाकर 8 लाख रुपये ले लिये। नेवलगंज निवासी राजेंश पुत्र महादेव ने शिकायती पत्र देकर बताया कि न्यायालय के आदेश



के बाद भी गांव के ही सूर्यवंशी रावत ने एक बीघा जमीन पर कब्जा नही छोड़ा जिस पर डीएम एसडीएम को तीन दिन में कमेटी गठित कर कब्जा दिलवाने के आदेश दिया। दिव्यांग न्यामतपुर बरौना के राकेश पुत्र बुद्धा ट्राई साइकिल से सभागार के अंदर प्रार्थना पत्र देकर परिवार के ही बदलू पर जबरन जमीन कब्जा किए जाने की बात कही। जिला अधिकारी रवींद्र कुमार ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायती पत्रों का शतप्रतिशत तीन दिनों के अंदर निस्तारण करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डाक्टर राजेश प्रजापति, पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी, उपजिलाधिकारी अधिकारी प्रदीप वर्मा, हसनगंज क्षेत्राधिकारी राजकुमार शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने निस्तारण के दिए निद्रेश

**सफीपुर उन्नाव।** सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी के समक्ष 33 प्रार्थनापत्र आए जिसमे राजस्व से सम्बंधित दो का मौके पर निस्तारण कर शेष राजस्व के 7, पुलिस 7, समाजकल्याण 6, विकास 3, विद्धुत 4 अन्य 4 कुल 31 सम्बंधित विभागाध्यक्षो को सौंप समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कृपाशंकर, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा मौजूद रहे।

### पंजीकृत शिकायतें साठ, निस्तारण शून्य

**बांगरमऊ।** स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 60 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित कुल 37 पंजीकृत की गई। जबकि पुलिस 8, विद्युत विभाग 7, समाज कल्याण दो, विकास विभाग से संबंधित 3 तथा अन्य संदर्भ की एक शिकायत दर्ज की गई।

# नहीं थम रहा किसान बिल के विरोध में जन प्रदर्शन

**उन्नाव।** किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन रुकने का नाम ही नही ले रहा है। किसानों के समर्थन में जहां विभिन्न किसान संगठन मोर्चा संभाले है। वही राजनैतिक दल भी पीछे नही है। इसी क्रम में सत्ता प्राप्ति का सपना संजोए प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी लगातार सड़को पर प्रदर्शन कर प्रशासन को चुनौती दे रहे है। संसद में पारित कृषि कानूनों को देश का किसान अपने हित में न मानते हुए सरकार से कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर पिछले 19 दिनों से सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहें हैं। किसानों के समर्थन में उतरे सपा मोहान विधानसभा अध्यक्ष योगेश यादव (टिंकू) की अगुवाई में सदस्य जिला पंचायत केतकी रावत व ताराचंद्र रावत सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अपने पैतृक गांव धन्नीखेड़ा से हाइवे की तरफ आ रहे थे। जिसके बाद कार्यकर्ता हाइवे तक पहुंच गए और टोल प्लाजा नवाबगंज का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। सोहरामऊ व अजगैन पुलिस ने आशाखेड़ा में रोकने की कोशिश की तो सभी कार्यकर्ता हाइवे पर बैठ गये, जिससे हाइवे पर जाम लगने लगा। भल्ला फर्म पहुंचने पर अजगैन पुलिस ने रोका तो सपाइयों ने सरकार विरोधी नारे लगाने लगे।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सामाजिक शोध जरूरीः आनंदीबेन पटेल

## ● राज्यपाल ने राजभवन से प्रयागराज में किया कुम्भ अध्ययन केन्द्र का ऑनलाइन उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



ऑनलाइन उद्घाटन करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**राज्यपाल आनंदी** बेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन से गोविन्द वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान तथा उत्तर प्रदेश प्रयागराज मेला प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित कुम्भ अध्ययन केन्द्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया। राज्यपाल ने कहा कि कुम्भ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अभी तक देश में कोई शोध केन्द्र नहीं था। यह केन्द्र कुम्भ मेले से सम्बद्ध शोध अभिलेखीकरण एवं ज्ञान विमर्श पर आधारित होगा। संस्थान की उच्च स्तरीय संकाय एवं उनका शोध अनुभव जनसामान्य को कुम्भ की परम्पराओं और विरासत को समझने की नई दृष्टि देगा। राज्यपाल ने कहा कि कुम्भ अध्ययन केन्द्र भारत और राज्य सरकार के नीति नियोजकों के लिए एक डाटाबेस का कार्य करेगा। जो कुम्भ मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बेहतर संयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र प्रयागराज के कुम्भ क्षेत्र और इसके आसपास के क्षेत्र में स्थित छोटे.छोटे तीर्थों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य भी करेगा। इससे देश और विदेश से आने वाले पर्यटक प्रयागराज के सांस्कृतिक स्वरूप को और बेहतर तरीके से जान सकेंगे। कहा कि अपने को ज्ञान के केन्द्र के रूप में विकसित करें। ताकि कुम्भ अध्ययन केन्द्र सामाजिक एवं अध्यामिकता का केन्द्र बन सके और सभी मिलकर भारत को शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूरी दुनिया में शीर्ष पर ले जा सकें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सामाजिक शोधों की बहुत जरूरत है। कहा कि गंगा यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होने का साथ ही साथ आस्था और तपस्या का अनूठा संगम है। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला पूरी दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है। इसका मूल स्रोत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से जुड़ा है जो पूरे विश्व के लिये प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने कहा कि कुम्भ मेले को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। इस अवसर संस्थान के निदेशक प्रो बद्री नारायण एवं संस्थान के संकायों के सदस्य ऑन लाइन जुड़े हुए थे।

# गंगा को निर्मल बनाने में लोगों में जागरूता और सहभागिता जरूरीः राज्यपाल

## ● राज्यपाल ने अतुल्य गंगा परियोजना का किया शुभारम्भ

**प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से अतुल्य गंगा परियोजना के अन्तर्गत प्रयागराज स्थित संगम तट से 16 दिसम्बर को प्रारम्भ होकर 14 अगस्त 2021 तक चलने वाली 5100 किलोमीटर पैदल परिक्रमा पदयात्रा का आनलाइन शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने कहा कि गंगा देश और हमारी संस्कृति की पहचान और अमूल्य धरोहर है। जीवन दायिनी गंगा भारत की संस्कृति आध्यात्मिक चिन्तन जलवायु और अर्थव्यवस्था सभी पर अपनी अमिट छाप छोड़ती है। गंगा के दोनों तटों पर वृक्षारोपण करती हुई गांवों और शहरों से गुजरने वाली भारत की सबसे लम्बी पदयात्रा से देश में गंगा सहित सभी नदियों के लिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई ऊर्जा का संचार होगा। गंगा पदयात्रा से गंगा संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता और सहभागिता भी बढ़ेगी। कहा कि गंगा एक प्राकृतिक संसाधन के रूप में देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नदियां पर्यावरण और प्राकृतिक जैव विविधिता की संरक्षक हैं। गंगा अपने आसपास के क्षेत्र में मानव समाज ओर अन्य जीवों के साथ हमारों प्रजातियों के जलीय जीव जन्तुओं का भी पोषण करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि देश प्रदेश एवं समाज का विकास हो। मगर विकास ऐसा हो जो प्राकृतिक स्त्रोतों को कम से कम नुकसान पहुंचाए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गंगा की मुंडमाल परिक्रमा के लिए सेना के पूर्व अधिकारियों संरक्षक मण्डल के सदस्यों एवं सहयोगी संगठनों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पर कर्नल मनोज केश्वर लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी सैन्य अभियन्ता गोपाल शर्मा हीरेन भाई एवं योगेश शुक्ल विजय शुक्ल आदि रहे।

# क्विक न्यूज

### उपभोक्ताओं से सम्बंधों को मजबूत करने का मंच

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी को देखते हुए जहां पर तमाम कंपनियां उपभोक्ताओं को उनके बचत तथा ऑनलाइन और ऑफलाइन का खरीददारी का विशेष ध्यान देते हुए उपभोक्ताओं एवं ब्रांड्स को संलग्न हो संबंधों को मजबूत करने का मंच प्रदान करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मिंत्रा ने ष्मिंत्रा मॉल प्रस्तुत किया हैए जहां पर शॉपर्स को इसके ऐप पर अपने पसंदीदा ब्रांड्स के ऑफिशियल ब्रांड स्टोर का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। 20 दिसंबर से 24 दिसंबर के बीच आयोजित होने वाली मिंत्रा की फ्लैगशिपए एंड ऑफ रीज़न सेल ;ईओआरएसद्ध से पहलेए मिंत्रा मॉल इस मेगा ईवेंट के दौरान ब्रांड्स को शॉपर्स से कनेक्ट होने के लिए अपनी तरह का अलग अनुभव प्रदान करेगा। सर्वश्रेष्ठ ऑफलाईन एवं ऑनलाईन दुनिया को एक साथ प्रस्तुत करते हुए यह कॉन्सेप्ट ऑनलाईन रहते हुए ऑफलाईन मॉल के अनुभव का निर्माण करेगाए जहां शॉपर्सब्रांड की संपूर्ण श्रृंखला देखने के लिए ब्रांड स्टोर में प्रवेश करते हैं।

### पीएम फसल बीमा संचालन कृषि मंत्रालय द्वारा

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सरकार की प्रमुख योजना है जो भारत में एक राष्ट्र एक योजना थीम के अनुरूप कृषि बीमा प्रदान करती है। यह योजना किसानों की फसलों को सुनिश्चित करती है और उनका बीमा करती है ताकि वे तनाव मुक्त होकर खेती कर सकें। यह वाणिज्यिक और बागवानी फसलोंए तिलहन और खाद्य फसलों को वार्षिक रूप से कवर करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना उन किसानों के लिए वैकल्पिक हैए जिन्होंने संस्थागत ऋण का लाभ नहीं उठाया हैए जबकि उन सभी किसानों को योजना के तहत अनिवार्य रूप से कवर किया जाता है जिन्होंने बैंकों से संस्थागत ऋण लिया हुआ है। योजना का संचालन कृषि मंत्रालय द्वारा किया जाता है।फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिएए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार की मंजूरी दी है ताकि कृषि उत्पादन में जोखिम का प्रबंधन करने में किसान आत्मनिर्भर हों सकेंए किसानों की आय स्थिर हो सके और त्वरित एवं सटीक उपज अनुमान के माध्यम से उनके दावों का तीव्र गति से भुगतान किया जा सके।

### ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता हुई

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना के प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2020 के उपलक्ष्य में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता का विषय ऊर्जा बचत, भविष्य का निर्माण था । प्रतियोगिता का उद्देशय लोगों में ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाना है । प्रतियोगिता में बरेका के कई कर्मियों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया । विदित हो की बरेका में 14 से 19 दिसम्बर 2020 तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया है और जिसकी शुभारंभ महाप्रबंधक अंजली गोयल ने घरेलू एवं औद्योगिक ऊर्जा बचत हेतु बनाये गए विडियो प्रदर्शन से किया ।

### पेंशन अदालत में 61 मामलों का हुआ सकारात्मक निस्तारण

**प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चन्द्रा के निर्देश पर उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल में कार्मिक विभाग द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मंगलवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। कोविड 19 की आपात स्थिति एवं सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखते हुए इस वर्ष ऑनलाइन माध्यम से पेन्शन अदालत का आयोजन हुआ। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने अध्यक्ष आल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेन्स फेडरेशन एनसीआर प्रयागराज सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव रामबली शर्मा तथा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का स्वागत किया। अपर मण्डल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अपील की गई कि वे ई मेल और व्हाट्सएप्प जैसी तकनिकी माध्यमों का प्रयोग करें। जिससे वह अपने परिवादों को सुगमता पूर्वक प्रशासन को प्रेषित कर सके। अपर मण्डल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामना देते हुए यह भी विश्वाश दिलाया कि भारतीय रेलवे उनके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। कार्मिक विभाग को सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेन्शन सम्बंधी 61 आवेदन प्राप्त हुए। कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग के संयुक्त प्रयास से सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के सभी 61 मामलों का सकारात्मक निस्तारण किया गया। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी के निर्देशन में मण्डल के कल्याण निरीक्षकों के द्वारा सभी 61 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से टेलीफोन के माध्यम से सम्पर्क किया गया तथा उनके परिवादों के निस्तारण के सम्बंध में अवगत कराया गया।

### माफिया अतीक अहमद के साले के गेस्ट हाउस पर चला बुल्डोजर



गेस्ट हाउस को ढहाने की तैयारी में बुल्डोजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को माफिया अतीक अहमद के साले जकी अहमद के करेली में बने गेस्ट हाउस को ढहा दिया। आज अचानक हुई कार्यवाही से इलाके में अफरा तफरी मच गई। भारी पुलिस फोर्स के साथ और बुल्डोजर लेकर पहुंचे पीडीए अधिकारियों ने यह कार्यवाही की। बता दें कि उत्तर प्रदेश से माफ़ियाराज और भू माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए योगी सरकार ने ऑपरेशन माफ़िया शुरू किया है। जिसको ऑपरेशन नेस्त नाबूत भी नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बाहुबली और माफियाओं की अवैध संपत्तियों को या तो ज़प्त किया गया या फिर उस पर बुल्डोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। इसके तहत प्रायागराज में माफ़िया अतीक अहमद बाहुबली विधायक विजय मिश्रा सपा नेता दिलीप मिश्रा जैसे बड़े माफियाओं के अलावा कुख्यात अपराधी और हिस्ट्रीशीटरों की दो दर्जन से ज़्यादा अवैध संपत्ति को विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त किया है। आज इसी कड़ी में अतीक़ अहमद के साले जकी अहमद के करेली में बने आलीशान गेस्ट हाउस को चार बुल्डोजर लगा कर गिरा दिया गया। आरोप है कि अतीक़ अहमद के साले जकी ने पीडीए की अनुमति के बिना अवैध निर्माण कराकर लाखों रुपये महीने गेस्ट हाउस से कमा रहा था। पीडीए ने आज पांच हज़ार वर्ग गज में बने सभी निर्माणों को ढहा दिया। जकी पर एक दर्जन से ज़्यादा मुकदमे दर्ज हैं और करेली थाने में जकी की हिस्ट्रीशीटर भी खोली गई है। देवरिया जेल कांड में भी जकी का नाम आया था और इसी मामले में वह जेल में बन्द है।

### सामुदायिक शौचालय की डीएम ने महिला को सौंपी चाबी



**नवाबगंज उन्नाव।** विकास खण्ड क्षेत्र के दरियापुर गांव में बनाये गए पंचायत भवन व शौचालय का मंगलवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समूह की प्रिया को शौचालय की चाबी देकर जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंगलवार को विकास खण्ड के ग्रामसभा दरियापुर गांव पहुंचे जहां ग्राम पंचायत निधि से बनाये गए पंचायत भवन और शौचालय का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान द्वारा की गयी ब्यवस्था को देख कर प्रधान पति गुड्डू खां की प्रशंसा भी की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा आप के गांव में सबकी सुविधा के लिए शैचालय बनाया गया है। इसे साफसुथरा रखे, कोई भी खुले में शौच न जाये। इसकी जिम्मेदारी स्वयं को तय करनी होगी साथ ही इसको साफसुथरा बनाये रहे। अंत मे जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से राशन वितरण की भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह, सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति, डीपीआरओ राजेन्द्र कुमार यादव, एसडीएम प्रदीप वर्मा डीसी एन आर एल एम व खंड विकास अधिकारी चन्द्रशेखर प्रधान सीमा खान, प्रधान प्रतिनिधि एजाज खां गुड्डू सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**फतेहपुरचौरासी।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदेहरा गांव के निकट अपनी ससुराल से वापस आ रहा अहिरनपुरवा मजरा कटरी गदनपुर आहार निवासी संजय पुत्र देवारी लाल 35 वर्ष किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीररूप घायल हो गया। जिसे जबतक अस्पताल ले जाने का प्रयास किया जता उसकी मौत हो गयी।

### आग से पचास हजार की गृहस्थी स्वाहा

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम माढापुर के मजरा हुसेपुर में रामसेवक और उमाशंकर के दोपहर अज्ञात कारण से दो फूस के बंगलो में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी फेंक कर किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 हजार कीमत की गृहस्थी स्वाहा हो गई। घटना के समय दोनों किसान खेतों पर काम में थे। घटना से बंगलों में रखा कपड़ा, अनाज व बर्तन सहित करीब 50 हजार कीमत की गृहस्थी जलकर खाक हो गई।

### भाजपा नेता ने किया शुभारम्भ

**मौरावां।** हिलौली स्थित पेट्रोल पंप के बगल में शिवानी पाली क्लीनिक का उद्घाटन भाजपा नेता रामबाबू शुक्ल व आर के चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिवानी पॉली क्लिनिक के संचालक दुर्गावती गुप्ता ने बताया कि इस क्लीनिक में सभी तरह का इलाज किया जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 16 दिसंबर 2020



# कर्नाटक विप में हंगामा, उप सभापति को खींचकर आसन से उतारा गया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक विधान परिषद** में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ और अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई जब उप सभापति एस एल धर्मे गौड़ा को सभापति के आसन से खींचकर उतारा गया और बिना किसी कामकाज के सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए 10 दिसंबर को स्थगित की गई थी। सरकार ने सभापति के. प्रताप चंद्र शेट्टी पर अप्रत्याशित रूप से सत्र को स्थगित करने का आरोप लगाते हुए आज एक दिन के लिए विधान परिषद का सत्र बुलाया था।

भाजपा द्वारा शेट्टी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज के एजेंडे में शामिल नहीं था। इससे पहले सभापति ने इस प्रस्ताव को प्रक्रिया में त्रुटि के आधार पर खारिज कर दिया था और तभी से भाजपा के सदस्य इसे पेश करने की मांग कर रहे हैं। विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होते ही गौड़ा सभापति के आसन पर बैठ गए जिससे कांग्रेस के सदस्य नाराज हो गए और उन्होंने आसन के पास जाकर गौड़ा से आसन से हटने को कहा। इसके बाद भाजपा और जद (एस) के सदस्य गौड़ा की सुरक्षा में आकर खड़े हो गए।

कुछ कांग्रेस नेता उस दरवाजे को जबरदस्ती खोलने की कोशिश करते दिखाई दिए जिससे सभापति भीतर आते हैं। कांग्रेस सदस्यों का कहना था कि भाजपा ने दरवाजा इसलिए बंद कर दिया है ताकि शेट्टी भीतर न आ सकें। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने सभापति के आने से पहले ही गौड़ा की मदद से कार्यवाही शुरू कर दी है ताकि शेट्टी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सके जिसे पहले खारिज कर दिया गया था।

एम नारायणस्वामी समेत कुछ कांग्रेस सदस्य, उप सभापति को आसन से खींचकर उतारते दिखाई दिए। इस दौरान विधान परिषद के कई सदस्य और मार्शल भी धक्कामुक्की के शिकार हुए। कांग्रेस के एक सदस्य सभापति के आसन पर बैठने में कामयाब हो गए। भाजपा और जद (एस) के कई सदस्यों ने इस पर आपत्ति दर्ज की। कुछ देर बाद सभापति प्रताप चंद्र शेट्टी सदन में आए और आसन की ओर जाने लगे तभी उप मुख्यमंत्री सी एन अश्वथ नारायण ने उन्हें आसन पर बैठने से रोका। इसके बाद शेट्टी ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।



बेंगलुरू में भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक विधानसभा के अन्दर जमकर हंगामा काटा।

## अन्नदाता आंसू बहा रहा है तब पटेल के सिद्धांतों पर विचार करने की जरूरत: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मंगलवार को कहा कि वर्तमान समय में जब देश के अन्नदाता आंसू बहा रहे हैं तो ऐसे समय पटेल के सिद्धांतों पर विचार करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने पटेल के एक कथन को उद्धृत करते हुए ट्वीट किया, मेरी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा ना रहे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, आज जब अन्नदाता स्वयं आंसू बहा रहा है, हमें सरदार पटेल के सिद्धांतों पर विचार करने की ज़रूरत है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर ट्वीट किया, बारडोली के किसानों को अंग्रेजों ने संपत्ति कुर्की जैसी तमाम धमकियां दीं, लेकिन सरदार पटेल जी के नेतृत्व में किसान डिगे नहीं और सत्याग्रह की जीत हुई।

# कांस्टेबल भर्ती में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए प्रावधान नही होना संविधान विरुद्ध : कोर्ट

**भाषा।** पटना

**पटना** उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि बिहार में चल रही कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में संविधान के प्रावधान का पालन नहीं किया गया है क्योंकि ट्रांसजेंडर श्रेणी के लिए आवेदन का कोई प्रावधान नहीं किया गया था। अदालत ने सोमवार को राज्य सरकार को तुरंत इस मामले को देखने, सुधारात्मक कार्वाई करने और अगले आदेश तक अभ्यर्थियों की अंतिम सूची तय करने की प्रक्रिया स्थगित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति एस. कुमार की खंड पीठ ने आदेश देते हुए इंगित किया कि आवेदन आमंत्रित करने के लिए दिया गया विज्ञापन संविधान के प्रावधानों के अनुरुप नहीं है... यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकार संरक्षण) कानून, 2019 के तहत आने वाले लोग पद के लिए आवेदन कर सकते हैं या नहीं। विज्ञापन में पात्रता मानकों में सिर्फ पुरुष और



महिला श्रेणी इंगित की गई है, इसमें थर्ड जेंडर का कोई जिक्र नहीं है। अदालत वीरा यादव नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यादव ने अपनी अर्जी में जानना चाहा है कि क्या दिव्यांगों के लिए तय कोटा के आधार पर ट्रांसजेंडर आवेदकों के लिए भी भर्ती में कोई कोटा तय किया गया है। अदालत ने इसपर सरकार के वकील की ओर से दी गई सूचना पर संज्ञान लिया कि ट्रंसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए अलग से कोई आरक्षण नहीं है, उन्हें ओबीसी के तहत प्राप्त आरक्षण ही मिलेगा। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की।

## एजीपी के संस्थापक सदस्य ने पार्टी छोड़ी, कहा कि सीएए के विरोध के कारण दरकिनार किया गया

**गुहावाटी।** असम गण परिषद के संस्थापक सदस्य और पूर्व मंत्री पबिन्द्र डेका ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वह संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने के कारण पार्टी में दरकिनार किए जाने को लेकर नाराज थे। डेका पताचारकुची विधानसभा क्षेत्र से एजीपी के विधायक हैं। एजीपी असम में भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार में शामिल है। डेका ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने आज एजीपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया... पिछले साल जब नागरिकता संशोधन विधेयक दूसरी बार संसद में रखा गया, तब एजीपी चुप रही और राज्यसभा में पार्टी के एकमात्र सदस्य बिरेंद्र प्रसाद बैश्य ने उसके पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा, पार्टी में उसके (विधेयक के) खिलाफ मैं अकेला व्यक्ति था और सार्वजनिक रूप से उसका विरोध किया। उसके लिए पार्टी नेतृत्व ने मुझे सजा दी और मुझे दरकिनार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि एजीपी के नेतृत्व में क्षेत्रवाद सुरक्षित नहीं है और यह भी उनके पार्टी छोड़ने की वजहों में से एक है। यह पूछने पर कि क्या वह किसी दूसरी पार्टी में शामिल होंगे, डेका ने कहा, मैं 2021 का विधानसभा चुनाव लड़ूंगा, लेकिन मैंने अभी तक तय नहीं किया कि किस पार्टी में शामिल होना है।

# तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू

**हैदराबाद।** तेलंगाना में लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद कांग्रेस के सामने अब प्रदेश की इकाई के अध्यक्ष का चयन करने की चुनौती है। हाल ही में संपन्न हुए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के तेलंगाना मामलों के प्रभारी एम. टैगोर ने कई नेताओं से इस मुद्दे पर चर्चा की है। माना जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कम से कम चार-पांच दावेदार हैं। वर्ष 2014 और 2018 के विधानसभा चुनाव के अलावा हाल ही में हुए जीएचएमसी चुनाव और दुब्बका उपचुनाव में हारने के बाद से तेलंगाना में कांग्रेस की हालत पतली है। हालांकि, तेलंगाना राज्य का गठन केंद्र में कांग्रेस के शासनकाल में हुआ था और पार्टी को उम्मीद थी कि इससे राज्य में उसकी स्थिति मजबूत होगी। पिछले साल कांग्रेस ने राज्य में तीन लोकसभा सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु से लोकसभा सदस्य एम. टैगोर ने पिछले सप्ताह विधायकों, सांसदों, वरिष्ठ नेताओं और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से विचार विमर्श किया था। टैगोर ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि लगभग 160 नेताओं के विचार लिए गए हैं क्योंकि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हमेशा व्यापक स्तर पर बातचीत की वकालत की है और इस प्रक्रिया में जिला स्तर के नेताओं की बात सुने जाने को महत्व दिया है।

टैगोर ने कहा कि चर्चा की एक रिपोर्ट तैयार कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दी गई है और आगे के निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन टेढ़ी खीर साबित हो सकता है क्योंकि पार्टी के नेताओं की राय टैगोर से मेल खाती हुई नहीं प्रतीत होती। इस संबंध में पूछे जाने पर टैगोर ने कहा कि इस प्रक्रिया में 160 लोगों की राय ली गई है और उन सबका मत भिन्न होना तय है। उन्होंने कहा, यह कोई एक राय नहीं ली गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पद के लिए कम से कम चार-पांच दावेदार हैं। इनमें पार्टी के सांसद के. वेंकट रेड्डी, ए. रेवंत रेड्डी, विधायक डी. श्रीधर बाबू और कांग्रेस विधायक दल के नेता एम भट्टी विक्रमार्क शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### मंत्रिमंडल विस्तार के लिए भाजपा की तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं: नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार भाजपा के साथ विचार विमर्श करने के बाद होगा और फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नही आया है। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा के बीच गतिरोध के बारे में कयासों को लेकर पूछे गए सवाल पर कुमार ने यह टिप्पणी की। मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत 14 सदस्य हैं। नियम के मुताबिक 243 सदस्ईय बिहार विधानसभा के लिए मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 36 मंत्री हो सकते है। कुमार ने संवाददाताओ से कहा, फिलहाल हम अगले पांच साल के लिए अपने खाके पर आगे बढ़ रहे है। इसके लिए मंत्रिमंडल की बैठक होने वाली है। जब भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार का प्रस्ताव देगी तब हम इस पर विचार करेंगे। अभी कोई प्रस्ताव नही मिला है। राज्य में भाजपा के सात मंत्री हैं और जदयू के मुख्यमंत्री समेत चार मंत्री है। चर्चा है कि जद(यू) इस बात पर जोर दे रहा है जितने मंत्री भाजपा से है, उतने ही उनकी पार्टी से भी होने चाहिए। भाजपा के दो मंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। जदयू कोटे से बने मंत्री मेवा लाल चौधरी को शपथ लेने के कुछ घंटे के भीतर ही इस्तीफा देना पड़ा था। राज्य में विधानसभा चुनाव मे भाजपा को 74 सीटें मिली थी जबकि जद(यू) को केवल 43 सीटों पर सफलता मिली थी।

### महाराष्ट्र ने प्रधान न्यायाधीश के नागपुर आवास की सुरक्षा के लिए 1.77 करोड़ रुपए का प्रावधान किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने देश के प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे के नागपुर आवास के अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के लिए 1.77 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।राज्य विधानसभा में सोमवार को पेश कानून और न्यायपालिका विभाग की पूरक मांगो मे यह प्रावधान किया गया। पूरक मांगो के दस्तावेज में प्रावधान के लिए कोई कारण नही बताया गया है। नागपुर न्यायमूर्ति बोबडे का गृहनगर है। राज्य के लोक निर्माण विभाग की मांगो मे 5.75 करोड़ रुपए राजभवन मे निर्माण और संबंधित कार्यों तथा न्यायाधीशो के रिहायशी परिसरों मे निर्माण और संबंधित कार्यों के लिए 6.16 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। राज्य सरकार ने सोमवार को विधानसभा में 21,992.50 करोड़ रुपए की पूरक मांगो का प्रस्ताव रखा। इसमे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को राहत के लिए 2211 करोड़ रुपए का आवंटन किया है और 22 करोड़ रुपए कोविड-19 टीका को लेकर वातानुकूलित सुविधाओं की व्यवस्था के लिए निर्धारित किया गया है। राज्य के खर्च को पूरा करने के लिए पूरक मांगो मे अतिरिक्त आवंटन की व्यवस्था की जाती है।

### मादक पदार्थों की तस्करी का सरगना बेंगलुरु में पकड़ा गया

**बेंगलुरु** बेंगलुरु मे अवैध कोकीन व्यापार के नाइजीरियाई सरगना को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे चीफ कहा जाता था। बेंगलुरु के संयुक्त पुलिस आयुक्त संदीप पाटिल ने मंगलवार को कहा, सीसीबी ने बेंगलुरु में कोकीन आपूर्ति के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। उसे चीफ कहा जाता है।उनका असली नाम चिडीबेरे एम्ब्रोस है। सभी नाइजीरियाई ड्रग तस्कर उससे कोकीन खरीदने के लिए उसके संपर्क मे थे। अधिकारी ने एक बयान में कहा, नशीली दवाओ की तस्करी के सभी पिछले मामलो मे, हमने पाया कि सभी नाइजीरियाई दवा तस्करो ने चीफ नाम के एक व्यक्ति से कोकीन खरीदी है। विस्तृत जांच के बाद इस चीफ को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले मे आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बंगलुरू मे नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्वाई शुरू की है और कन्नड़ फिल्म अभिनेत्रियो और राजनेताओ के बच्चो सहित कई हाई प्रोफाइल लोगो को गिरफ्तार किया है जो ड्रग लेते थे और नशीली दवाओ वाली पार्टियो मे शामिल होते थे।

### हासन ने यूसूफ की प्रशंसा की, कहा भारतीय लोकतंत्र बीमार

**डिंडीगुल (तमिलनाडु)।** मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन ने सोमवार को 18वी सदी के बागी कमांडर मोहम्मद युसूफ खान की अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रशंसा की और आरोप लगाया कि भारतीय लोकतंत्र अब बीमार हो गया है। खान उर्फ मरुदानयगम (1725-64) की प्रशंसा करते हुए हासन ने कहा कि उन्होने अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ी और षड्यंत्र के तहत उन्हे फांसी पर लटका दिया गया। उन्होंने पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिपाही विद्रोह से करीब सौ वर्ष पहले हुआ और अंग्रेजो के खिलाफ खान की लड़ाई स्वतंत्रता के लिए पहला सिपाही विद्रोह है। हासन ने मरुदानयगम के जीवन, उस समय पर एक फिल्म बनाना चाहा था लेकिन यह परवान नही चढ़ सका। उन्होंने कहा कि एक और आंदोलन शुरू होना चाहिए क्योंकि भारतीय लोकतंत्र बीमार हो गया है। उन्होंने कहा, यह कहना अतिशयोक्ति नही होगी कि भारतीय लोकतंत्र बीमार हो गया है। हासन ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने उन्हें टॉर्च लाइट का चुनाव चिह्न नही दिया था और इससे वह विचलित नही हुए। इससे पहले मदुरै में उन्होंने कहा कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे लेकिन उन्होने विधानसभा क्षेत्र के बारे में नही बताया।



जलपाईगुड़ी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रैली को सम्बोधित करते हुईं

# पश्चिम बंगाल के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है केंद्र : ममता

**जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह आईपीएस अधिकारियों को अपने अंदर सेवा देने के लिए तलब कर राज्य के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही है। बनर्जी ने केंद्र सरकार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की चुनौती भी दी और पश्चिम बंगाल को दंगा प्रभावित गुजरात में बदलने का प्रयास करने के लिए आलोचना की।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के काफिले पर हमला नहीं किया गया और आश्चर्य जताया कि दोषी ठहराए गए अपराधी उनके साथ क्यों थे। अगर भाजपा और केंद्र सरकार सोचती है कि वे केंद्रीय बल यहां लाकर और राज्य कैडर के अधिकारियों का तबादला कर हमें डरा देंगे तो वे गलत सोच रहे हैं। केंद्र हमारे अधिकारियों को तलब कर रहा है...कोई भी उन्हें (नड्डा) या उनके काफिले को चोट पहुंचाना नहीं चाहता था। उनके काफिले में इतनी कारें क्यों थीं? दोषी अपराधी उनके साथ क्यों थे? जिन गुंडों ने पिछले वर्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी, वे भी नड्डा के साथ थे... इस तरह के गुंडों को खुला घूमते देखकर लोग क्रोधित हो गए...मैं केंद्र को चुनौती देती हूं कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाए। राष्ट्र गान बदलने को लेकर भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा हाल में प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इस तरह का दुस्साहस किया जाता है तो राज्य के लोग करारा जवाब देंगे। वे हमारे देश का इतिहास बदलना चाहते हैं और अब राष्ट्र गान भी बदलना चाहते हैं। बंगाल में शरणार्थी कॉलोनी को मान्यता दी गई है और किसी को भी राष्ट्रीय नागरिक पंजी, संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को लेकर डरने की जरूरत नहीं है।

# मध्यप्रदेश: खदान से 60 लाख का हीरा पाकर किसान बना लखपति

**पन्ना, (मप्र)।** मप्र का एक किसान खदान से 14.98 कैरेट का एक हीरा पाकर लखपति बन गया है। नीलामी में उसका यह हीरा 60.60 लाख रूपए में बिका है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी है। अधिकारियों के अनुसार, पन्ना में जिला प्रशासन के तहत आने वाले हीरा कार्यालय में तीन से पांच दिसंबर के बीच हुई नीलामी के दौरान कुल 129.83 कैरेट के 74 हीरे बिके थे।

पन्ना के हीरा निरीक्षक अनुपम सिंह ने बताया कि इस नीलामी में पांच दिसंबर को किसान लखन यादव (45) का 14.98 कैरेट का हीरा 60.60 लाख रूपए में बिका। उसे यह हीरा पिछले महीने पन्ना जिले के कृष्णा कल्याणपुर इलाके की एक खदान में खुदाई के दौरान मिला था और दो नवंबर को उसने इस हीरे को यहां हीरा कार्यालय में जमा किया था। हीरा जमा करने के बाद उसे अग्रिम राशि के रूप में दो-तीन दिन के भीतर एक लाख रूपए दे दिए गए थे और बाकी बचे हुए रूपए 15 जनवरी के बाद दे दिए जाएंगे।

बुंदेलखंड के पिछड़े इलाके में आने वाला पन्ना हीरे की खदानों के लिए प्रसिद्ध है। लखन यादव एक किसान है। हीरा बिकने से प्रफुल्लित हुए लखन यादव ने कहा, हीरा बिकने के बाद मैं बहुत खुश हूं। मुझे जीवन में पहली बार हीरा मिला है। यह प्रभु की कृपा है। उन्हीं का उपहार है। मैं एक छोटा सा किसान हूं। मैं दो एकड़ जमीन का मालिक हूं। हीरे की नीलामी के बाद मिलने वाले पैसे का उपयोग मैं अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए करूंगा और उनका जीवन उज्जवल बनाऊंगा। पन्ना जिले के कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस नीलामी के दौरान कुल 129.83 कैरेट के 74 हीरों की नीलामी 1.65 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि इन नीलामी में कुल 269.16 कैरेट के 203 नग हीरों की नीलामी के लिए रखा गया था।

# अर्नब, कंगना के नोटिस मामले में विस की विशेषाधिकार समिति को और समय दिया गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी तथा अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के नोटिसों पर रिपोर्ट देने के लिए विशेषाधिकार समिति को मंगलवार को और समय दे दिया। समिति को विधानसभा के अगले सत्र के अंतिम दिन तक का समय दिया गया है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दरेकर ने समय बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध किया लेकिन सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधान पार्षद अशोक उर्फ भाई जगताप ने इसका समर्थन किया। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक ने सात सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में गोस्वामी तथा रनौत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के नोटिस जमा कराए थे। रनौत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से मुंबई की तुलना की थी। इसके बाद सरनाइक और अभिनेत्री के बीच जुबानी जंग भी हुई थी। विधायक ने 2018 के खुदकुशी के लिए कथित रूप से उकसाने के एक मामले को फिर से खोलने की भी मांग की थी, जिसमें गोस्वामी को हाल में गिरफ्तार किया गया था। गोस्वामी फिलहाल जमानत पर हैं।

जगताप और शिवसेना की विधान पार्षद मनीषा कायंदे ने भी आठ सितंबर को गोस्वामी के खिलाफ नोटिस जमा कराए थे। उसी दिन जगताप ने भी पीओके टिप्पणी के लिए रनौत के खिलाफ नोटिस जमा कराए थे। भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने मंगलवार को विधानसभा में पूछा कि क्या विशेषाधिकार हनन का दायरा बढ़ाया जा रहा है? उन्होंने पूछा कि नोटिस को कब स्वीकार किया गया और इसे कब प्रस्ताव में बदला गया? क्या वाजिब प्रक्रिया का अनुसरण किया गया था? मुनगंटीवार ने कहा कि विशेषाधिकार हनन का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया जाता है जो सदन के कामकाज में रूकावटें डालते हैं। भाजपा विधायक अतुल भटकलकर ने कहा, जब व्यक्तियों के खिलाफ कार्वाई के लिए मानहानि कानून हैं तो विधानसभा का इस्तेमाल क्यों किया जाए। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि एजेंडे में सूचीबद्ध कार्यों में विशेषाधिकार समिति को अपनी रिपोर्ट देने के लिए सिर्फ और समय दिए जाने का उल्लेख है।

विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष दीपक केसरकर ने कहा कि नोटिस को विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार किया और समिति को भेजा। उन्होंने कहा, मुद्दे पर किसी भी प्रकार की चर्चा अध्यक्ष के अधिकार का अतिक्रमण होगी। राज्य के संसदीय मामलों के मंत्री अनिल परब ने कहा कि सभी विधायकों के विशेषाधिकार हैं और अगर उन्हें इस्तेमाल नहीं किया जाए तो वे किस काम के।



बेंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस यदियुरप्पा वैज्ञानिक रोड्डम नरसिम्हा रेड्डी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि देते हुए।


# कोविड-19: 161 दिन बाद 23 हजार से कम मामले

## ● देश में कोरोना के 22,065 नए रोगी, 354 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में करीब पांच महीने बाद कोविड-19 के 23 हजार से कम नए मामले सामने आए। वहीं मरीजों के ठीक होने की दर भी 95 प्रतिशत से अधिक हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 161 दिनों बाद 22,065 नए मामले सामने आए।

इससे पहले सात जुलाई को 22,252 नए मामले सामने आए थे। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के 22,065 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 99,06,165 हो गए। वहीं 354 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,43,709 हो गई। आंकड़ों के अनुसार कुल 94,22,636 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 95.12 प्रतिशत हो गई। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में लगातार नौ दिन से उपचाराधीन लोगों की संख्या चार लाख से कम है। कुल 3,39,820 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 3.43 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या



20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 14 दिसम्बर तक 15,55,60,655 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 9,93,665 नमूनों की जांच सोमवार को की गई।

आंकडों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 354 लोगों की मौत हुई, उनमें से दिल्ली और महाराष्ट्र के 60-60, पश्चिम बंगाल के 43, केरल के 24 और पंजाब के 21 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,43,709 लोगों की मौत हुई है। इनमें से महाराष्ट्र के 48,269, कर्नाटक के 11,954, तमिलनाडु के 11,909, दिल्ली के 10,074, पश्चिम बंगाल के 9,100, उत्तर प्रदेश के 8,083, आंध्र प्रदेश के 7,059 और पंजाब के 5,098 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## वाइस एडमिरल श्रीकांत का कोविड-19 से निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल श्रीकांत का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वह कोविड-19 से पीड़ित थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नौसेना के वरिष्ठतम पनडुब्बी विशेषज्ञ अधिकारी वाइस एडमिरल श्रीकांत 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि सीबर्ड के महानिदेशक वाइस एडमिरल श्रीकांत के असामयिक निधन से बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय और भारतीय नौसेना राष्ट्र के प्रति उनके योगदान और सेवा को हमेशा याद रखेगी। रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया, उनके शोकाकुल परिजनों और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। अधिकारियों ने बताया कि वाइस एडमिरल श्रीकांत ने परमाणु सुरक्षा महानिरीक्षक और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के कमांडेंट के तौर पर भी काम किया था।

## असली टुकड़े- टुकड़े गैंग भाजपा : सुखबीर बादल

**चंडीगढ़।** केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी को असली टुकड़े टुकड़े गैंग करार दिया और उस पर पंजाब में हिंदुओं को सिखों के खिलाफ करने का आरोप लगाया। बादल ने कहा कि भाजपा को कृषि संबंधी कानूनों पर अहंकारी रवैया छोड़कर किसानों की बात मान लेनी चाहिए। उन्होंने भाजपा को चेतावनी भरे अंदाज में हिंदुओं को सिखों के खिलाफ करने से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर कोई केंद्र सरकार के पक्ष में बोलता है तो उसे देश भक्त कहा जाता है और यदि वह उसके खिलाफ बोलता है तो उसे टुकड़े-टुकड़े गैंग कहा जाता है। बादल ने एक ट्वीट में आरोप लगाया, देश में भाजपा असली टुकड़े टुकड़े गैंग है। उसने देश की एकता को टुकड़ों में बांट दिया है, बेशर्मी से हिंदुओं को मुस्लिमों के खिलाफ उकसा रही है और अब हताशापूर्ण तरीके से शांतिप्रिय पंजाबी हिंदुओं को उनके सिख भाइयों खासकर किसानों के खिलाफ कर रही है। वे देशभक्त पंजाब को सांप्रदायिकता की आग में धकेल रहे हैं।



नई दिल्ली में मंगलवार को छठे केंद्रीय वेतन आयोग और संविदात्मक नियुक्तियों के खिलाफ अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान एम्स नर्स यूनियन के सदस्य

## स्कूलों में समग्र प्रोग्रेस कार्ड की पायलट परियोजना जल्द ही कुछ केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों में लागू होगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों के समग्र प्रोग्रेस कार्ड पेश करने की योजना को जल्द ही पायलट परियोजना के आधार पर कुछ केंद्रीय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों में शुरू करेगा। केंद्रीय स्कूली शिक्षा सचिव अनिता करवल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। करवल ने बताया, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हम कई क्षेत्रों में उदाहरण पेश करने जा रहे हैं। इसकी शुरूआत केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालयों से होगी। स्कूली शिक्षा सचिव ने कहा कि कुछ ही दिनों में हम क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें छात्रों के विकास एवं शिक्षकों के क्षमता उन्नयन के बारे में चर्चा होगी। करवल ने कहा कि स्कूलों में समग्र प्रोग्रेस कार्ड के बारे में काफी चर्चा हुई है। इस बारे में पहली पायलट परियोजना जल्द ही कुछ केंद्रीय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों में शुरू की जाएगी।

## हेलीकॉप्टर घोटाला: अदालत का कारोबारी श्रवण गुप्ता के खिलाफ गैर जमानती वारंट रद्द करने से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने अगस्तावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर धनशोधन मामले में संपत्ति कारोबार क्षेत्र की बड़ी कंपनी एम्मार एमजीएफ के पूर्व प्रबंध निदेशक श्रवण गुप्ता के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) रद्द करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि वह (गुप्ता) जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

अदालत ने गैर जमानती वारंट रद्द करने की मांग संबंधी गुप्ता का आवेदन यह कहते हुए खारिज किया कि इसमें दम नहीं है। अदालत ने कहा कि गुप्ता के खिलाफ 29 अगस्त को वारंट जारी किया गया था क्योंकि वह समन मिलने के बाद भी जांच में शामिल नहीं हुए और किसी न किसी बहाने जांच से बचने की कोशिश कर रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा था कि गुप्ता नौ समन भेजे जाने के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुए जिससे उनके विरूद्ध एनबीडब्ल्यू जारी किया गया और यह कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने पांच दिसंबर को अपने आदेश में कहा, मौजूदा मामले में आवेदक समन मिलने के बाद भी जांच में शामिल नहीं हुआ और वह किसी न किसी बहाने जांच से बचने की कोशिश कर रहा है। न्यायाधीश ने कहा, यहां तक कि, मौजूदा सुनवाई के दौरान भी आवेदक ने जांच में शामिल होने के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के सामने पेश होने की मंशा नहीं प्रकट की।

जब उसके आवेदन को सुनवाई के लिए लिया गया तब वह इस अदालत में भी पेश नहीं हुआ। यह केवल यही दर्शाता है कि आवेदक जांच में सहयोग के लिए तैयार नहीं है। अदालत ने कहा, एनबीडब्ल्यू को रद्द करने के लिए आवेदक द्वारा दायर किए गए आवेदन में कोई दम नहीं है और यह आवेदन खारिज किए जाने के लायक है,इसलिए उसे खारिज किया जाता है। ईडी के अनुसार 1.24 करोड़ यूरो की राशि मॉरीशस में इंटरसेल्युलर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में अंतरित की गई जो इस वर्तमान मामले में गलत कमाई के धनशोधन के लिए इस्तेमाल किए जाने मुख्य मोर्चों में एक था।

जांच एजेंसी ने बताया कि इंटरसेल्युलर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में जो धनराशि आई, उसका बड़ा हिस्सा उन कपंनियों के खातों में अंतरित की गई जो गुप्ता के नियंत्रण में थी। वैसे सुनवाई के दौरान गुप्ता के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल कई व्याधियों से ग्रस्त हैं जिससे उनके कोविड-19 से संक्रमित होने का खतरा अधिक है। ईडी ने कहा कि आरोपी को अपनी निकायों के बारे में तथ्यों से अवगत कराने के लिए बार बार कहा गया लेकिन उन्होंने कोई खुलासा नहीं किया और उसे पता चला कि गलत ढंग से की गई कमाई का धनशोधन किया गया और उसे उसकी विदेशी कंपनियों में लगाया गया।

## नक्सल गतिविधियां अब बस्तर क्षेत्र के कुछ इलाकों तक ही सीमित: चौबे

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के कृषि मंत्री रवींद्र चौबे ने दावा किया है कि राज्य में नक्सल गतिविधियां अब बस्तर क्षेत्र के कुछ इलाकों तक ही सीमित रह गई हैं। बहुत जल्द राज्य को इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

कृषि मंत्री चौबे ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में राज्य में पिछले दो वर्षों में शुरू की गई योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार को 17 दिसंबर को दो वर्ष पूरे हो जाएंगे। कृषि मंत्री ने राज्य में नक्सल समस्या के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान बस्तर क्षेत्र में एक समानांतर सरकार (नक्सलियों द्वारा) चलाई जा रही थी। तब राज्य सरकार केवल राजमार्गों तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा कि लेकिन अब नक्सली गतिविधियों को नारायणपुर और बीजापुर जिलों के कुछ कोने में तथा कोंटा क्षेत्र के (सुकमा जिला) के कुछ इलाकों तक ही सीमित कर दिया गया है। राज्य सरकार क्षेत्र में विकास, रोजगार सृजन और युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। चौबे ने विश्वास जताया कि राज्य को जल्द ही समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नया छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। राज्य में गरीबों, किसानों, मजदूरों, वनवासियों, महिलाओं तथा युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं। चौबे ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने किसानों को लाभान्वित किया है। केंद्र ने राज्य सरकार से इस योजना का प्रारूप मांगा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का सही मूल्य उपलब्ध कराने और फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए इस वर्ष मई माह में न्याय योजना की शुरूआत की गई।

## जद (एस) गो-हत्या निषेध विधेयक का पूरी तरह विरोध करता है: देवेगौड़ा

**भाषा।** बेंगलुरु

**पूर्व** प्रधानमंत्री और जद (एस) प्रमुख एच. डी. देवेगौड़ा ने मंगलवार को फिर से कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक विधानसभा में पारित गो-वध निषेध विधेयक का पूरी तरह से विरोध करती है। उन्होंने एक बयान में कहा, भाजपा ने कर्नाटक विधानसभा में कर्नाटक मवेशी वध निषेध और संरक्षण विधेयक-2020 पारित किया है, जिससे समाज में अशांति फैलेगी और लोगों का विकास बाधित होगा। कर्नाटक विधान परिषद के मंगलवार के कामकाज के एजेंडा के अनुसार, यह विधेयक आज ऊपरी सदन में रखा जाना था। गौरतलब है कि विधान परिषद में भाजपा को बहुमत नहीं है। लेकिन, गो-वध विधेयक सदन में नहीं रखा जा सका क्योंकि कार्यवाही शुरू होते ही अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े मुद्दे पर सदस्य एक-दूसरे को गालियां देने लगे, धक्का-मुक्की करने लगे और उपसभापति को सभापति की कुर्सी से नीचे खींच लिया गया। इस हंगामे के कारण कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद उसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। वर्तमान में परिषद में 31 सदस्यों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस के पास सभापति सहित 29 सदस्य हैं। जद(एस) के 14 सदस्य हैं जबकि एक निर्दलीय है। देवेगौड़ा ने कहा, हमारी जनता पार्टी सेक्युलर (जदएस) इस विधेयक का पूरी तरह विरोध करती है। उनका कहना है कि राज्य में पहले से कर्नाटक गो-वध निषेध और मवेशी संरक्षण कानून -1964 पहले से प्रभावी है। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष को ध्यान में रखते हुए 2010 में तत्कालीन भाजपा सरकार कर्नाटक मवेशी वध निषेध और संरक्षण विधेयक-2010 लेकर आई थी जिसमें सजा और जुर्माने की राशि को सात गुना तक बढ़ाने का प्रावधान था। जद(एस) के 87 वर्षीय सुप्रीमो ने कहा कि तत्कालीन राज्यपाल ने विधेयक को राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के पास भेजकर कहा था कि उसके कुछ प्रावधानों पर उनकी मंजूरी की आवश्यकता है।

## कोविड-19 की ड्यूटी कर रहे चिकित्सकों को अवकाश देने पर केंद्र करे विचार: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को केन्द्र से कहा कि पिछले सात आठ महीने से कोविड-19 की ड्यूटी में लगे चिकित्सकों को अवकाश देने पर विचार किया जाए क्योंकि लगातार काम करते रहने से उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के ठीक से इलाज और शवों के साथ गरिमामय व्यवहार को लेकर स्वत: की जा रही सुनवाई के दौरान केन्द्र से कहा कि वह इस बारे में विचार करे। पीठ ने सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि चिकित्सकों को अवकाश दिए जाने के सुझाव पर विचार किया जाए। पीठ ने मेहता से कहा, इन चिकित्सकों को पिछले सात आठ महीने से एक भी ब्रेक नहीं दिया गया है और वे लगातार काम कर रहे हैं। आप निर्देश प्राप्त कीजिए और उन्हें



कुछ ब्रेक देने के बारे में सोचिए। यह बहुत ही कष्ठप्रद होगा और इससे उनका मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है।

मेहता ने पीठ को आश्वासन दिया कि सरकार कोविड-19 ड्यूटी में लगे स्वास्थ्य कर्मियों को कुछ अवकाश देने के पीठ के सुझाव पर विचार करेगी। शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि गुजरात सरकार ने मास्क नहीं पहनने पर 90 करोड़ रूपए जुर्माना लगाया लेकिन कोविड-19 में उचित आचरण के बारे में दिशा निर्देशों को लागू नहीं करा सकी। मामले की सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने केन्द्र के हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा कि इसमे यह कहीं नहीं है कि किन अस्पतालों में अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण पत्र है और उसने 2016 की सूचना इसमें दी है। मेहता ने कहा कि तस्वीर इन आंकड़ों जैसी सुन्दर नहीं है लेकिन गुजरात सरकार ने आग से सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। इस पर न्यायमूर्ति शाह ने कहा, नहीं, उन्होंने नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि हलफनामे में यह भी नहीं है कि कोविड के किन अस्पतालों में आवश्यक सुरक्षा के उपाय हैं।

पीठ ने कहा कि राजकोट के एक अस्पताल को 16 नोटिस भेजे गए लेकिन इस बारे में कुछ नहीं किया गया और गुजरात में अनेक अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। पीठ ने कहा कि गुजरात में 260 निजी अस्पतालों में से 61 अस्पतालों के पास अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। इस पर मेहता ने कहा कि इन सभी निजी अस्पतालों में नोडल अधिकारी के रूप में अब जिम्मेदार व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है।

## मैं पहले भारतीय हूं फिर बंगाली: शुभेंदु

**भाषा।** हल्दिया (पश्चिम बंगाल)

**तृणमूल** कांग्रेस के असंतुष्ट नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को स्थानीय और बाहरी लोगों के संबंध में चल रही बहस को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले लोगों को बाहरी नहीं कहा जा सकता। अधिकारी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं और उनकी यह टिप्पणी भाजपा के विचारों के करीब है। अधिकारी ने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है और पिछले कुछ महीनों में पार्टी से दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि वह पहले भारतीय हैं और फिर बंगाली हैं। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व की भी आलोचना करते हुए कहा कि वह लोगों की अपेक्षा पार्टी को अधिक महत्व दे रहा है। अधिकारी पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में स्वतंत्रता सेनानी सतीश चंद्र सामंत की जयंती पर आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अधिकारी ने कहा कि बंगाल भारत का ही हिस्सा है और अन्य राज्यों से यहां आने वाले लोगों को बाहरी नहीं माना जा सकता है। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल अक्सर भाजपा द्वारा विधानसभा चुनावों की तैयारी के सिलसिले में अन्य राज्यों से अपने नेताओं को यहां भेजने की आलोचना करती रही है। अधिकारी ने कहा, हमारे लिए, हम पहले भारतीय हैं और उसके बाद बंगाली। सतीश चंद्र सामंत मेदिनीपुर के एक दिग्गज सांसद थे। यहां तक कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी उनका बहुत सम्मान करते थे। न तो सतीश चंद्र सामंत ने कभी नेहरू को बाहरी कहा और न ही नेहरू ने उन्हें कभी गैर-हिंदी भाषी सांसद कहा। दोनों के बीच परस्पर सम्मान था। स्वतंत्रता सेनानी सामंत तीन दशकों से अधिक समय तक संसद के सदस्य रहे। नंदीग्राम से विधायक अधिकारी ने कहा कि जो लोग उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें 2021 के विधानसभा चुनावों में उचित जवाब मिलेगा।

### बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद

## भाजपा-यूपीपीएल और जीएसपी गठबंधन के पांच सदस्यों ने शपथ ली

**कोकराझार (असम)।** असम में मंगलवार को चौथी बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद का गठन हुआ और इस स्वायत संगठन के मुख्य कार्यकारी सदस्य का पदभार यूपीपीएल के प्रमोद बोडो ने संभाला। आज भाजपा-यूपीपीएल-जीएसपी गठबंधन के पांच सदस्यों ने शपथ ली। बोडोफा नवगर के ग्रीन फील्ड ग्राउंड में असम के मुख्य सचिव जिश्नु बरुआ ने सभी को पद की शपथ दिलाई। बोडो के अलावा डिप्टी सीईएम के तौर पर यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के गोबिंदो चन्द्र बासुमतारी, भाजपा के गौतम दास और दिगंत बरुआ और गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) के घनश्याम दास ने पद की शपथ ली। बोडो ने बोडो भाषा में जबकि अन्य सभी ने असमी भाषा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्व सरमा, सिंचाई मंत्री भाबेश कलिता, लोकसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप सैकिया, पल्लब लोचन दास, राज्यसभा सदस्य भुवनेश्वर कलिता और यू. जी. ब्रह्मा उपस्थित थे।

# पेज 1 का शेष

## प्रतिकूल प्रभाव...

किए जा चुके हैं। इसके साथ ही कुछ अन्य उपकरण भी राज्यों को दिए जा रहे हैं। उन्होंने तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य संचालन समितियों और राज्य कार्य बल की बैठकें की हैं। वहीं 633 जिलों ने इस संबंध में जिला कार्य बल की बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों में 23 मंत्रालयों और विभागों की पहचान की गई है और उन्हें टीकाकरण कार्यक्रम के लिए नियोजन, कार्यान्वयन, जागरूकता सहित विभिन्न भूमिकाएं सौंपी गयी हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉक्टर वी. के. पॉल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में कोविड-19 के मामलों और संक्रमण से होने वाली मौतों में कमी आयी है जो अच्छी खबर है। लेकिन अब भी किसी प्रकार ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने चेताया कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी संक्रमण के प्रति 'अतिसंवेदनशील' है और हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जबकि पूरी दुनिया में, खास तौर से अमेरिका और यूरोप में, कोविड-19 के मामले और संक्रमण से होने वाली मौतें बढ़ रही हैं, दुनिया में स्थिति चिंताजनक हो गई है। भारत में इसके विपरीत हालात संतोषजनक हैं, संक्रमण के नए मामलों और उससे होने वाली मौतों की संख्या में कमी आ रही है। किसी भी तरह की ढिलाई के प्रति आगाह करते हुए पॉल ने कहा कि मृत्यु दर घट रही है और यह 400 प्रति दिन से कम रह गयी है। नये मामले भी घटकर दिन में 22,000 रह गए हैं। ऐसी संख्या हमने जुलाई में देखी थी। इसलिए यह बेहतर स्थिति है। देश के रूप में हम बेहतर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जीवन रक्षा कर रहे हैं। लेकिन याद रखें कि इसे हल्के में ना लें। देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी संक्रमण के प्रति 'अतिसंवेदनशील' है। हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खुश होना चाहिए, लेकिन सतर्कता के साथ प्रसन्न होना चाहिए। दिल्ली में हालात में सुधार होने की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि 'हम दिल्ली सरकार और अन्य सरकारों को भी बधाई देते हैं जिन्होंने हाल ही में महामारी को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पॉल ने हालांकि उत्तराखंड, नगालैंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कोविड-19 की स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि स्थानीय सरकारों की मदद से महामारी को नियंत्रित करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## वैक्सीनेटर्स का...

इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर में बैठक आहूत कर कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तय करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ चिकित्सक कोविड वॉर्ड में नियमित राउण्ड लें, इससे मरीजों को बेहतर उपचार सुलभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्बुलेंस सेवा को सुदृढ़ बनाया जाए। इसके लिए एम्बुलेंस सेवा को जनपद अथवा मण्डल स्तर पर विकेन्द्रीकृत करने के सम्बन्ध में विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में कोविड19 की वैक्सीन की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए वैक्सीनेटर्स का प्रशिक्षण कार्य पूरी तेजी से संचालित किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

## किसानों के...

को उनका अनाज कहीं पर भी बेचने का विकल्प दिया जाए। मोदी ने कहा कि आज जो लोग विपक्ष में बैठकर किसानों को भ्रमित कर रहे हैं, वह भी अपनी सरकार के समय इन कृषि सुधारों के समर्थन में थे। लेकिन अपनी सरकार के रहते वे निर्णय नहीं ले पाए। किसानों को झूठे दिलासे देते रहे। उन्होंने कहा, मैं अपने किसान भाइयों बहनों को बार-बार दोहराता हूं। उनकी हर शंका के समाधान के लिए सरकार 24 घंटे तैयार है। किसानों का हित पहले दिन से हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रहा है। खेती में किसानों का खर्च कम हो, उनकी आय बढ़े और मुश्किलें कम हों, नए विकल्प मिलें इसके लिए हमने निरंतर काम किया है। प्रधानमंत्री ने हाल के दिनों में आए चुनाव नतीजों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सरकार की ईमानदार नीयत और ईमानदार प्रयास को करीब-करीब पूरे देश ने आशीर्वाद दिया है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा, किसानों के आशीर्वाद की ताकत से... जो भ्रम फैलाने वाले लोग हैं, जो राजनीति करने पर तुले हुए लोग हैं, जो किसानों के कंधे पर बंदूकें फोड़ रहे हैं... देश के सारे जागरूक किसान, उनको भी परास्त करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने लोगों से सवाल किया कि क्या कोई डेयरी वाला उनसे दूध लेने का कॉन्ट्रेक्ट करता है तो क्या वह उनके गाय, भैंस ले जाता है या कोई फल और सब्जी का उद्यम करता है तो वह उनकी जमीन ले जाता है। उन्होंने कहा देश में डेयरी उद्योग का योगदान कृषि अर्थव्यवस्था के कुल मूल्य में 25 प्रतिशत से भी ज्यादा है। यह योगदान करीब आठ लाख करोड़ रुपए का होता है। दूध उत्पादन का कुल मूल्य अनाज और दाल के कुल मूल्य से भी ज्यादा होता है। इस व्यवस्था में पशुपालकों को आजादी मिली हुई है। उन्होंने कहा, आज देश पूछ रहा है कि ऐसी आजादी अनाज और दाल पैदा करने वाले छोटे और सीमांत किसानों को क्यों नहीं मिलनी चाहिए? प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में खेती की परंपरा को आधुनिकता से जोड़ा गया है और फसलों की विविधता पर फोकस किया गया। उन्होंने कहा, कच्छ सहित गुजरात में किसान ज्यादा मांग वाली फसलों की तरफ मुड़ गए। सिर्फ 1.5 दशक में गुजरात में कृषि उत्पादन में 1.5 गुना से ज्यादा वृद्धि हुई है।

## इंडो-पैसिफिक...

है। भारत-प्रशांत क्षेत्र हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर सहित पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागर तक फैला हैं। हाल ही में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाओं ने भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीन ने कहा कि क्वैड गठबंधन सैन्यकरण हो रहा है और यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में चुनौती खड़ी रहा है। जयशंकर और राब ने द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिति, इंडो-पैसिफिक के विकास और मध्य-पूर्व के घटनाक्रम की भी समीक्षा की। यह वार्ता करीब चार घंटे चली। जयशंकर ने कहा कि हाल के वर्षों में वैश्विक राजनीति में बहुत बड़े बदलाव हुए हैं। हमारा मानना है कि एक साथ मिलकर समान हितों के लिए बेहतर तरीके से काम किया जा सकता है। राब भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं।

## किसानों के...

में आने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इन कानूनों का देश भर के विभिन्न राज्यों में स्वागत किया गया है। बयान के मुताबिक तोमर ने कहा, 'सरकार वास्तविक कृषि यूनियनों के साथ बातचीत जारी रखने के लिए तैयार है और खुले दिमाग के साथ समाधान खोजने को तैयार है।' बीकेयू (किसान) के नेताओं की ओर से कृषि मंत्री को दिए गए सुझावों में विवाद की स्थिति में किसानों को दीवानी अदालतों में जाने का विकल्प दिए जाने की मांग, पंचायत के मुखिया को मंडी के प्रमुख के समान ही महत्व दिया जाना, जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाना तथा बिजली की दरों को कम किया जाना शामिल है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि खरीद केंद्रों पर फसलों के लिए मानक तय किए जाने चाहियें ताकि किसानों को उपज बेचने में कोई परेशानी न हो। बैठक के बाद, बीकेयू (किसान) के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, 'मंत्री ने कानूनों के बारे में विस्तार से बताया और हमें एहसास हुआ कि कानून वास्तव में अच्छे हैं। हमें कुछ संदेह थे, उन्होंने उन सभी को साफ कर दिया। ... मंत्री ने कहा कि हमारी मांगों पर वह गौर करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि यूनियन ने अपने विरोध प्रदर्शन को खत्म करने का फैसला किया है, जिसे वह उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर आयोजित कर रहा था। उन्होंने कहा कि अगर यूनियन की मांग पूरी नहीं हुई तो वे फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### बेहतर नतीजे हासिल करने पर काम कर रहा हूं: आदिल

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी आदिल खान ने अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और डिफेंडर संदेश झिंगन की तारीफ करते हुए कहा की दोनों ने भारतीय रक्षापंक्ति को मजबूत बनाने मे काफी योगदान दिया की है। वह भाग्यशाली है कि रक्षापंक्ति मे उनका साथ देने के लिए संदेश और गुरप्रीत जैसे खिलाड़ी मौजूद है।

### श्रीसंत को केरल की संभावित खिलाड़ियों में मिली जगह

**तिरुवनंतपुरम।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के लिए केरल के 26 खिलाड़ियों की सूची मे शामिल किया गया है जो लंबे समय के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के करीब पहुंच गए है। श्रीसंत को आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) मे मैच फिक्सिंग मामले मे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्रतिबंधित कर दिया दिया था।

### युवराज पंजाब के संभावित खिलाड़ियों में

**नई दिल्ली।** विश्व कप विजेता भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह संन्यास का फैसला बदलकर फिर घरेलू क्रिकेट खेलने की राह पर है। उन्हे अगले महीने होने वाले सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट मे पंजाब के 30 संभावित खिलाड़ियो मे शामिल किया गया है। विश्व कप 2011 के प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे युवराज ने पिछले साल जून में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन पंजाब क्रिकेट संघ के सचिव पुनीत बाली के अनुरोध पर अपने प्रदेश के लिए खेलने को तैयार हो गए।

### तोक्यो ओलंपिक की टॉर्च रिले तीन महीने बाद

**तोक्यो।** तोक्यो ओलंपिक की टॉर्च रिले शुरू होने मे करीब तीन महीने ही रह गए है और सवाल अब भी वही है कि कोरोना महामारी के बीच इसका सफल और सुरक्षित आयोजन कैसे कराया जाए। आयोजकों ने मंगलवार को कहा कि रिले 25 मार्च को फुकुशिमा से शुरू होगी। नौ महीने पहले जब महामारी के कारण ओलंपिक स्थगित किए गए, तब भी रिले यही से शुरू होनी थी। जापान के तटवर्ती इलाके मे स्थित यह शहर दस साल पहले भूकंप और सुनामी में तबाह हो गया था। इसके बाद परमाणु संयंत्रो से रिसाव की त्रासदी भी इसने झेली।

### हैदराबाद ने भी ईस्ट बंगाल को हराया

**मडगांव।** हैदराबाद एफसी ने शुरू मे पिछड़ने के बाद कप्तान एरिडेन सांटाना के एक मिनट के अंदर किए गए दो गोल की मदद से शानदार वापसी करके मंगलवार को यहां हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मे एससी ईस्ट बंगाल को 3-2 से पराजित किया। इस जीत से हैदराबाद 11 टीमों की तालिका में पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। उसके अब नौ अंक हो गए है। ईस्ट बंगाल की यह चौथी हार है और वह एक अंक के साथ सबसे निचली पायदान पर बना हुआ है।

# टीम संयोजन पर अभी कोई फैसला नहीं : रहाणे

## ईशांत की कमी खलेगी

**भाषा।** एडीलेड



भारतीय उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने मंगलवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम को तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की कमी खलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरूवार से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट में टीम संयोजन को लेकर सवालों का जवाब नहीं दिया। कप्तान विराट कोहली के पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौटने के बाद रहाणे बाकी तीन टेस्ट में कप्तानी कर सकते हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद की बढी हुई रफ्तार से गेंदबाजों के सामने आने वाली चुनौती पर भी बात की।

रहाणे ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमारे पास मजबूत आक्रमण है लेकिन हमें ईशांत की कमी खलेगी। वह सबसे सीनियर तेज गेंदबाज है। ईशांत को आईपीएल के दौरान पसली में चोट लगी थी। रहाणे ने हालांकि यकीन जताया कि ईशांत की गैर मौजूदगी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की अगुवाई में तेज गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मेश , सैनी, सिराज , बुमराह और शमी सभी अच्छे गेंदबाज हैं और उनके पास अनुभव भी है। उन्हें पता है कि यहां कैसी गेंदबाजी करनी है। यह नई श्रृंखला है जो गुलाबी गेंद से शुरू होगी। लय हासिल करना जरूरी है। मेरा मानना है कि हमारे गेंदबाज 20 विकेट ले सकते हैं। सलामी जोड़ी के बारे में पूछने पर रहाणे ने कहा कि मैच की पूर्व संध्या पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। भारत के पास मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव, शुभमन गिल और केएल राहुल के विकल्प हैं।वहीं विकेटकीपिंग के लिए ऋषभ पंत और रिधिमान साहा के विकल्प हैं। अभी टीम संयोजन तय नहीं हुआ है।कल हम बैठक करेंगे और उसके बाद एक और दिन और अभ्यास सत्र है। इस पर तब बात की जाएगी। सभी समान रूप से प्रतिभाशाली है और सभी हमारे लिए मैच जीतने का माद्दा रखते हैं। यह खिलाड़ियों पर भरोसा रखने की बात है। उन्होंने इस बारे में भी कोई ठोस जवाब नहीं दिया कि सीनियर स्पिनर आर अश्विन की क्या भूमिका होगी लेकिन कहा कि पहले टेस्ट में उनका हरफनमौला कौशल काफी काम आएगा। अश्विन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।वह अनुभवी गेंदबाज है और उसके पास विविधता है। बतौर गेंदबाज और बल्लेबाज उसकी भूमिका काफी अहम है। गुलाबी गेंद से टेस्ट में दिन ढलने के दौरान का सत्र काफी अहम होता है और उस पर काफी तैयारी की जा रही है।

### कोहली के लिए खास रणनीति बनाएंगे : लैंगर

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में विराट कोहली के खिलाफ खास रणनीति लेकर उतरेगी। कोहली चार मैचो की श्रृंखला का पहला ही मैच खेलेंगे। इसके बाद वह पितृत्व अवकाश पर स्वदेश रवाना हो जाएंगे। वह महान खिलाड़ी और उतना ही शानदार कप्तान है। मै उसका काफी सम्मान करता हूं लेकिन उसके लिए खास रणनीति बनानी होगी। हमे पता है कि बतौर कप्तान और बल्लेबाज वह भारतीय टीम के लिए कितना महत्वपूर्ण है। रणनीति पर अमल करना भी उतना ही जरूरी है। उसे रन बनाने से रोकना होगा। आखिर में तो वह बल्ले से ही सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ सकता है। अब तक हम उसे काफी समझ और देख चुके है और वह भी हमे। उनकी टीम तकनीक पर फोकस करेगी और जबर्दस्ती कोहली से भिड़ने की बजाय उसे आउट करने के तरीके तलाशेगी।

### गावस्कर ने पंत को साहा पर, गिल को साव पर तरजीह दी



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे विकेटकीपर के तौर पर रिधिमान साहा की जगह आक्रामक ऋषभ पंत को उतारना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 10000 रन पूरे करने वाले गावस्कर ने कहा कि पहले टेस्ट में पंत भारतीय बल्लेबाजी क्रम को लचीलापन देगा। पंत ने गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे अभ्यास मैच में 73 गेंद में 103 रन बनाए थे। चयन समिति के लिए यह काफी कठिन होगा क्योंकि ऋषभ ने चार साल पहले चारों टेस्ट खेले थे। उसने एक शतक भी बनाया था और विकेट के पीछे भी अच्छा प्रदर्शन रहा था। कुछ दिन पहले ही उसने शतक जमाया है तो वह प्रबंधन की पसंद होना चाहिए। विकेटकीपिंग में तकनीकी तौर पर अधिक सक्षम साहा की बजाय वह पंत को तरजीह देंगे क्योंकि आस्ट्रेलियाई पिचे विकेटकीपिंग के लिए चुनौतीपूर्ण नही है। जिन पिचो पर गेंद टर्न लेती है , वहां सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर की जरूरत होती है और ऐसे मे साहा पहली पसंद होते। लेकिन यहां विकेटकीपर स्टम्प के थोड़ा पीछे रह सकता है और उसके पास अधिक समय होगा तो ऋषभ सही पसंद होंगे।

### भारत के लिए पूरी तरह से फिट बुमराह बेहद महत्वपूर्ण : बॉर्डर

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर का मानना है कि आगामी चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे अगर भारत जीत दर्ज करता है तो इसमे पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह की भूमिका अहम होगी। स्वयं को बुमराह का बड़ा प्रशंसक बताते हुए बॉर्डर ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ मे दोनो टीमो के बीच अंतर पैदा करने की क्षमता है। श्रृंखला गुरुवार से एडीलेड मे शुरू होगी। मै बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। अगर वह खुद को फिट रखता है। हम उस खिलाड़ी के बारे मे बात कर रहे है जो आपके लिए मैच जीत सकता है। मै उसको लेकर थोड़ा चिंतित हूं क्योंकि हमारी पिचो पर थोड़ी उछाल और मूवमेंट मिलता है। भारत की जीत के लिए, मुझे बुमराह की चिंता है। अगर वह पिछली बार की तरह गेंदबाजी करता है, महत्वपूर्ण विकेट हासिल करता है तो मेरा मानना है कि वह वास्तविक अंतर पैदा कर सकता है।

# स्मिथ ने नहीं किया अभ्यास



**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कमर में सूजन के कारण मंगलवार को महत्वपूर्ण अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। आस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है। स्मिथ ने करीब दस मिनट अपने साथी खिलाडियों के साथ वार्म अप किया जिसमें कुछ स्ट्रेचिंग व्यायाम शामिल थे। उसके बाद फुटबॉल सत्र में भाग नहीं लिया और सीधे ड्रेसिंग रूम चले गए। गेंद उठाते समय उनकी कमर मुड़ गई थी। टीम फिजियो डेविड बीकले भी उनके साथ ड्रेसिंग रूम की तरफ गए।

### वार्नर की गैरमौजूदगी में अनुभव प्रदान करेंगे बर्न्स: लेहमन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच डेरेन लेहमन ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स का समर्थन करते हुए कहा कि डेविड वार्नर की गैरमौजूदगी में वह अनुभव प्रदान करेंगे। लेहमन ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा , जो बर्न्स के बारे में अच्छी बात यह है कि जब वह लय में होता है तो वह शतकीय (या बड़ी) पारी खेलते है।

### मैं पहले टेस्ट में जो बर्न्स को चुनूंगा : पोंटिंग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग चाहते हैं कि टीम प्रबंधन भारत के खिलाफ गुरूवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे जो बर्न्स पर भरोसा जताए। बर्न्स पिछली नौ प्रथम श्रेणी पारियों में 62 रन ही बना सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा। उन्होंने दो अभ्यास मैचों में 4 , 0 , 0 ,1 रन बनाए। पोंटिंग ने चैनल सेवन से कहा , मैं जो बर्न्स को चुनूंगा। मैने सुना है कि लोग कह रहे हैं कि उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन मैं उस पर विश्वास करूंगा।

### शुरूआती टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया की तुलना में भारतीय टीम बेहतर स्थिति में : ईशा गुहा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज ईशा गुहा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है क्योंकि घरेलू टीम अब भी सलामी जोड़ी का सही संयोजन ढूंढ रही है। इंग्लैंड के लिए 113 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली ईशा ने कहा कि 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरु होने वाले टेस्ट मैच में खराब फार्म में चल रहे जो बर्न्स, मार्कस हैरिस के जोड़ीदार के रूप में नहीं उतरेंगे।

### बिना चुनौती दिए घुटने टेक देते हैं गेंदबाज : वॉर्न

**मेलबर्न।** क्रिकेट में बल्लेबाजों के बढते दबाव के तर्क को खारिज करते हुए महान स्पिनर शेन वॉर्न ने मौजूदा गेंदबाजों में अपने कौशल को निखारने , नई पहल करने और चुनौती का डटकर सामना करने की इच्छाशक्ति के अभाव पर निराशा जताई। वार्न का हालांकि मानना है कि गेंदबाज ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को चुनौती दी जा सके।

### कप्तानों की रणनीति की होगी परीक्षा : कमिंस

**एडीलेड।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का मानना है कि भाारत के खिलाफ पहले टेस्ट में कप्तानों के रणनीतिक कौशल की असल परीक्षा होगी क्योंकि गुलाबी गेंद की रफ्तार दूधिया रोशनी में अलग होती है। आस्ट्रेलिया ने अभी तक दिन रात के चार मैच जीते हैं जो न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए।

### कनकशन प्रोटोकॉल पूरा करने पर एडीलेड मैं खेलेंगे ग्रीन : लैंगर



**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि कनकशन (सिर में चोट) संबंधी प्रोटोकॉल पूरे करने पर ही प्रतिभाशाली हरफनमौला कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ पहला टेस्ट खेल सकेंगे। लैंगर ने इस बात से इनकार नहीं किया कि ग्रीन के फिट नहीं होने पर जो बर्न्स या मैथ्यू वेड को उतारा जा सकता है।

### प्रायश्चित्त कर चुके स्मिथ, मिलनी चाहिए कप्तानी : मार्क

**मेलबर्न।** पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ का मानना है कि गेंद से छेड़खानी प्रकरण में अपनी भूमिका के लिए स्टीव स्मिथ प्रायश्चित्त कर चुके हैं और टिम पेन के संन्यास के बाद उन्हें आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कप्तानी फिर मिलनी चाहिए। स्मिथ को 2018 के गेंद से छेड़खानी मामले के बाद कप्तानी से हटा दिया गया था। उन पर एक साल का प्रतिबंध भी लगा था। भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले बहस चल रही है कि स्मिथ को फिर कप्तानी सौंपी जाए या नहीं। आरोन फिंच के चोटिल होने पर दूसरे टी20 मैच में मैथ्यू वेड को कप्तान बनाया गया था।

# पहले मैच में क्वालीफायर से खेलेगी भारती महिला टीम

**महिला विश्व कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा**

**भाषा।** दुबई

भारतीय टीम महिला एक दिवसीय विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत छह मार्च 2022 को न्यूजीलैंड के टाउरंगा में एक क्वालीफायर के खिलाफ करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 31 मैचों के टूर्नामेंट के शेड्यूल का मंगलवार को ऐलान किया। भारत को 12 और 22 मार्च को हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में भी क्वालीफायर टीमों से खेलना है। भारतीय टीम 16 मार्च को इंग्लैंड से खेलेगी जिसने उसे महिला विश्व कप 2017 के फाइनल में हराया था। वहीं आस्ट्रेलिया से 19 मार्च और दक्षिण अफ्रीका से 27 मार्च को खेलना है। विश्व कप फरवरी मार्च 2021 में होना था लेकिन कोरोना महामारी के कारण एक साल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। अब यह चार मार्च से तीन अप्रैल 2022 के बीच होगा। इसके मैच आकलैंड, टाउरंगा, हैमिल्टन, वेलिंगटन, क्राइस्टचर्च और डुनेडिन में खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान मिताली राज ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा , हम सभी ने इस साल काफी कठिनाई देखी और अब मैदान पर वापसी के मौके से काफी खुश हैं। भारत ने पिछले तीन चार साल में आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम 2022 में यह टूर्नामेंट जीत सके तो अगली पीढी की लड़कियों के लिए काफी प्रेरणास्पद होगा। टीम और मैं इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में खेले जाएंगे।फाइनल तीन अप्रैल को क्राइस्टचर्च में दूधिया रोशनी में होगा। भारत के अलावा न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्वालीफाई कर चुके हैं। बाकी तीन टीमें आईसीसी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से आएंगी जो अगले साल श्रीलंका में 26 जून से 10 जुलाई के बीच खेला जाएगा। आईसीसी सीईओ मनु साहनी ने कहा , इस टूर्नामेंट से युवाओं की एक पूरी पीढी को क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिलेगी। टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि 55 लाख डॉलर है जो पिछली बार की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक और 2013 से सौ फीसदी अधिक है। सभी मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

# कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे

**पुजारा और रहाणे भी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में**

**भाषा।** दुबई



भारतीय कप्तान विराट कोहली मंगलवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि चेतेश्वर पुजारा सातवें और अजिंक्य रहाणे दसवें स्थान पर हैं।

कोहली 886 रेटिंग अंकों के साथ भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं लेकिन वह आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (911 अंक) से पीछे हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके बाद आस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन, पाकिस्तान के बाबर आजम और चोटिल डेविड वार्नर का नंबर आता है। पुजारा 766 अंक के साथ इस सूची में सातवें स्थान पर हैं। उनके बाद बेन स्टोक्स (760), जो रूट (738) और भारतीय टेस्ट उप कप्तान रहाणे (726) शीर्ष दस में शामिल बल्लेबाज हैं। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह (779 अंक) और अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (756) गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमश: आठवें और दसवें स्थान पर है। इस सूची में आस्ट्रेलिया के पैट कमिन्स (904) शीर्ष पर हैं। उनके बाद इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड और न्यूजीलैंड के नील वैगनर का नंबर आता है।

भारत के दो खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और अश्विन आलराउंडरों की सूची में शीर्ष दस में शामिल हैं। स्टोक्स इस सूची में शीर्ष पर हैं। जडेजा 397 रेटिंग अंकों के साथ वेस्टइंडीज के जैसन होल्डर के बाद तीसरे स्थान पर है जबकि अश्विन के 281 अंक हैं और वह छठे स्थान पर हैं। टीमों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत अभी तीसरे स्थान पर है क्योंकि न्यूजीलैंड हाल में वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत से दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत के 114 अंक हैं और वह न्यूजीलैंड और तालिका में शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया से दो अंक पीछे है। आस्ट्रेलिया दशमलव में गणना करने के बाद न्यूजीलैंड से आगे है। इंग्लैंड चौथे स्थान पर है। उसके बाद श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे का नंबर आता है। भारत के पास हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में गुरुवार से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के जरिए आगे बढ़ने का मौका रहेगा।

# निर्यात नवंबर महीने में 8.74 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा कम होकर 9.87 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात नवंबर महीने में 8.74 प्रतिशत घटकर 23.52 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से पेट्रोलियम, इंजीनियरिंग, रसायन और रत्न एवं आभूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों के निर्यात में गिरावट से कुल निर्यात घटा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी 13.32 प्रतिशत घटकर 33.39 अरब डॉलर रह गया। इससे व्यापार घाटा कम होकर 9.87 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 17.76 प्रतिशत घटकर 173.66 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 33.55 प्रतिशत कम होकर 215.69 अरब डॉलर रह गया।

### सरकार ने जीएसटी मुनाफाखोरी-रोधी जांच को पूरा करने की समय सीमा मार्च, 2021 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मुनाफाखारी रोधी जांच को पूरा करने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 कर दी है। पहले यह जांच इस साल नवंबर तक पूरी होनी थी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना के जरिए जीएसटी कानून की धारा 171 के तहत डीजीएपी जैसे प्राधिकरणों द्वारा इस तरह की जांचों को पूरा करने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 कर दी है। इससे पहले सितंबर में सीबीआईसी ने इस समयसीमा को बढ़ाकर 30 नवंबर, 2020 किया था। जीएसटी कानून की धारा 171 मुनाफाखोरी रोधी उपायों से संबंधित है।

### दिवाली में खादी, ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि: एमएसएमई मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय वस्तुओं को खरीदने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान - वोकल फॉर लोकल पर इस बार दीवाली के मौसम में खादी और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों सहित स्थानीय वस्तुओं की बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इन उत्पादों की बिक्री में पिछले साल दिवाली के मुकाबले इस साल दिवाली के मौसम में करीब 300 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### ग्राहक अब ऐप डाकपे के जरिए कर सकेंगे लेनदेन

**नई दिल्ली।** डाक विभाग (भारतीय डाक) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के उपभोक्ता अब ऐप डाकपे के जरिए बैंकिंग सेवाओं का परिचालन कर सकते हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को इस ऐप की शुरूआत की। डाकपे देशभर में भारतीय डाक और आईपीपीबी द्वारा डाक नेटवर्क के जरिए प्रदान की जाने वाली डिजिटल वित्त और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### आंदोलन से रोजाना 3,500 करोड़ का नुकसान: एसोचैम

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल एसोचैम ने मंगलवार को कहा कि किसानों के आंदोलन की वजह से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंच रही है। एसोचैम ने केंद्र और किसान संगठनों से नए कृषि कानूनों को लेकर जारी गतिरोध को जल्द दूर करने का आग्रह किया है।

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे

**● सेंसेक्स, निफ्टी नई ऊंचाई पर**

**भाषा।** मुंबई







वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को वित्त और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट से उबर गए और कारोबार की समाप्ति पर मामूली बढ़त के साथ नए उच्चस्तर पर बंद हुए। वित्तीय और धातु कंपनियों के शेयरों में लाभ से एफएमसीजी और चुनिंदा बैंकों के शेयरों में मुनाफावसूली की भरपाई हो गई और बाजार लाभ के साथ बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट से बाजार धारणा प्रभावित हुई, लेकिन विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से निवेशकों का उत्साह बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरकर अंत में 9.71 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,263.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका अब तक का सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्च स्तर है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 9.70 अंक यानी 0.05 प्रतिशत के लाभ से 13,567.85 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 4.69 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, हांगकांग के हैंगसेंग और जापान के निक्की में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में दिखे। शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एशियाई बाजारों के कमजोर रुख से भारतीय बाजार भी गिरावट के साथ खुले। हालांकि, यूरोपीय बाजारों की सकारात्मक शुरुआत से यहां भी धारणा में सुधार आया। नायर ने कहा कि बाजार अभी काफी हद तक विदेशी कोषों के प्रवाह पर निर्भर कर रहा है और एफओएमसी की नीतिगत बैठक पर उसकी नजर है। बैठक के नतीजे कल आएंगे। इस सप्ताह अमेरिकी प्रोत्साहन पैकेज को भी अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

### एसएंडपी ने भारत के वृद्धि अनुमान में सुधार किया, ऋणात्मक 7.7 प्रतिशत रह सकती है वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर ऋणात्मक नौ प्रतिशत से ऋणात्मक 7.7 प्रतिशत कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने अर्थव्यवस्था मे बढ़ती मांग और कोविड-19 संक्रमण दर मे कमी के चलते अपने अनुमान को संशोधित किया है। एसएंडपी ने एक बयान में कहा, बढ़ती मांग और गिरती संक्रमण दरों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड के प्रकोप के हमारे अनुमान को बदल दिया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने मार्च 2021 मे समाप्त होने वाली वित्त वर्ष के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि को नकारात्मक नौ प्रतिशत से संशोधित करते हुए नकारात्मक 7.7 प्रतिशत कर दिया है।

### वर्ष 2021 के अंत तक 50,500अंक पर पहुंचेगा सेंसेक्स: रिपोर्ट

**मुंबई।** वास्तविक अर्थव्यवस्था और शेयर बाजारो की चाल के बीच किसी तरह का तालमेल नही होने को लेकर सवाल उठते रहते है। इसके बावजूद फ्रांस की ब्रोकरेज कंपनी बीएनपी परिबा को भारतीय शेयर बाजारो को लेकर काफी उम्मीदे है। बीएनपी परिबा ने मंगलवार को कहा कि बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2021 के अंत तक करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 50,500 अंक पर पहुंच जाएगा। भारत मे बड़ा और बड़ा हो रहा है और इससे शेयर बाजार को भी मदद मिल रही है। हालांकि, बीएनपी परिबा का मानना है कि भारत की शहरी आय मे कमी, लगातार ऊंची मुद्रास्फीति तथा बैको के बही-खातों की सवालिया गुणवत्ता देश के लिए चिंता का विषय है।

### सिंधिया स्कूल नंबर 1 बॉयज बोर्डिंग स्कूल बना

**नई दिल्ली।** द सिंधिया स्कूल ग्वालियर 123 वर्ष पुराना लड़कों का बोर्डिंग स्कूल है। इसने वर्ष 2020-21 के लिए एनुअल एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल ईडब्ल्यूआईएसआर रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल किया है। ईडब्ल्यूआईएसआर की रैंकिंग दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी रैंकिंग है। द सिंधिया स्कूल को लगातार दूसरे साल भारत में बेस्ट बॉयज बोर्डिंग स्कूल की रैंकिंग दी गई है। पिछले वर्ष 2019-20 में द सिंधिया स्कूल ने एक अन्य स्कूल के साथ टॉप रैंक को साझा किया था लेकिन इस साल यह निर्विवाद रूप से रुनंबर 1 बनकर उभरा है। यहां विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि सिंधिया स्कूल ने न केवल ओवरऑल रैंकिंग में टॉप किया है बल्कि इस पूरे सर्वे का हिस्सा रहे चार अन्य पैमानों पर भी स्कूल को बेस्ट नंबर 1 की रैंकिंग दी गई।

### एसबीआई-बीपीसीएल ने संयुक्त रूप से जारी किया क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड ने मंगलवार को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) के साथ मिलकर बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन जारी करने की घोषणा की। इसके तहत उन ग्राहकों को अधिकतम बचत की पेशकश की गई है जो ईंधन खरीदारी में बड़ी राशि खर्च करते है।

### जुकरबर्ग ने भारत को बेहद खास देश बताया

**नई दिल्ली।** फेसबुक के सह-संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने मंगलवार को कहा कि भारत एक बेहद खास और महत्वपूर्ण देश है, जहां की उद्यमिता संस्कृति अपने आप में विलक्षण है।

### रैट ने सेबी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लगाए गए छह करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी है।

### भारत में लगातार बढ़ रहा है एफडीआई : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने वाली नीतियों के चलते प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लगातार बढ़ रहा है। अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान एफडीआई 13 प्रतिशत बढ़कर लगभग 40 अरब अमरीकी डालर हो गया।उन्होंने सीआईआई के पार्टनरशिप समिट 2020 में कहा, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है। इस साल के पहले नौ महीनों में कोविड-19 महामारी के बाजवूद हमारा एफडीआई बढ़ा है और आज हमारी एफडीआई नीति दुनिया में सबसे सुविधाजनक और अनुकूल नीतियों में एक है। गोयल ने कहा कि लगभग सभी क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के जरिए 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है।

### दो दशकों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होंगे: अंबानी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे धनी व्यक्ति मुकेश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि भारत अगले दो दशकों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में एक होगा, और इस दौरान प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हो जाएगी। उन्होंने फेसबुक के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग के साथ एक बातचीत में कहा कि भारत का मध्यवर्ग, जो देश के कुल परिवारों का करीब 50 प्रतिशत है, प्रति वर्ष तीन से चार प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख अंबानी ने कहा, मेरा मानना है कि अगले दो दशकों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा।

# कोविड-19 महामारी की वजह से घटी परिवारों की बचत : सर्वे

**भाषा।** नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी की वजह से परिवारों की बचत में गिरावट आई है। एक सर्वे में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने कहा है कि महामारी की वजह से उनकी बचत कम हुई है। सर्वे में कहा गया है कि नौकरी छूटना, वेतन कटौती या भुगतान में देरी जैसी वजहों से परिवारों की बचत प्रभावित हुई है।

लोकलसर्किल्स के उपभोक्ताओं के रुख पर छमाही सर्वे में कहा गया है कि महामारी के अब नौ माह हो गए हैं। बड़ी संख्या में उपभोक्ता रोजगार गंवाने और वेतन कटौती की वजह से अपनी वित्तीय स्थिति में आई गिरावट से उबर नहीं पाए हैं। सर्वे में शामिल 8,240 लोगों में से 68 प्रतिशत ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से पिछले आठ माह में उनकी बचत घटी है। यह सर्वे त्योहारी सीजन के दौरान उपभोक्ताओं के खर्च के रुख, अगले चार माह के लिए खर्च की योजना, परिवार की आमदनी को लेकर उम्मीद तथा मार्च तक बचत की स्थिति के आकलन के लिए किया गया है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे गिरकर 73.63 रुपए प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारो मे तेजी की रफ्तार धीमी पड़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया आठ पैसे गिरकर 73.63 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे सुबह रुपया, प्रति डालर 73.62 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 73.59 के दिन के उच्च स्तर और 73.67 रुपए के निम्नतम स्तर को छूने के बाद अंत में पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे घटकर 73.63 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपए की विनिमय दर नौ पैसे बढ़कर 73.55 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।



काबुल में हुए भीषण बम बिस्फोट के बाद मौके पर सुरक्षाबल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए

# अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में बाइडन के नाम की पुष्टि

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निर्वाचन मंडल ने जो बाइडन को देश के राष्ट्रपति और भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद के लिए बहुमत देकर उनकी जीत की औपचारिक पुष्टि कर दी, जिसके बाद बाइडन ने कहा कि अब एकजुट होने, जख्मों को भरने और पन्ना पलटने का समय आ गया है।

इसके साथ ही निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस कानूनी लड़ाई को विराम लग गया, जिसमें चुनाव में व्यापक स्तर पर धोखाधड़ी होने का आरोप लगाया गया था।

कानून के अनुसार, निर्वाचन मंडल की बैठक दिसंबर के दूसरे बुधवार के बाद आने वाले पहले सोमवार को होती है। इस दिन सभी 50 राज्यों और डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया के निर्वाचक अपना मत डालने के लिए बैठक करते हैं। राष्ट्रपति पद का चुनाव तीन नवंबर को हुआ था।बाइडन ने 538 सदस्ईय निर्वाचन मंडल के 270 से अधिक मत हासिल करके बहुमत हासिल कर लिया।

हालांकि निर्वाचन मंडल की बैठक मात्र औपचारिकता होती है, लेकिन यह बैठक इस साल पहले की तुलना में अधिक चर्चा में रही, क्योंकि देश के मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया और चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। बाइडन ने कहा कि अमेरिका के लोकतंत्र की परीक्षा ली गई और उसे खतरा पैदा किया गया, लेकिन देश का लोकतंत्र सच्चा और मजबूत साबित हुआ। बाइडन ने कहा, देश में बहुत समय पहले ही लोकतंत्र की मशाल जल चुकी थी और अब हम जान चुके हैं कि लोकतंत्र की इस मशाल को कोई वैश्विक महामारी या सत्ता का



दुरुपयोग बुझा नहीं सकता।

उन्होंने कहा, अमेरिका की आत्मा के लिए हुई लड़ाई में लोकतंत्र की जीत हुई। लोगों ने मतदान किया। हमारे संस्थानों में विश्वास कायम रहा। हमारे चुनावों की अखंडता बरकरार रही और इसलिए अब पन्ना पलटने का समय आ गया है। अब एकजुट होने, जख्मों को भरने का समय आ गया है। बाइडन ने कहा, मैंने और उपराष्ट्रपति हैरिस ने निर्वाचन मंडल के 306 मत हासिल किए, जो जीत हासिल करने के लिए आवश्यक 270 मतों से बहुत अधिक है। ट्रंप और माइक पेंस को भी 2016 में इतने ही मत मिले थे। उस समय राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया था। उनके स्वयं के मानकों के अनुसार, यह संख्या स्पष्ट जीत दर्शाती है।

बाइडन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रंप की कार्वाई ने अमेरिका के मूल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना की और इससे सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण भी प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका के दिशा निर्देशक सिद्धांत हमेशा अक्षुण्ण बने रहेंगे।बाइडन ने कहा, अमेरिका में जनता का शासन होता है और जनता ही किसी नेता को सत्ता की बागडोर संभालने का अधिकार देती है।

## लोकतंत्र कायम रहा, सच की जीत हुईः बाइडेन

**एपी।** विलमिंगटन (अमेरिका),

● अमेरिकी लोगों के दिलों में यह बात गहराई से बैठी है कि लोकतंत्र बरकरार रहा है, बाइडन ने कहा सच की जीत हुई

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने निर्वाचक मंडल द्वारा उनकी जीत पर मुहर लगाने के बाद अमेरिका के लोगों से कहा कि देश में लोकतंत्र बरकरार रहा।

उन्होंने कहा कि देश को दिशा निर्देशित करने वाले सिद्धांतों की अवहेलना का प्रयास किया गया लेकिन यह कमजोर नहीं पड़ा। डेलावेयर के विलमिंगटन में बाइडन ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान के आरोपों-प्रत्यारोपों और निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपनी हार नहीं स्वीकारने को भूलकर अब अमेरिकी लोगों की सेवा करने का वक्त है। उन्होंने कहा, पहले जो नहीं जानते थे , अब वे भी इससे वाकिफ हैं। अमेरिकी लोगों के दिलों में यह बात गहराई से बैठी है कि लोकतंत्र बरकरार रहा है। बाइडन ने कहा, सच की जीत हुई। आपके मतों की गणना हुई और आपके द्वारा चुने हुए नेता ही देश का नेतृत्व करेंगे। बाइडन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप की कार्वाई ने अमेरिका के मूल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना की, यहां तक कि सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण भी प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका को दिशा निर्देशित करने वाले सिद्धांत हमेशा अक्षुण्ण बने रहेंगे।बाइडन ने कहा, अमेरिका में जनता का शासन होता है और जनता ही किसी नेता को सत्ता की बागडोर संभालने का अधिकार देती है। अब हम जान चुके हैं कि सत्ता का दुरुपयोग करने वाले लोकतंत्र की रोशनी को बुझा नहीं सकते हैं।


## एस्वातिनी के प्रधानमंत्री एम्ब्रोस डलामिनी का कोविड-19 से निधन

**जोहानिसबर्ग।** कोरोना वायरस से संक्रमित एस्वातिनी के प्रधानमंत्री एम्ब्रोस डलामिनी का निधन हो गया है। वह 52 वर्ष के थे। डलामिनी को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के करीब एक पखवाड़े बाद बेहतर इलाज के लिए एक दिसम्बर को दक्षिण अफ्रीका लाया गया था। एस्वातिनी सरकार ने डलामिनी के निधन की घोषणा की।देश के उपप्रधानमंत्री थेम्बा मासुकू ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री एम्ब्रोस डलामिनी का निधन हो गया है। दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार दोपहर को उन्होंने अंतिम सांस ली। मासुकू ने कहा कि सरकार उनके परिवार के सम्पर्क में है और उनके अंतिम संस्कार से जुड़ी जानकारी भी जल्द देश को देगी।

## कोरोना वायरस को मार सकते हैं पराबैंगनी किरणों का उत्सर्जन करने वाले एलईडी बल्ब: वैज्ञानिक

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**पराबैंगनी** (यूवी) प्रकाश उत्सर्जक डायोड (यूवी-एलईडी) कोरोना वायरस को तेजी से, आसानी से और किफायती तरीके से मारने में कारगर साबित हो सकते हैं। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। अध्ययन में कहा गया है कि इस नवोन्मेष का इस्तेमाल वातानुकूलन और जल प्रणालियों में भी किया जा सकता है। जर्नल ऑफ फोटोकेमिस्ट्री एंड फोटोबॉयोलॉजी बी: बॉयोलॉजी में प्रकाशित अनुसंधान के तहत कोरोना वायरसों के परिवार के किसी वायरस पर यूवी-एलईडी विकिरण की विभिन्न तरंगों की रोगाणुनाशन क्षमता का आकलन किया गया।



अमेरिका स्थित अमेरिकन फ्रेंड्स ऑफ तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अध्ययन की सह लेखिका हदस ममने ने कहा, पूरी दुनिया कोरोना वायरस को नष्ट करने के प्रभावी समाधान ढूंढ रही है। वैज्ञानिक ने कहा कि किसी बस, ट्रेन, खेल के मैदान या विमान को रासायनिक पदार्थों के छिड़काव से संक्रमणमुक्त करने में लोगों और रसायन को सतह पर काम करने के लिए समय की आवश्यकता होती है। ममने ने कहा, एलईडी बल्बों पर आधारित संक्रमणमुक्त करने की प्रणालियां वायु-संचरण प्रणाली एवं एयर कंडिशनर में लगाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा, हमने पाया कि पराबैंगनी किरणें उत्सर्जित करने वाले एलईडी बल्बों की मदद से कोरोना वायरस को मारना बहुत आसान है। मैंने सस्ते और आसानी से उपलब्ध एलईडी बल्बों की मदद से वायरस को मारा। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि प्रणाली को इस तरह से डिजाइन किया जाना चाहिए, ताकि व्यक्ति प्रकाश के सीधे संपर्क में न आए क्योंकि घरों के भीतर सतहों को संक्रमणमुक्त करने के लिए यूवी-एलईडी का इस्तेमाल बहुत खतरनाक होगा।

## कोविड-19 मरीजों को अस्पताल से छुट्‌टी मिलने के 10 दिनों के भीतर रहता है ज्यादा खतरा

**भाषा।** वाशिंगटन

**कोविड-19** के मरीजों के लिए अस्पताल से छुट्‌टी मिलने के डेढ़ सप्ताह तक बहुत जोखिम रहता है और मरीजों के फिर से अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु की आशंका बनी रहती है। एक नए अध्ययन में यह कहा गया है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया है कि हृदयाघात और निमोनिया के लिए अस्पताल में भर्ती किए गए मरीजों की तुलना में कोविड-19 के मरीजों के छुट्‌टी मिलने के अगले 10 दिनों में फिर से अस्पताल में आने या मृत्यु का 40 से 60 प्रतिशत तक अधिक खतरा होता है। शोध पत्रिका जामा में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि अस्पताल से छुट्‌टी मिलने के अगले 60 दिनों में फिर से अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु का खतरा उन दोनों रोगों के मरीजों की तुलना में कम हो जाता है।अध्ययन में 132 अस्पतालों में कोविड-19 के लिए भर्ती हुए करीब 2200 लोगों को छुट्‌टी मिलने के बाद उनकी स्थिति का विश्लेषण किया गया। उनकी निमोनिया के लिए भर्ती हुए 1800 मरीजों और हृदयाघात के 3500 मरीजों की स्थिति से तुलना की गई।शुरुआती दो महीने में अस्पताल से छुट्‌टी ले चुके कोविड-19 के नौ प्रतिशत मरीजों की मृत्यु हो गई और करीब 20 प्रतिशत को फिर से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अध्ययन के लेखक और अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय में महामारी विशेषज्ञ जॉन पी डूनेली ने बताया, गंभीर रूप से बीमार लोगों और कोविड-19 के मरीजों की तुलना करने पर हमें पहले से दूसरे सप्ताह में बड़ा जोखिम नजर आया। यह अवधि किसी भी मरीज के लिए खतरनाक होता है।

अध्ययन



चिली में पूर्ण सूर्यग्रहण को विशेष चश्मे से देखने का प्रयास करते लोग

## क्विक न्यूज

### सऊदी अरब में तेल के टैंकर में हुए विस्फोट में बहारी तत्व का हाथ

**दुबई ।** सऊदी अरब के तटीय शहर जेद्दा में तेल के टैंकर में हुए विस्फोट में बहारी तत्व का हाथ था। नौवहन कम्पनी ने यह जानकारी दी।कंपनी ने बताया कि बीडब्ल्यू राइन पर सोमवार सुबह हमला किया गया था। बीडब्ल्यू राइन के ऊपर सिंगापुर का ध्वज था। सऊदी अरब के ऊर्जा संबंधी बुनियादी ढांचों पर इस महीने हुआ यह चौथा हमला है। जेद्दा बंदरगाह को थोड़ी देर के लिए बंद भी किया गया।उसने बताया कि रिमोट संचालित एक बम से लैस नौका की वजह से विस्फोट हुआ, जिसका इस्तेमाल एक समय पर यमन के हुती विद्राहियों द्वारा किया जाता था।बीडब्ल्यू ग्रुप के अधीन आने वाली टैंकर कम्पनी हाईफन्ना ने कहा कि नौका पर एक बाहरी तत्व ने हमला किया। हमले से विस्फोट हुआ और नौका में आग लग गई। हमले की हालांकि अभी तक किसी ने कोई जिम्मेदारी नही ली है।

### अमेरिका के अटॉर्नी जनरल विलियम बार ने इस्तीफा दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अटॉर्नी जनरल विलियम बार ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वह अमेरिका में तीन नवंबर को हुए चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के धांधली के आरोपों पर सार्वजनिक रूप से असहमति जता चुके हैं।ट्रंप ने डिप्टी अटॉर्नी जनरल जेफ रोसेन को कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है।ट्रंप ने सोमवार रात ट्वीट किया, व्हाइट हाउस में अटॉर्नी जनरल बार के साथ शानदार बैठक हुई। हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने शानदार काम किया। त्यागपत्र के मुताबिक, बार अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए क्रिसमस से पहले पद छोड़ देंगे। ट्रंप ने कहा, बेहद काबिल व्यक्ति डिप्टी अटॉर्नी जनरल जेफ रोसेन कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल होंगे। अत्यंत सम्मानित रिचर्ड डोनोग डिप्टी अटॉर्नी जनरल का दायित्व संभालेंगे। ट्रंप ने बार के त्यागपत्र की तस्वीर भी ट्वीट की है।बार ने अपने पत्र में लिखा, अगले सप्ताह मैं कुछ लंबित कार्यों को पूरा करूंगा। इसके बाद 23 दिसंबर को पद छोड़ दूंगा। उन्होंने लिखा, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे अटॉर्नी जनरल के तौर पर आपके प्रशासन में काम करने और अमेरिकी लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। डेमोक्रेटिक सांसद डेविड सिसिलाइन ने बार पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया और उनकी कमी नही खलेगी। सदन की सैन्य सेवा समिति के अध्यक्ष सांसद एडम स्किफ ने आरोप लगाया कि बार ने ट्रंप के चुनाव प्रचार के दौरान झूठ बोला।

### पीआईए ने 141 में से 110 पायलटों के लाइसेंसों को मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंटरनेशल एरयलाइंस (पीआईए) ने फर्जी डिग्री विवाद में निलंबित किए गए 141 में से 110 पायलटों को विमान उड़ाने की इजाजत दे दी है।मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को बताया गया है कि वरिष्ठ वकील सलमान अकरम राजा ने पीआईए की नुमाइंदगी करते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय को यह जानकारी दी। मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद की अध्यक्षता वाली तीन सदस्य पीठ ने पीआईए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एयर मार्शल अरशद मलिक की अपील पर सुनवाई की थी। मलिक ने यह अपील सिंध उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर की थी। डॉन की खबर के मुताबिक, राजा ने कहा कि पीआईए ने 110 पायलटों के लाइसेंसों को मंजूरी दे दी है जबकि 15 के लाइसेस रद्द कर दिए हैं। वही 14 पायलटों को विमान उड़ाने के लिए अनफिट घोषित किया गया है। कुछ मामलों में निर्णय अभी लंबित है। न्यायमूर्ति उमर अता बंदयाल ने पूछा कि निलंबित लाइसेंसों की जांच के लिए एयरलाइन ने क्या कदम उठाए हैं। इसके बाद उक्त जानकारी मिली। इस साल 22 मई को कराची में पीआईए का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसके बाद लाइसेंस का मुद्दा सामने आया। विमानन मंत्री गुलाम सरवर खान ने मीडिया को बताया था कि देश के 860 सक्रिय पायलटों में से 260 के पास या तो फर्जी लाइसेस है या उन्होंने परीक्षा में नकल की थी।

### नाइजर में बोको हराम के हमले में कम से कम 28 लोगों की मौत

**नियामे।** नाइजर के दक्षिण-पूर्व में जिहादी संगठन बोको हराम के हमले में कम से कम 28 लोग मारे गए।नाइजर की सरकार ने सोमवार को बताया कि हमलावरों ने टाउमोर के बाजार और घरों में आग लगा दी और फिर भागने की कोशिश करने वाले हर शख्स पर गोली चलाने लगे। हमला शनिवार रात शुरू हुआ और रविवार तक चला।डिफ्फा के गवर्नर इस्सा लेमाइन ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि सैकड़ों घर नष्ट हो गए और कई लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा, लोग परेशान है.... झाड़ियों और आसपास के गांवों में छुपे हैं। नाइजर की सरकार ने 72 घंटे के शोक की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।न्यूयॉर्क में उनके प्रवक्ता की ओर से जारी बयान के अनुसार, गुतारेस ने इस जघन्य हमले पर खेद जताया, जिसने डिफ्फा क्षेत्र में नगरपालिका और क्षेत्रीय चुनाव की शांतिपूर्ण प्रक्रिया को बाधित कर दिया। नाइजर में रविवार को 220 से अधिक नगर पालिकाओं में स्थानीय चुनाव हुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी व अमित शाह के खिलाफ अमेरिका में दर्ज दस करोड़ डॉलर का मुकदमा खारिज

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका की** एक अदालत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ दर्ज कराए गए दस करोड़ डॉलर के एक मुकदमे को खारिज कर दिया है।

यह मुकदमा एक अलगाववादी कश्मीर-खालिस्तान गुट और दो अन्य व्यक्तियों द्वारा दर्ज कराया गया था। याचिकाकर्ता, सुनवाई की दो तारीखों पर उपस्थित नहीं हो सके जिसके बाद मामला खारिज कर दिया गया।

टेक्सास के ह्यूस्टन में 19 सितंबर, 2019 को आयोजित हुए हाउडी मोदी कार्यक्रम के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया था। याचिका में भारत की संसद के उस निर्णय को चुनौती दी गई थी जिसके तहत जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने मोदी, शाह और लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीत सिंह ढिल्लों से मुआवजे के तौर पर दस करोड़ डॉलर की मांग की थी।

ढिल्लों, वर्तमान में डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के महानिदेशक हैं और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के अधीन इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के उप प्रमुख हैं। अमेरिका के दक्षिणी टेक्सास डिस्ट्रिक्ट की अदालत के न्यायाधीश फ्रांसेस एच स्टेसी ने छह अक्टूबर को दिए अपने आदेश में कहा था कि कश्मीर खालिस्तान रेफरेंडम फ्रंट ने इस मामले को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया और सुनवाई के लिए दो बार तय की गई तारीख पर भी उपस्थित नहीं हुए। इसके साथ ही न्यायाधीश ने मामला खारिज कर दिया। टेक्सास डिस्ट्रिक्ट अदालत में न्यायाधीश एंड्र्यू हनेन ने 22 अक्टूबर को मामले को समाप्त कर दिया। कश्मीर खालिस्तान रेफरेंडम फ्रंट के अलावा अन्य दो याचिकाकर्ताओं की पहचान नहीं हो सकी है।

## फ्रांस के मैक्रों जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को संविधान में कराना चाहते हैं शामिल

**एपी।** पेरिस

**फ्रांस के** राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों और पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों को देश के संविधान में शामिल किए जाने को लेकर एक जनमत संग्रह कराने की घोषणा की है। पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर नागरिकों के एक समूह के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मैक्रों ने संविधान में संशोधन की पेशकश की। इस संशोधन के लिए संसद में वोट और जनमत संग्रह कराने की जरूरत होगी।उन्होंने स्वीकार किया कि फ्रांस, पर्यावरण को हो रहे नुकसान से निपटने के लिए जताई गई अपनी प्रतिबद्धताओं के तहत ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते के तहत देश के लिए निर्धारित लक्ष्यों को फ्रांस पूरा नहीं कर पाया और इस दिशा में कदम उठाने में देरी हुई। फ्रांस के राष्ट्रपति ने नागरिकों के समूह से पूछा, क्या हमें और कदम उठाने चाहिए। हां। मैक्रों समेत यूरोपीय संघ के नेताओं ने 2030 तक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 40 प्रतिशत के बजाए कम से कम 55 प्रतिशत तक कटौती के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया है। मैक्रों ने कहा, हमें आगे बढ़ने की जरूरत है तथा और कदम उठाना आवश्यक है।

## दक्षिण अफ्रीका में संक्रमण की दूसरी लहर में कड़े प्रतिबंध लागू, समुद्री तट बंद किए गए

**भाषा।** जोहानिस्बर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कोरोना वायरस संक्रमण की बिगड़ती दूसरी लहर में संक्रमण के मामलों पर नियंत्रण के लिए प्रतिबंध लगाते हुए देश के कुछ सबसे लोकप्रिय समुद्र तटों को बंद करने और नियमों को सख्ती से लागू करने की घोषणा की है।

रामाफोसा ने सोमवार शाम एक टीवी प्रसारण में कहा, पिछले दो हफ्तों में जिस दर पर नए मामले बढ़े हैं, उसे देखते हुए अगर हम तत्काल कार्वाई नहीं करते हैं तो दूसरी लहर पहली लहर से ज्यादा गंभीर होगी। पिछले 10 दिनों में दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 संक्रमण के रोजाना सामने आने वाले मामले दोगुना होकर 8,000 हो गए हैं जिसे राष्ट्रपति ने चिंता का विषय बताया है।राष्ट्रपति ने कहा, इस अवधि में हर रोज कोविड-19 संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और संख्या 100 से बढ़कर 150 से अधिक हो गई है। रामाफोसा ने कहा, महामारी में पहली बार संक्रमण के नए मामले युवाओं, विशेषकर 15-19 वर्ष के किशोरों में सामंने आ रहे हैं। उन्होंने बड़े समारोहों और पार्टियों में प्रोटोकॉल की कमी को कोरोनावायरस संक्रमण के मामले बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि त्योहारी मौसम के दौरान और उसके बाद देश भर में मौजूदा अलर्ट प्रथम स्तर के प्रतिबंधों को सख्त रूप से लागू किया जाएगा, जिसमें फेस मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और सार्वजनिक परिवहन, इमारतों और दुकानों के प्रबंधकों पर सफाई करने की जिम्मेदारी होगी।

उन्होंने कहा कि समुद्र तटों और सार्वजनिक पार्कों को 16 दिसंबर से तीन जनवरी तक त्योहारी मौसम की अवधि के लिए बंद कर दिया जाएगा।

# 'लिखे, पढ़े, समझे को कैमरे के सामने कर दो, यही अभिनय है'

**टीवी सीरीज़ 'देश में निकला होगा चांद' में देव मलिक की भूमिका हो या फिर 'मेरे डैड की दुल्हन' में अंबर शर्मा का चरित्र, अभिनेता वरुण बडोला हर भूमिका में अपने अभिनय के बल पर प्राण फूंक देते हैं। प्रस्तुत है उनसे उनके आने वाले टेली-प्ले 'रॉन्ग टर्न' के बारे में अधिक जानकारी जुटाती मुस्बा हाशमी की ये बातचीत**



**■ जी थियेटर पर प्रसारित होने वाले टेलीप्ले 'रॉन्ग टर्न' में आपकी क्या भूमिका है?**

मैं इसमें ऐसे व्यक्ति का चरित्र कर रहा हूं जो एक परिस्थिति में फंसा हुआ है। वो एक हिमपात के दौरान रास्ते में फंस जाता है और उसे एक बंगले में शरण लेनी पड़ती है जहां चार अवकाशप्राप्त अधिवक्ता मित्र हैं और वे हर आने वाले के साथ एक दिखावटी वाद चलाते हैं। वे मेरे चरित्र को बताते हैं कि अब मेरे लिए सवेरे तक वापस जाना असंभव होगा तो मैं समय बिताने के उद्देश्य से उनके साथ उनके गेम का हिस्सा नबूं। वे मेरे चरित्र पर एक वाद करते हैं और उसे हत्या का दोषी बताते हुए केस चलाते हैं। इस टेलीप्ले की यही कहानी है और आपके लिए देखना रोचक होगा कि आगे इसमें क्या होता है। ये वास्तव में एक जर्मन नाटक 'ब्रेक डाउन' का ही रूपांतरण है।

**■ ऐसी कहानी का हिस्सा बनना आपके लिए कितना रोचक साबित हुआ?**

ये बहुत हास्यपूर्ण था। इसमें सबसे रोचक बात इसकी कहानी है और जिस प्रकार से वो आगे बढ़ती है, बहुत रोचक लगता है। जिस प्रकार से उस चरित्र को गढ़ा गया और जैसे जैसे वो प्रगति करता है, बहुत रोमांचक है। हमने इसके लिए 20 दिन तक रिहर्सल किया और ये बहुत आनंददायक रहा क्योंकि वैसे तो इंडस्ट्री में आपको इतने दिन तक रिहर्सल करने का अवसर मिलता ही नहीं है, फिर चाहे वो टीवी इंडस्ट्री हो या फिर फिल्म। ये बहुत रोचक था।

**■ आपने इस टेलीप्ले को क्या सोचकर करने का निर्णय किया था?**

इसका कारण ये था कि मैं इस जॉनर को टटोलना चाहता था। वैसे मुझे स्टेज पर परफॉर्म किये हुए बहुत लंबा समय हो चुका है। किसी आयोजन को एक शूटिंग में पूरा करने का आनंद ही अलग होता है। इसी बात ने मुझे इस प्ले की ओर आकर्षित किया है। अच्छा हुआ कि मैंने ये कह दिया वरना वैसे भी ये मेरा एक अद्भुत अनुभव तो था ही।

**■ आप अनेक कार्य करते हैं जैसे लेखक, निर्देशक तथा अभिनेता। आप किस क्षेत्र में स्वयं को अधिक सहज अनुभव करते हैं?**

ऐसी कोई सहज ज़ोन नहीं होती। हर क्षेत्र में आपको एक विशेष प्रकार का समर्पण चाहिये होता है। जब आप अभिनय कर रहे होते हैं तो भी आपको इसे साबित करना होता है। यदि आप चरित्र को सही ढंग से उतार सके तभी आप कहानी को सार्थक कर सकेंगे। एक लेखक को हर चरित्र की रचना करनी होती है ताकि अभिनेता परदे पर उन्हें सार्थक कर सके। निर्देशक के रूप में आपको हर बात का ध्यान रखना होता है।

**■ क्या आपके भीतर अभिनेता, लेखक तथा निर्देशक के बीच में किसी प्रकार का संघर्ष होता दिखता है?**

नहीं मेरे भीतर के लेखक तथा अभिनेता के बीच में किसी प्रकार का द्वंद नहीं होता। क्योंकि वैसे भी हमारे भीतर एक ही मस्तिष्क है जो दोनों को चालित करता है। तो ऐसे में दोनों काम करते हुए हमें बाइपोलर बनना पड़ता है और स्वयं की अनदेखी करनी होती है। लेकिन ये सही है कि मेरे भीतर के लेखक के कारण मेरे भीतर के अभिनेता को बहुत मदद हो जाती है। कई बार टीवी कार्यक्रम करते हुए हम अटक जाते हैं। तो ऐसे में आपको तकनीकी न होकर समस्या का समाधान तलाशना होता है। ऐसे में लेखक कई बार ऐसी जटिल परिस्थिति से बाहर निकलने में सहायक सिद्ध होता है। जबकि लेखक-निर्देशक के विषय में ये दूसरी तरह से होता है। जब आप कुछ ऐसा निर्देशित कर रहे होते हैं जो आपने नहीं लिखा होता है तो ऐसे में किसी नए परिवर्तन की संभावना अधिक प्रबल हो जाती है।

> ऐसा समय था जब टीवी अच्छा बन चुका था। इसके बाद इसमें पतन का प्रारंभ हो गया। इसमें उतार-चढ़ाव रहते हैं। अब कई बातों में सुधार आया है। लेकिन यदि मैं उस समय की बात करूं जब मैं टीवी देखा करता था और उस समय केवल एक चैनल डीडी हुआ करता था। लेकिन लगता है कि उस समय हमारे पास अच्छी कहानियां होती थीं।

**■ आप अभिनय को किस प्रकार से परिभाषित करते हैं?**

ये बहुत सरल है। जो लिखा है उसे पढ़ो, समझो और कैमरे के सामने कर दो। बस इतनी सी बात है। आपकी रुचि भी इसमें एक पहलू होता है। ये कुछ ऐसा ही है जैसे आपको एबीसी लिखना हो लेकिन अब आपको ही तय करना है कि इसे आप किस प्रकार का चाहते हैं, ये स्टाइलिश हो सकता है या फिर दूसरे ढंग का। आप इसका कोई भी फॉन्ट या स्टाइल का कर सकते हैं। अभिनय की सबसे रोचक बात ये होती है कि इसमें एक ही परिस्थिति की सैकड़ों व्याख्याएं हो सकती हैं। आप अनेक प्रकार से रो सकते हैं और हंस भी हजारों तरह से सकते हैं और हर ढंग से एक अलग अर्थ निकलता है।

**■ आप इतने दिनों से इस क्षेत्र में हैं। क्या आपने टीवी इंडस्ट्री में किसी प्रकार का कोई बदलाव देखा है?**

जी हां, ऐसा समय था जब टीवी अच्छा बन चुका था। इसके बाद इसमें पतन का प्रारंभ हो गया। इसमें उतार-चढ़ाव रहते हैं। अब कई बातों में सुधार आया है। लेकिन यदि मैं उस समय की बात करूं जब मैं टीवी देखा करता था और उस समय केवल एक चैनल डीडी हुआ करता था। लेकिन लगता है कि उस समय हमारे पास अच्छी कहानियां होती थीं। फिर इसके बाद एक ऐसा समयचक्र भी आया जब कंटेंट की बात होने लगी और इस प्रकार से वाणिज्यीकरण होता चला गया। इस बदलाव में कई चीजें नष्ट हो गईं। अब जाकर हम पुनरुद्धार की बात करने लगे हैं चाहे इसका वेग कुछ कम ही क्यों न हो।

**■ क्या हमें सप्ताह में सातों दिन मनोरंजन की आवश्यकता होती है? हम अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ से कुछ क्यों नहीं सीखते हैं जिनकी समयावधिक पूर्वनिर्धारित होती है?**

जैसा कि मैं पहले ही बता चुका हूं, जब हम कंटेंटप्रेरित से कॉमर्शियल-प्रेरित की ओर चलते हैं तो ऐसा संभव होता है। इसका कारण ये है कि आजकल प्राथमिकता कंटेंट को मिलती ही नहीं है। बस दर्शकों को खोना नहीं चाहते। इसके लिए गुणवत्ता से भी समझौता कर लिया जाता है। इस क्षेत्र में बदलाव पहले ही हो जाना चाहिये था लेकिन हम ये बदलाव होने में नहीं देना चाहते। ■


## ट्रेंड बाजार

### वर्ष 2021 का उर्वशी रौतेला का लक्ष्य - स्वयं से प्यार



**अभिनेत्री** उर्वशी रौतेला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आने वाले साल के लिए अपने लक्ष्यों के बारे में अभी से बता दिया है और वो है उनका स्वयं से प्यार। हाल ही में उर्वशी ने अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर साझा की जिसमें कैमरे के सामने साड़ी पहने मुस्कुरा रही हैं। उन्होंने इस छवि का शीर्षक देते हुए लिखा, '2021 का मेरा लक्ष्य है स्वयं से बिना शर्त प्यार' इसी परिधान में उन्होंने एक और फोटो शेयर किया और लिखा, 'ये मेरा करेंट स्टेटस है। मैं निडर और दूसरों की राय से अप्रभावित हूं। आप प्रायः अपने व्यक्तित्व का एक बड़ा हिस्सा दूसरों की राय के कारण सामने नहीं आने देते।'

### सुपरस्टार सलीम बने पंकज त्रिपाठी



जाने माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि 'मैं एक जबरदस्त ड्रेस वाले सुपरस्टार सलीम बना हूं वो मेरी अगली फिल्म में एक हीरो जैसा सुपरस्टार होगा। वो या तो तरंगी है या फिर वो ऐसे कार्य करता है। वो परदे पर और परदे से बाहर भी सुपरस्टार जैसा ही है। इसे करने में मुझे बहुत आनंद आया।

### नीना ने बताई परफैक्ट डेट की परिभाषा



**अभिनेत्री** नीना गुप्ता का कहना है कि उनके लिए परफैक्ट डेट वो है जब वो अपनी इच्छा से खाना-पीना कर सकती हों। नीना ने इस बारे में आगे बताते हुए कहा, 'परफैक्ट डेट मेरे लिए वो समय होगा जब कोई मुझे एक सुंदर से स्थान पर कैंडल लाइट डिनर पर ले जाए जहां हम किसी भी विषय पर बात करें। और मुझे खाने पीने के लिए कुछ भी ऑर्डर करने की स्वतंत्रता हो।'

उन्हें आप बब्लेज़ वेब शो 'डेटिंग दीज़ डेज़' पर बातचीत करते देख सकेंगे। इस शो में उनके साथ सान्या मल्होत्रा, कृति कुलहरी, सुशांत दिवगीकर तथा मानवी गगरू भी डेटिंग से जुड़ी चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे।

### प्रियंका ने स्वयं को बताया 'ब्लू जीन बेबी

**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनास सोशल मीडिया पर एक नए पोस्ट में उतनी ही शरारती दिखाई देती हैं। इसमें वो स्वयं की स्टाइल के बारे में बताते हुए स्वयं को ब्लूजीन बेबी कहती हैं।



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट जिसमें वो सफेद टी शर्ट तथा ब्लू जीन्स के संयोजन में दिखाई दे रही हैं। उनकी इस लुक को पूर्णता प्रदान कर रहे थे उनके सफेद बूट तथा सामान्य मेकअप।

इसी चित्र का शीर्षक देते हुए उन्होंने लिखा, 'ब्लू जीन बेबी।'

उनके काम की बात करें तो उन्होंने अपनी नवीनतम रोमांटिक हॉलिवुड फिल्म, जिसका वर्तमान शीर्षक 'टेक्स्ट फॉर यू' हो सकता है, की शूटिंग प्रारंभ कर दी है। इसका निर्देशन तथा लेखन किया है जिम स्ट्रॉस ने। फिल्म अंग्रेजी में है और इसका रीमेक जर्मनी की एक फिल्म एसएमएस फर डिश से किया गया है जो सोफी क्रेमर के उपन्यास पर आधारित है।

## यूट्यूब वर्ष: बादशाह का गीत गेंदा फूल सर्वाधिक देखा गया, कैरी मिनाटी को जम कर मिली लोकप्रियता


**नई दिल्ली।** रैपर बादशाह का गीत गेंदा फूल इस साल यूट्यूब पर भारत में सबसे अधिक देखा गया, वहीं कैरी मिनाटी के नाम से मशहूर अजय नगर 2020 में यूट्यूब का सबसे चर्चित चेहरा रहे। गायक बी. प्राक के गीत दिल तोड़ के, हरियाणवी गीत मोटो, वरुण धवन अभिनीत फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी का गीत इललीगल वेपन 2.0 और मुकाबला ने भी, भारत में सबसे अधिक देखे गए शीर्ष 10 गीतों की सूची में जगह बनाई। यूट्यूब पर 2020 में सबसे अधिक लोकप्रियता हासिल करने वाले अजय नागर उर्फ कैरी मिनाटी के, इस पर 2.75 करोड़ से अधिक प्रशंसक (फॉलोअर्स) हैं। इस साल उनके यूट्यूब वरसेज टिकटॉक विवादित वीडियो के कारण उनका नाम काफी चर्चा में रहा। नागर के अलावा टोटल गेमिंग, टेकनो गेमर्स, देसी गेमर्स, जेकेके एंटरटेनमेंट और आशीष चंचलानी वाइन्स ने भारत के 2020 के शीर्ष टॉप क्रिएटर की सूची में जगह बनाई। इनके अलवा भुवन बाम के चैनल बीबी की वाइन्स की सीरिज एंग्री मास्टरजी, मशहूर धारावाहिक तारक



मेहता का उल्टा चश्मा का टप्पू प्रपोज टू सोनू ऑन वैलेंटाइन डे और आशिश चंचलानी का वीडियो ऑफिस एजाम और वैक्सीन इस साल के सबसे लोकप्रिय (ट्रेंडिंग) वीडियो रहे। यूट्यूबर्स ने केवल मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि जागरूकता फैलाने के लिए भी इस मंच का इस्तेमाल किया। भुवन बाम ने अपने चैनल बीबी की वाइन्स पर कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के लोगों पर पड़े प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव पर वीडियो बनाए और इन वीडियो से कमाए सभी पैसे दान कर दिए। गौरतलब है कि यूट्यूब वीडियो साझा करने का सबसे लोकप्रिय मंच है। यह सर्च इंजन गूगल की एक सेवा है।

## मुझसे कहा गया कि अपने अभिनय से दर्शकों को डराऊं नहीः कल्कि कोचलिन

**मुंबई।** अभिनेत्री कल्कि कोचलिन का कहना है कि फिल्म जगत में उनके एक दशक लंबे सफर के दौरान कुछ लोगों ने उन्हें अजीब तरह की सलाह दीं। लोगों ने सुझाव दिया कि उन्हें बालों को काला कर लेना चाहिए या अपने अभिनय से दर्शकों को नहीं डराना चाहिए। कोचलिन ने 2009 में अनुराग कश्यप की फिल्म 'देव डी से अभिनय की दुनिया में कदम रखा और खुद को अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक साबित किया। उन्होंने शैतान, मार्गरिटा, विद ए स्ट्रॉ, 'वेटिंग और 'गली बॉय जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। जूम पर दिए साक्षात्कार में 36 वर्षीय अदाकारा ने कहा कि वह अन्य को इस बारे में फैसला नहीं करने देती हैं कि वह किस तरह कि फिल्में करेंगी और वह ऐसी कहानियों का चयन करती हैं जिनसे वह खुद को जोड़ पाती हैं। कोचलिन ने कहा, लोगों ने मुझे अजीब सलाह दी हैं। जैसे मुझे अपने बाल काले करा लेने चाहिए, आइटम नंबर करने चाहिए, दर्शकों को अपने अभिनय से



डराना नहीं चाहिए ऐसा नहीं है कि मैं व्यावसायिक फिल्में नहीं करना चाहती हूं, मैं रोमांटिक-कॉमेडी फिल्में करना चाहती हूं। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव के दौर देखे हैं और इससे उनमें असुरक्षा की भावना भी आती है। कोचलिन ने कहा कि उन्हें फिल्म जगत में यह समझने के लिए पर्याप्त समय हो गया है कि न कामयाबी और न विफलता स्थाई होती है। अभिनेत्री नेटफ्लिक्स पर तमिल संग्रह पावा कथाइगल में दिखेंगी। इसमें चार लघु फिल्में हैं जो इस चीज पर आधारित हैं कि कैसे प्रेम, गौरव और सम्मान से जटिल रिश्ते प्रभावित होते हैं।

## दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगा प्रकाश झा की मट्टू की साइकिल का प्रीमियर


**मुंबई।** प्रकाश झा अभिनीत 'मट्टू की साइकिल' का अमेरिका में 17वीं वार्षिक दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एसएआईएफएफ) के दौरान प्रीमियर होने जा रहा है। न्यूयॉर्क में हर साल आयोजित किए जाने वाले इस महोत्सव के 2020 संस्करण का आयोजन अमेरिका में कोविड-19 मामलों की बढ़ती संख्या के कारण डिजिटल होने जा रहा है। महोत्सव 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी एचबीओ कर रहा है।

एम गनी द्वारा निर्देशित मट्टू की साइकिल 17 और 18 दिसंबर को एसएआईएफएफ की आधिकारिक वेबसाइट पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। फिल्म का विश्व प्रीमियर बुसान अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था, जहां अक्टूबर में ए विंडो ऑन एशियन सिनेमा सेक्शन में फिल्म को प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म में एक गरीब परिवार की उम्मीद की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में झा एक दिहाड़ी मजदूर मट्टू के किरदार में हैं, जिसका परिवार उनके लिए एक साइकिल खरीदना चाहता है, ताकी उन्हें अपने काम पर हर दिन पैदल न जाना पड़े।

झा ने एक बयान में कहा, मैं मट्टू की कहानी से काफी प्रभावित हूं। यह एक सरल कहानी है, जो हाशिए पर रहने वाले भारतीय समाज की जटिल परतों को खूबसूरती से उजागर करती है। इस फिल्म के साथ अपने निर्देशन करियर की शुरुआत करने वाले गनी ने कहा कि वह अपनी फिल्म को महोत्सव में दिखाने का अवसर देने के लिए एसएआईएफएफ के निर्णायक मंडल के आभारी हैं। उन्होंने कहा, इस फिल्म की यात्रा ने मुझे एहसास दिलाया है कि मैं इस कहानी को इतनी सरलता के साथ बता सकता हूं क्योंकि मैंने अपने आसपास इन कहानियों को जीया है। मैं खुद को मजदूर वर्ग का हिस्सा मानता हूं और सिनेमा के माध्यम से मैं उनकी कहानियों... उनके सपनों, दुखों और संघर्षों की कहानियों को बताने का अवसर ले रहा हूं।... मुझे सचमुच उम्मीद है कि हर कोई इस कहानी को देखने का आनंद लेगा। मट्टू की साइकिल का निर्माण सुधीरभाई मिश्रा ने किया है।

## वेबसीरीज में हिंदू संतों को विवादित तरीके से पेश करने पर प्रकाश झा, बॉबी देओल को नोटिस जारी

**जोधपुर।** जोधपुर की एक अदालत ने हाल में रिलीज ओवर-द-प्लेटफॉर्म (ओटीटी) वेब सीरीज आश्रम में एक हिंदू संत को विवादास्पद तरीके से दिखाए जाने से जुड़ी याचिका पर फिल्मकार प्रकाश झा और अभिनेता बॉबी देओल को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। ओटीटी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां इंटरनेट के माध्यम से उपभोक्ताओं को वीडियो उपलब्ध कराए जाते हैं। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज में बॉबी देओल मुख्य भूमिका में जो किरदार निभाते दिखे, वह कुछ स्वयं-भू संतों की तरह का है जो राजस्थान के जोधपुर समेत देश के विभिन्न हिस्सों में दंडनीय अपराधों के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सजा भुगत रहे हैं। जोधपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने झा और देओल को नोटिस जारी करते हुए इस मामले में अगली सुनवाई 11 जनवरी को तय की है। एक दोषी संत के नाम से मिलती जुलती वेब सीरीज आश्रम के खिलाफ याचिका स्थानीय निवासी कुश खंडेलवाल द्वारा दायर की गई है। खंडेलवाल ने अपनी याचिका में दावा किया, हिंदू संत के तौर पर



देओल के किरदार से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं जो संतों का सम्मान करते हैं और उन्हें पूजते हैं। दुष्कर्मी, भ्रष्ट और मादक द्रव्यों के कारोबारी के तौर पर दिखाए गए उनके किरदार से हिंदुओं के मन में संतों के प्रति जो भावना है वह प्रभावित होती है। खंडेलवाल ने इससे पहले पुलिस में शिकायत देकर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था लेकिन स्थानीय पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने इसी अनुरोध के साथ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत का रुख किया। इस अदालत से याचिका खारिज होने के बाद खंडेलवाल ने जोधपुर जिला व सत्र न्यायाधीश की अदालत में निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी। वेब सीरीज का दूसरा सीजन आश्रम चैप्टर 2-द डार्क साइड 11 नवंबर को रिलीज हुआ था लेकिन इसमें हिंदू संत को विवादित रूप से पेश किए जाने को लेकर इसकी आलोचना भी हुई थी। सोशल मीडिया पर भी एक अभियान चलाकर इसे हिंदू धार्मिक संस्कृति और आश्रमों को दुर्भावनापूर्ण रूप से दिखाने वाला करार दिया गया था। करणी सेना ने भी फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा था।

## मेजर ध्यानचंद पर फिल्म बनाएंगे अभिषेक चौबे

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक चौबे रॉनी स्क्रूवाला की आरएसवीपी मूवीज के लिए महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्देशन करेंगे। निर्माताओं ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। फिल्म का नाम ध्यानचंद होगा, जो अगले साल पर्दे पर आएगी। आरएसवीपी ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ मिलकर इसका निर्माण करेगी। ध्यानचंद को हॉकी के इतिहास में महान खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजिलिस) और 1936 (बर्लिन) ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते थे। फिल्म की कहानी सुप्रतीक सेन और चौबे ने लिखी है। इसके कलाकारों के नाम अभी तय नहीं हुए हैं। हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की मुख्य भूमिका के लिए किसी बड़े अभिनेता को चुने जाने की उम्मीद की जा रही है।



विधायक नरेंद्र वर्मा, पूर्व जिपं अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, दिग्विजय सिंह, नीलम यादव गिरफ्तार...

# पुलिस ने दिखाई सख्ती तो सपाइयों ने तोड़ी बैरिकेटिंग


महमूदाबाद-पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस


महमूदाबाद-किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन करते कार्यकर्ता


महमूदाबाद-प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता

### ● रामपुर मथुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत दर्जनों कार्यकर्ता भी हिरासत में

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**किसानों के** समर्थन में मंगलवार को महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र में निकाली गई सपा की किसान पद यात्रा में सपाईयों ने जमकर बवाल किया। क्षेत्रीय विधायक के आवास पर भारी संख्या में मुस्तैद पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश की तो आक्रोशित सपाईयों ने बैरिकेटिंग तोड़ दी, फिर क्या था कि सख्ती दिखाते हुए पुलिस ने क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र वर्मा, छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, नीलम यादव आदि कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा रामपुर मथुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सागर मौर्य समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को रामपुर मथुरा पुलिस घर से पकड़ लगाई और उन्हें थाने पर बिठाया है। बता दें कि सोमवार शाम को अचानक सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के महमूदाबाद पहुंच कर किसान को संबोधित किया था। लेकिन खुफिया एजेंसी समेत सरकारी मशीनरी को उनके कार्यक्रम ध्की भनक तक नहीं लग पाई थी। हैरानी की बात तो यह है कि वो किसान सम्मेलन करने के बाद वो यहां से निकल भी गए थे। जानकारी पाकर हरकत में आई सरकारी मशीनरी ने मंगलवार को महमूदाबाद विधान सभा में प्रस्तावित सपा की किसान पद यात्रा को नाकाम बनाने के लिए सरकारी मशीनरी सोमवार रात को ही अलर्ट हो गई थी और विधायक आवास को भी बैरिकेटिंग कर दिया था। चिंहिंत सपाईयों पर निगाहबानी भी शुरू कर दी थी, साथ ही पुलिस ने रात में सपाईयों की धरपकड़ भी शुरू कर दी। बावजूद इसके पुलिस की रणनीति को विफल करते हुए भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता सुबह क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा के आवास पर पहुंच गए थे। उधर, तहसील व पुलिस ने भी विधायक के आवास की घेरा बंदी कर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया था। सैकड़ों की संख्या में एकजुट हुए सपाईयों ने क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, नीलम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा ने आई इंडिया से बातचीत कहा कि किसानों की समस्याओं के लिए समाजवादी पार्टी लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्हें रोकने के लिए सरकार को जो करना हो, वो करें, सरकार के दमनकारी रवैये से डरने वाले नहीं है।

### तहसील गेट पर किसानों ने किया प्रदर्शन

**सिधौली के** तहसील गेट पर किसानों के समर्थन में सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. संदीप पांडेय के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किया और जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने किसान बिल की प्रतीकात्मक प्रतियां भी जलाई। कार्यक्रम मे राकेश, कुंजन , दुर्गेश, महेश, गंगाराम, दीपक शर्मा, जगदीश, नंदलाल, मैकूप्रसाद, मुकेश प्रसाल, राम प्रसाद व पत्रकार अनुराग अग्नेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएमएस ने दी सफाई, कोरोना से नहीं हुई पूर्व केन्द्रीय मंत्री की मौत



**सीतापुर।** पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री रामलाल राही की मौत प्रकरण में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एके अग्रवाल ने सफाई दी। कहा कि पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री रामलाल राही को कोरोना नहीं था। उनकी मौत अचानक हुए हृदयाघात से हुई है। उनके व परिवार के संपर्क में आए किसी भी व्यक्ति को कोरोना होने की कोई संभावना नहीं है।

कांग्रेसियों ने मनाई सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि...

# देश की एकता के प्रतीक थे सरदार पटेल

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी


बिसवां-पुष्प अर्पित के बाद मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी

**लौह पुरुष** एवं भारत के पूर्व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने स्थानीय नेपालापुर चौराहे पर लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया उपरोक्त समारोह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि देश एकजुट और अखंड बनाने में सरदार बल्लभ भाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान था सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट मे गृहमंत्री व उपप्रधानमंत्री रहे एवं पंडित नेहरू एवं पटेल ने इस देश को विकास के रास्ते पर उठाने का जो बीड़ा उठाया था वह आज भी नौजवानों के लिए मिसाल है सरदार पटेल का भारत को एकत्र करने में एक अहम योगदान रहा है आज उनकी पुण्यतिथि पर या कहने में कोई संदेह नहीं कि शायद जिस भारत को आज हम देखते हैं वह भी नहीं होता उन्होंने कई छोटी-बड़ी रियासतों को भारत में शामिल किया इसलिए उसे उन्हें पुरुष कहा जाता है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित आमोद मिश्र क्योंकि विभु अवस्थी मुनींद्र अवस्थी राजीव शर्मा धीरेश कश्यप रिजवान श्रीषचंद्र शुक्ला ओम प्रकाश मिश्र एमटी फारुकी प्रवीण शुक्ला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा खूबपुर मंदिर निर्माण कार्य


सीतापुर-खूबपुर में जांच करते जेई

**सीतापुर।** सीतापुर नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला खूबपुर में शिव मंदिर प्रांगण में बन रहे इंटरलॉकिंग पट्टी में जमकर लूट घसोत की बात उजागर हुई। नगर पालिका द्वारा लगभग आठ लाख के बजट के द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण के नाम पर इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों और मोहल्लावासियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मंदिर की ही मिट्टी खोदकर सर्विस रोड का निर्माण हुआ है जिस पर आज कल इंटरलॉकिंग लगाकर पट्टी बनाई जा रही है, इंटरलॉकिंग पट्टी पर पत्थर गिट्टी आदि सही मात्रा में नहीं डाला जा रहा है। जिसका कई बार स्थानीय लोगों ने नगर पालिका जेई राघवेंद्र सिंह को फोन द्वारा सूचित किया जिस पर आज जेई राघवेंद्र सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

### ● जे.ई. ने किया निरीक्षण, देखा कार्य

निरीक्षण में ग्राम मोहल्ला वासियों द्वारा बताई गई समस्त बात सही पाई गई जेई निर्माण द्वारा संबंधित ठेकेदार को मौके पर शक्ति दे दी गई मोहल्ले वासियों का कहना है कि मोहल्ले के जागरूक व सामाजिक युवक दीपेंद्र भदौरिया, शिवम यादव द्वारा उक्त कार्य को नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल द्वारा पास करवाया परंतु ठेकेदार द्वारा गलत तरीके से कार्य किए जाने पर समस्त मोहल्ला वासी नाराज हैं।

## बार एसो. का शुरू हुआ चुनाव, पहले दिन बिके विभिन्न पदों के लिए बिके 39 पर्चे

**सीतापुर।** ठंड के इस मौसम में सीतापुर बार एसोसिएशन का माहौल इनदिनों गर्म हो चला है। कारण, यहां पर बार का चुनाव होना है। अध्यक्ष पद के लिए अभी तक तीन नाम सामने आए हैं, चार बार अध्यक्ष रह चुके हरीश त्रिपाठी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री रह चुके विजय नाथ अवस्थी के अलावा अक्षय सहाय के भी दावेदार हैं। पहले दिन हरीश त्रिपाठी और अक्षय सहाय ने अपने नामांकन भी कर दिए। बुधवार को विजय नाथ अवस्थी नामांकन करेंगे। पहले दिन विभिन्न पदों पर 39 परचे बिके। जबकि 17 लोगों ने नामांकन किया। महासचिव पद के मुख्य उम्मीदवारों में संजय सिंह, रत्नेश द्विवेदी, नीरज मिश्रा, बुद्धि प्रकाश मिश्रा शामिल हैं। यहां मतदान 23 दिसंबर को और 24 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव अधिकारी हारिश कमाल अय्यूबी, सहायक चुनाव अधिकारी श्रीराम रस्तोगी, राजेश मेहरोत्रा की देखरेख में पूरी प्रक्रिया होगी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत


नैमिषारण्य-प्रदेषाध्यक्ष का स्वागत करते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाष्कर मिश्रा व अन्य

संवाददाता। नैमिषारण्य/बिसवां सीतापुर

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य के ललिता देवी, हनुमान गढ़ी में पूजन अर्चन किया और शीश नवाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक राम कृष्ण भार्गव, मुनींद्र अवस्थी, भास्कर मिश्रा, मनोज पाण्डेय, साकेत मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बता दें कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिंह सोमवार रात को नैमिषारण्य पहुंचे थे और पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम भी किया था। मंगलवार की सुबह प्रदेश अध्यक्ष यहां से बहराईच को रवाना हुए। तहसील बिसवां के बड़ा चौराहा पर मंगलवार को भाजपाईयों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बहराइच जाते समय सिंह को बिसवां में रोककर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता एवं जिला कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष सलिल सेठ, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, युवा मोर्चा के पीयूष मौर्या, रणंजय सिंह, अमित सिंघल, रमाकांत मौर्या, रोहित शुक्ला, रोहित शर्मा, नितिन आर्य, अभिषेक अवस्थी, देवेंद्र मौर्य आदि शामिल थे।

रंग लाई सेवता विधायक की मेहनत, रामपुर मथुरा क्रय केंद्र का मामला...

# धान खरीद घोटाले में मार्केटिंग इंस्पेक्टर समेत तीन पर केस दर्ज

### ● एफआईआर में इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह, राजू टेलर, पंकज जायसवाल के नाम

### ● शिकायत पर डीएम ने दिए थे जांच के आदेश,डिप्टी आरएमओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने की जांच

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर


किसानों से वार्ता करते विधायक ज्ञान तिवारी

**आखिरकार सेवता** विधायक ज्ञान तिवारी की मेहनत रंग लाई। शिकायत पर डीएम द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने रामपुर मथुरा के क्रय केंद्र की जांच में धान खरीद में काफी अनियमितताएं पकड़ी। जांच में यह भी पाया कि यहां के क्रय केंद्र पर पड़ोसी तहसील बिसवां के रेउसा के किसानों का धान तौला गया था। धान खरीद में लापरवाही बरतने पर प्रभारी समेत तीन के खिलाफकेस दर्ज कराई गई है, इनमें क्रय केंद्र प्रभारी प्रवीण सिंह, दलाल राजू टेलर और पंकज जायसवाल के नाम शामिल हैं। रामपुर मथुरा के क्रय केंद्र पर किसानों का धान तौला नहीं जा रहा था। इसे लेकर किसानों ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी से शिकायत की थी। शिकायत पर विधायक ज्ञान तिवारी क्रय केंद्र पर पहुंचे थे। जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी थी। इस पर उन्होंने जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज से शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी द्वारा खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे की अगुवाई में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। चौदह दिसंबर को तीन सदस्यीय जांच टीम सुबह ही क्रय केंद्र रामपुर मथुरा पहुंच गई थी। जानकारी पाकर विधायक भी मौके पर पहुंच गए थे। देर शाम तक चली जांच में टीम ने किसानों के बयान लिए। साथ ही अभिलेखों की जांच की। जांच में किसानों एवं विधायक की शिकायत सही पाई। जांच टीम ने पाया कि केंद्र के प्रभारी द्वारा जिन किसानों से धान खरीदा गया है, उनसे जहां भारी मात्रा में कटौती की गई है, वहीं सैकड़ों किसानों को पावती रसीद तक नहीं दी गई है। मानक में होने के बाद भी किसानों का धान रिजेक्ट कर दिया गया। जांच टीम ने पाया कि क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा स्थानीय किसानों का धान न खरीद कर दलालों और बिचौलियों के माध्यम से दूसरे क्षेत्रों का धान यहां खरीदा गया है, जिन किसानों का धान खरीदा गया है, उनको समय पर भुगतान भी नहीं किया गया है। धान के परिवहन का कोई अभिलेख भी मौजूद नहीं मिला। किसानों को धान वितरण की टोकन व्यवस्था भी यहां लागू नहीं थी। मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा राजू टेलर व पंकज जायसवाल के साथ मिलकर धान खरीद प्रक्रिया को पलीता लगाया जा रहा था। यह दोनों लोग किसानों को अपने यहां बुलाते थे और धान खरीद का ओने पौने दाम पर सौदा करते थे। जांच में मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह, राजू टेलर, पंकज जायसवाल को प्रथम दृष्टया दोषी पाया। इस मामले में तीन के खिलाफ रामपुर मथुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**भ्रष्टाचार के** इस खुलासे के बाद आई इंडिया ने सेवता विधायक ज्ञान तिवारी से बातचीत की, बोले, यह भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला है। कुछ लोग हमारी सरकार को बदनाम कर रहे थे। जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो गया है, रामपुर मथुरा क्षेत्र में धान खरीद को लेकर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई जिलाधिकारी पूरे मामले को गहनता के साथ देखेंगे और इसमें अन्य जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की भी जांच करेंगे।

**एसडीएम की भूमिका संदिग्ध:** तहसील क्षेत्र में निष्पक्ष पारदर्शी व शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीद की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी महमूदाबाद पीएल मौर्या पर थी, लेकिन उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया। जिस पर विधायक ज्ञान तिवारी ने भी प्रश्न खड़ा किया है। विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा जब इस क्रय केंद्र पर अनियमितताओं की शिकायत शुरुआत से ही आ रही थी, तभी मैंने कई बार एसडीएम को बताया और इस केंद्र का निरीक्षण करने को कहा, लेकिन एसडीएम द्वारा इस क्रय केंद्र का आज तक एक बार भी निरीक्षण नहीं किया गया और इस केंद्र पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार होता रहा और किसान लूटते रहे, लेकिन जिम्मेदार सोते रहे।

## क्विक न्यूज

### वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में लगाया पिंजरा


तंबौर-गांव में लगाया गया पिंजरा

**तंबौर सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व नीलगांव को निवाला बनाने वाले तेंदुओं को पकड़ने के लिए वन विभाग ने मंगलवार को मीतमऊ गांव के दक्षिण दिशा में पिंजरा लगा दिया। पिंजरे तक तेंदुआ आसानी तक पहुंच सके। इसके लिए एक बकरी को पिंजरे में बांध दिया गया है। बकरी का शिकार करते ही तेंदुआ पिंजरे में कैद हो जाएगा। बता दें कि क्षेत्र के मीतमऊ, नकहा गांव में 10 दिसम्बर को तेंदुए ने नीलगांव को निवाला बना लिया था। ग्रामीणों के मुताबिक तीन तेंदुए देखे गए थे, घटना के दिन से लेकर रेंजर लहरपुर अभय कुमार मल्ल, फारेस्टर गिरीश चन्द्र, रमेश कुमार आदि गार्डों के साथ लगातार क्षेत्र में काम्बिंग कर रहे थे, तुंदए की लोकेशन टैऊश होने के बाद रेंजर श्री मल्ल ने मीतमऊ के पास तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय प्रताप भार्ग्रव ने बताया कि पिंजरा लग जाने से तेंदुए को पकड़े जाने की उम्मीद है।

### खाद रसद गोदाम में चोरी

**मछरेहटा सीतापुर।** रविवार की रात्रि खाद रसद गोदाम आदिलपुर हुई चोरी में पुलिस द्वारा आनन-फानन में दो व्यक्तियों को संदीप पुत्र नंदलाल ललित पुत्र नंदलाल निवासी आदिलपुर दोनों सगे भाइयों को पकड़ कर चोरी का खुलासा मंगलवार की सुबह ही कर दिया खुलासे में इन दोनों के कब्जे से 22 बोरी चावल व गेहूं बरामद किया गया और चोरी का खुलासा पुलिस द्वारा कर दिया गया। लेकिन बताते चलें की गोदाम प्रभारी पारुल यादव द्वारा यह बताया गया था कि ताला टूटा नहीं शटर खुला नहीं नकब लगी नहीं फिर आखिर गोदाम से माल गया कैसे यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है पुलिस द्वारा खुलासा तो किया गया लेकिन क्षेत्रीय लोगों के जेहन में यह बात नहीं उतरी की चोरी हुई तो कैसे हुई जबकि अभी तक ताला चाबी का मास्टरमाइंड पुलिस की गिरफ्त से दूर है यह जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं मामला अभी तक गोलमाल है। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि मामले की जांच अभी चल रही है मामला अभी संदिग्ध है गहन विवेचना चल रही है जो भी संलिप्त है वह भी जल्द ही पकड़ा जाएगा।

### युवती ने लगाई फांसी

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के तहसील आवास परिसर में चौबीस वर्षीय सौम्या ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने यह कदम अज्ञात कारणों के चलते उठाया। युवती पूर्व लेखपाल स्वर्गीय सुरजी प्रसाद की बेटी बताई जा रही है। आनन-फानन में मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। कोतवाली प्रभारी ओम प्रकाश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सांसद रेखा वर्मा ने सुनीं समस्याएं

**सीतापुर।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने संसदीय क्षेत्र के बहुबनी, मूड़ा बरगांवा का भ्रमण किया और गांवों में जाकर जनता की समस्याएं सुनीं तथा जल्द ही उनका समाधान कराने का आश्वासन भी दिया। ग्राम पंचायत बहुबनी में जमुना प्रसाद ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, मोनू मिश्रा, अशोक चौहान, प्रधान सोनपाल सिंह, प्रधान अतुल मिश्रा, प्रधान सत्यदेव मिश्रा, प्रधान शरद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### महिला ने लगाई फांसी

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट थाना क्षेत्र की ग्राम सभा पीतपुर के मजरा पहाड़पुर में आशाराम की पत्नी अनीता ने मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते कमरे के कुंडे में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। सूचना पर कचनार चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### डीएम पेंशनरों की सुनेंगे समस्याएं

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज 17 दिसंबर को आयोजित पेंशनर्स दिवस में पेंशनरों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान भी कराएंगे। उन्होंने जिले के सभी विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 17 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने की गुजारिश की है। कार्यक्रम में सभी कोविड-19 की रोकथाम को प्रोटोकाल का अनुपालन करना होगा।

### दबंग ने रिक्शा चालक को मारा चाकू

**सीतापुर।** दबंगों के हौसले बुलंद है, कोतवाली के सामने दबंग ने चाकू निकालकर ई रिक्शा चालक पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया चालक। कोतवाली के सामने काफी देर होती रही दबंग की दबंगई, राहगीर बने रहे तमाशबीन। होमगार्ड ने हमलावर को पकड़ कर छोड़ा, घटना के बाद की ई रिक्सा चालक भी मौके से निकला मामला शहर कोतवाली का।

### स्वच्छता अभियान को लेकर कर्नल ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित


सीतापुर-सम्मानित करते कर्नल

**सीतापुर।** स्वच्छ भारत अभियान के समापन पर मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एनसीसी कैडेटस सम्मानित किए गए। इन्हें आरएमपी डिग्री कॉलेज के लेफ्टीनेंट पवन कुमार यादव, सीटीओ डॉ. रीतू शाही एवं पीआई सत्यवीर सिंह एवं विशाल सिंह ने सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में (एसडी ) अतुल यादव प्रथम, दुर्गेश कुमार द्वितीय एवं दिवाकर राज को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार (एसडब्लू ) श्रुति त्रिपाठी प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय एवं श्रद्धा पांडे तृतीय स्थान पर रहीं।

# भड़के व्यापारियों ने जाम की सड़क

- सीमेंट व्यापारी की ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के बाद हुआ हंगामा
- इंस्पेक्टर नीमगांव के समझाने पर माने भड़के व्यापारी
- पुलिस ने आठ घंटे में बरामद की ट्रैक्टर-ट्राली



**संवाददाता।** बेहजम-खीरी

**कोतावाली** नीमगांव के कस्बा सिकंद्राबाद के सीमेंट व्यापारी की दुकान के सामने खड़ी टैक्टर-ट्राली सुबह सात बजे चोरी हो गई। जानकारी तब हुई जब दुकान मालिक दुकान खोलने आया। घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी गयी लेकिन जब तक पुलिस कोई कार्रवाई करती गुस्साये व्यापारियों ने रोड जाम कर दी और चौकी के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। काफी देर तक चौकी पुलिस व्यापारियो को समझाने का प्रयास करती रही। इसके बाद इंस्पेक्टर नीमगांव के समझाने पर व्यापारी शांत हुए और जाम खुल सकी।

जानकारी के अनुसार, कस्बा सिकंद्राबाद के बड़े चौराहे की मोहम्मदी जाने वाले मार्ग पर ग्राम अमेठी निवासी दानिश अंसारी की अंसारी ट्रेडर्स के नाम से सरिया सीमेंट की दुकान है। दुकान मालिक दानिश ने बताया कि हमेशा की तरह दुकान बंद होने के बाद ट्रैक्टर ट्राली दुकान के पास खड़ा की गई थी। इसके बाद वह घर चला गया।

सुबह जब वह दुकान खोलने आया तो मौके पर ट्रैक्टर-ट्राली न पाकर आस-पास के दुकानदारों से पता लगाने का प्रयास किया लेकिन जब किसी तरह जानकारी नहीं हो पायी तो चौकी पुलिस को सूचित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद हनुमंत लाल तिवारी मौके पर पहुंच गये तथा दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज देखने के बाद पता चला पाया कि व्यापारी का ट्रैक्टर सुबह सात बजे चोरी हुआ है। अज्ञात चोर ट्रैक्टर ट्राली लेकर कस्बे के मोहम्मदी रोड की तरफ गया है। इसके आधार पर पुलिस चोर की तलाश में जुट गयी।

पुलिस कुछ जानकारी जुटा पाती इससे पहले ही भड़के व्यापारियों ने रोड जाम कर दी और चौकी के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। चौकी पुलिस ने काफी देर तक भड़के व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया। इस बीच काफी देर तक कस्बे के बड़े चौराहे की चारों रोड जाम रही। कुछ देर बाद इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गये। घटना का खुलासा करने का आश्वासन देकर भड़के व्यापारियों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। इस बीच जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं चौकी प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ने चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्राली को आठ घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि चोरी हुआ टैक्टर-ट्राली गोला से अलीगंज जाने बारे मार्ग पर क्रासिंग के पास से बरामद कर लिया है। चोर मौके से फरार हो चुका था जिसका पता लगाया जा रहा है।

## नवविवाहिता ने मायके में आग लगाकर जान दी

**बरेली।** विवाह के कुछ दिन बाद ही पति के विदा कराने के लिए आने से पहले नवविवाहिता ने मायके में ही खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव अणु पुरा निवासी राजू पुत्र नेम चंद्र की 22 वर्षीय पत्नी रूपवती ने आज सुबह भमोरा थाने के गांव भोजपुर में अपने मायके में ही डीजल डालकर आग लगा ली। मृतका के मायके वालों ने बताया कि पूरन लाल की बेटी रूपवती का विवाह 6 दिसंबर को ही राजू से हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाह में दहेज में वाशिंग मशीन ना मिलने के कारण पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान कर रहे थे। आज पति को उसे विदा कराने के लिए मायके आना था। लेकिन रूपवती उसके साथ जाना नहीं चाहती थी। उसने खुद आग लगा ली। किसी तरह घरवालों ने आग को बुझा दिया और उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की। लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## आगामी विस चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह तैयार: स्वतंत्र देव

**संवाददाता।** बरेली

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को शहर पहुंचे। उन्होंने आइएमए हॉल मे शाहजहांपुर, बदायूं मंडल प्रभारियो के साथ बैठक की। कृषि बिल को लेकर उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि कृषि कानून किसानो के हक मे है। इसको लेकर कांग्रेस और सपा राजनीति कर रही है। किसानो को गुमराह किया जा रहा है। विपक्षी पार्टिया झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि कृषि कानून को लेकर किसानो को गुमराह होने से बचाने के लिए भाजपा अब गांव गांव जाएगी। वहा पर किसान पंचायत आयोजित करेगी और बताएगी कि किसानो के हक मे कृषि कानून किस तरह से है। कृषि कानून से किसानो का जीवन स्तर बदलेगा और उन्हे अपनी उपज बेचने के लिए खुला बाजार उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि नए साल पर मोर्चा का गठन कर कार्यकर्ताओ को तोहफा दिया जाएगा। 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। कार्यकर्ताओ के बल पर विधानसभा 2022 का चुनाव भाजपा पूरी मजबूती से लड़ेगी। इस दौरान भाजपा सह संगठन मंत्री कर्मवीर, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर इकाई के अध्यक्ष डॉ. के एम अरोड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

### बीएलएड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सामने सोमवार को बीएलएड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापको ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रो का कहना था कि विश्वविद्यालय ने बिना रिजल्ट ही औसत अंक के आधार पर प्रोन्नत कर दिया। जबकि प्रशिक्षु सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा मे अंकों की जरूरत पडती है। ऐसे मे अंक कम होने की वजह से भर्ती प्रक्रिया मे शामिल नही हो पाएंगे। छात्रो के विरोध को देखते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने छात्रो से मुलाकात कर उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## विधायक लोकेन्द्र प्रताप ने दी मुआवजा राशि की चेक



**मोहम्मदी-खीरी।** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत करंट से झुलसने अथवा दुर्घटना होने से मृत्यु होने पर विद्युत विभाग द्वारा दो आश्रितों को उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला के कार्यालय में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला और अधिशासी अभियंता अताउर जफर ने संयुक्त रूप से दो लोगों को मुआवजा राशि की चेक दी गईं। जिसमें शशिकांत अवस्थी के खेत पर बिजली करंट लगने से मौत हो गयी थी। उनके पिता राम भजन अवस्थी निवासी दुल्हापुर चौबे को पांच लाख का दुर्घटना मुआवजा दिया गया। वहीं बिसमासी की आसमां खातून के घर में बिजली लगने से शरीर झुलस गया था। उनको 59100 रूपये की मुआवजा चेक दी गयी। अधिशासी अभियंता अताउर जफर ने बताया कि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के प्रयासों से सर्किल में पांच लोग जो विद्युत से दुर्घटना हुई है। उनके मुआवजे के लिए लखनऊ मुख्यालय रिपोर्ट भेजी गयी है। शीघ्र ही और लोगों का मुआवजा आने की उम्मीद है। इस मौके पर उपखंड अधिकारी जगदीश सिंह, तहसीलदार विकासधर दुबे, भाजपा नेता सुशील त्रिवेदी व भूरे सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**मंगलवार को** सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विजय ढुल मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही



क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने जन शिकायतों की सुनवाई मौके पर जाकर शिकायतों की तत्कालए निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गये। जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 23, पुलिस 05, चकबंदी 02 एवं आपूर्ति का 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** तहसील सभागार में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 19 शिकायती पत्र आए। इसमें राजस्व के चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमें राजस्व की 12, चकबंदी की एक, पुलिस दो, गन्ना की एक, विकास की दो शिकायती पत्र आए। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, तहसीलदार विकासधर दुबे, उपखंड अधिकारी जगदीश सिंह, प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी मोहम्मदी, बरवर, खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव व स्वास्थ्य अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे मौजूद रहे।

**निघासन संवाददाता के अनुसार,** संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 44 फरियादियों ने पहुंच कर शिकायती पत्र दिए। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 34, पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग व सेहत महकमे की दो-दो शिकायतें आई हैं। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष सभी शिकायती पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सप्ताह भर में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वयं सहायता समूहों ने पेश की मिसाल:डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को ब्लाक मितौली के प्रांगण में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 51 ग्राम पंचायतों के नवनिर्मित एक-एक सामुदायिक शौचालयों की बागडोर स्वयं सहायता समूह को सौंप दी गई। ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व सीडीओ अरविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडेय ने विस्तार से जानकारी दी। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की जज्बे को सलाम किया। महिलाओ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं ने स्वप्रेरणा से सामुदायिक शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। जिसकी हर स्तर पर प्रशंसा हो रही है। सीडीओ अरविंद सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूहो ने मेहनत और लगन से पूरे जिले में अपना लोहा मनवाया है।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार के ट्रक ने मारी टक्कर युवक की मौत

**शाहजहांपुर।** तेज रफ्तार ट्रक ने साईकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी की युवक मोहन लाल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ।सुचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना कांट क्षेत्र के गांव ददरोल की है। जहाँ युवक मोहनलाल ओसवाल फैक्ट्री से मजूदरी करके अपने गांव सरोरा पश्चिम साईकिल से जा रहा था। तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी मोहनलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम स्थल भेजा मोहनलाल अपने घर में अकेले कमाने वाला था। मोहनलाल की मौत की सूचना मिलने पर घर में कोहराम सा मच गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही तेज कर दी है।

### व्यापार मण्डल ने बनाये 86 नये सदस्य

**ललौली (फतेहपुर)।** व्यापार मण्डल ने सदस्यता अभियान चलाकर 86 व्यापारियों को संगठन का सदस्य बनाया। साथ ही पूर्व में बनाये सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र व एक लाख रुपए का दुर्घटना बीमा वितरित किया। व्यापार मण्डल द्वारा माह दिसम्बर में सदस्यता अभियान जारी रखकर प्रथम निर्धारण लक्ष्य तीन सैकड़ा सदस्य को पूर्ण किया जाएगा। जोन प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कस्बा के आस-पास की इकाइयों के निर्माण हेतु दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं अध्यक्ष मो0 जुबैर ने कहा कस्बे के अनेक सूक्ष्म व्यापारियों को जिला पंचायत की तरफसे बिना मानक कर निर्धारण नोटिस जारी की जा रही है जो पूर्व निर्धारण कर से अत्यधिक है। इसकी वजह से व्यापारियों में रोष के साथ आक्रोश व्याप्त है। जिसकी जानकारी अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा को दी गयी है। जिनके निर्देशानुसार आज व्यापार मण्डल जिलाधिकारी को इस विषय का मांगपत्र देकर मानक विहीन कर निर्धारण नोटिसों को खारिज किये जाने की मांग करेगा।

### कांग्रेस पदाधिकारियों ने का सातवें दिन जारी रखा क्रमिक अनशन



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता मुन्ना सहित सभी कांग्रेसियों द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत लगातार सातवें दिन भी सम्पूर्ण भारत वर्ष के किसान भाइयों के द्वारा किए जा रहे आन्दोलन के समर्थन में जिला मुख्यालय राजीव भवन पर कृमिक अनशन पर मुख्य रूप से सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्षध्प्रभारी संगठन अतित कुमार बागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष तस्लीम अली खां, बृजेश मिश्रा, विपिन त्रिपाठी, अतीउल्ला अंसारी बैठे। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता ने पार्टी पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। उससे पूर्व आज सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि पर सभी कांग्रेसियों ने श्री पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य रूप से कृष्ण विनोद मिश्रा, पवन सिंह, गायत्री प्रकाश अवस्थी, प्रमोद मिश्रा, तस्लीम अली खान, सुनीता सिंह, अदीव अहमद, अतीउल्ला अंसारी, अनूप वर्मा, हरनाम कटियार, राकेश गुप्ता, फुरकान अहमद कुरेशी, गौरव त्रिपाठी, मो. नसीम, मो. यामीन, मो. कलीम, साजिद खान, सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

### बिंदकी बस स्टाफइलाके का अवैध निर्माण फिर ढहाया गया

**फतेहपुर।** शहर के बिंदकी बस स्टाफइलाके में तालाब एवं नाले की जमीन पर हों रहे अवैघ निर्माण को आज देर शाम पुलिस प्रशासन के अधिकारियो की मौजूदगी में पालिका प्रशासन ने ढहा दिया। भू माफियाओं के इस खेल पर पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियो ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया था किन्तु अवैध कब्जेदारो को सिर्फचेतावनी देकर छोड़ देने का प्रतिफल यह हुआ कि शातिर कब्जेदारो ने फिर से निर्माण शुरू करवा दिया जिसपर आज एक बार फिर जिम्मेदारो की न सिर्फकिरकिरी हुई बल्कि कड़ा रुख भी अख्तियार करना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण में कुछ लोगों के खिलाफमुकदमा भी कायम हो सकता है।

### चार सैकड़ा नये मतदाता फार्म जमा कराये

**फतेहपुर।** सदर विधानसभा के मण्डल हसवा के छिछनी, गेण्डुरी, टीकर, मनीपुर बूथों में सदर विधायक विक्रम सिंह द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत नये मतदाताओं का फार्म भरकर सम्बन्धित बीएलओ को जमा किये गये। इन सभी बूथों में लगभग चार सौ फार्मो को जमा किया गया। कार्यक्रम में विधायक अपनी उपस्थिति में नये मतदाताओं का फार्म भरवाया, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा जिनका नया विवाह हुआ है।

# अधिकारियों ने पैदल मार्च कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

## अतिक्रमण को भी हटवाया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर आयुक्त** के नेतृत्व में घण्टाघर से बहादुरगंज मशीनरी मार्केट से रिक्शा स्टैण्ड से होते हुये बहादुरगंज पचराहा तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त सन्तोष शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को घण्टाघर से बहादुरगंज मशीनरी मार्केट से रिक्शा स्टैण्ड से होते हुये बहादुरगंज पचराहा तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियो द्वारा रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभाग, कर विभाग एवं पथ प्रकाश एवं प्रर्वतन दल की



एक एक टीम आवष्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। घण्टाघर से मशीनरी मार्केट में दुकानदारो द्वारा नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफ सफाई कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया एवं बहादुरगंज रिक्शा स्टैण्ड के पास दुकानदारो द्वारा नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाया गया। खराब सफाई व्यवस्था पर सफाई नायक प्रेमशंकर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफ-सफाई रखने की अपील की गई। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वच्छता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड-19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में अपनी पूरी सहभागिता करें, जिससे अपने शहर को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो सके। पैदल मार्च में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, उपनगर आयुक्त आषुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस: 201 फरियादी पहुंचे, 25 को मिला न्याय

**संवाददाता।** फतेहपुर

**शासन की** मंशानुरूप आम जन मानस को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, पीडब्लूडी, विद्युत, कृषि, सिंचाई, लघु सिंचाई, नलकूप, जल निगम, पूर्ति, बाल विकास, चकबन्दी, मंडी, शिक्षा, मध्यमिक शिक्षा, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, विकास आदि विभागों से सम्बंधित कुल 89 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमे से कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्रों को उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारित कर दिया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सामने निस्तारण की कार्यवाही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति एवं गुणवत्तापूर्ण मौके पर जाकर पूरी लग्न व तत्परता के साथ समय अवधि के अन्दर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि शिकायतकर्ताओं को तहसील दिवस में अनावश्यक रूप से न आना पड़े, शिकायतकर्ता की शिकायत का समाधान मौके पर ही हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा जनपद का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसकी समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व कर्तव्य दोनों है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी कार्य शैली में परिवर्तन लाएं और कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करें। तहसील बिन्दकी में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व लालता प्रसाद शाक्य एवं उपजिलाधिकारी प्रियंका सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 112 शिकायती प्रार्थना पत्रो के सापेक्ष 13 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### विद्युत विभाग ने कैंप लगाकर की बकाए विद्युत बिल की वसूली

**मलवां (फतेहपुर)।** सौरा पावर हाउस के एसडीओ फूलचंद्र भारती के नेतृत्व में ग्रामसभा में विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 63 लोगों से 1,95,028 लाख की विद्युत बकाया की वसूली की गई। वहीं टीम बनाकर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 12 लोगों की लाइन भी काटी गई। टीम में एसडीओएवं बड़े बाबू मोहित तिवारी सहित विद्युत विभाग के लाइनमैन भी रहे। एसडीओ ने बताया कि जन सेवा केंद्र के जरिए भी बकाया विद्युत बिल जमा किया जा सकता है। अगला बिल जमा हेतु कैंप का आयोजन पुनः किया जाएगा या किसी भी कार्य दिवस में आकर उपखंड कार्यालय में जो भी विद्युत बकायेदार हों अपना-अपना विद्युत बिल अदा कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

**बरेली।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ लगाम कसना शुरू करदी है आज ए डी हेल्थ डॉक्टर जावेद हयात और सी एमओ डॉक्टर विनीत कुमार शुक्ला की अगुवाई में चिकित्साधिकारियों ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें नवाबगंज सीएचसी पर 12 कर्मचारी, दलेल नंगर में 1 बिथरी चौनपुर में 3,फरीदपुर में 15, कुण्टाण्डा में 8,मझगवां में 11,मीरगंज 1,क्यारा में 5, भमोरा में 3 भोजीपुरा में 15, रामनगर में 6, आंवला मे 2 बहेड़ी में 3 , रिछा में 1, फतेहगंज पश्चिमी में5 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए कुछ कर्म चारी आकस्मिक अवकाश पर थे सीएमओ डॉक्टर विनीत कुमार शुक्ला ने बताया कि गैर हाजिर कर्मचारियों के खिलाफ कारवॉइ की जारही है उनका वेतन भी काटा जाएगा, निरिक्षण डॉ जावेद हयात, अपर निदेशक, डॉ विनीत शुक्ला मुख्य चिकत्साधिकारी, डॉ आर सी शर्मा, डॉ. आर एन सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।

# लड़कियां किसी मामले में लड़कों से कम नहीं: मोहम्मद आमीन



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**इस्लामिया इण्टर** कालेज शाहजहाँपुर सभागार में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गयी । जिसमें महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती रेखा शर्मा ने छात्रों एवं स्टाफ के समक्ष अपने विचार रखे । महिला कल्याण अधिकारी ने जेण्डर आधारित अन्तर को समाप्त करने का आव्हान किया और कहा कि अगर अपने घर की बेटी की सुरक्षा चाहते हैं तो दूसरों के घर की बेटी की रक्षा का जिम्मा हमें उठाना होगा । कार्यक्रम में परामर्शदाता श्रीमती प्रतिमा मिश्रा ने कहा कि महिलाओं द्वारा पुरुषों के उपर लगाये गये मामलों में निष्पक्षता बरती जाने की आवश्यकता है ।

इरफान अली खान ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रारम्भ से ही महिलाओं को उनके सम्मान की रक्षा का शिक्षा अपने संदेशों में देता आया है । हम इस्लाम धर्म को अपने जीवन में पूर्ण रूप से ले आयें तो महिलाओं के विषय में हमें अधिक चिंता करने की आवश्यकता पड़ेगी । क्योंकि हमारे यहाँ बचपन से ही यह शिक्षा दी जाती है कि माँ के पैरों तले जन्नत है । नागरिक शास्त्र प्रवक्ता मोहम्मद अफरोज खान ने कहा कि हमारा जीवन एक रथ समान है तथा महिला एवं पुरुष इसके दो चक्के हैं जिसमें से एक भी चक्र खराब होने पर जीवन का सफर मुश्किल से ही आगे बढ़ सकता है । स्त्री जाति मिजाजन बहुत ही नाजुक होती हैं। उनके साथ हमेशा ही बड़े प्यार से व्यवहार करना चाहिए । मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को आगे और पुरुष पीछे करना नहीं बल्कि महिलाओं को समाज में एक सम्मानित स्थान प्रदान करना है जिसमें उन्हे यह महसूस हो कि उन्हें जो स्थान प्राप्त है वह किसी की कृपा नहीं बल्कि इस पर उनका हक है ।प्रधानाचार्य मोहम्मद आमीन ने कहा कि लड़कियाँ किसी मामले में लड़कों से कम नहीं होती हैं जिसमें कम समझना हमारी संकीर्ण मानसिकता का ही द्योतक होगा । उन्होंने उपस्थित वक्ताओं का शुक्रिया अदा किया । इस अवसर पर कालेज के शिक्षकगणों में सगीर अहमद, इमरानुद्दीन, मोहम्मद आसिफ खाँ, तसदीक अहमद, निसार हसन खान, मतलूब उल्लाह खान, संजीव उपाध्याय, तसलीम अहमद, फैसल रियाज खान, हशमत अली, मोहम्मद फहीम खान, अब्दुल समद खान, मोहम्मद अशरफ खान व छात्र उपस्थित रहे ।

## उपचार दौरान घायल अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर के समीप चार दिन पूर्व पुत्री की शादी का सामान लेने जा रहे 50 वर्षीय एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी सोमवार की रात घर में ही उपचार के दौरान मौत हो गयी। बताते चलें कि गुरसण्डी गांव निवासी स्व0 सीताराम का पुत्र रामलाल की पुत्री माया की शादी 11 दिसम्बर को होनी थी। पुत्री की शादी का सामान लेने वह रक्षपालपुर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे प्राइवेट नर्सिंग होम ले गये थे जहां से उसे इलाहाबाद रिफर कर दिया गया था। दो दिन पूर्व परिजन गांव लाकर घर पर ही इलाज करवा रहे थे। तभी सोमवार की रात उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम की सख्ती से वरासत का मामला त्वरित निस्तारित

संवाददाता। कानपुर देहात

## ● समाधान दिवस में 175 प्रार्थना पंजीकृत 12 का हुआ मौके पर निस्तारण



**जिलाधिकारी** डा0 दिनेश चन्द्र जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील अकबरपुर के डा0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को अधिकारीगण गभीरता से सुने और उसका समयवद्ध ढ़ंग से समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस माह के प्रथम मंगलवार व तृतीय मंगलवार को सभी तहसीलों में सम्पन्न होता है इस लिए अधिकारी पूरी गंभीरता से समस्याओं को सुने। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नही होगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरी ने भी पुलिस से सम्बन्धी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में 175 शिकायतों को सुना गया जिसमें 12 शिकायतों को मौके पर निस्तारण कराया। जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व की 75ए पुलिस की 43ए विकास की 12 तथा अन्य विभागों की शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतकर्ताओं को गंभीरता पूर्वक समस्याओं को सुने तथा उसका निस्तारण गुणवत्ता व समयवद्ध कराये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। वहीं जिलाधिकारी को शिकायतकर्ता रामकृष्ण पुत्र महावीर निवासी लोदीपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि खतौनी वरासतन गलत तरीके से रमेश कुमारए दिनेश कुमारए महेश कुमार के नाम दर्ज कर दिये गये है तथा प्रार्थी रामकृष्ण का नाम हटा दिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच चकबन्दी अधिकारी उदय नारायण व तहसीलदार अकबरपुर को संयुक्त रूप से सौंपी जिस पर मौके पर भेजकर तत्काल जांच करायी जो सही पायी गयी जिलाधिकारी ने इस लापरवाही के चलते लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये और जांच टीम को पुरस्कृत किया और तत्काल खतौनी में नाम अंकित कराकर खतौनी भी मौके पर उपलब्ध करायी। उन्होंने अन्य अधिकारियों को इसी प्रकार कार्यवाही करने की नसीहत दी और कहा कि अधिकारी पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करे अन्यथा दण्ड के लिए तैयार रहे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान गरीब व असहाय फरियादियों को ठंड के चलते पात्रता के आधार कम्बल भी वितरित करायें और यह भी निर्देश दिये कि भविष्य में भी गरीबों को पात्रता के आधार पर कम्बल वितरण व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराये जाये। उन्होंने अधिकारियों को ताकीद दी कि शासकीय योजनायें समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए अधिकारियों को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए ताकि कोई गरीब शासकीय योजनाओं से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वरासत के मामलों में गंभीरतापूर्वक अभियान चलाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि कोई भी मृतक के वारिसानों को वारासतन खतौनियों में नाम अंकित किया जाये। जिलाधिकारी ने सरकारी जमीन पर रजिस्टारए कानूनगो द्वारा 5 साल बाद दाखिल खारिज करने पर रोष प्रकट करते हुए फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि इसी तरह के कार्य करने पर विवाद बढ़ते है और प्रशासन की छवि धूमिल होती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अपने कार्य आचरण में सुधार लाये अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। समाधान दिवस के दौरान तहसील अकबरपुर में दो माह में 7 सौ वारासत के मामले खतौनियों में निपटाये गये जो जिले का सबसे बड़ा रिकार्ड है।

## 610 गोल्डन कार्ड बनाए गए

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 610 गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदारए खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारीध्प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण कराएं।

# समाधान दिवस में अवैध चक मार्गों से तत्काल अवैध कब्जे हटवाने के दिए गए निर्देश

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**कोरोना** संक्रमण काल के चलते लॉकडाउन लगने के समय से ही मंगलवार को आयोजित होने वाला हर समाधान दिवस एल वाई डिग्री कॉलेज के प्रांगण में ही आयोजित होता है।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन इसी कॉलेज स्थल पर हुआ। जिसमें पचासी फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र देकर समाधान की गुहार लगाई । इनमें से मौके पर 16 समस्याओं का निस्तारण करने के उपरांत शेष 69 प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से स्थलीय निरीक्षण के उपरांत निस्तारण करने के निर्देश देए दे दिए गए । आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में भी अधिकतर मामले चक मार्गों एवं अन्य प्रकार के अवैध कब्जे से जुड़े हुए राजस्व विभाग के ही प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव मगटई निवासी देशराज ने पीड़ित भाव से गुहार लगाते हुए कहा कि साहब मेरे ही गांव का दबंग अजीत कुमार मेरे खेत को जाने वाले चक मार्ग पर अवैध कब्जा करके जोत हो रहा है। इस पर एक बार फिर जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी चक मार्ग पर अवैध कब्जा न हो सके। जो भी अवैध कब्जा करने वाले हो उन पर सूचना मिलते ही संबंधित थानाध्यक्ष तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करें।


## पत्नी से विवाद में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** पत्नी से विवाद के बाद युवक ने कमरे में जाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ताजपुर चौकी इंचार्ज विश्व नाथ आर्य नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव दौलतपुर चिर्रा निवासी 40 वर्षीय विनोद उर्फ भूरे का सोमवार रात पत्नी पिकी से विवाद हो गया। इसके बाद वह घर में बने कमरे में चले गए और पंखे में अंगौछा के सहारे फांसी का फंद्बा लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह पिकी कमरे में गईं तो शव लटका देख उनकी चीख निकल गई। चीख पुकार पर स्वजन व पड़ोसी भी आ गए। पारिवारिक भाई राममोहन ने कोतवाली में सूचना दी। ताजपुर चौकी इंचार्ज विश्वनाथ आर्य ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ताजपुर चौकी इंचार्ज नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 62 लोगों ने दर्ज कराई शिकायतें

## ● एक का मौके पर ही किया गया निस्तारण

संवाददाता। घाटमपुर



**तहसील** के सभा कक्ष में आयोजित समाधान दिनस में पंहुचे 62 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी वहीं पुलिस से संवंन्धित एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर किया गया। करीब एक वर्ष बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में पहले जिलाधिकारी समय से न आने के चलते पहले मुख्य बिकास अधिकारी महेंन्द्र कुमार और उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से आये हुए फरियादियों की शिकायते सुनी और गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अन्दर निस्तारण का आदेश दिये। दोपहर करीब एक बजे मिलाधिकारी आलोक तिवारी और बरिष्ठ पुलिस अधीयाक प्रीतिन्दर सिंह पहंचे और शिकायतें सुनी। दिवस में गांव जुरैंया से पंहुचे मनोज पुत्र राम आसरे ने शिकायत दर्ल करायी कि उसका आवास कच्चा कमरा व छप्पर रखा है जिससे बारिश और जाड़े मे परेशानी उठानी पड़ती है इसी को लेकर वो कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका है फिर भी उसे आवास नही तिला है जबकि वो पात्रता की श्रेणी में है। जिलाधिकारी ने बीडीओं को जॉच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया है। इसी तरह की शिकायते अन्य गांवों के लोगों ,ने की तहसीलदार बिनीत कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में 62 शिकायें आयी है जिसमें सबसे जयादा 22 पुलिस से संवंन्धित है। इसके अलावा राजस्व 20, बिकास 5,चकबन्दी 4, नगर पालिका 3 तथा बाकी अन्य बिभागों से संवन्धित है।

## धूमधाम से मनाया जायेगा विजय दिवस

संवाददाता। औरैया

**प्रदेश** कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर जिला कांग्रेस आगामी 16 दिसम्बर को विजय दिवस धूमधाम से मनायेगी। इस अवसर पर ध्वजारोहण, पूर्वसैनिकों का सम्मान व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

सोमवार को जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिववीर दुबे ने बताया कि 13 दिनों के युद्ध के बाद 16 दिसंबर 1971को भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तान ने आत्मसमर्पण किया था व दुनिया के इतिहास में पहली बार नब्बे हजार से अधिक सशस्त्र सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था व पाकिस्तान से पृथक बांग्लादेश का जन्म हुआ। इन्दिरा जी के इस साहसिक निर्णय व भारतीय सेना के पराक्रम की याद में विजय दिवस की 49वीं जयन्ती धूमधाम से मनायी जायेगी।

## रैक लोडिंग के बावजूद लुढ़का आलू का भाव, किसान चिंतित



**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मंडी में आलू की आमद दिनोंदिन बढ़ रही है। साथ ही भाव में गिरावट भी जारी है। मंगलवार को असोम के लिए आलू की पहली रैक की लोडिग शुरू हुई। किसानों को उम्मीद थी कि रैक लोडिग के चलते भाव में सुधार आएगा लेकिन आमद बढ़ने से भाव 200 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क कर 1100 से 1300 रुपये तक आ गया।

सोमवार को मंडी में आलू का भाव 1300 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल तक था। आलू की रैक बुक होने की जानकारी मिलने पर किसानों को उम्मीद थी कि भाव में उछाल आएगा जिससे मंडी में करीब 150 ट्रक आलू आ गया। इस कारण भाव 200 रुपये प्रति क्विटल गिर गया। रैक की लोडिग के बावजूद भाव गिरने से किसानों की चिता बढ़ी है। रैक लोडिग एजेंट रामगुलाम पांडेय ने बताया कि अभी पहली रैक असोम के चांदसारी के लिए लोड हुई है। अन्य रैक भी लोड होने की उम्मीद है। आलू आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष रिकू वर्मा ने बताया कि रैक की लोडिग से भाव बढ़ने की उम्मीद थी लेकिन आमद बढ़ने से भाव में गिरावट आ गई।

# बालू खनन और अवैध भंडारण पर बिजिलेंस टीम ने भरथना में मारा छापा

## ● बालू खनन व अवैध भंडारण करने बाले भरथना के माफियाओं में मचा हड़कम्प

संवाददाता। इटावा



**भरथना** नगर क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब दस बजे ऊसराहार.भरथना मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी मोड़ पर सरकारी अत्याधुनिक असलहों से लैस भारी पुलिस फोर्स और इटावाएभरथना के अधिकारियों के साथ लखनऊ की खनन विजिलेंस टीम ने छापा मारा और उक्त स्थान पर अबैध रूप से भारी मात्रा में भंडारण की गई बालू आदि को अपने कब्जे में लेलिया। आपको बतादें अधिकारियों की यह कार्यवाही करीब एक घण्टे से अधिक समय तक चली जिसपर विजिलेंस टीम के अधिकारियों ने कुछ बताने से इंकार करते हुए यहाँ के करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अबैध रूप से बालू आदि का भंडारण करने की कार्यवाही करदी। और जब्त की गई बालू को लिखा पढ़ी कर मौजूद लिगों के सुपुर्द करदी। बालू खनन व बालू भंडारण को लेकर पुलिस व अधिकारियों की इस कार्यवाही से बालू खनन व बालू भंडारण माफिआओं में हड़कम्प मचा हुआ है।

## ग्रामीणों की सक्रियता से बची पशुओं की चोरी, गांव में दहशत

**चकरनगर।** सहसों थाना क्षेत्र के एक गांव से रात्रि समय दरवाजे पर बंधी मवेशी चोर चोरी कर ले गए। आधी रात्रि के बाद नींद से जागे किसान को घटना की जांनकारी हुई। शोरगुल सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीणों संग पुलिस ने रास्तों पर नाकेबंदी कर दी। सक्रियता के चलते जंगल से भोर सुबह पशु बरामद कर लिए गएए किन्तु चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। सहसों थाना के गांव सदूपुरा निवासी राधेश्याम दोहरे के पशु नित्य की भांति सोमवार रात्रि समय दरवाजे पर लगे छप्पर में बंधे थे। इसी दौरान चोर पीछे से खेतों के रास्ते आये और तीन पशु चोरी कर ले गये। रात्रि करीब एक बजे जब किसान बाथरूम के लिए नींद से जागा तो देखा कि बाड़े से पशु गायब है। तदोपरांत किसान ने छत पर चढ़कर ग्रामीणों को आवाज लगाई। शोरगुल सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीण अपने हाथों में टॉर्च लेकर जंगल और सड़क मार्ग के रास्तों की तरफ दौड़ पड़े।

## क्विक न्यूज

### टॉप-10 अपराधी को पुलिस नें तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस नें टॉप–10 अपराधी को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके ऊपर सात मुकदमें विभिन्य मामलों में दर्ज हैं। थाना शमसाबाद क्षेत्र के नगला चौखण्डा निवासी चेतन सक्सेना पुत्र संतोष सक्सेना पर 7 मुकदमें हत्या का प्रयास, अबैध हथियार रखनें आदि के मामले में दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर थाना पुलिस नें उसे 12 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।

### दो भाइयों सहित चार को उम्रकैद

**फर्रुखाबाद।** भूमि की रंजिश के चलते 16 वर्ष पूर्व ग्रामीण को गोलियों से भून दिया गया था। इस मामले में एससीएसटी न्यायालय के अपर जिला सत्र न्यायाधीश यादवेंद्र सिंह ने सुनवाई की। मुकदमे में दो भाइयों सहित चार लोगों को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 21–.21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद के भी आदेश दिए हैं। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव हल्दीखेड़ा निवासी अरविद कुमार ने सात अगस्त 2004 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### प्लाज्मा के दानवीर बने आदित्य



**आगरा।** लखनऊ के आदित्य आकाश दास आगरा में न्यूनतम आयु वर्ग के प्लाज्मा दानवीर बन गए हैं। शनिवार को उन्होंने एसएन मेडिकल कालेज में प्लाज्मा दान किया। 18 साल के आदित्य 12 वीं कक्षा के छात्र है और लखनऊ में ही रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं। आकाश ने आर्टीपीसीआर कराया। उनकी रिपोर्ट निगेटिव आयी। आदित्य एसएन मेडिकल कालेज आगरा में कोविड लैब प्रभारी डॉ आरती अग्रवाल के भतीजे हैं। लिहाजा उन्होंने अपनी एंटीबॉडी की जांच कराने की इच्छा जतायी थी। एंटीबॉडी की जांच करायी गयी। जांच में उनकी एंटीबॉडी शक्तिशाली पायी गयी। इस पर डॉ आरती ने उन्हें प्लाज्मा दान करने के लिये प्रेरित किया। प्रभारी डॉ नीतू चौहान ने उनका प्लाज्मा लिया। प्राचार्य डॉ संजय काला ने आदित्य के इस सराहनीय कार्य पर उनकी प्रशंसा की।

### निर्माणाधीन पंचायत घरों में पाईं खामियां

**ताखा।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कई गांव में पंचायत घर का निर्माण हो रहा है जिस निर्माण कार्य को देखने के लिए कल अचानक डीपीआरओ यतेंद्र सिंह दौरे पर आए और उन्होंने बदकन शाहपुर सोथना हिंदूपुर बैद्यपुर और पुरैला में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। तो यतेंद्र सिंह ने मीडिया को बताया कि मुझे बद्कम शाहपुर में तो काम चलता मिला है बाकी तीन चार जगह काम बंद मिला है ग्राम पंचायत पुरैला में बन रहे पंचायत घर में मौरंग की जगह डस्ट चल रही है घटिया किस्म की ईट चलाई जा रही है इसको देख कर डीपीआरओ खासे नाराज नजर आए उन्होंने संबंधित अधिकारी एडीओ पंचायत देवेंद्र यादव ग्राम पंचायत सेक्रेटरी अलक्षेंद्र कुमार को जमकर लताड़ा उन्होंने कहा अभी कुछ ही दिन पहले ताखा ब्लाक में बड़े घोटाले हुए जिनमें संबंधित लोगों पर कार्रवाई भी हुई लेकिन तुम लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कल से यह कार्य प्रारंभ हो जाएगा पर गांव के लोगों ने बताया कि यहां आज भी जनपद के बड़े अधिकारी के आदेश के बावजूद भी काम जस की तस बंद पड़ा है आज भी काम प्रारंभ नहीं हुआ।

# पुलिस के लिए अभी भी सिरदर्द बने जिले के यह पांच हत्याकांड!

**फर्रुखाबाद।** जनपद में कई हत्याकांड हैं जिनका राजफाश करने में पुलिस की जाँच कई–कई महीनों बाद भी खाली है। हत्या कर आरोपी खुले घूम रहे है। लेकिन पुलिस उनको लेकर अभी तक सक्रिय नजर नही आ रही है। जिससे उनकी जाँच की फाइलों पर अनदेखी की धूल जम रही है।

**केस–1–** बीते थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गाँधी नगर निवासी सुमन पत्नी राकेश कुमार का 25 वर्षीय भाई मिथुन कुमार उर्फ नीतू पुत्र रक्षपाल सिंह बीते 24 जुलाई 2019 को उसके घर आया था। वह सेना में भर्ती होंने की तैयारी कर रहा था। 25 जुलाई को वह सुबह वह अपनी बहन सुमन से दौड़ लगाने की कहकर सुबह पांच बजे चला गया। उसके बाद वह लौटकर नही आया। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कोई पता नही चला। जिस पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी थाना कमालगंज में दर्ज करायी थी। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस सुस्त पड़ गयी। 27 जुलाई को जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के ग्राम रसूलपुर भट्टे के निकट रस्सी से गला घोटकर मिथुन को मौत के घाट उतार दिया गया था। 18 अगस्त को परिजनों नें कपड़ो से शिनाख्त कर ली। लेकिन मामला डीजीपी तक पंहुचा। कई एसपी बदले आधा दर्जन थानाध्यक्ष बदले लेकिन मिथुन को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी लगभग डेढ़ वर्ष के बाद भी खुले घूम रहें है। जिनके गिरेवान तक पुलिस का हाथ अभी तक नही पंहुचा। पुलिस नें मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

**केस–2–** बीते पांच माह पूर्व 31 मई 2020 को कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी शिवपाल सिंह शाक्य का खेत ग्राम ज्योना में बने कुंए के भीतर एक लाश मिली थी। लाश को जब कुंए से बाहर निकाला गया तो उसका सिर ही कटा हुआ था। शरीर पर कोई वस्त्र भी नहीं था। एक पैर पर कटे होने का बड़ा घाव होनें के साथ ही घटनास्थल के निकट पीपल के पेड़ पर लटका एक रक्तरंजित अंगौछा भी मिला था। घटना में पुलिस पांच माह बाद खाली हाथ है। आरोपी खुले में साँस ले रहे है।

**केस–3–** बीते 23 अगस्त लगभग एक साल पूर्व फर्रुखाबाद में देर रात कानपुर– फर्रुखाबाद 55327 पैसेंजर ट्रेन में बोगी के दोनों बाथरूम के बीच लाल रंग का लावारिस ट्राली बैग रखा मिला। पुलिस के बैग खोलने पर उसमें महिला का शव मिला। महिला कौन थी सूटकेस किसने रखा और हत्या क्यों की गयी आरोपी कौन था इसका पता जीआरपी भी तक नही लगा सकी।

**केस–4–** शमसाबाद निवासी बीते 13 अक्टूबर 2019 को छात्रा आकांक्षा सक्सेना का शव रेलवे ट्रेक पर मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा भी दर्ज कराया था। कई दिनों तक मामला गर्म रहा। उसका बाद पुलिस आज तक इस मामले में भी कोई ठोस निर्णय नही ले पायी।

**केस–5–** बीते लगभग एक वर्ष पूर्व 31 दिसम्बर 2019 को थाना राजेपुर के ग्राम भाऊपुर चौरासी निवासी 40 वर्षीय मुकेश कश्यप पुत्र लालाराम अपने दोस्त सुनील पुत्र राजेश कश्यप के साथ नाव लेकर गंगा के रास्ते गाँव आ रहा था। दोस्त नें खबर दी कि रास्ते में मुकेश गंगा में कूद गया। लेकिन परिजनों नें सुनील पर हत्या का आरोप लगाया।पुलिस नें सुनील को पुलिस नें मुकेश के अपहरण करने के मामले में जेल भेज दिया। आज तक मुकेश जिंदा या मुर्दा नही मिला। लेकिन उसके अपहरण के आरोप में युवक जेल गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें जेएनआई को बताया कि जो भी हत्या के केस अभी पुलिस खोल नही पायी है। उसके लिए अलग से टीमें गठित कर कार्यवाही करायी जायेगी।

## पशुधन अधिकारी के साथ दबंगों ने की मारपीट पुलिस ने पिता-पुत्र को लिया हिरासत में

संवाददाता। बकेवर

**थाना** क्षेत्र के ग्राम अहेरीपुर में सोमवार की सुबह घर से निकल कर अपनी ड्यूटी पर जा रहे पशुधन प्रसार अधिकारी पर नामजद आरोपित पिता पुत्र ने जानलेवा हमला बोल कर मारपीट की । पुलिस ने इस मामले मे आरोपित पिता पुत्र को हिरासत मे लिया।

अहेरीपुर कस्बा निवासी कृष्ण नारायण पुत्र रामानुज दास ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र मे बताया कि वह महेवा विकास खंड के ग्राम फतेहपुरा केन्द्र मे पशुधन प्रसार अधिकारी के पद पर तैनात है सोमवार की सुबह वह अपनी दिनचर्या के अनुसार ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला ही था कि उसका पड़ोसी उज्जवल पुत्र दीप चन्द्र उससे अभद्रता करने लगा जिसका विरोध जब पशु धन प्रसार अधिकारी ने किया तो उसने उनके ऊपर क्रिकेट खेलने वाले वैट से हमला बोल दिया। इस वह आरोपित उज्जवल के पिता दीपचंद से शिकायत करने उसके घर गया तो वहां आरोपित के पिता ने उसकी कोई बात नही सुनी और पिता पुत्र ने भी उसके साथ पुनः मारपीट शुरु कर दी । पशु धन प्रसार अधिकारी ने बताया कि वह अपनी जान बचाने के लिए भाग कर अपनी गैस एंजेसी मे जाकर छुप गया तो दीपचंद व उसके पुत्र ने गैस एंजेसी पर ईंट पत्थर से हमला बोल एंजेसी मे भी तोड़ फोड़ की । और जब पशुधन प्रसार अधिकारी को बचाने के लिए गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और पिता पुत्र को ललकारा तो दोनों पशुधन प्रसार अधिकारी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। मारपीट की घटना से पीड़ित पशुधन प्रसार अधिकारी अपने विभागीय लोगों के साथ थाने आया और घटना से संबंधित प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया। वही प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने इस घटना को गंभीरता से लिया और आरोपितों के घर पर दबिश देकर उनको हिरासत मे ले लिया।

# योगी सरकार की पहल से बदल रही चित्रकूट की तस्वीरः चंद्रप्रकाश खरे



जानकारी देते सांसद व जिलाध्यक्ष।

## ● यूपी इन्वेस्टर समिट का दिखने लगा असर, चित्रकूट के बरगढ़ में ब्रिटिश कंपनी के औद्योगिक इकाई लगाने से युवाओ को मिलेगा रोजगारः आर के सिंह पटेल

**चित्रकूट।** केंद्र की योगी और प्रदेश की योगी सरकार मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के चहुमुखी विकास को संकल्पित है। रामायण सर्किट समेत अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिये करोडों की लागत से धार्मिक,पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के पर्यटन विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही एयरपोर्ट का निर्माण कराकर धर्म नगरी चित्रकूट को देश के प्रमुख महानगरों से जोडने की कवायद पहले से ही चल रही है। वहीं योगी सरकार द्वारा ब्रिटिश कम्पनी को 400 करोड की लागत से चित्रकूट में उद्योग लगाने के लिए 68 एकड़ जमीन का आवंटन किये जाने से लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे चित्रकूट के युवाओं में खुशी की लहर दौड गई है।

आपकों बता दे कि धर्म नगरी के पर्यटन विकास को संकल्पित सूबे की योगी सरकार द्वारा अब बेरोजगारी दूर करने की दिशा में ठोस कार्य किया जा रहा है। सरकार की पहल से सूबे के आकांक्षी जिले में शामिल बुंदेलखंड के चित्रकूट जनपद में ब्रिटिश कंपनी एबी मोरी द्वारा 400 करोड़ की लगात से खमीर उत्पादन की इकाई स्थापित की जायेगी। जिसके बाद देश से खमीर का निर्यात शुरू हो जायेगा। आपको बता दें कि मेगा औद्योगिक यूनिट की स्थापना के लिए यूपीसीडा ने कंपनी को 68 एकड़ जमीन का आवंटन कर दिया है।

बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि 2018 में आयोजित यूपी इन्वेटर समिट का असर अब दिखने लगा है। जिले के मानिकपुर सीट से विधायक रहते उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चित्रकूट जिले के मानिकपुर और बरगढ में औद्योगिक इकाईयां स्थापित कराये जाने का अनुरोध किया था। इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रमुख उद्योग पतियों ने सीएम योगी के अनुरोध पर यूपी मे उद्योग लगाने का इच्छा जताई थी। उसी क्रम में ब्रिटिश कम्पनी के बुंदेलखंड के चित्रकूट में औद्योगिक इकाई की स्थापना का रास्ता साफहोने से क्षेत्र के करीब पांच हजार लोगों से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा।उन्होने बताया कि चित्रकूट जिले के बरगढ़ इलाके में आवंटित की कई जमीन पर कंपनी द्वारा जर्मन एवं स्पेन की मशीनें लगाई जाएंगी जो 33 हजार मिलियन टन खमीर का उत्पादन करेगी। उत्पादन की सारी प्रक्रिया जीरो लिक्विड डिस्चार्ज पर आधारित होगी।उन्होने बताया कि यूपीसीडा ने महज 15 दिनों के अंदर निवेश मित्र पोर्टल के जरिए जमीन का आवंटन सस्ती दरों पर किया है।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का कहना है कि योगी सरकार की चित्रकूट में औद्योगिक विकास की पहल की जमकर सराहना की है। ब्रिटिश की कंपनी एबी मौरी खमीर के उत्पादन में विश्व की जानी-मानी कंपनियों में से एक है। कंपनी का सालाना टर्नओवर 1.2 बिलियन यूएस डालर का है। कंपनी ने 32 देशों में 52 प्लांट लगाए हैं। बताया कि विश्व में 45 प्रतिशत खमीर का उत्पादन अकेले यही कंपनी करती है। कंपनी द्वारा मेगा यूनिट लगाने से बुंदेलखंड के चित्रकूट जैसे पिछड़े जिले में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। बताया कि कम्पनी द्वारा खमीर उत्पादन के लिए मुख्य फसल के रूप में गन्ना और गेहूं का इस्तेमाल किया जाएगा जो आसपास के किसानों से कंपनी द्वारा सीधे खरीदा जाएगा।इससे क्षेत्र के किसानों को भी खासा लाभ होगा।

वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल का कहना है कि बेरोजगारी बुंदेलखंड की सबसे बडी समस्या है। चित्रकूट समेत बुंदेलखंड के कई जिलों के हजारों बेरोजगार युवक काम की तलाश में सूरत,मुम्बई,दिल्ली और लुधियाना आदि महानगरों की ओर पलायन करने को मजबूर रहे है।लोगों को रोजी-रोटी के लिए अपना घर-परिवार तक छोडकर जाना पडता रहा है।लेकिन योगी सरकार की नई पहल से क्षेत्र के युवाओं का पलायन रूकने की आस जगी है। चित्रकूट के बरगढ में ब्रिटिश कम्पनी द्वारा औद्योगिक इकाई लगाने से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होने बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास की पहल के लिए सूबे की योगी सरकार की जमकर सराहना की।

## डीएम-एसपी ने गरीबों को बांटे कम्बल

**चित्रकूट।** डीएम व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की मौजूदगी में मऊ तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर गरीबों के बीच कम्बल बांटे गये। वरासत दर्ज कराने का कार्य अभियान चलाकर किया जाये। मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने एसडीएम मऊ से कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण करायें। दो-दो अधिकारियों की टीम बनाकर आवंटित ग्राम पंचायतों में गौशाला संचालन, पीएम आवास, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा के कार्य, पोषण मिशन, अविरल जल अभियान आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या दें। डीएम व पुलिस अधीक्षक ने निराश्रित एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल बांटे। सीडीओ, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, डीएफओ कैलाश प्रकाश, डॉ इम्तियाज, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीपीआरओ संजय कुमार पाण्डेय, पीडी अनय कुमार मिश्रा, रामउदरेज यादव आदि मौजूद रहे।

# कर्ज से परेशान किसान फांसी पर झूला, हुई मौत

संवाददाता। सुमेरपुर (हमीरपुर)

**थाना** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मौहर में कर्ज से परेशान होकर एक किसान ने अपने घर मे लगे नीम के पेड़ में फांसी से झूल कर आत्महत्या कर ली।किसान पर बैंक व ग्रामीणों का लगभग ढाई लाख का कर्ज था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रामराज पुत्र भूरा निषाद 42 वर्ष कर्ज से परेशान रहता था।सोमवार की रात को भोजन करके सोया था।प्रातः 5 बजे परिजनों ने देखा तो वह घर में नही था।आँगन में जाकर देखा तो नीम के पेड़ से उसका शव लटक रहा था।यह देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने घटना की खबर पाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक का बड़ा परिवार है राजकुमार, तेजकुमार, शिवकुमार, शिव सिंह चार पुत्र तथा सरोज, सरिता,व नन्दनी तीन बेटियां है। 22 वर्षीय राजकुमार की शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी ज्ञानवती ने बताया कि उसके पास मात्र 6 बीघे जमीन है। उसी से 7 सन्तान से युक्त परिवार का पालन हो रहा था। लॉक डाउन के कारण आर्थिक स्थिति गड़बड़ हो गयी थी। उसके पति के ऊपर इंडियन बैन्क मुंडेरा का एक लाख का कर्ज है साथ ही लगभग डेढ़ लाख रुपये का कर्ज ग्रामीणों का है जिसकी भरपाई न हो पाने तथा साहूकारों के तकादे से वह परेशान रहता था।

इसी कारण उसके पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी का कहना था कि सिर्फ एक लड़के की शादी हुई है तीन पुत्र व तीन पुत्रियो की शादी करना है इन सभी का भरण पोषण कैसे सम्भव होगा कुछ समझ मे नही आ रहा है। किसान द्वारा आत्महत्या किये जाने से पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# विभाग द्वारा एक दूसरे को दोषी ठहराने पर सुपाड़ी माफियाओं की बल्ले-बल्ले

**हमीरपुर।** जिले में व्यापार कर व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एक दूसरे पर कार्यवाही की जिम्मेदारी ठहराने पर सडी गली सुपाड़ी विक्री करने वाले माफिआओं को पूरा लाभ मिल रहा है। रोजान सैकड़ो कुंटल आपूर्ति होने वाली इस दबंग व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही तो दूर जांच तक नही की गयी है। जिले में चोरी छिपे नकली गुटखा का कारोबार कई सालों से हो रहा है अब तो यह उद्योग कुटीर धंधे का रुप ले चुका है इसके लिये कानपुर से सड़ी गली सुपारी रोजाना सैकडो़ कुंटल लक्ष्मी तिराहे से निकलकर सुमेरपुर, मौदहा राठ, मुस्करा व महोवा जाती है, जब भी नकली गुटखा की फैक्ट्री पुलिस द्वारा पकड़ी जाती है तभी उसमे सड़ी गली सुपाड़ी पकडी जाती है मगर इसके लिये खाद्य सुरक्षा के अभिहीत अधिकारी रामअवतार यादव का कहना है कि सुपाड़ी पकड़ने की जिम्मेदारी व्यापार कर की है क्योकि जब भी कोई टैक्स चोरी का मामला पकडा जाता है उसमें सुपाड़ी निकलती है मगर उस समय सेलटैक्स के अधिकारी उन्हो कोई सूचना नही देते है जिससे सुपाड़ी माफिआओ को बढ़ावा मिलता है मगर सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर मोबाइल संजय सिंह का कहना है कि किसी भी ट्रक में जो माल लोड होता है उनकी जिम्मेदारी केवल पेपर व टैक्स चोरी का मामला देखना है उनसे सड़ी गली सुपारी से कोई लेना देना नही है. मगर हकीकत यह है कि सुपाड़ी न पकडने के पीछे कोई दूसरा कारण है जो कि उच्चाधिकारी पूरी तरह वाकिब है। जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कई गुटखों की जांच प्रयोगशाला कानपुर में करायी गयी है तो वहा पर नकली सुपाड़ी व चमड़े का रंग मिलावटी पाया गया है जो सेहत के लिये बहुत की खतरनाक होता है। मगर खराब सुपाड़ी को आज तक नही पकड़ा गया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## दो वाहनों की टक्कर में चार लोग घायल

**सुमेरपुर।** राष्टीय राज मार्ग में इंगोहटा के पास एक ट्रक से ओवरटेक करते समय दो वाहन आपस मे टकरा गए।एक वाहन पलट गया तो दोनों वाहनों में सवार चार लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सोमवार की दोपहर में प्रेमनगर के पास हाइवे में एक ट्रक जा रहा था उसके पीछे यूपी 78 एल टी 9006 नम्बर का लोडर जा रहा था।आगे से एमपी 16 सी डी 2083 नम्बर की आल्टो कार चली आ रही थी।लोडर वाले ने ओवर टेक करने का प्रयास किया तो सामने से आ रही आल्टो कार से उसकी भिड़ंत हो गयी तो लोडर पलट गया। रनिया कानपुर निवासी जितेंद्र सविता 24 वर्ष तथा उसका साथी सौरभ सिंह 17 वर्ष दोनों घायल हो गये वही कार में सवार कार चालक शंकर नामदेव व उसकी पत्नी कमला नामदेव दोनों लोग घायल हो गये जबकि कार में दो बच्चे भी सवार थे जो बाल बाल बच गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ उनका उपचार कराया गया है।

## क्विक न्यूज

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

**मौदहा( हमीरपुर)।** क्षेत्र मेंअलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हुए जिनमें तीन की हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। सड़क दुर्घटना में मौदहा निवासी शिवमंगल सड़क पार कर रहा था अचानक तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जो सड़क पर गिर गया गंभीर स्थिति में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया गया हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वही राम बहादुर मकराव निवासी सायंकाल शौच क्रिया के लिए जा रहा था रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी वह सड़क पर गिर गया आनन-फानन में ग्राम वासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल के रेफर कर दिया गया उसी गांव के कालीचरण ऑटो में सवार होकर भरवा सुमेरपुर की ओर जा रहे थे तभी एक अनियंत्रित डंपर ने टेंपो सवार को टक्कर मार दी टक्कर मारने से रामगुलाम के गंभीर चोट आ गई मौदहा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए भेज दिया गया मोनू सोनकर मौदहा निवासी अनीता, बलराम सोनकर मौदहा को बाइक में बिठाकर बड़े चौराहे की ओर जा रहे थे बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से रास्ते में गिर पड़े और जिससे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया स्वास्थ्य में सुधार है।

### अच्छा कार्य करने वाले कैडेट्स किए गए सम्मानित

**कुरारा(हमीरपुर)।** स्थानीय श्री राम कृष्ण परा स्नातक महा विद्यालय में स्वच्छता पखवारा के समापन अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की गोष्ठी सम्पन्न हुई। वही इसमें अच्छा कार्य करने वाले कैडेट्स को विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। कस्बे के श्री राम कृष्ण परा स्नातक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवारा के समापन अवसर पर एनसीसी केडिट्स की गोष्टी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि सभी एनसीसी कैडेट्स समाज में स्वच्छता अभियान की जागरूकता का संदेश दे। तथा समाज के कार्यों में भाग लेकर लोगो को साफसफाई के महत्व को बताने का काम करे।वही स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एन सी सी केडिट्स वसीम बाबू व अमन द्विवेदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एनसीसी 55 यू पी बटालियन कानपुर के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### मोबाइल पर पत्नी से की बात और युवक ने लगा ली फांसी

**बांदा।** औगासी रोड स्थित कृष्णा नगर में मोबाइल पर पत्नी से बातचीत के दौरान कहासुनी हुई इसके बाद युवक ने फांसी लगा जान दे दी। पड़ोसियों को शक हुआ तो कुंड़ी तोड़ अंदर घुसे साफी के सहारे फंदे से लटका देख सनसनी फैल गई। आननफानन नीचे उतार सीएचसी ले गए जहां मृत घोषित कर दिया गया। कस्बे के औगासी रोड कृष्णा नगर निवासी शिवदत्त का बेटा 34 वर्षीय महेंद्र प्रताप जालंधर में मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करता था। कुछ समय पहले ही वह घर लौटा था। पिता शिवदत्त ने बताया कि खाना खाने के बाद महेंद्र अपने कमरे में चला गया। पड़ोसियों ने देर रात उसके कमरे से तेज.तेज आवाजें आते सुनीं। जिसके बाद उसे आवाज दी कोई जवाब नहीं मिलने पर शक हुआ। पड़ोसियों ने दरवाजे की कुंडी तोड़ी और अंदर गए तो साफी से बने फंदे से लटका देखा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### चार दिन पहले गायब सुरक्षा कर्मी की लाश बरामद

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र में भेड़ी खरका मौरम खदान से चार दिन पहले गायब हुए सुरक्षाकर्मी का शव बेतवा नदी किनारे जनपद जालौन की सीमा में बरामद हुआ है। भेड़ी खरका मौरम खदान के खंड संख्या 23 बटे 23 में जालौन जनपद के कदौरा कस्बे का विजय बहादुर उर्फगुड्डन सिंह (40) सुरक्षाकर्मी था। ग्यारह दिसंबर को मौरम खदान में विवाद होने की सूचना पर वह घर से खदान आया था। इसके बाद से वह अपनी दुनाली बंदूक सहित गायब हो गया था। उसका मोबाइल भी बंद हो गया था। मामले में सुरक्षाकर्मी के भाई की तहरीर पर जलालपुर थाने में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज किया गया था। घटना के बाद से जलालपुर व कदौरा पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार को उसका शव कदौरा थाना क्षेत्र की सीमा में बेतवा नदी किनारे बरामद हुआ है।

### सट्टा पर्ची लिखते युवक गिरफ्तार

**जालौन (जालौन)।** सट्टे के नंबर लिखते हुए चौकी पुलिस ने एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन व सट्टा पर्ची के साथ 520 रुपये नगद बरामद किए। चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित को सूचना मिली कि मोहल्ला तोपखाना में एक युवक सट्टे के नंबर लिख रहा है। पुलिस ने सट्टे के नंबर लिख रहे राजू उर्फपतैली निवासी मोहल्ला घुआताल को सट्टा पर्ची के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास से सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियों के साथ डायरी, पेन व 520 रुपये नगद बरामद किए। रिपोर्ट दर्ज की।

### झगड़ा करने पर युवक पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन।** गांव में झगड़ा कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा निवासी सुरेंद्र कुमार गांव के लोगों के साथ झगड़ा व गाली, गलौज कर रहा था। समझाने के बाद भी न मानने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की।

### फरार पॉस्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** घर में घुसकर मारपीट व पास्को अधिनियम के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली में दर्ज घर में घुसकर मारपीट व पास्को अधिनियम का आरोपित काफी समय से फरार चल रहा है। चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने मंगलवार को आरोपित निजाम उर्फनिवासी हरीपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।

### पत्रकार को पितृशोक

**कोंच (जालौन)।** अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं स्थानीय पत्रकार विवेक द्विवेदी के 66 बर्षीय पिता राजेन्द्र द्विवेदी का अस्वस्थता के चलते मंगलवार को तड़के आकस्मिक निधन हो जाने पर नगर में शोक व्याप्त हुआ। पत्रकारों व शिक्षाविदों सहित नगर के गणमान्य लोगों ने गांधीनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को ढाँढस बंधाया।

### राजस्व वसूली पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

**कोंच(जालौन)।** विगत करीब 3 वर्षों से आरसी लिए बैठे अमीनों द्वारा की गई राजस्व की कम बसूली को लेकर एसडीएम अशोक कुमार ने नाराजगी व्यक्त की है। एसडीएम ने राजस्व संग्रह अमीनों को बसूली कार्य में तेजी लाने और अपेक्षित बसूली करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने बड़े बकायेदारों पर नजर रखने और उनसे कड़ाई के साथ बसूली करने को कहा।एसडीएम ने संग्रह अमीनों के साथ बैठक करके बिजली की राजस्व बसूली की समीक्षा की जिसमें पाया गया कि बर्ष 2017 से 2019 के बीच बिजली विभाग द्वारा काटी गई 1766 लोगों की आरसी पर अपेक्षित काम नहीं हुआ और महज पांच फीसदी ही बसूली हो सकी। इस स्थिति को लेकर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अमीनों को फटकार लगाई।

# पांच लोगों ने 3 माह तक बंधक बनाकर नाबालिग लड़की के साथ किया गैंग रेप

**बांदा।** बांदा में एक नाबालिक लड़की को 5 लोगों ने बंधक बनाकर 3 महीने तक किया गैंगरेप पुलिस ने मां को थाने से भगाया लड़की नाबालिक को मां की सुपुर्दगी में नहीं दिया ना ही पुलिस ने मेडिकल कराया। जबकि विधवा मां ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को एक शपथ पत्र देते हुए कहा है की मेरी बेटी पर पुलिस जबरदस्त दबाव बनाए हैं मेरी बेटी ने पुलिस अभिरक्षा में इस बात को स्वीकारा है कि 5 और लोग मेरे साथ बारी बारी से बंधक बनाकर गैंग रेप करते रहे हालांकि पुलिस इसमें पूरी लीपापोती कर रही है कभी कहेगी जांच चल रही है कैमरे से बराबर बचते हुए देखें और सुने जा सकते हैं यह बहुत बड़ा नारी शक्ति अभियान पर धब्बा है चंद निहित स्वार्थों के चलते सत्ता के दबाव में ऐसा घृणित कार्य नहीं करना चाहिए जिससे सरकार की कानून व्यवस्था और छवि पर एक बदनुमा दाग लगता है। अपर पुलिस अधीक्षक जी से बात हुई तो उन्होंने फोन पर कहा कि अभी जांच चल रही है हम इस पर कोई बयान नहीं दे पाएंगे और लड़की की मां विधवा इसमें दोषी है और यह स्वयं गलत है नाबालिक लड़की थी वह गई थी उसकी किडनैपिंग हुई थी लेकिन पुलिस उन को क्लीन चिट दे रही है।

### गलत उपचार करने वाले चिकित्सक के विरुद्ध दी पुलिस को तहरीर

**जालौन ( जालौन )।** झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से महिला की हालत बिगड़ी। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं, महिला की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी माया देवी पत्नी शंकर सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे अचानक उसे उल्टियां होने लगीं।

## उपजिलाधिकारी और तहसीलदार ने लेखपालों के साथ की बैठक

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**तहसील** मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को एसडीएम अशोक कुमार व तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा ने क्षेत्र के लेखपालों की बैठक लेते हुए उन्हें दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत अब तक जितने भी घरों की घरौनी बनाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है उनकी फीडिंग शीघ्र पूर्ण करें।

वहीं तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा ने कहा है कि शासन की योजना के तहत क्षेत्र के चयनित ग्रामों में बनने वाली पानी की टंकी के लिये प्रस्ताव देने, मानचित्र संशोधन,पट्टा आवंटन, आय जाति निवास आधार फीडिंग आदि कार्यों को समय रहते पूर्ण किये जाने के निर्देश एसडीएम ने लेखपालों को दिये हैं।

# जिला पंचायत सदस्य के रवैए से गुस्साए डीएम ने छोड़ी कुर्सी

## ● तहसील दिवस में 74 में आठ शिकायतों का निस्तारण



संपूर्ण समाधान दिवस में कुर्सी से खड़े डीएम।

**माधौगढ़ ( जालौन )।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में उस समय हड़कंप मच गया। जब जिला पंचायत सदस्य से तीखी नोकझोंक के बाद डीएम ने कुर्सी छोड़ दी और जिला पंचायत सदस्य को ज्यादा बुद्धिमान होने की संज्ञा देते हुए अपनी कुर्सी पर बैठने का आमंत्रण दे दिया। इस बात से कुछ देर तक हॉल में सन्नाटा छा गया और सकपकाए जिला पंचायत सदस्य कुछ समय तक हक्का-बक्का रह गए। हालांकि अपने शब्दों को वापस लेने की बात के बाद डीएम ने किसानों की समस्याओं पर जांच के आदेश दिए।

तहसील में डीएम डॉ. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र सिंह ने किसानों की नहर के ओवरफ्लो होने से खराब होने वाली फसलों की समस्याओं का मामला रखा। जिस पर नहर विभाग के अधिकारियों ने डीएम के सामने पक्ष रखा लेकिन जिला पंचायत सदस्य अपनी ही बातों पर अड़े रहे। जिससे अचानक डीएम का पारा चढ़ा और वह अपनी कुर्सी से खड़े हो गए। उन्होने जिला पंचायत सदस्य से उनकी कुर्सी पर बैठकर न्याय देने को कह दिया। मिनटों तक चली बहस में डीएम का मूड काफी उखड़ गए। उन्होंने नहर विभाग के आला अधिकारियों को मौके पर जांच के लिए भेजा।

# पीएम योजना में तेजी लाने के लिए दिया ज्ञापन

**बांदा।** डिजिटल इंडिया तेजी से अपनाने के लिए आपको आवाहन के मद्देनजर देशभर के व्यापारियों ने कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के देशव्यापी अभियान के अंतर्गत डिजिटल कॉमर्स को उत्साह पूर्वक अपनाया है जबकि हमें यह बताते हुए अत्यंत पीड़ा हो रही है कि बड़ी विदेशी ई.कॉमर्स कंपनियों ने अपने सीमित संसाधनों के बल पर सरकार की एफ्डीआई नीति और संबंधित कानूनों का निरंतर उल्लंघन करते हुए भारत के इकॉमर्स व्यवसाय और करोड़ों व्यापारियों द्वारा खुदरा व्यापार करते हुए अपनी रोजी.रोटी कमाने को बर्बाद करने तथा देश को रिटेल व्यापार पर अपना एकाधिकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है यह बहुत ही खेद जनक है कि उनके खिलाफ कई शिकायतें करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और इसलिए यह विषय देशभर के छोटे व्यापारियों आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य में बेहद रुकावट बन गया है।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कानून के संरक्षक होने के बावजूद विभिन्न सरकारी विभाग सरकार की नीति को इन कंपनियों को पालन करने में विफल रहे हैं जबकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय में बड़ी ई.कॉमर्स कंपनियों द्वारा अपनी व्यवस्था एक गतिविधियों को कानून के दायरे में संचालन करने के लिए अनेक कदम उठाए लेकिन यह ई.कॉमर्स कंपनियां किसी ना किसी बहाने से 32 रहे हैं और ऐसा मन बना लिया है कि भारत में कोई कानून उनके अमरदीप व्यापार मॉडल के रोकने में सक्षम नहीं है।

हमारा आपसे सादर अनुरोध है कि ऐसी ई.कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए तथा भारत में ई.कॉमर्स व्यवसाय को विनियमित करने और निगरानी करने के लिए एक सशक्त रेगुलेटरी और पार्टी के स्पष्ट प्रावधान के साथ एक ई.कॉमर्स नीति को तुरंत घोषित किया जाए यह भी अनुरोध है कि एफ्डीआई नीति के प्रेस नोट 2 की विसंगतियों और असमानता को दूर करते हुए सरकार को एक नवीन एवं स्पष्ट प्रेस नोट जारी किया जाना चाहिए।

देशभर के व्यापारी लोकल पर वह कल और आत्मनिर्भर भारत जैसे गतिशील अभियान के आपको आवाहन को सरकार की प्राथमिकताओं को भलीभांति दर्शाते हैंए यह अभियान ना केवल अपने देश की संस्कृति और विरासत को विश्व पटल पर उजागर करेगा बल्कि घरेलू उत्पादकों को अपने निर्माण क्षमता में वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहित करेगा जिससे अधिक एवं बेहतर गुणवत्ता वाले सामान का उत्पादन किया जा सके और देश भर के लोगो को केवल भारतीय वस्तुओं को उपयोग करने के लिए आक्रामक रूप से प्रेरित किया जा सके। कैट ने पहले से ही भारत के व्यापारिक समुदाय और लोगों के बीच भारतीय सामान हमारा अभियान का एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है और देश के सभी भागों के नागरिकों ने उत्साह पूर्ण समर्थन भी दिया है। इस अभियान को देश के जन.जन तक पहुंचाने के लिए हमारा सुझाव है कि व्यापार उपभोक्ता नागरिक समाज और छोटे निर्माताओं के प्रतिनिधियों के साथ सरकारी अधिकारियों की एक संयुक्त समिति का गठन राष्ट्रीय स्तर राज्य स्तर और प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिला स्तर पर किया जाना चाहिए जिससे कि अभियान को जमीनी स्तर पर पहुंचाया जाए सके और इसके साथ जोड़ने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित किया जा सके।

# दबंगों द्वारा जमीन में कब्जा करने की शिकायत की

## ● तहसील दिवस में 74 में आठ शिकायतों का निस्तारण

**राठ( हमीरपुर )।** मंगलवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी हमीरपुर डा.ज्ञानेश्वर त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक हमीरपुर नरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस आईं 74 शिकायतों में 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने आये क्षेत्र के धमना गांव निवासी देवीदीन पुत्र कल्लू ने बताया कि उसकी पत्नी मन्नू ने 25 अक्टूबर 2018 को गांव में एक मकान का बैनामा झुंडा पुत्र धर्मदास से कराया था। आरोप लगाया कि गांव की लेखपाल षड्यंत्र के तहत मझगवां थाना क्षेत्र अटगांव निवासी एक महिला के नाम दर्ज कराने की फिराक में है। पीडित ने डीएम से जांच कराकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। इसी तरह कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी जयदेवी पत्नी मानिकचंद्र ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज न होने, पठानपुरा मोहल्ला निवासी वीरसिंह पुत्र मइयादीन ने प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने, सरसई गांव निवासी लालाराम पुत्र शिवशंकर ने फसल बीमा मिलने के संबंध में, जखेड़ी गांव निवासी हरपालसिंह राजपूत ने अन्ना जानवरों द्वारा फसल चर लेने, इटायल गांव निवासी महेंद्र पुत्र फूलसिंह ने पटटे की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की है।

तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं आवास, शौचालयों, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि विभाग, डूडा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए स्टॉल लगाये गये।

## महिला से कुकर्म व धमकी देने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एक महिला ने अपने ही ससुरालीजनों के विरुद्ध उत्पीड़न कर दुष्कर्म करने सहित धमकी दिए जाने की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी विवाहिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 05 फरवरी से लेकर अब तक पड़ोसी जनपद कानपुर के थाना बिल्हौर के ग्राम राजेपुर स्थित उसकी ससुराल में उसके ही रिश्तेदारों मोहम्मद मोहसिन व मोहम्मद नौशाद पुत्रगण मोहम्मद शमीम ने उसका उत्पीड़न करते हुए जोर जबरदस्ती करते हुए बलात्कार व अप्राकृतिक संभोग किया। इसका विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### लेनदेन को लेकर पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** लेन-देन के विवाद को लेकर चार लोगों ने पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम संतोषा निवासी रवि कुमार पुत्र बलजीत द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गांव के ही अरविंद ने 3 माह पूर्व उससे रूपये उधार लिए थे। उसके द्वारा तगादा करने पर अरविंद ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए उसके पुत्र महेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एक परिवार के चार सदस्यों ने सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद को लेकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नवादा निवासी सरिता देवी पत्नी सुभाष चंद्र द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार को वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के ही विनोद, पार्वती, ननकू, गुड्डी देवी ने पानी भरने के विवाद को लेकर उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सीएचसी का सामुदायिक शौचालय बना सफेद हाथी

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**लाक डाउन** में भी स्वास्थ्य विभाग व पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बना सामुदायिक शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहा है। ताला लगा देख रोगी व तीमारदार परेशान होते है। नगर के तिर्वा रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बना सार्वजनिक शौचालय स्वास्थ्य विभाग व पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते सफेद हाथी साबित हो रहा है। जिसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि कोरोना वायरस की रोकथाम व सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत खुले में शौच पर पाबंदी है। लेकिन पालिका प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण सामुदायिक शौचालय होने के बाद भी लोगों को इधर उधर जाना पडता है।

# 175 शिकायतों में मात्र आठ का हुआ निपटारा

● राजस्व विभाग की आईं सबसे अधिक शिकायतें

**संवाददाता।** सुलतानपुर


सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अफसर पायनियर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में माह दिसम्बर के तृतीय मंगलवार को तहसील कदीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। टोकेन सिस्टम का प्रयोग कर एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना। उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण करते हुए तत्सम्बन्धी रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद, विद्युत, चकबन्दी, पुलिस, आपूर्ति, सिंचाई, कृषि, शौंचालय, आवास की मांग आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर भूमि विवाद का निपटारा करायें एवं शौंचालय व आवास की मांग सहित विभिन्न समस्याओं का भी निस्तारण प्राथमिकता के साथ किये जायें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस कादीपुर में डीएम के समक्ष कुल 175 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक राजस्व के 81, पुलिस के 43, विकास के 31, शिक्षा के 02, समाज कल्याण के 05, विद्युत विभाग के 05, चकबन्दी विभाग के 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर जिलाधिकारी द्वारा 08 प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रोंध्शिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषण करने का निर्देश डीएम द्वारा उप जिलाधिकारी कादीपुर को दिया गया। इसी प्रकार अन्य चारों तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन शिकायतोंध्समस्याओं को उपस्थित अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अपर जिलाधिकारी (वि0/राज0) व सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा सुनकर उसका निस्तारण किये जाने का निर्देश सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों को दिये गये। कादीपुर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, डीएफ्ओ आनन्देश्वर प्रसाद, उप जिलाधिकारी कादीपुर प्रिया सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर सुरेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्ना लाल, तहसीलदार कादीपुर रानी गरिमा जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसील अन्तर्गत सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं फ्रियादीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सलोन में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**संवाददाता।** रायबरेली



**तहसील** सलोन में जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस की जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि तहसील समाधान, थाना दिवस आदि कार्यक्रम प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रमों में से है जिनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील में सर्म्पूण समाधान दिवस पर कि आम जन की समस्याओं को अंदेखी न करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फ्रियादियों की समस्या को गम्भीरता व सवेदनशीलता के साथ सुने और आई हुई शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता व गम्भीरता से लेकर समस्याओं का निराकरण समयबद्ध गुणवत्तायुक्त तरीके से करें। उन्होंने ने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। छोटी-छोटी समस्याओं, विवादों को भी गम्भीरता से लें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।डीह अटावा के एक फ्रियादी ने बताया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण कराये से रोक रहा है उसका कहना है जब प्रधानी चुनाव में सहयोग करोगे तो मकान बनने देंगे। जिस पर भी डीएम ने एसओ को जांच करने के निर्देश दिये। ग्राम केमूपुर के फ्रियादी द्वारा बताया गया कि विपक्षी द्वारा चकरोड को खेत में मिलाकर मेड़ बनवा दिया गया है जिससे आमजनमानस को आने में दिक्कत हो रही है चकरोड खुलवा दिये जाए। जिस पर डीएम ने विकास खण्ड सलोन को जांच कर रोड खुलवाने के निर्देश दिये।

# पेड़ से लटकते मिले युवती-युवक के शव

● प्रेम-प्रसंग से जोड़कर जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता।** सुल्तानपुर

**मोतिगरपुर** थाना क्षेत्र के मुड़हा गांव में रिश्तेदारी में आई 19 साल की एक लड़की के साथ गांव के एक नाबालिग लड़के का शव पेड़ से लटकता मिला। नजारा देख लोग दंग रह गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एक साथ हुई दोनों की मौत को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है। मुड़हा गांव निवासी दुर्गेश विश्वकर्मा (17) के परिजन सोमवार की रात भोजन के बाद सोने चले गए। इसी बीच परिजनों में से किसी की नींद खुली तो दुर्गेश और गांव के ही रामचेत विश्वकर्मा के घर रिश्तेदारी में आई 19 वर्षीय युवती रिया विश्वकर्मा अपने-अपने घर से गायब मिले। दोनों के परिवारीजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद रात करीब एक बजे घर के पीछे महुआ के पेड़ से दोनों के शव लटकते मिले। यह देख दोनों के परिवारवालों के होश उड़ गए। गांववालों ने घटना की सूचना मोतिगरपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस इसे प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का केस मानकर चल रही है। थानाध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है लेकिन घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी। पुलिस तफ्तीश कर रही है।

# तहसील दिवस में 353 के सापेक्ष 20 शिकायतों का हुआ निस्तारण

● डीएम बोले प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**शासन** के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान. तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये औरनिर्धारित समय सीमा उनका निराकरण भी किया जाए जिससे फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े । शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी बाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। यह बाते तहसील भिनगा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कही। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये। राजस्व निरीक्षक अपने.अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण पुलिस के सहयोग से करें और इसमें कोई लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का कब्जा न किया जाए यदि किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी।

# अभ्यर्थियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा से एकेडमिक मेरिट हटाने की शासन से मांग की

**बछरावां रायबरेली।** आगामी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों ने एकेडमिक मेरिट हटाने की शासन से मांग की है। अभ्यर्थी अनुज कुमार का कहना है कि एकेडमिक मेरिट जोड़ने से सुपर टेट में अच्छे नंबर लाने वाले अभ्यर्थी भी चयन से वंचित रह जाते हैं। जबकि एकेडमिक अच्छे होने पर कम नंबर लाने वाले अभ्यर्थियों का चयन हो जाता है। जब सरकार सुपर टेट परीक्षा का आयोजन कराकर शिक्षकों का चयन करती है। तब एकेडमिक मेरिट का क्या औचित्य रह जाता है। शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया में सुपर टेट व अध्यापक पात्रता परीक्षा टेट के प्रतिशत के आधार पर मेरिट सुनिश्चित कराकर चयन प्रक्रिया अपनाई जाए तो अधिक पारदर्शिता रहेगी। क्योंकि विगत एक दशक से एकेडमिक अंको में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली है। वही भर्ती में शामिल होने वाले उम्र के आखिरी कगार पर पहुंचने वाले अभ्यर्थी जो एकेडमिक मे कम प्रतिशत होने के कारण चयन से वंचित रह जाते हैं। इसके लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों ने एकेडमिक मेरिट को खत्म करने की मांग की है। जिससे वर्तमान चयन प्रक्रिया में वह भी सफ्ल हो सके अधिक एकेडमिक अंक सुपर टेट में कम अंक पाने वाले अभ्यर्थियों के चयन में ब्रह्मास्त्र का काम कर रहे हैं। जिसके कारण ही वह अपना चयन सुनिश्चित कर पा रहे हैं। अगर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में योग्य अभ्यर्थियों का चयन सरकार करना चाहती है तो शिक्षक पात्रता परीक्षा व अध्यापक पात्रता परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही शिक्षक भर्ती को संपन्न करवाने का शासनादेश जारी करवा कर फर्जीवाड़े पर भी लगाम लगवा सकती है। सरकार यदि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पात्र अभ्यर्थियों को एक साथ चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करना चाहती है।

# लैंगिक विषमता विषय पर गनपत सहाय पीजी कॉलेज में हुई संगोष्ठी

● वक्ताओं ने साझा किया विचार

**संवाददाता।** सुलतानपुर



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य डॉ. जेएन मिश्र

**'मिशन शक्ति'** कार्यक्रम के अन्तर्गत गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला विभाग में छात्राओं के लिए 'लैंगिक विषमता' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जे0 एन0 मिश्र ने की। संगोष्ठी के मुख्य वक्ताध्मिशन शक्ति के विशेषज्ञ परामर्शदाता डॉव सीताराम सिंह, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग द्वारा छात्राओं को लैंगिक विषमता के विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य तथा मनो-सामाजिक आयाम के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श दिया। समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों, अन्धविश्वासो एवं पाखण्डो को समाप्त करने के लिए आधी आबादी को मुख्य धारा में शामिल होने के लिए सबको अपना-अपना दायित्व निभाना होगा। केंद्र एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया। अध्यक्षीय सम्बोधन में डॉ0 जे0एन0 मिश्र ने कहा कि बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा के प्रति शासन गम्भीर हैं। हर बेटी को शिक्षा का पूरा अधिकार है, बेटियों की पढ़ाई में किसी प्रकार का भेद भाव करना हर स्तर पर गलत है। हर क्षेत्र में बेटियां बेहतर प्रदर्शन कर रही है। इसके बावजूद हम अपनी सोच बदल नहीं पा रहे हैं, जो चिन्तनीय हैं। इसमें विभिन्न छात्राओं ने वार्तालाप के माध्यम से अपने अपने अनुभवों को साझा किया। इस संगोष्ठी का संचालन डॉ0 शिखा श्रीवास्तव ने किया। अन्त में डॉ0 शिखा श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं की प्रशंसा करते हुए समापन किया। यह जानकारी एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग डा. सीताराम सिंह ने दी।

## छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** चोरों ने छत के रास्ते से घर में घुसकर गृहस्थी का सारा सामान उड़ा दिया। जिसमे लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने प्रकरण की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस जांच कर रही है। मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के करेथा गोशरपुर गांव का है। बीती रात में देवी प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय जगरदेव सिंह के यहां चोर छत से नीचे सीढ़ी के जरिए चोर घर में घुसे और अलमारी के लॉकर तोड़कर आलमारी के अंदर लॉकर से जेवरात में जैसे अंगूठी, चेन, तीन जोड़ा कान के झालर झुमकी, पावजेब, पायल, मंगलसूत्र, माथवेदी, आदि इसके अलावां 85000 रुपए-पैसे कैश और जमीन के सारे का दस्तावेज इसके साथ-साथ पासपोर्ट, एटीएम कार्ड, साइन किया हुआ बैंक चेक, चार पासबुक एक बाक्स, एक ट्रॉली बैग, जिसमें परिवार वालों के सारे कपड़े रखे हुए थे लेकर चम्पत हो गए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य बरामदे में सो रहे थे।

# प्राथमिक विद्यालय के किचन में लगाई गई टाइल्स मानकविहीन

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**गिलौला** विकास खण्ड गिलौला की ग्राम सभा गोडारी में ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान की मिलीभगत से कायाकल्प योजना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के किचन में घटिया क्वालिटी की टाइल्स लगाकर सरकारी धन का बन्दरबांट किया जा रहा है। जैसे. जैसे पंचायत चुनाव करीब आता जा रहा है उसको लेकर सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो में अनियमितता का खेल उजागर हो रहा है बिना डर के ग्राम पंचायत के जिम्मेदार मनको को धता बताकर निर्माण कार्य करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड गिलौला के ग्राम सभा गोडारी में प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सभा गोडारी में कायाकल्प के तहत मजरा सौटन पुरवा के प्राथमिक विद्यालय के किचन में लगायी गयी टाइल्स में भारी अनियमितता बरती गयी है किचन के फ्र्श में लगी टाइल्स की गुणवत्ता बेहद खराब है साथ ही उसको लगाने के लिये सीमेंट के अनुपात का ध्यान नही रखा गया है साथ ही मोरंग की मात्रा को कम करके नदी के रेत का इस्तेमाल किया गया है। वही इस सम्बंध में जब ग्राम पंचायत सचिव राकेस बर्मा से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि जितना बजट है उसी के अनरूप ही तो कार्य कराया गया है। अब देखना होगा कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी गुडवत्ता विहीन कार्य पर क्या कार्यवाही करते है या इसी तरह ग्राम पंचायतों में मानक विहीन कार्य चलता रहेगा।

# अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया नगर पालिका से हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**संवाददाता।** रायबरेली

**नगर पालिका** अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने आज शहर के शराफ्तनगर एवं अलीमियां कॉलोनी व सरस्वती नगर में नगर पालिका से हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने शहर के नगर पालिका द्वारा शराफ्तनगर में सड़क निरीक्षण किया और सड़क निर्माण की क्वालिटी और मानक को सही रखने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया शहर के अन्य कॉलोनी में सड़क निर्माण करण को निरीक्षण कर गुणवत्ता परख सड़क निर्माण के लिए कहा शहर के सरस्वती नगर में नगर पालिका द्वारा 50 लाख की कार्य योजना इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका के जेईई को निर्देशित किया और कहा कि नगर पालिका द्वारा सरस्वती नगर में सड़क निर्माण की कार्य योजना तैयार करें इस अवसर पर नगर पालिका जेई अजीत यादव सभासद असगर अली एवं अजीत मौर्य पिन्नी सिंह पूर्व सभासद शराफ्त एवं उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद के धर्म रक्षा निधि समारोह

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली




**भारत** माता की निस्वार्थ भाव से सेवा करना संगठन का मूल उद्देश्य है। विश्वभर में फैले हिंदुओं की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व व कर्तव्य है। उक्त विचार कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद के धर्म रक्षा निधि समारोह में बोलते हुए मुख्य वक्ता व प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश जी ने व्यक्त किये। उन्होने कहा कि सनातन धर्म पुराने समय में पूरे विश्व में अपनी श्रेष्ठता के लिये जाना जाता था लेकिन इसके बाद उपजे दूसरे धर्मो ने विश्व के अधिकांश देशो में अपना प्रभुत्व कायम कर लिया है। इसके लिये उनके धर्मो के लोग निरंतर कार्य में लगकर अपने धर्म के प्रति लोगो को जबरन, लालच आदि देकर परिवर्तित कर रहे है। जिसका हमसभी को मिलकर सामना करना होगा और अपने धर्म की रक्षा के लिये सभी आवश्यक कदम उठाने होगें। संगठन के बारे में मुख्य वक्ता ने बताया कि इसकी स्थापना 1964 में मुम्बई में हुई थी जिसके बाद से यह संगठन हिंदुओं की रक्षा के लिये पूरे विश्व के 80 देशो में कार्य कर रहा है। दिल्ली के ओट क्लब मैदान में विश्व की सबसे बडी रैली का आयोजन कर संगठन ने अपनी ताकत का आभास कराया था। जिसके बाद से सरकारो ने उक्त मैदान पर रैलियों को प्रतिबंधित कर दिया था। उन्होने कहा कि ईशाई मिशनरियों के साथ मुस्लिम धर्मगुरू भोले-भाले हिंदुओं को धर्म परिवर्तन के लिये प्रेरित करते है। इसके लिये पूरे विश्व से ईसाईयों को सात हजार करोड तथा मुस्लिमों को साढे चार हजार करोड का बजट मिलता है। ऐसे में हिंदू संगठन को मात्र तीन सौ करोड के बजट से काम चलाकर इनसे लडना पडता है। इसलियें जरूरत है कि हिदू अपनी रक्षा के लिये सभी अपनी ईच्छानुसार साल में एक बार धर्मार्थ निधि में अपना सहयोग अवश्य करे। इस मौके पर मंचासीन डलमऊ मठ के दिव्यानंद महराज, कृष्ण बिहारी, हरीशंकर यादव समेंत अजय पाण्डेय, शिवकुमार, पंकज पाण्डेय, शिवम्, सालिगराम मौर्य, रमाशंकर बाजपेई, किसान नेता रमेश सिह, नीरज, आशीष, सुनील, निशांत पाण्डैय, रूपेष अवस्थी, दुर्गा वाहिनी की प्रतीक्षा समेंत भारी संख्या संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवा समाजसेवियों ने गरीबों में बांटा गर्म भोजन

**सुलतानपुर।** मानव अधिकार कंजर्वेशन व रोटरेक्ट क्लब के संयुक्त सहयोग से समाजसेवी युवाओं ने रात्रि के समय जरूरतमंद और निसहाय लोगों के बीच खाने के गरम पैकेट वितरित किये। युवा समाजसेवी रजत अग्रवाल व अभय जायसवाल के नेतृत्व में मानव अधिकार कंजर्वेशन और रोटरेक्ट क्लब की टीम के पदाधिकारी ठन्ड की सर्द रात के समय अपने अपने वाहन से घूम घूमकर पूरे नगर क्षेत्र में निर्धन तबके के जरूरतमंद लोगों को खाने के गरम पैकेट बाटा। रोटरेक्ट क्लब और मानव अधिकार कंजर्वेशन के प्रेसिडेंट शिवमराज ने कहा कि उनके टीम के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से समय समय पर उनके द्वारा समाजसेवा के कार्य होते चले आ रहे हैं। इसी कड़ी में अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर मलिन बस्ती में जाकर वहां आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद महिला और पुरुषों को ठन्ड से बचने के लिए गरम कम्बल वितरित किये गए। हमारी टीम द्वारा आगे भी गरीबों और असहायों की बेहतरी के लिए समाज हित के कार्य किये जाते रहेंगे।

# चोर दो घरों से नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर हुए चम्पत

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**जमुनहा** मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी हरदत्त नगर गिरन्ट के दो अलग.अलग गाँव में चोरों ने नकदी समेत लाखो के कीमती जेवरात पर हाथ साफकर दिया।

पहली घटना सिटकहना गाँव की है जहाँ पर घर की दीवाल में सेंध लगाकर मोहम्मद रजा के मकान में दाखिल हुए चोरों ने 10 हजार की नकदी समेत लाखो के सोने.चांदी के जेवरात लेकर फ्रार हो गए और ग्रह स्वामी को भनक भी नही लगी। मकान मालिक मोहम्मद रज़ा मुंबई में रहकर मजदूरी का कार्य करते है। घर पर उनकी पत्नी रजिया अपने 5 बच्चों के साथ अकेली रहती है जब परिवार बीती रात भोजन करके सो गया जब सुबह रजिया सोकर उठी तो देखा कि उसके कमरे के दीवाल में नकब लगी है और घर में रखे बख्शे गायब है जिसकी सूचना ग्रामिणो को दी तो वह खोजबीन करने लगे इस दौरान ग्रामीणों ने खाली बख्शे को बाग में पाया जिसमे रखा सोने.चांदी के जेवरात व 10 हजार नकदी गायब थे। तो वहीं दूसरी घटना इसी गाँव से सटे रामपुर की है जहाँ दीवाल के सहारे दिनेश कुमार के घर मे दाखिल होकर चोरो ने घर में रखा बॉक्स उठाया और फ्रार होने लगे तभी घर में सो रही महिला जग गयी और उसने चोरी कर भाग रहे चोर को देखकर चीखपुकार मचाया चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफ्ल रहे। शुबह चोरी गया बॉक्स ग्रामीणों को नहर पर मिला लेकिन सारा सामान था। ग्रह स्वामी दिनेश कुमार गुजरात मे रहकर मजदूरी करता है घर मे उसकी पत्नी पूनम देवी अपने सास व व 4 बच्चो के साथ अकेली रह रही थी इस घटना में लगभग 25 हजार का नुकसान हुआ है फ्लिहाल पुलिस ने दोनों घटना स्थल का निरीक्षण करके चोरी की घटना की जाँच कर रही है।

# कोरोना से अभी सतर्क रहें: डीएम

## डीएम व एसपी ने जनसमस्या सुन दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



**सम्पूर्ण** समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्राप्त शिकातयों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। जिससे आमजनता का शासन एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 से हमारी जंग अभी जारी है, हमें आमजनता को इसके सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के प्रति निरंतर जागरूक रखना है। आयोजन में अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे गांवों को चिन्हित किया जाय जहां सार्वजनिक भूसंम्पत्तियों तथा चकमार्गो पर अवैध अतिक्रमण की अधिक शिकायतें मिल रही हैं। राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सार्वजनिक भू-संम्पत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के मामलों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ ही अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में विभिन्न बिंदुओं पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता से बातचीत एवं प्रकरण को समझने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय साथ ही जवाबदेह लोगों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाए। जब भी अधिकारी गावों के भ्रमण पर जाएं, अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें। योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर ही रिपोर्ट दी जाय। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने किया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करें। प्रत्येक प्रकरण में तुरन्त कार्रवाई करने की व्यवस्था की जाय।

# एनसीएल मुख्यालय को मिला स्वच्छतम कार्यालय का तमगा

**सोनभद्र**। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल अपने परिक्षेत्र को स्वच्छ बनाने हेतु व्यापक मुहिम चला रही है जिसके चलते नगर पालिका निगम सिंगरौली ने एनसीएल को सम्मानित किया है सिंगरौली को स्वच्छ बनाने में अहम योगदान देने के लिए स्वच्छता सेवा सम्मान 2020-21के अंतर्गत नगर निगम सिंगरौली द्वारा विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता रैंकिंग के आधार पर अनेक पुरस्कार दिये गए इस अवसर पर मोरवा स्थित एनसीएल मुख्यालय को स्वच्छतम कार्यालय की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोग के तहत वॉटरलेस यूरिनल स्थापित करने के लिए भी एनसीएल मुख्यालय को पुरस्कृत किया गया। एनसीएल निकटवर्ती क्षेत्रों में सफई कारवाने के साथ ही नुक्कड़ नाटक रैली के जरिए जनसंदेश लोगों को पहुंचा रही है।

# किसानों के धान की तीन किश्तों में करें खरीद: जिलाधिकारी

## डीएम ने पडरी धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने आज तहसी सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद सीधे पडरी धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने एक बताया कि जनपद में धान की धरीद गत 15 अक्टूबर को स्थापित 65 क्रय केन्द्रों पर प्रारम्भ हुई। जनपदन की भैगोलिक स्थिति के कारण धान की आवक सदर तहसील में सबसे पहले उसके बाद लालगंज व मडिहान में उसके अन्त में चुनार तहसील के जमालपुर में होता है। उन्होंने बताया कि जनपद में क्रमानुसार आवक आने के कारण सभी केन्द्र अपनी पूरी क्षमता से प्रारम्भ नहीं हो सके, किन्तु वर्तमान में धान की आवक सभी क्षेत्रों में आने लगी है जिसके दृष्टिगत जनपद में 29 क्रय केन्द्र और खोले गये है। वर्तमान जनपद कुल 94 क्रय केन्द्र हो गये हैं। नये बनाये गये केन्द्रों में से 15 केन्द्रों पर खरीद भी प्रारम्भ हो गयी है।

उन्होंने बताया कि आवक के दृष्टिगत सभी केन्द्रों पर कांटों की संख्या तीन कर दी गयी है। केन्द्र प्रभारी एक दिन में अधिकतम 108 मैट्रिक टन तक खरीद सकता है। दिनांक 12.12.2020 तक जनपद में कुल 6432 कृषकों से 34669.12 मैट्रिक टन की खरीद हो चुकी है, जो लक्ष्य का 13.25 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सभी कृषकों का धान क्रय करने के लिये पूरी तरह संकल्पि है किन्तु प्रारम्भ में छोटे.छाटे कृषकों की खरीद पर इस लिय प्राथमिकता दी जा रही है क्यों इन छोटे कृषकों को हम बिचौलियों से बचाना चाहते है। प्राय: 10 कुन्तल, 20 कुन्तल धान विक्रय करने वाले किसान क्रय केन्द्र पर जाने में संकोच करते हैं, उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि ऐसे कृषकों को लेखपालों के माध्यम से केन्द्र पर लाकर उनकी खरीद कर लें। वृहद कृषकों की 75.75 कुन्तल की खरीद साप्ताहिक किश्तों में चलती रहेगी। इस प्रकार 28 फरवरी 2021 तक जनपद का लक्ष्य पूर्ण करने के साथ-साथ जनपद के अधिक से अधिक कृषकों के धान की खरीद कर पाएंगे। पडरी केन्द्र के निरीक्षण के समय काश्तकारों से खरीद तीन कांटों से की जा रही थी, गत 14 अभिलेख निरीक्षण के अनुसार 920 कुन्तल की खरीद की गयी है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ सहायक विकास अधिकारी ने की बैठक



सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। मंगलवार को ब्लॉक सभागार में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी संतराम चौधरी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर बाल विकास परियोजना में संचालित ड्राई राशन वितरण के संबंध में चने की दाल वितरण करने हेतु उन्हें जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्लॉक के कुल 237 आगंनबाडी केन्द्रो पर कुपोषित, धात्री महिलाओं एवं 19101 नामांकित बच्चों को हर माह की 5-6 तारीख को बाल विकास परियोजना में संचालित सूखे राशन वितरण के तहत प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में चने की दाल लाभार्थियों में वितरण करना है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में तैनात कूल 58 समूह के सचिव, कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष के खाते में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से इन समूह की महिलाओं के खाते में 22000 हजार रुपये भेजे जा चुके हैं उन्होंने बताया कि चने की दाल को पैकेट के माध्यम से लाभार्थियों में वितरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले समूह की महिलाओं ने आंगनवाड़ी केंद्रों से ड्राइ टेक होम राशन के वितरण में गेहूं और चावल का वितरण लाभार्थियों में किया है।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष आज सोनभद्र में

संवाददाता। सोनभद्र

**अध्यक्ष** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि दो दिवसीय दौरे पर 16 दिसम्बर को राबर्ट्सगंज पहुंचेंगे और निरीक्षण भवन में सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगें। इसके बाद पिपरी पहुचेंगें और सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता के बाद डैम जायेंगें तथा बाल्मीकि पार्क पिपरी में बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा स्वागत और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। जिनके आयोजक नरेश बाल्मीकि संजय कुडया व सतेन्द्र बाल्मीकि होंगे। मै. हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज पहुचेंगें और सफई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की बैठक करेंगें और सफई कर्मचारियों के बस्तियों का निरीक्षण करेंगें व उनकी समस्याओं को सुनेंगें।

इसके बाद महाप्रबन्धक मै. हिण्डालको इण्डस्ट्रीज के साथ बैठक करेंगें और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस सिंचाई विभाग, पिपरी में करेंगे।

# छह माह में पूरी नहीं हुई विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच

## जोगिया ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए लाखों रुपये आहरित करने का मामला

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खण्ड सदर के जोगिया ग्राम पंचायत में विकास योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गढ्ढा खुदाई, सौन्दर्यीकरण, खड़ंजा, मिट्टी कार्य, हैंडपम्प रिबोर सहित अन्य कार्य कराने के नाम पर लाखों रुपए आहरित कर लिए गए, लेकिन मौके पर कार्य नहीं कराया गया। इसकी शिकायत शपथ पत्र के साथ जोगिया निवासी राम सजीवन पाण्डेय ने डीएम से की। डीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को जुलाई माह में ही मौके पर जाकर स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर 15 दिन के भीतर आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बावजूद इसके छह माह बीतने के बावजूद जांच अधर में है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जोगिया में गड्ढा खुदाई, सौन्दर्यीकरण के नाम पर तीन लाख 55 हजार रुपये, मौजा कला कपरी में घोला सफाई के नाम पर तीन लाख 50 हजार, बण्डा ताल तक खड़ंजा निर्माण के लिए 2 लाख 55 हजार, जोगिया में ताल खुदाई के नाम पर चार लाख 55 हजार, कपरी में मिट्टी खड़ंजा के लिए तीन लाख 50 हजार, तीन लाख 29 हजार, जोगिया में पक्की सड़क तक खड़ंजा के लिए 57 हजार, 86 हजार, इंटरलाकिंग के लिए दो लाख 46 हजार, मिट्टी, खडंजा कार्य के लिए एक लाख 72 हजार, हैंडपम्प, इंटरलाकिंग के लिए एक लाख 50 हजार, नाली निर्माण के लिए दो लाख 50 हजार, खड़ंजा, मिट्टी कार्य के लिए एक लाख 80 हजार, सोख्ता गढ्ढा के लिए दो लाख 50 हजार, पोखरे पर पक्का घाट के लिए एक लाख 80 हजार, प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल के फर्श निर्माण, मरम्मत के लिए क्रमश: दो लाख 20 हजार, 60 हजार, हैंडपम्प रिबोर के लिए तीन लाख 79 हजार रूपए आहरित कर लिए गए, लेकिन मौके पर कार्य नहीं कराया गया। ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर सरकारी धन का करोड़ो रूपए गबन कर लिया। साक्ष्यों के साथ डीएम से की गई षिकायत के बाद उनके द्वारा जांच के लिए समाज कल्याण अधिकारी को जांच अधिकारी नामित कर उनसे स्थलीय और अभिलेखीय जांच कर 15 दिन के भीतर जांच आख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसको लगभग छह माह बीत गए, लेकिन जांच अधिकारी ने न तो कोई जांच की और न हीं सरकारी धन के गबन मामले में दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई ही की गई। जांच न होने और डीएम का आदेष बेअसर होने से शिकायतकर्ता काफी आहत है।

# मेढौली में भू-विस्थापितों को एनसीएल ने बांटा मुआवजा



**सोनभद्र**। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की जयंत परियोजना ने एक बार फिर मेढ़ौली ग्राम में 19 भू-धारकों को लगभग 70 लाख रुपये का मुआवजा वितरित किया। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों की सहूलियत के लिए जमीन एवं सम्पत्तियों के मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित मुआवजे का 60 प्रतिशत भुगतान बिना भौतिक आधिपत्य दिये तथा शेष 40 प्रतिशत का भुगतान आधिपत्य देने के उपरांत भुगतान किये जाने का अनुमोदन एनसीएल बोर्ड से पहले ही प्राप्त हो चुका है। मुआवजा वितरण के दौरान मेढ़ौली ग्राम के स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित निवारण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया गौरतलब है कि एनसीएल में जिला प्रशासन सिंगरौली से प्राप्त सूची के आधार पर विस्थापितों की पात्रता का निरीक्षण करके रोजगार देने की प्रक्रिया भी चल रही है साथ ही मेढ़ौली ग्राम के भू-विस्थापितों के मुआवजा वितरण के लंबित कार्य को एनसीएल प्रबंधनप्राथमिकता देते हुए शीघ्र ही पूर्ण करने के प्रयास कर रहा है।

# कोविड-19 गाइडलाइन का पालन कर मनेगा निजामुद्दीन का उर्स

संवाददाता। संतकबीरनगर

**ब्लॉक** के अगया स्थित प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान खतीबुल बराहीन अलहाज अश्शाह हजरत मोहम्मद सूफी निजामुद्दीन का आठवां सालाना उर्स कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही मनाया जाएगा अकीदतमंदो की सुविधा के लिए तमाम तकरीबात को ऑनलाइन प्रसारित किया जाएगा। खानकाह पर सीमित संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहेगें उक्त जानकारी आयोजक मौलाना जियाउल मुस्तफा ने दी। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी को देखते हुए प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान खतीबुल बराहीन अलहाज अश्शाह हजरत मोहम्मद सूफी निजामुददीन का आठवां उर्स कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए ही मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सज्जादानशीन शेख तरीकत हजरत अल्लामा सूफी मोहम्मद हबीबुर्रहमान कादरी बरकाती रजवी ने अकीदतमंदो को हिदायत दी है कि 16/17 दिसंबर को होने वाले उर्स के प्रोग्राम में कोरोना को देखते हुए उर्सगाह ना आकर अपने घरों और मस्जिदों में कुरआन ख्वानी व ईसाले सवाब की महफ्लि का आयोजन करने की अपील की हैं।

आयोजक मौलाना जियाउल मुस्तफा ने बताया कि उर्स निजामी की तकरीरबात पहले की तरह अपने रेवायती अंदाज में आयोजित होंगी अलबत्ता आम लोगों को उर्स गाह में शिरकत की इजाजत नहीं है बल्कि रस्मी तौर पर 100 लोगों को ही उर्स में शामिल होने की इजाजत होगी। उन्होंने कहा कि जिन हजरात को उर्स में शिरकत कराई जाएगी उनकी सूची तैयार करके पास बनाए गये हैं।

# मॉकड्रिल में सीआईएसएफ ने दिखाया दमखम

संवाददाता। बीजपुर (**सोनभद्र**)



एनटीपीसी रिहंद स्टेशन पर सोमवार सांय आपदा प्रबंधन कार्ययोजना पर एक मोकड्रिल का आयोजन किया गया। सांयकाल 17:13 बजे अचानक कोयला संयंत्र नियंत्रण कक्ष को केबल गैलरी से आग का अलार्म बजने पर ड्यूटी पर तैनात कमियों के कान खड़े हो गए। नियंत्रण कक्ष से केबल गैलरी में आग की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ अग्नि, चिकित्सा दस्ते के साथ एंबुलेंस और संयंत्र के आला अधिकारी घटनास्थल की और दौड़ पड़े।

उधर आग का सायरन बजते ही आसपास कार्य कर रहें कर्मी कार्यस्थल छोडकर एसेम्बली स्थल की ओर दौड़े। जल्द ही अग्निशमन दस्ते के सायरन देता हुआ पहला फायर टेंडर घटनास्थल पर आ पहुंचा। आग की तेजी का जायजा लेकर पहले से मुस्तैद अन्य सीआईएसएफ कर्मियों को अगली कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। दिखते ही देखते आग पर पूर्णतया काबू पा लिया गया। उधर आपातकालिक नियंत्रण कक्ष में घटना और उस पर कार्यवाही पर नजर रख रहे कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने महाप्रबंधक प्रचा. एवं अनु. से ऑल क्लियर संदेश प्राप्त होने पर इस आशय का सायरन बजाने का आदेश जारी किया। घटनास्थल पर पहुंचकर श्री आयंगर ने सीआईएसएफटीम का हौसला आफ्जाई करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिति से हमेशा प्रबंधन को यह विश्वास रहता है कि हम अग्नि दुर्घटना या ऐसी किसी और दुर्घटना पर किसी महत्वपूर्ण साजोसामान और जानमाल के नुकसान के बगैर काबू कर सकते है।

आयोजित मॉकड्रिल पर बोलते हुए उन्होने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें हमारी तैयारियों की एक झलक देने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर की जाती है। मौजूद अधिकारियों और अन्य कर्मियों को आग के प्रति हमेशा सजग रहने की हिदायत दी।

# शिक्षा की बेहतरी को बीएसए को शिक्षक संघ का सुझाव

**बस्ती**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने बीएसए जगदीश शुक्ला ने प्राथमिक शिक्षा की बेहतरी, शिक्षक समस्याओं के समाधान पर विस्तार से वार्ता किया। उन्हें इसके लिए 16 सूत्रीय ज्ञापन दिया। बीएसए ने प्राथमिकता के स्तर पर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। ज्ञापन में पैनकार्ड संशोधन में शिक्षकों के रोके गये वेतन को बहाल कर शपथ पत्र लेकर वेतन जारी कराने, 31277 बैच में भर्ती हुए नव नियुक्त शिक्षकों का ऑन लाइन सत्यापन कराकर वेतन भुगतान कराने, सत्यापन की प्रकिया पूरी होने वालों को वेतन भुगतान करने, पदोन्नति प्राप्ति से 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षक का चयन वेतनमान 2021 से लगने आदि की मांग की गयी है।

## क्विक न्यूज

### अवैध खनन पर करें प्रभावी कार्यवाही: मण्डलायुक्त

मीरजापुर। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मती प्रीति शुक्ला द्वारा आज अपने कार्यालय से मण्डलीय अधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग कर शासन की 37 बिन्दु विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। इस दौरान मडलायुक्त द्वारा कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर एवं करेत्तर, मुख्य देयों की वसूली सहित अन्य बिन्दुओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। वर्चुअल मीटिंग में आई0जी0 विन्ध्याचल परिक्षेत्र पीयूश श्रीवास्तवए जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेलए सोनभद्र एस0 राजलिंगमए भदोही राजेन्द्र प्रसादए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह एवं एस0पी0 सोनभद्र व भदोहीए तीनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारीएके अलावा अन्य सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से व्यक्ति की मौत

**पटेहरा, मीरजापुर**। चौकी क्षेत्र के मलुआ गांव के सामने अज्ञात वाहन के धक्के से हुई युवक की मौत व एक गम्भीर रूप से घायल। बताया जाता है कि लालपुर लहास गांव निवासी 23 वर्षीय पिन्टू पुत्र रामकिशुन अपने साथी 28 वर्षीय संजय पुत्र रमेश के साथ बड़े भाई के ससुराल पटेहरा गांव निवासी छोटेलाल विश्वकर्मा के घर आया था कि शाम को अपने घर के लिए वापस जा रहा था कि मलुआ गांव के सामने अज्ञात वाहन के धक्के से पिन्टू पुत्र रामकिशुन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया व साथी रमेश घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को 108 एम्बुलेंस द्वारा उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा पहुँचाया गया जहां डॉक्टरों ने पिन्टू को मृत घोषित कर दिया व संजय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

### विशेष वाहन चालक चेंकिग अभियान चलाया

**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन में यातायात में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में टीएसआई संतोष मिश्रा अपने टीम के साथ मंगलवार को जनपद के सर्वाजनिक स्थलो पर वाहन चालको की जॉच की गई। फिटनेस के साथ-साथ वाहन चालको के शराब पीने की भी सत्यापन ब्रेन एनालाइजर मशीन से किया गया। टीएसआई संतोष मिश्रा ने वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमो के पालन किये जाने के लिए जागरूक किया तथा वाहन चालकों को सचेत करते हुए चेतावनी दिया कि यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चालक तथा दूसरो के जीवन को सुरक्षित रखें।

### अपना दल (एस) ने मनायी पटेल की पुण्यतिथि

मीरजापुर। मंगलवार को भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पार्टी कार्यालय समीप स्थित चैक पर स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के खेड़ा में उनका जन्म हुआ था और 15 दिसंबर 1950 को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने कहा कि बता दें कि सरदार पटेल ने देश की आजादी में तो अपना योगदान दिया ही इसके अलावा उन्होंने देश को एक करने में भी अहम भूमिका निभाई। अपना दल एस इन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए सदा अपना दल एस दबे कुचले कमेरा समाज के लोगों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस अवसर पर, जिला उपाध्यक्ष श्री गोपाल दास शर्माए जिला उपाध्यक्ष संजय उपाध्यायए युवा नेता दुर्गेश पटेलएजिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, सभासद सुरेश मौर्य, ग्राम प्रधान मुल्हवा देवी सिहं पटेलएग्राम प्रधान भरुहना मनोज चौहानए पीडीसी राजेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मीरजापुर**। विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मिर्जापुर की टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. कौशल कुमार द्वारा शिविर का उद्घघाटन करते हुए शिविर में आए लोगों का स्वागत करते हुए सभी को संबोधित किया जिसमें उन्होंने मानसिक समस्याओं के साथ ही साथ अन्य शारीरिक बीमारियों एवं स्वास्थ्य के देखभाल संबंधित जानकारी दी। चिकित्सालय मिर्जापुर के मनोचिकित्सक डॉ दिनकर प्रकाश त्रिपाठी जी द्वारा मानसिक रोगों के विभिन्न प्रकारों एवं उनके लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अलग अलग उम्र वर्ग के लोगो में अलग अलग प्रकार के मानसिक बीमार देखे जा सकते है जैसे बच्चो में विभिन्न व्यावहारिक समस्या पाए जाते है तो वृद्ध जनो में भूलने कि समस्या ज्यादा पाया जाता है। इसके अलावा आज के भाग दौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर लोग डिप्रेशन व चिंता की बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं जो की समाज में बढ़ते आत्महत्या के कारणों में से एक है।

# लाखों खर्च फिर भी घटी खेतों की उर्वरा शक्ति

## जागरूकता के अभाव में किसान नहीं करा रहे मिट्टी की जांच

## मृदा परीक्षण विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल

संवाददाता। बस्ती

**खेतों** की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है। बावजूद इसके खेतों की सेहत सुधारने का जिम्मा उठाने वाला विभाग उदासीन बना हुआ है। कागजों में भले ही खेतों की उर्वरा शक्ति की जांच कर ली गई हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसो दूर है।

आंकड़ों पर नजर डाले तो कृषि योग्य भूमि लगातार ऊसर हो रही है। 2016 में 0.5 प्रतिशत कार्बन जीवांश की मात्रा 2020 में घटकर 0.3 प्रतिशत रह गई है। कृषि योग्य भूमि को बेहतर बनाने के लिए निशुल्क स्वायल टेस्टिंग की योजना के बाद ब्लाक वार एक- एक माडल गांव चुना गया। मृदा परीक्षण विभाग द्वारा माडल गांवों में टेस्टिंग का दावा किया गया। इसके बावजूद भूमि की सेहत में सुधार नहीं हो पाया। जीवांष कार्वन की मात्रा लगातार घट रही है। 20-2021 में निशुल्क स्वायल टेस्टिंग बन्द होने के बाद अब तक मात्र 27 किसान अपने खेतों से मिट्टी के नमूने जांच के लिए मृदा परीक्षण विभाग तक लाए।

भानपुर एवं हर्रैया तहसील में चल रही स्वायल टेस्टिंग लैब कोरोना काल से ही बंद हैं। विभाग का दावा है कि खेतों की उर्वरा शक्ति की जांच कराने के लिए किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, मगर उनका दावा कितना सच है इसका अंदाजा जांच के लिए आए मिट्टी के नमूनों को देखकर सहज लगाया जा सकता है। जबकि विभाग द्वारा लाखों रुपये जागरूकता के नाम पर खर्च करने की बात कही जा रही है। प्रभारी मृदा प्रयोगशाला हरेंद्र प्रताप ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 20 में निशुल्क मृदा परीक्षण योजना को बंद कर दिया गया। खेतों की उर्वरा शक्ति घटने से उत्पादन पर भी असर पर पड़ रहा है। कृषि जानकारों की माने तो बेहतर उपज के लिए मिट्टी में पोषक तत्वों का होना अति आवष्यक है। किसान खेतों में लम्बे पैमाने पर रासायनिक खाद का उपयोग कर रहे है।

जिससे उन्हे कुछ दिनो तक परिणाम तो बेहतर मिले लेकिन अब खेतो की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है। कारण यह कि जिन खेतो को सूक्ष्म पोषक तत्वो की आवष्यकता थी उसमें भी किसान बिना मिट्टी के जांच के उन उर्वरको का प्रयोग कर रहे है जिनकी खेतो को जरूरत ही नही है।

निशुल्क स्वाइल टेस्ट (मिट्टी जांच) योजना अचानक बंद कर देने से अब किसानों को सूक्ष्म एवं गौड पोषक तत्व की जांच के लिए फसल बुआई से पूर्व 102 रूपये खर्च करने पड रहे है। जबकि मुख्य पोषक तत्वो की जांच के लिए 30 रूपये खर्च करने पड़ रहे है। जागरूकता के अभाव में ज्यादातर किसान मिट्टी जांच को लेकर निष्क्रिय है। तहसील स्तर के स्वायल टेस्टिंग प्रयोगशालाएं बंद होने के कगार पर है।

यहां तैनात कर्मचारी महीनो से सैलरी के लिए तरस गए हैं। यदि किसान मिट्टी की जांच कराना चाहे तो वहां जांच संभव नही है। सरकार द्वारा सन 2015 में जब निशुल्क स्वाइल टेस्ट अभियान चलाया गया तब से जांच को लेकर सरकार के करोड़ों रुपए खर्च हो गए लेकिन मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट गई। यहां कृषि भूमि से किसानो की आय दो गुना करने का सरकार का सपना मात्र कागजी बनकर रह गया है।

मृदा परीक्षण के अलावा खेतो की उर्वरा शक्ति और उत्पादन बढाने के लिए कृषि विभाग की अनेक योजनाएं संचालित है। दावा किया जा रहा है कि ग्राम सभा वार तीन वर्मी कम्पोट पिट तैयार कराए गए हैं।

# गांधीनगर क्षेत्र में अंडरग्राउंड होंगे बिजली के तार

**बस्ती**। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, अल्पसंख्यक के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में बिजली का तार अंडर ग्राउंड किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने का डीएम आशुतोष निरंजन ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया है।

कैंप कार्यालय में योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक में कहा कि अल्पसंख्यकों के हितों के लिए संचालित योजना में भारत सरकार से प्राप्त धनराशि से कार्य कराया जाता है। इसलिए समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें। इससे झुंड में लगे तारों से भी मुक्ति मिलेगी। इन गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल,कौशल विकास से संबंधित विकास कार्यों के प्रस्ताव सांसद एवं विधायक से मांगे गए हैं। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन जनरेटर युक्त मेडिकल गैस पाइपलाइन, प्लांट रूम, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, इंटेंसिव केयर यूनिट आदि कार्य कराने का भी प्रस्ताव है। बीएसए को निर्देश दिया कि रामनगर, नगर पालिका परिषद एवं नए चयनित गांव में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विकास के लिए सूची एवं प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं। बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों का समय से भुगतान ना करने पर 38 धान क्रय केन्द्र बंद

**बस्ती**। किसानों का भुगतान समय से न करने पर 38 धान क्रय केन्द्र बन्द कर दिए गए है। अब 94 धान क्रय केन्द्र सक्रिय रहेंगे। यह जानकारी डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ तिवारी ने दी। किसानों से अपील किया कि धान क्रय केन्द्र बन्द होने के बाद उसके निकटवर्ती क्रय केन्द्र पर जाकर अपना धान बेचें।

## जौनपुर के क्रिकेटरों को मिली बॉलिंग मशीन

**जौनपुर।** नगर के शिया इण्टर कालेज के मैदान पर जौनपुर क्रिकेट फाउण्डेशन में क्रिकेट प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अत्याधुनिक बनाने के उद्देश्य से बालिंग मशीन के माध्यम से बल्लेबाजों को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में शिया डिग्री कालेज के मैदान पर जौनपुर क्रिकेट फाउण्डेशन को समाजसेवी अमित मिश्र ने अत्याधुनिक क्रिकेट की बालिंग मशीन को प्रदान करते हुये उसका उद्घाटन भी किया। इस मशीन के बारे में बताा गया कि इससे बल्लेबाजों की प्रतिभा को और गुणवत्ता प्रदान किया जा सकेगा।

## पेंशनर्स दिवस आगामी 17 दिसंबर को

**देवरिया।** आगामी 17 दिसम्बर को मध्यान्ह् 12 बजे पेंशनर्स दिवस के अवसर पर टाउनहाल आडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया हैए जिसमें पेंशन से संबंधित समस्याओं की सुनवायी तथा उनके सुझाव लिये जायेगें। यह जानकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने देते हुए सभी विभागाध्यक्षों व कार्यालयाध्यक्षों को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये है। वरिष्ठ कोषाधिकारी कुलदीप सरोज ने बताया है कि पेंशन से संबंधित समस्याओं के जनपद स्तर पर सुनवायी एवं निराकरण हेतु विगत वर्ष भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## तीन पिकअप में वध हेतु जा रहे 19 गोवंश पुलिस ने पकड़ा

**धानापुर,चन्दौली।** बीती रात सकरारी गांव के पास गौ वध के लिए ले जाये जा रहे तीन पिकअप पर लदे 19 गोवंश को पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं 6 से 7 की संख्या में पशु तस्कर और पिकअप चालक भागने में सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि पशु तस्कर तीन पिकअप से गोवंश को बिहार गोवध के लिए ले जाया जा रहा है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने सकरारी मोड़ के पास से तीन पिकअप जिसका नंबर यूपी 64 एफ7164ए यूपी 62 एटी 0196 तथा यूपी 67 एटी 0691 को रोक लिया ।

## विधायक में किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण’

**धानापुर।** सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने धानापुर धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया । और किसानों के धान खरीद के बारे में विस्तार से निरीक्षण किया क्रय केंद्र पर बोरे की कमी होने शिकायत पर उन्होंने तत्काल बोरा उपलब्ध कराने और किसानों के धान को सुलभ और आसान तरीके से जल्द से जल्द खरीद करने का भी केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया ।

## 19 लोगों को जारी हुआ असलहे का लाइसेंस

**जौनपुर।** जिलाधिकारी ने दो महिलाओ समेत 19 लोगो का वरासत के अधार पर शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत कर दिया है। इन लोगो को 21 दिसम्बर को 11 बजे दिन में कलेक्टेऊट सभागार में लाइसेंस दिया जायेगा। लाइसेंस लेने से पहले मृतक का लाइसेंसएजमा करने की रसीदए निकट संबंधी प्रमाण पत्र और संबंधी द्वारा प्रदत्त शपथ पत्र शस्त्र कार्यालय में जमा करना होगा।

## एसपी के निर्देश पर पेट्रोल पंप और ढाबा की हुई जांच

**सकलडीहा,चन्दौली।** नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर मंगलवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार और सीओ भवनेश चिकारा पेट्रोल पंप और ढ़ाबा की जांच पड़ताल किया। इस दौरान पेट्रोल पंप और ढ़ाबा संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चेताया कि किसी प्रकार की जमावड़ा या लारवाही मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# किसानों को प्राथमिकता दें, प्रदान करें सुविधाएं : मंत्री



जिला सेवा योजना समिति की बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री सुरेश पासी एवं उपस्थित अधिकारीगण।

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सेवा योजना समिति की हुई बैठक

संवाददाता। मऊ

**राज्य मंत्री** गन्ना विकास, चीनी उद्योग विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश पासी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सेवा योजना समिति की बैठक हुई। इसमें विकास संबंधी तथ्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक मुहम्मदाबाद गोहना श्रीराम सोनकर ने किसानों को गन्ना पर्ची नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने समय से पशु चिकित्सालय नहीं खुलने का आरोप लगाया। रतनपुरा सीएचसी पर पैसा लेकर रेबीज इंजेक्शन लगाने का मुद्दा उठा। इस पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी। दो टूक कहा कि किसानों के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों.कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने गोशाला का निर्माण कार्य पूर्ण कर उसमें पशुओं को रखने एवं समस्त गोआश्रय स्थल का एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत राशन का वितरण जनप्रतिनिधियों की देखरेख में कराने का निर्देश दिया। साफ कहा कि अगली बैठक में जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में राशन वितरण किया गयाए ऐसी शिकायत न मिले अन्यथा कार्रवाई होगी। भैंसाखरग के ग्राम प्रधान की शिकायत की गई। इस पर मंत्री ने समिति बनाकर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निजी लघु सिचाई व नलकूप विभाग को निर्देश दिया गया कि जितने नलकूप बंद पड़े हैं। उनको ठीक कराएं अन्यथा कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों ने बताया गया कि नलकूप खराब होने पर किसान चंदा इकट्ठा कर इसकी रिपेयरिग कराते हैं तथा बाद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रिपेयरिग की बिल बनाकर पैसा उतार लिया जाता है। शिकायत आई कि रतनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटीरेबीज लगाने के लिए डाक्टरों द्वारा पैसा लिया जाता है तथा किसी भी केंद्र पर डाक्टर समय से उपस्थित नहीं होते हैं। इस पर मुख्य चिकित्साधिकारी को पैसे लेने वाले डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों की उपस्थिति शत.प्रतिशत रहने एवं दवाओं की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत उर्मिला जायसवालए विधायक श्रीराम सोनकर, विधायक घोसी विजय राजभर, जिलाधिकारी अमित सिंह बंसलए मुख्य विकास अधिकारी रामसिंह वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने की जन सुनवाई

### 79 मामलों में नहीं हुआ किसी का निस्तारण

### समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता। देवरिया



**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने आज रुद्रपुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र के साथ जन शिकायतों की सुनवायी की। फरियादियों की एक.एक समस्याओं को सुना तथा उसके निस्तारण के आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होने राजस्व व जमीन से जुडे लगभग एक दर्जन मामलों में अधिकारियों के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा तथा प्रकरण का जांचोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि जो भी शिकायतें किसी भी स्तर से प्राप्त होती हैए उनका संज्ञान लेते हुए समयबद्व ढंग से गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें,इसमें किसी प्रकार की शिथिलताध्अनियमितता के लिये संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुये कार्यवाही की जायेगी। राजस्व जमीनी मामलो से जुड़े प्रकरणों में राजस्व व पुलिसकर्मी टीम बनाकर मौके पर जाएं और उसका नियमानुसार निस्तारण करें।

साथ ही उन्होने सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा आदि के प्रकरणों को गंभीरता से लिये जाने का भी निर्देश दिया। ऐसे प्रकरणों पर विशेष रुप से ध्यान दिये जायें। उन्होंने निर्देश के दौरान यह भी कहा कि अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति पूरी संवेदनशीलता दिखाएं मौके पर जमीनी विवाद के प्रकरण में लेखपाल व हल्का सिपाही जाए और उसका समाधान कराएं। शासन, आईजीआरएस, आयुक्त, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन तथा अन्य स्तर से भी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ त्वरित व वास्तविक रुप में होना चाहिए। इस दौरान उन्होने विभागवार समाधान दिवस के लम्बित प्रकरणों के भी समीक्षा किये एवं दो दिन के अन्दर उसके निस्तारण के साथ ही आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतो को सुना और संबंधित थानाध्यक्षो को निर्देशित किया कि जो भी शिकायते प्राप्त हुई है। उनकी जॉच कर नियमानुसार निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निस्तारण करायें।

## दिव्यांग धर्मा देवी की समस्या को लेकर एसडीएम से मिलीं डा.अंजना

**जौनपुर।** हिन्दू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डाण् अंजना सिंह नगर के वाजिदपुर दक्षिणी निवासिनी दिव्यांग धर्मा देवी के परिजनों के साथ उपजिलाधिकारी से मिली। साथ ही पत्रक के साथ दिव्यांग एवं उनके परिजनों की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुये सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की मांग किया। उन्होंने बताया कि गत दिवस समाचार पत्रों से मिली जानकारी के आधार पर वह अपनी पूरी टीम के साथ उक्त दिव्यांग महिला से मिली। उसकी समस्याओं को सुनते हुये निवारण करने का आश्वासन देते हुये लग भी गयीं। उपजिलाधिकारी व क्षेत्रीय सभासद से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करते हुये डा अंजना सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने की बात की।

# संत और राम कथा पापियों के घर नहीं होती : साधना



**देवरिया ।** सदर विकास खंड के सोन्दा स्थित गौतमपुरी कालोनी में मंगलवार को एक दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन अयोध्या में हो रहे भव्य राम मंदिर के निर्माण के प्रसन्नता में किया गया। यह कथा अनवरत 2005 से राम मंदिर के निर्माण हेतु चल रही है। श्रोताओं को राम कथा का रसपान कराती हुई मानस कोकिला साधना त्रिपाठी ने कलियुग में पापी को परिभाषित करते हुए कहा कि पुत्रए पत्नीए धन यह सभी पापी के घर हो सकता है। लेकिन उसके घर संत का आगमनए निवासए और भगवान की कथा नही हो सकती। मानस व्यास त्रियुगी नारायण त्रिपाठी ने भी रामकथा का रसपान कराया । कथा व्यास पं0 श्री प्रकाश मिश्र ने सतसंग कि महिमा को बताते हुये कहा कि व्यक्ति के जीवन विवेकए ज्ञान की प्राप्ति का ऊत्तकृष्ट साधन सतसंग है। और वह उसी को प्राप्त होगा जिस पर ईश्वर की असीम कृपा होगी। मानस में गोश्वामी जी ने उल्लेख्य भी किया है। अतिशय कृपा राम के होई पांव धरे एही मार सोई । आयोजक शत चंडी मिश्र ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के संकल्प में यह कथा व सुन्दर कांड का पाठए मानस सम्मेलन 2005 से अनवरत चलाया जा रहा है। आगे भी यह क्रम प्रत्येक वर्ष चलता रहेगा। इस अवसर पर पं दुर्गा प्रसाद मिश्र, रामकुमार पांडेय, हरेन्द्र पांडेय,परमेश्वर गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, अनुज मिश्र, सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, कृष्णा नाथ राय, रामेश्वर पांडेयए चंद्रीका पांडेय, नागेन्द्र सिंह, बालचंद्र प्रजापति, योगेन्द्र यादव, मनोज यादव उपस्थित रहे।

# विधायक ने निराश्रित, विधवा व दिव्यांगों को एक हजार कम्बल का किया वितरण

संवाददाता। धानापुर,चन्दौली

सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने मंगलवार को कस्बा स्थित ब्लाक परिसर में अपने बेटे का 16 वा जन्मदिन गरीब असहाय एवं विकलांग जनों में लगभग एक हजार कम्बल वितरण कर मनाया। विधायक ने अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के निराश्रित ए विधवा एवम विकलांगजनों में 1 हजार लोगों को कम्बल वितरण किया । उन्होंने कहा कि वो क्षेत्र के गरीबो ए किसानों सहित क्षेत्र के सभी व्यक्तियों के साथ सदैव खड़े है । उन्होंने कहा की हमने क्षेत्र के सभी लोगो की आवाज को सदैव प्रमुखता से सुना है और उन्हें स्थान भी दिया है । उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने वो काम किया है जो 70 साल तक किसी ने नही किया हमारे प्रदेश के मुखिया हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी किसानों गरीबो मजलुमो की आवाज सदैव बने है उन्होंने अपने साढे तीन साल के कार्यकाल में गरीबो किसानों को सबसे ऊपर स्थान दिया है । विधायक ने किसान बिल को किसान के हित वाला बिल भी बताया इस मौके पर भाजपा के सैयदराजा विधायक सुशील सिंह सहित भाजपा के नेता सत्यवान मौर्या ए कमलाकांत मिश्रा ए रामजी मिश्रा ए मनोज सिंह ए अभय सिंह सुजीत जायसवाल ए विमल सिंह दादा अन्य भाजपाई मौजूद रहे ।



## विजय अध्यक्ष, देवी प्रसाद महामंत्री

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के जिला इकाई का गठन किया गया। इस दौरान सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गये। संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर विजय कुमार पासवान व देवी प्रसाद को महामंत्री निर्वाचित किया गया।मुख्य चिकित्साधिकारी के टीबी डॉट सेंटर सभागार में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह की अध्यक्षता में बैठक एवं द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया।

## डायलिसिस सेंटर के दो वर्ष पूर्ण, सीएमएस ने कटवाया केक

**सिद्धार्थनगर।** संयुक्त जिला अस्पताल में संचालित डायलिसिस सेंटर के दो वर्ष पूर्ण हो गए। द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अगुवाई में मंगलवार को केक काटा गया। इस मौके पर पिछड़े जनपद में डायलिसिस की सुविधा शुरू होने के बाद से अब तक की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। जनपद की 30 लाख की आबादी के लिए डायलिसिस की सुविधा नहीं थी। जिसके कारण मरीजों को गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ जैसे महानगरों में भारी भरकम पैसा खर्च करना पड़ता था। इतना ही नहीं बेडों की संख्या कम होने के कारण उन्हें लंबे समय तक प्रतीक्षा भी करनी पड़ती थी।

## जिलाधिकारी के समाधान दिवस आए 61 मामलों में 3 का हुआ निस्तारण



**डुमरियागंज।** सिद्धार्थ नगर डुमरियागंज ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सुबह से ही फरियादी अपनी पर यादों को लेकर प्रांगण में पहुंचे लेकिन समाधान दिवस कार्यक्रम का समय सुबह 10 से 2 दोपहर तक का दिया गया था जिसमें जिलाधिकारी दीपक मीणा कुल 1 घंटा 50 मिनट देरी से पहुंचे। डीएमके की देरी से सुबह से ही पहुंचे फरियादियों के चेहरे पर मायूसी देखी गई समाधान दिवस में पहुंच कर फरियादियों की फरियाद सुनी और मामलों के संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया। साथी पिछले मामलों को हुई देरी पर अधिकारियों को फटकार लगाई और कहां जल्द निस्तारण करें। समाधान दिवस में अधिकतर मामले क्षेत्र के भूमि विवाद से संबंधित रहे।सोंखर निवासी दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने गांव में 100 बीघा से अधिक जमीन में गेहूँ बुवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायति पत्र देते हुए कहा कि बंजर की जमीन को पट्टा किए जाने और एक दूसरे गांव की जमीन का नदी में कटान हो जाने के कारण उपजे विवाद का निस्तारण ना हो पाने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।उन्होंने मांग की है

हमारी व अन्य काश्तकारों सोनखर गांव में खेती बारी की जा रही है। इसी बीच करीब 1 साल पूर्व ग्राम प्रधान व राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने 40 लोगों को सुनकर में कुछ जमीन का पट्टा कर दियाए जिसकी जनवरी माह में पैमाइश हुई। पैमाइश के आधार पर काश्तकारों तथा पट्टा धारकों को कब्जा दिलाया गया। लेकिन अब प्रशासन द्वारा उसी जमीन को डुमरिया के काश्तकारों का बताया जा रहा है।

## किसानों की हर हाल में समस्या का करायें निस्तारण : एसडीएम

**सकलडीहा,चन्दौली।** उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। चेताया कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। इस दौरान कुल 62 प्रार्थना पत्रों में पांच का मौके पर एसडीएम ने निस्तारण कराया। शासन के निर्देश पर सम्पूर्ण समाधान के समस्याओं की निस्तारण लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। एसडीएम प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

इस दौरान राजस्व सम्बन्धित मामलों को कानूनगों और लेखपालों को गंभीरता से निस्तारण का निर्देश दिया। इसके अलावा किसानों को क्रय केन्द्रों पर धान की खरीदारी सहित अन्य समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। चेताया कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। अंत में तहसील स्तरीय अधिकारियों के नही आने पर शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही। इस दौरान तहसीलदार डाण् वंदना मिश्राए सीओ भवनेश चिकाराए नायब तहसीलदार बृजेश सिंहए बीडीओ गुलाब चन्द्र सोनकरए एसडीओ आकाश सिंहए पूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदीए केके मिश्राए बीईओ सुरेन्द्र बहादूर सिंहए एडीओ पंचायत राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रधान सुजीत जायसवाल ने बच्चों को दिये स्वेटर

**गौराबादशाहपुर,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा बंजारेपुर में प्राथमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर द्वितीय के बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। इसके पहले उक्त विद्यालय पर स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुजीत जायसवाल मौजूद हुये। उन्होंने अपने हाथों से सभी बच्चों को ठण्ड से राहत पहुंचाने के लिये स्वेटर दिया। इस अवसर पर अध्यापक प्रियंकाए प्रीति वर्माए नीरजाए बृजेश सहित विनोदए गुड्डूए विकासए संजय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# किसान आंदोलन को और तेज करेगा भाकपा मालेः राधेश्याम मौर्य

### जिला टीम का गठन करके कामरेड गौरव को बनाया गया प्रभारी

संवाददाता। जौनपुर

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी लिबरेशन भाकपा माले ने जनपद इकाई का गठन करके किसान आंदोलन को तेज करने का फैसला किया है। इसी को लेकर राज्य कमेटी सदस्य कामरेड राधेश्याम मौर्य की उपस्थिति में 7 सदस्यीय जिला नेतृत्वकारी टीम का गठन किया गया जिसका जिला प्रभारी काण् गौरव सिंह को बनाया गया है। वहीं अन्य दलों से आये 12 लोगों ने टीम की सदस्यता ग्रहण किया। जिला टीम में काण् रेनू सिंहए राजनाथ बिन्दए मंजूर अलीए जगदीशए जितेन्द्र यादवए चन्द्रावती निगम शामिल हैं। इस मौके पर कामरेड श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को कारपोरेट घरानों के हाथों में गिरवी रख दिया है। सार्वजनिक सार्वजनिक क्षेत्रों को पूंजीपति घरानों को बेच रही है। मौजूदा कृषि कानून जिन्हें मोदी ने आपदा का अवसर के रूप में बदलते हुये पारित किया हैए यह पूर्णत: किसान विरोधी है। इस कानून से कृषि संकट बढ़ेगा और देश खाद्यान्न के लिये निजी घरानों का मोहताज हो जायेगा। जिला प्रभारी गौरव सिंह ने कहा कि इन कानूनों के खिलाफ जौनपुर में किसानों व मजदूरों को गोलबन्द करके संघर्ष तेज किया जायेगा।

## पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय सीओ रूद्रपुर का निरीक्षण

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा मंगलवार को कार्यालय क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर का औचक निरीक्षण किया गयाए जहॉ पर कार्यालय में उपस्थित पुलिस कर्मियों से संबन्धित उनके कार्यों के संबन्ध में पूॅछ.तॉछ करते हुए अभिलेखों के रख.रखाव संबन्धित उचित दिशा निर्देश दिये गये। कार्यालय परिसर एवं कार्यालय में साफसफाई तथा कोविड.19 के दृष्टिगत सुरक्षा अपनाये जाने के संबन्ध में भी निर्देश दिया गया। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर से उनके द्वारा संपादित की जा रही विवेचनाओं एवं जॉचों के संबन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण के संबन्ध में निर्देशित किया गया।

# किसान आंदोलन के समर्थन में सपाइयों की पदयात्रा जारी



संवाददाता। देवरिया

मंगलवार को बरहज विधान सभा मे हरनाडीह मे दसवे दिन लगारतार सपा नेता विजय रावत के नेतित्व मे किसान आन्दोलन के समर्थन मे पद यात्रा निकाली गयी गयी।

इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा भाजपा की प्रदेश और केन्द्र की सरकार ने किसानो को धोखा दिया है और जनता को गुमराह कर सरकार बनी आप सभी किसान भाईयों को बताना चाहता हू की जबसे भाजपा की सरकार बनी तबसे किसान अपने आप को उपेक्षित महशुस कर रहा है पिछे चार साल मे ही एक भी बार गन्ना का मुल्य बड़ा और ना ही कोई गन्ना का बक़ाया भुगतान हुआ और तो और किसानो की खाद के बोरे से पाँच किलो युरिया और डाई कम करके रेट बड़ा दी गयी आज प्रदेश का किसान बेहाल है और वह अपना धान लेकर दर दर भटक रहा है वही केन्द्र की भाजपा सरकार ने नया कानुन लगा कर प्राईवेट कम्पनी आडानी और अंबानी को फ़ायदा पहुँचाने का काम कर रही है इस लिए आप सभी किसानो से अपील है किसाने लड़ाई मे आप सब सहयोग करे नही तो किसानो के ऊपर अत्याचार करती रहेगी।

छात्र नेता विकाश यादव ने कहा समाजवादी जो कहती है वह करती उसकी कथनी और करनी मे कोई अन्तर नही भाजपा की सरकार ने हमेशा किसानो को छलने का काम किया है। युवा सपा नेता अंकित यादव ने कहा अगर भाजपा सरकार किसान बिल वापस नही लिया तो यह लड़ाई आगे भी चलती रहेगी क्यों की किसान अन्य दाता है। इस दौरान मुख्य रूप से कृष्णा नन्द यादव ,रोहीत मदेशिया ,विपीन सिह ,गोलु यादव ,सुरेश राजभर ,लकी यादव अरविन्द कुमार विकी मदेशिया अजय सिह सोनु रावत इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पड़ाव की मांग को लेकर डीएम से मिले आटो.ई रिक्शा चालक

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी आटो.ई रिक्शा चालक प्रकोष्ठ ने रूटए पड़ाव और शहर के अन्दर से पड़ाव सम्बन्धित मांगों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर पत्रक सौंपा। जिलाध्यक्ष कमलेश गिरि के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि नया फरमान जारी हुआ है कि हाई वे पर ई.रिक्शा नहीं चलेगी जो अच्छी बात है लेकिन पहले यातायात रूट बनाये व शहर के अन्दर से पड़ाव हटायें और शहर के अन्दर से आटो व ई.रिक्शा आने.जाने का वनवे बनाया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्यथा आटो व ई.रिक्शा वाले यातायात के खिलाफआंदोलन के लिये बाध्य होंगे। पत्रक के माध्यम से यूनियन ने कहा कि जेसीज से पड़ाव हटाकर जलालपुर का जगदीशपुर फाटक के पास खाली जगह दिया जाय। मड़ियाहूं पड़ाव हटाकर ओवरब्रिज उस पार कर दिया जाय। शाहगंज पड़ाव जेसीज से हटाकर पाठक टंकी या चौकियां कर दिया जाय। सिपाह पड़ाव पाठक टंकी पर किया जाय। जफराबाद पड़ाव सद्भावना से हटाकर पानी टंकी ट्यूबवेल के पास कर दिया जाय।

## पुलिस खोजती रह गयी और लाल बहादुर कई गांवों में किये यात्रा व प्रदर्शन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने मल्हनी विधानसभा के क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलाये जा रहे किसान आन्दोलन का नेतृत्व करते नजर आये। प्रशासन द्वारा सपाजनों को जहां लगातार हाउस अरेस्ट किया जा रहा हैए वहीं सपा जिलाध्यक्ष पुलिस पकड़ में नाकाम दिखाई दिये। श्री यादव के नेतृत्व में मल्हनी विस क्षेत्र के परियावाए पोखरियाए बैजारामपुर सहित अन्य गांवों में विशाल पैदल यात्रा करते हुये जगह.जगह धरना भी किये। इस मौक पर श्री यादव ने कहा आज की भाजपा सरकार ने किसानों के विरोध में जो कानून बनाया हैए हम समाजवादी लोग चुप नहीं बैठेंगे। इस कानून से किसानों की नहींए बल्कि अडानी.अब्बानी को फायदा होगा। किसान को किसान के खेत में मजदूर बनाना चाहती है। सरकार किसान को अपने खेतों की फसल को औनेपौने दामों में बेचने को मजबूर करेगी।

## सांसद बीपी सरोज सहित अन्य हस्तियों ने बच्चों में बांटे स्वेटर

**मड़ियाहूं, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जमुआ में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम हुआ जहां मुख्य अतिथि मछलीशहर संसदीय क्षेत्र के सांसद बीपी सरोज एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज यादव और पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा अतुल प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ जिसके बाद जिला मंत्री रवि यादव, प्राशिक्षण् संघ के ब्लाक अध्यक्ष राम प्रसाद यादव, अनिलदीप चौधरी, मातोश्री के सचिव रमाशंकर, पूमाशिण् संघ के जिला उपाध्यक्ष आनंद यादव ने अपना विचार व्यक्त किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डाण् अतुल प्रकाश यादव ने कहा कि जमुआं विद्यालय के छात्र ब्लाक एवं जिलास्तरीय परीक्षाओं में हमेशा अव्वल आते हैं। विशिष्ट अतिथि मनोज यादव ने सरकार द्वारा किये जा रहे मिशन प्रेरणा को जमीनी स्तर पर लागू किए जाने के साथ सभी छात्रों को सत प्रतिशत प्रेरणा लक्ष्य हासिल करने की बाते कही।

# शाहीन बाग के समर्थक अब किसानों को बरगलाने में जुटेः राधा मोहन

## भाजपा कार्यालय पर प्रदेश प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता। बाराबंकी




**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि शाहीन बाग के समर्थक देश के अन्नदाताओं को बरगलाने में जुटे हैं, मगर विरोधियों के मंसूबे सफल नही होने वाले हैं। प्रदेश प्रभारी मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से मुखातिब थे।

उन्होने कहा कि अनाज के उत्पादन में देश का आत्मनिर्भर बना चुके करोड़ो किसानों ने अब भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प ले लिया है। विपक्षियों पर करारा प्रहार करते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस नीत जिस यूपीए सरकार ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को 10 साल तक ठंडे बस्ते में डाल रखा था, आज वही लोग मोदी सरकार द्वारा स्वामी नाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने पर हाय-तौबा मचा रहे हैं। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक सीएए कानून का विरोध करने वाले देश के किसानों के अगुआ बनने का कुचक्र रच रहे हैं। बताया कि स्वामी नाथन आयोग की 201 सिफारिशों में से मोदी सरकार ने 200 सिफारिशों को अमलीजामा पहना दिया है।

मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प शीघ्र पूरा करेगी। बताया कि कृषि कानून को लेकर किसानों में यदि कोई संशय है तो उसे दूर करने के लिए किसानों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से सरकार खुले मन से बात कर रही है। उन्होने जोर देकर कहा कि किसानों को दी जा रही सब्सिडी और एमएसपी को कभी खत्म नही किया जाएगा। किसान सम्मान निधि को उन्होने विश्व की सबसे बड़ी योजना करार देते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक लाख करोड़ रुपये किसानों के खाते में भेजे जा चुके हैं।

उन्होने मोदी सरकार को गांव, गरीब और किसान की सरकार बताते हुए कहा कि मोदी के साहसिक फैसलों के आगे विपक्ष बौना होता जा रहा है। मुद्दाविहीन विपक्ष ओछी राजनीति पर उतारू है जिसे देश की जनता देख रही है। इसके पूर्व भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश प्रभारी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद उपेंद्र रावत, जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने चौपाल लगा कर दर्ज करायी एक दर्जन ग्रामीणों की वरासत

**सिरौलीगौसपुर**। शासन के निर्देश के क्रम मे तहसील सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत बदोसरांय के पंचायत भवन मे उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता व लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी के संयोजन मे चौपाल लगाकर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की वरासत दर्ज की गयी।

मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद पंचायत भवन बदोसरांय मे उपजिलाधिकारी ने चौपाल लगायी। जिसमे लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी व कानून गो राकेश तिवारी द्वारा प्रस्तुत की गयी वरासत की एक दर्जन से अधिक पत्रावलियों का अवलोकन करके एस डी एम ने ग्रामीणों से जानकारी हासिल करके वरासतें करवायी है। चौपाल मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल रहीम व बडी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार राजस्व ग्राम मीरापुर मे सीडीपीओ अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर वरासत फार्म भरवाया गया।

# मोदी सरकार ने किसानों के हित के लिए उठाए कई ऐतिहासिक कदमः डा. नीलकंठ

## भाजपा के किसान सम्मेलन मे मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां, आंदोलन को बताया विपक्ष प्रायोजित

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )




**नगर** के अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के परिसर मे मंगलवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य के स्वतंत्र प्रभार मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने दिल्ली सीमा पर हो रहे किसान आंदोलन को विपक्ष प्रायोजित करार दिया। मंत्री डा. नीलकंठ ने किसान सम्मेलन के जरिए कांग्रेस तथा कम्युनिष्ट समेत विपक्षी दलों पर कृषि विधेयक को लेकर किसानो के बीच भ्रम फैलाने के हताश प्रयास को लेकर भी सियासी हमला बोला। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सत्ता संभालने के बाद अब तक किसानो के हित मे कई ठोस कदम उठाए है। किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन तथा जवानो के हित मे मोदी सरकार के द्वारा लिये गये जनकल्याणकारी फैसलो से विपक्ष हताश है। उन्होने दिल्ली सीमा पर किसान आंदोलन को विपक्ष प्रायोजित ठहराते हुए कहा कि किसानो के आंदोलन मे नक्सलाइड गतिविधियो मे शामिल रहे कम्युनिष्ट पार्टी के लोग माहौल बिगाड़ रहे है। उन्होने कांग्रेस पर भी 70 साल मे किसानो के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडियों मे कांग्रेस सरकार ने बिचौलिये पैदा किये थे। मोदी सरकार ने बिचौलियो को समाप्त कर किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया है। मंत्री नीलकंठ ने कहा कि जिस तरह से नागरिकता कानून को लेकर विपक्ष ने आंदोलन शुरू कराया और कुछ ही दिनों मे जनता ने आंदोलन को नकार दिया। ऐसे ही विपक्ष को फिर किसानो को गुमराह करने मे विफलता ही हाथ लगेगी। उन्होने रामपुर खास क्षेत्र मे अगले विधानसभा चुनाव मे जीत का दावा भी किया।

## कृषि वैज्ञानिक ने चने की खेती के बारे में दी विस्तृत जानकारी

हैदरगढ़ ( **बाराबंकी** )। कृषि अनुसंधान केंद्र हैदरगढ़ के वरिष्ठ डॉक्टर शैलेश कुमार सिंह द्वारा किसानों को चने की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कि चना एक प्रमुख दलहनी फसल है जिसे रबी सीजन में लगाया जाता है। इसकी खेती सिंचित और असिंचित दोनों क्षेत्रों में की जाती है। इस समय देशभर के किसान चने की बुआई कर चुके हैं। ऐसे में इसमें लगने वाले प्रमुख रोगों के बारे में जानना बेहद जरुरी है । तभी इसकी गुणवत्तापूर्ण और अधिक पैदावार ले पाएंगे, तथा चने की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख रोग और उनके उपाय के बारे मे बताया कि इसमे लगभग 8 से 10 प्रकार के रोग होते है जैसे विल्ट रोग इसे किसान भाइयों बोलचाल की भाषा में उकठा रोग कहा जाता है। यह रोग शुरुआत में चने की फसल में छोटे छोटे टुकड़ों में होता है। इस रोग के प्रकोप से पहले पौधे की पत्तियां मुरझाकर सूखने लगती है।

# लम्बित शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर डीएम का चढ़ा पारा

## एसपी ने भी सीओ समेत मातहतो की कसी लगाम, निस्तारण शून्य

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**जिलास्तरीय** संपूर्ण समाधान दिवस मे शिकायतों का अंबार दिखा। एक सौ चौरासी शिकायतें देख डीएम का पारा चढ़ गया। जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार की तल्खी मातहतो पर तब और बढ़ गई दिखी, जब तहसील प्रशासन ने पिछले समाधान दिवसो का निस्तारण शत प्रतिशत बताया। इधर डीएम ने जब समाधान दिवस की कार्रवाई का रजिस्टर तलब किया तो शिकायतो के निस्तारण की प्रवृष्टि ज्यादातर दर्ज ना मिली। डीएम ने एसडीएम राम नारायण तथा तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव को तलब कर इस गोलमाल को लेकर जमकर फ्टकार लगाई। नाराज डीएम ने एसडीएम को बहानेबाजी बंद कर सभी शिकायतो के निस्तारण के लिए सप्ताह भर का अल्टीमेटम तक दे दिया। डीएम की फ्टकार देख-सुन एसडीएम व तहसीलदार की घिघ्घी बंध गई। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। अधिशाषी अभियंता विद्युत लालगंज को गैरहाजिर देख एसडीओ विद्युत को तलब किया।

एसडीओ ने अधिशाषी अभियंता के विभागीय बैठक मे होने की जानकारी दी तब डीएम ने एडीएम से उनका स्पष्टीकरण लेने को कहा। समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की उन्चास तथा पुलिस की सत्ताइस व विकास की आठ एवं समाज कल्याण की एक तथा अन्य विभागों की निन्यांवे रही। डीएम ने सभी शिकायतो पर विभागीय अफ्सरो को मौके पर पहुंचकर निस्तारण तथा आख्या भी समय से दिये जाने के कड़े निर्देश दिये। भोजपुर के पूरे गुरूबक्श मे पंकज शुक्ला ने इण्डिया मार्का नल खराब होने की शिकायत दर्ज कराई तो डीएम ने बीडीओ लालगंज मुनव्वर खॉन को डांट पिलाई। नगर के विद्या मंदिर मार्ग पर विनोद सोनी ने एचटी लाइन के लगातार तार टूॅटकर गिरने की शिकायत पेश की। इस पर डीएम ने एसडीओ विद्युत को फटकार लगाते हुए सप्ताह भर के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिये। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद व अतिक्रमण तथा राशन की दुकानों मे वितरण को लेकर दिखीं।

पुलिस से जुडी शिकायतो की सुनवाई करते हुए एसपी अनुराग आर्य ने सीओ समेत थानाध्यक्षो को दो दिन के भीतर निस्तारण के निर्देश दिये। थानों पर एफ्आईआर दर्ज करने मे हीलाहवाली की शिकायतो पर एसपी का पारा भी गर्म दिखा। एसपी ने सीओ को इस बाबत सख्त पर्यवेक्षण के निर्देश दिये।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक संपन्न

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थानीय निकाय की बैठक कर शहरी क्षेत्र में कराए गए कार्यों की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि 14वें वित्त आयोग से आवंटित धनराशि का शत.प्रतिशत उपयोग मदों में करना सुनिश्चित करें एवं कार्य योजना के अनुरूप ही कार्य की गुणवत्ता के साथ कार्य निर्माण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी व संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त ईओ को शहरी क्षेत्र में नालियोंध्सड़कों की बेहतर साफसफाई कराने के निर्देश दिएए इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी ईओ को पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दियाद्ध

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारणः डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील लालगंज में आयोजित किया गया। लालगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल प्राप्त 184 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 27, विकास विभाग से 08, समाज कल्याण से एक एवं 99 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उसका निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण ढंग किया जाये ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य, उपजिलाधिकारी लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद में अपराध गोष्ठी का आयोजन

**अमेठी**। आज पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को विवेचना निस्तारण, भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्रवाई, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देश दिए गए। साथ-साथ वैश्विक महामारी कोविड-19 कोरोना वायरस के दृष्टिगत आमजनमानस को कोरोना वायरस की गाइडलाइन के अनुसार पालन कराने हेतु तथा स्वयं संक्रमण से सुरक्षित एवं सतर्क रहते हुए अपनी.अपनी ड्यूटियों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज संतोष सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी अर्पित कपूर सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।

# महामारी के चलते लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ा है दुष्प्रभावःडॉ. शर्मा

## अलगाव, आर्थिक परेशानी आदि के चलते लोगों में चिंता और तनाव का स्तर काफी बढ़ा

संवाददाता। ललितपुर

**नेहरू** महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक डॉ संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरे विश्व में करोड़ों लोगों की दिनचर्या को अस्त व्यस्त करके रख दिया है। चिंताए तना, अवसाद, बैचेनी व घबराहट जैसी मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक अध्ययन रिपोर्ट बताती कि कोविड-19 महामारी लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही है। अलगाव, आर्थिक परेशानी आदि के चलते लोगों में चिंता और तनाव का स्तर बढ़ा है। इन सबने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को खराब किया है। इस तरह की स्थिति में लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाने के लिए भी बाध्य हो रहे हैं। यदि ललितपुर के संदर्भ में बात की जाए तो कोरोना काल में 100 से अधिक लोगों ने आत्महत्या की है।

हालांकि कोरोना वायरस महामारी को आत्महत्या के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन फिर भी एक कारक के रूप में जरूर देखा जा सकता है। पूरे विश्व में अध्ययन किया जा रहा है कि कोरोना महामारी के दौरान और उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है या पड़ेगा, तो उससे कैसे निपटा जाएगा। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7.5 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रूप में मानसिक रोगों से ग्रस्त हैंए साथ ही डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 के अंत तक भारत की 20 प्रतिशत आबादी मानसिक विकारों से पीड़ित होगी। लैंसेंट साइकियाट्री जर्नल में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में छपी रिपोर्ट के अनुसार अभी और भविष्य में भी कोरोना महामारी का मानसिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। महामारी के कारण रोजगार छिनने का डर, बेरोजगारी, शैक्षिक अवरोध, मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति में बाधा, कमजोर अर्थव्यवस्था एलोगों के लिए अब तक अपरिचित रहे क्वारंटाइन और सोशल डिस्टंसिंग जैसे शब्द भी लोगों में कुंठा एवं अवसाद पैदा कर सकते है।

इन सुरक्षा उपायों को लोग अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न करने वाले कारक मानने लगते हैं। आर्थिक हानि और महामारी को लेकर परस्पर विरोधी बयान भी तनाव पैदा करने वाले कारक हैं। इन सभी कारको से निश्चित रूप से लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक दुष्प्रभाव पड़ेगा। लोगो मे अवसादए चिंता या उत्तराघातीय तनाव विकृति (पीटीएसडी) उत्पन्न हो सकते हैं। भारत के संबंध में बात करें तो लॉकडाउन मे महानगरों से भारी संख्या में मजदूरों का पलायन हुआ। इसकी कई प्रमुख वजह हो सकती हैं । लेकिन इसका प्रमुख कारण रोजगार चले जाना और परिजनों की चिंता एवं परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में बाधा उत्पन्न होना थी। दूसरी तरफ कृषि में लगे लोग भी उहापोह की स्थिति में थे।

भले ही सरकार द्वारा उनके लिए आर्थिक उपायों की घोषणा कर रही हैंए लेकिन इस सब के बावजूद आर्थिक संकट के कारण देश की बहुत बड़ी आबादी का मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो सकता है । देश के सामने अर्थव्यवस्था को बचाने के साथ.साथ लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बचाना भी चुनौती होगी। खराब मानसिक स्वास्थ्य के साथ यदि अर्थव्यवस्था बचा भी ली जाए तो इससे हमें कुछ ज्यादा हासिल होने वाला नहीं है। इसलिए कोरोना वायरस महामारी से आर्थिकए मानसिक एवं सामाजिक स्तरों पर लड़ना होगा ।

## विद्युत पोल से टकराकर पलटा ओवरलोड ट्रक चालक घायल

सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। बदोसरांय से कोटवाधाम टिकैतनगर मार्ग पर ग्राम बरोलिया के हनुमान मन्दिर के पास ओवरलोड गन्ने का ट्रक ट्रांसफार्मर विद्युत पोल से टकरा कर पलट गया, जिसमे ड्राइवर को चोटे आंयी है । बताते चले की बीती रात करीब एक बजे ट्रक नम्बर यू पी 41 टी 2921 गन्ना लादकर रौजागांव सुगर मिल को जा रहा था।ग्राम बरोलिया के निकट बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बरोलिया गांव के हनुमान मन्दिर के निकट विजली ट्रांसफार्मर के खम्भे से टकरा कर पलट गयी गांव वालों ने तुरन्त विद्युत उपकेन्द्र सिरौलीगौसपुर को सूचित कर विजली लाइन कटवा कर ट्रक मे फंसे चोटिल ड्राइवर सुजीत पुत्र रामराज निवासी मथुरानगर थाना दरियाबाद व खलासी को निकाल करप्राइवेट चिकित्सक के पास उपचार कराया। विदित रहे कि ओवर लोड के चलते ट्रक की बाडी चेंचिस से उतर कर खंतियों मे गिरी ट्रक चेंचिस सहित सड़क पर ही खड़ी है।

# अमेठी में जिला नगरीय विकास अभिकरण की बैठक संपन्न

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिए आवास के अंतर्गत योजना का विस्तृत विवरणए प्रगति एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का सर्वेक्षण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि जनपद की चारों नगर निकायों में 5998 आवास स्वीकृत हैं जिसमें से 1125 अपात्र हैं तथा 4873 पात्र लाभार्थी हैंए जिसमें से 4845 लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी की गई हैए 3806 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त जारी की गई है, 1950 लाभार्थियों को तृतीय किस्त जारी की गई है तथा 2056 लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो गए हैंए अपूर्ण आवासों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने पीओ (डूडा) को शीघ्र द्वितीय व तृतीय किश्त जारी करते हुए आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के ऑनलाइन आवेदन के संबंध में पीओ (डूडा) ने बताया कि अब तक चारों नगर निकायों से 5127 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैंए जिसमें से 2096 लाभार्थियों का ऑनलाइन डाटा फीड हो गया है जिसमें से 1459 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत करते हुए 1185 को ऋण वितरित किया गया है। जनपद का 2035 लक्ष्य है शेष आवेदन पत्रों को जिलाधिकारी ने शीघ्र फीड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजनाए स्वरोजगार कार्यक्रमए कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करानाए शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना, स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया।

## अधिवक्ता पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी**। अधिवक्ता पिता पुत्र पर प्राणघातक हमले के आरोपी तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक नगर कोतवाली के हैदरगढ़ मार्ग पर बाबा पंचम दास कुटी पर रविवार की शाम वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर त्रिपाठी पुत्र शम्भू दयाल त्रिपाठी निवासी आवास विकास अपने पुत्र आकाश त्रिपाठी के साथ कार से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे उसी समय लाठी-डंडों से लैस युवकों ने उनके ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया था।

स्थानीय लोगों ने दोनों ही पिता पुत्र को जिला अस्पताल पंहुचाया और उनका इलाज शुरू करवाया थावहीं मारपीट में श्री त्रिपाठी के पुत्र आकाश को गम्भीर चोटे लगी थी। पुलिस ने अधिवक्ता की नामजद तहरीर पर बाबा पंचम दास कुटी दशहराबाग निवासी विनय गुप्ता व विनोद गुप्ता व शुभम सिंह सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# लोगों ने राधा-कृष्ण नृत्य व माखन मटकी का खूब लिया आनन्द



**बाराबंकी** । न्यू रेनबो वेलफेयर सोसायटी बाराबंकी द्वारा श्री कृष्ण जी की लीला एवं उनकी शिक्षाओं पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बरेठी स्थित राम जानकी मन्दिर प्रांगण में सोमवार को आरम्भ हुआ मुख्य अतिथि सुनीता यादव ग्राम प्रधान एवं विशिष्ट अतिथि रचना श्रीवास्तव भाजपा उपाध्यक्ष मौजूद रहीं। मन्दिर प्रांगण में अनेकों प्रकार से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। बाल लीला,गोवर्धन पर्वत एवं मयूर नृत्य के अतिरिक्त गोकुल में राधा कृष्ण नृत्य तथा माखन मटकी को काफ़ी सराहा गया। बीरबल शर्मा ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृती पैदा होती है,ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिये। सोसायटी के अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने कहा हमारी सोसायटी इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिये सदैव तैयार रहती है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरेठी में स्वच्छता अभियान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बीरबल शर्मा, गुलजार फाउंडेशन के पदाधिकारी, सुनीता शर्मा, कुलदीप शर्मा, बेचा लाल यादव, सत्रोहन लाल, श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, अमरनाथ पाठक ,कैलाश पाठक,आदि लोग उपस्थित थे।

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवगढ़ का पहाड़ी मार्ग उखड़ा

## देवगढ़ में गुप्तकालीन दशावतार मंदिर व चंदेल कालीन जैन मंदिर स्थापित है

संवाददाता। ललितपुर



**पर्यटन** की दृष्टि से अगर देखा जाए तो जनपद ललितपुर सबसे धनी हैं यहां पर कई बांध एवं अनेकों प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं उनमें से एक है विश्व प्रसिद्ध देवगढ़ यह ललितपुर से 33 किलोमीटर दूरी पर बेतवा नदी के तट पर स्थित है लेकिन ऊपर पहाड़ी पर बने मंदिरों को देखने के लिए जाने वाली दो किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त सड़क को दो-तीन वर्ष पहले ही बनवाया गया था लेकिन आज इस मार्ग से पर्यटकों का जाना मुश्किल हो रहा है यह मार्ग सिंगल होने के कारण जब लोग ऊपर जाते हैं तो पहाड़ी लगी हुई है एवं नीचे उतरते समय बाउंड्री पड़ती है जो जगह.जगह टूट चुकी है दो वाहनों का एक साथ आना जाना मुश्किल हो जाता है टूटी हुई बाउंड्री के नीचें हजारों फीट गहरा जंगल ऊपर से नजर आता है समय रहते अगर इस सड़क एवं बाउंड्री को ठीक नहीं कराया गया तो किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना होते देर नहीं लगेगी इस ऐतिहासिक स्थल के बारे में आपको बताते चलें कि इसमें गुप्तकालीन दशावतार मंदिर तथा चंदेल कालीन जैन मंदिर स्थापित हैं जो पुरातत्व एवं दर्शनीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है इस प्रकार देवगढ़ को केंद्र बिंदु मानकर यहां पर एक सर्किट भी बनाया जा सकता है जिससे पर्यटकों एवं सैलानियों को यहां के पर्यटक स्थलों को देखने की घूमने-फिरने की तथा कुछ दिन रुकने की भी व्यवस्था हो सकती है लेकिन सबसे पहले यहां के मार्ग को ठीक करना बहुत जरूरी हो गया है वैसे तो कई स्थान यहां उपलब्ध हैं जिनके बारे में पर्यटन विकास की दृष्टि से विचार किया जा सकता है और यहां विकास की संभावनाएं भी बहुत नजर आती हैं बताते चलें कि देवगढ़ में पांचवीं शताब्दी का भगवान विष्णु के अवतारों से संबंधित गुप्तकालीन दशावतार मंदिर है साथ ही विश्व प्रसिद्ध जैन मंदिर स्थापित हैं जो देखते ही बनते हैं, अगर जैन मंदिरों की बात की जाए तो मुख्य मंदिर भगवान शांतिनाथ जी को समर्पित है इन स्थानों को भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित किया गया है इस क्षेत्र की सबसे बड़ी बात यहां पर विशाल धर्मशाला एवं शासकीय आवास गृह भी बनाया गया है जनहित को देखते हुए अगर इस क्षेत्र में नीचे से लेकर पहाड़ी तक के लिए रोप .वे बना दी जाए तो इस क्षेत्र को एवं जनपद वासियों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात होगी अगर जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर जाता है

## सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर निकाली गई सदभावना यात्रा

**बाराबंकी**। भारत रत्न लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मंगलवार को जिले में सदभावना के रुप में मनाई गयी। इस अवसर पर सदभावना यात्रा निकाली गयी। वही अनेकों कार्यक्रम भी आयोजित किये गये, जिसमे सांसद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। अखण्ड भारत सेवा संस्थान के द्वारा निकाली गयी सदभावना यात्रा नाका सतरिख से पैदल निकली तत्पश्चात् यात्रा लखपेड़ाबाग चौराहा, सीएमओ कार्यालय के सामने से होते हुए पटेल तिराहा पहुंची। यहां यात्रा में शामिल सांसद उपेन्द्र सिंह रावत व अन्य लोगो ने पटेल प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया और श्रद्धाजंलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर हरिशंकर पटेल, जिला बार एसो. के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।